सूर्योदय : 6:00
सूर्यास्त : 5:47
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 24.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-120 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 07 अक्टूबर 2023
21 रबीउलअव्वल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



## न्यूज डायरी

### पांच की डूबने से मौत

**प्रयागराज।** शिवकुटी में म्योराबाद एसटीपी के पास गंगा में डूबने से पांच दोस्तों मौत हो गई। 13 से 16 साल तक के पांचों किशोर मछली पकड़ने गए थे तभी यह हादसा हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को उतारा। हालांकि, जब तक बाहर निकाला जाता, उनकी मौत हो चुकी थी। म्योराबाद व बेली में रहने वाले पांच किशोर शुक्रवार दोपहर म्योराबाद एसटीपी के पास गंगा में मछली पकड़ने गए थे।

### इमरान करेंगे कांग्रेस ज्वॉइन

**सहारनपुर।** सहारनपुर के पूर्व विधायक इमरान मसूद सात अक्तूबर को दिल्ली में कांग्रस ज्वॉइन करेंगे। वह बसपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए थे। इमरान मसूद का कहना है कि कांग्रेस में पहले से ही आस्था थी। कहा कि फिर से घर वापसी कर रहा हूं। पूर्व विधायक इमरान मसूद शनिवार को दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय पर पार्टी ज्वॉइन करेंगे। इमरान मसूद ने कहा कि वह पहले भी कांग्रेस के सिपाही रह चुके हैं। परिस्थितियों की वजह से करीब एक-डेढ़ साल पार्टी से दूर रहे हैं, लेकिन अब दोबारा से अपने घर वापसी कर रहे हैं।

### नौ अक्टूबर को सुनवाई

**मुंबई।** एनसीपी का असली बॉस कौन। यह लड़ाई फिलहाल चुनाव आयोग के समक्ष है। चुनाव आयोग के समक्ष शरद पवार गुट ने अपना पक्ष रखा है। जानकारी के मुताबिक अजित पवार गुट अब सोमवार को अपना पक्ष रखेगा। इसका मतलब साफ है कि कहीं ना कहीं अब सोमवार को इस मामले को लेकर अगले सुनवाई होगी। इस दौरान चुनाव आयोग के समक्ष शरद पवार खुद पहुंचे थे। उन्होंने साफ तौर पर कहा था कि अजित पवार का दवा काल्पनिक है। आपको बता दें की एनसीपी फिलहाल दो गुटों में बटी हुई है। अजित पवार गुट महाराष्ट्र में भाजपा और शिंदे सरकार में शामिल है। खुद अजित पवार राज्य के उपमुख्यमंत्री हैं। उनके समर्थक के विधायक को में से कुछ को मंत्री भी बनाया गया है।

### पीलीभीत में सीएम योगी ने 248 करोड़ रुपये की दी सौगात

# हम सभी का कर रहे विकास: योगी

- वन विभाग के कई अधिकारियों को सीएम योगी ने सम्मानित किया
- दोगुनी हुई पीटीआर में बाघों की संख्या



**पीलीभीत।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को पीलीभीत के मुस्तफाबाद गेस्ट हाउस पहुंचकर वन्य जीव सप्ताह का समापन किया। उन्होंने पीलीभीत को 248 करोड़ की 26 परियोजनाओं की सौगात दी।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन कर वन विभाग के कई अधिकारियों को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि तराई के क्षेत्र में ईको टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं। चूका से लेकर कर्तनिया घाट, दुधवा और अमानगढ़ तक ईको टूरिज्म तेजी से बढ़ रहा है। वन विभाग ने 10 वेटलैंड विकसित किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मनुष्य का अस्तित्व जीव जंतु और जल पारिस्थितिकी तंत्र पर टिका हुआ है। भारतीय मनीषा में ही धरती को माता कहा है और हम सब इसके पुत्र हैं। जीव होने के नाते हम सभी का सह अस्तित्व है। जीव पालतू हो या जंगली, सब सह अस्तित्व पर निर्भर करते हैं। जीव जंतुओं और पारिस्थितिकी तंत्र पर संकट होगा तो मनुष्य के अस्तित्व पर भी संकट आ जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार लगातार विकास के लिए प्रयासरत है। हम सभी का विकास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने संयुक्त सर्वे किया है। सर्वे में पीलीभीत टाइगर रिजर्व को प्रथम ग्लोबल अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि 2014 में पीलीभीत टाइगर रिजर्व में 25 बाघ थे। 2018 में बढ़कर इनकी संख्या 65 हुई है। राज्य में 173 बाघ थे। अब यूपी में 205 से अधिक बाघ हैं।

### प्लास्टिक का प्रयोग बिल्कुल न करें

अब वन्यजीव के हमले से मौत होने पर परिजनों को पांच लाख रुपये दिए जाते हैं। संघर्ष की घटनाओं को रोकने के लिए उन्होंने तार फेंसिंग कराए जाने की बात कही। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि प्लास्टिक का प्रयोग बिल्कुल न करें। प्लास्टिक से पर्यावरण प्रदूषित होता है। इससे जीवन को संकट पैदा होता है।

# ईसी ने दिया धन बल के खतरे से निपटने पर जोर

- दो से तीन दिन में तारीखों के एलान की उम्मीद
- 15 नवंबर से 7 दिसंबर के बीच हो सकती है वोटिंग



**नई दिल्ली।** इस साल के अंत तक पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग की तैयारी अंतिम चरण में है। निर्वाचन आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने शुक्रवार को चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा से पहले पर्यवेक्षकों के साथ एक बैठक की। चुनाव आयोग की बैठक में यह सुनिश्चित किया गया कि चुनाव के दौरान धन बल का उपयोग न होने पाये। बैठक में धन बल के खतरे को पूरी तरह से नियंत्रित करने पर जोर दिया गया। समाचार एजेंसी पीटीआई ने बताया कि चुनाव आयोग ने पुलिस, सामान्य प्रशासन और पर्यवेक्षकों के साथ बैठक की। दिन भर की चली बैठक में विभिन्न राज्यों में होने वाले चुनावों को लेकर चर्चा की गई। यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि मॉडल कोड प्रभावी ढंग से लागू हो और धन और बाहुबल का उपयोग न हो। चुनाव आयोग अब तक राजस्थान, मिजोरम, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में तैयारियों का जायजा ले चुका है। चुनाव आयोग ने गुरुवार को तेलंगाना को लेकर भी अपनी यात्रा पूरी कर ली है। संभावना है कि अगले कुछ दिनों में पांच राज्यों में होने वाले चुनाव से संबंधित कार्यक्रमों की घोषणा हो सकती है।

चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि पर्यवेक्षकों को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिया गया कि चुनाव में कहीं भी हिंसा न हो और धन बल के खतरे से पूरी तरह निपटा जा सके। बता दें कि नवंबर-दिसंबर में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, मिजोरम और राजस्थान में विधानसभा चुनाव होने है।

# सुप्रीम कोर्ट का जाति गणना रिपोर्ट पर रोक लगाने से इनकार

- नीतीश सरकार को मिला नोटिस
- बिहार की जनसंख्या 13.07 करोड़ से अधिक



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बिहार जाति जनगणना पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, जिसमें कहा गया था कि राज्य की कुल जनसंख्या 13.07 करोड़ से कुछ अधिक है।

शीर्ष अदालत ने यह भी फैसला सुनाया कि वह किसी राज्य सरकार को निर्णय लेने से नहीं रोक सकती। गैर सरकारी संगठन एक सोच एक प्रयास की याचिका के अलावा, कई अन्य याचिकाएं भी दायर की गई हैं, जिनमें एक याचिका नालंदा निवासी अखिलेश कुमार की भी है, जिन्होंने दलील दी है कि इस कवायद के लिए राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना संवैधानिक आदेश के खिलाफ है। न्यायमूर्ति संजय खन्ना और न्यायमूर्ति एस एन भट्टी ने पटना उच्च न्यायलाय के एक अगस्त के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर एक औपचारिक नोटिस जारी किया। उच्च न्यायालय ने बिहार में जाति सर्वेक्षण की मंजूरी दी थी। शीर्ष न्यायालय ने याचिकाकर्ताओं की उन आपत्तियों को खारिज कर दिया कि राज्य सरकार ने कुछ आंकड़ें प्रकाशित कर स्थगन आदेश की अवहेलना की और मांग की कि आंकड़ों को प्रकाशित किए जाने पर पूर्ण रोक लगाने का आदेश दिया जाना चाहिए।

### नक्सलवाद पर सख्त मोदी सरकार, गृह मंत्री अमित शाह ने की बैठक

# दो साल में नक्सलवाद खत्म कर देंगे

- वामपंथी उग्रवाद की घटनाओं में आई कमी
- डोभाल समेत कई नेता रहे मौजूद



**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को नक्सल प्रभावित राज्यों में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की, जहां 2010 की तुलना में 2022 में हिंसक घटनाओं में 77 प्रतिशत की कमी आई है। समीक्षा बैठक में महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और झारखंड के मुख्यमंत्रियों ने भाग लिया।

बैठक में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस भी शामिल हुए, वहीं ओडिशा, बिहार, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व राज्य के मंत्रियों ने किया। इस दौरान गृह मंत्री शाह ने कहा कि नक्सलवाद मानवता के लिए अभिशाप है और हम इसे इसके सभी रूपों में उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने दावा किया कि दो वर्ष में देश से वामपंथी उग्रवाद का पूरी तरह सफाया हो जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में देश में वामपंथी उग्रवाद सुरक्षा स्थिति में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। केंद्र सरकार ने 2015 में एलडब्ल्यूई से निपटने के लिए राष्ट्रीय नीति और कार्य योजना को मंजूरी दी थी। अधिकारियों ने कहा कि नीति में सुरक्षा संबंधी उपायों, विकास हस्तक्षेपों, स्थानीय समुदायों के अधिकारों और हकदारियों को सुनिश्चित करने आदि को शामिल करते हुए एक बहु-आयामी रणनीति की परिकल्पना की गई है। उन्होंने कहा कि इस नीति के दृढ़ कार्यान्वयन से देश भर में वामपंथी हिंसा में लगातार गिरावट आई है। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय, अश्विनी चौबे, अर्जुन मुंडा के अलावा गृह सचिव अजय भाला, इंटेलिजेंस ब्यूरो के निदेशक तपन डेका और एनआईए, एसएसबी, बीएसएफ, सीआरपीएफ, बीएसएफ और एनएसजी के महानिदेशकों के साथ-साथ नक्सल प्रभावित राज्यों के गृह सचिव और मुख्य सचिव भी मौजूद रहे।

# राजनयिक तनाव के बावजूद पी20 समिट में शिरकत करेगा कनाडा

- पीएम करेंगे जी-20 पार्लियामेंट्री स्पीकर्स समिट का उद्घाटन



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 अक्टूबर को जी-20 पार्लियामेंट्री स्पीकर्स समिट का उद्घाटन करेंगे। इस समिट में कनाडा भी उपस्थित दर्ज कराएगा। दरअसल, भारत और कनाडा के बीच राजनयिक तनाव बढ़ता जा रहा है। हाल ही में कनाडा ने अपने कई राजनयिकों को भारत से निकालकर कई दूसरे मुल्कों में शिफ्ट किया है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को बताया कि दो दिवसीय पी20 (जी-20 पार्लियामेंट्री स्पीकर्स समिट) समिट का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किया जाएगा। इस समिट में 26 राष्ट्रपति, 10 उपराष्ट्रपति, 50 सांसद और 14 जनरल सेक्रेट्री सम्मिलित होंगे। पैन अफ्रीकन पार्लियामेंट के प्रेसिडेंट पहली बार भारत में पी-20 कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं, दूसरी ओर खालिस्तान आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद भारत के साथ बढ़ते तनाव के बीच कनाडाई अधिकारी कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

### दो देश नहीं होंगे शामिल

भारत में होने वाले जी-20 पार्लियामेंट्री स्पीकर्स समिट में जर्मनी और अर्जेंटीना शामिल नहीं होंगे। इसके पीछे इन देशों ने अपनी आंतरिक वजहों का उल्लेख किया और कार्यक्रम में शिरकत नहीं कर पाने के लिए खेद व्यक्त किया।

### चुनाव से पहले सीएम अशोक गहलोत की बड़ी घोषणा

# प्रदेश में तीन और नए जिले बनाएंगे

- अब 53 जिलों का होगा राजस्थान
- पहले बनाए गए थे 19 जिले
- राजस्थान में पहले 33 जिले थे



**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा चुनाव से पहले सीएम अशोक गहलोत ने एक बड़ी घोषणा करते हुए राजस्थान में तीन जिले बना दिए। उन्होंने एक्स (ट्वीट) कर इसकी जानकारी दी।

गहलोत ने एक्स कर कहा- जनता की मांग और उच्च स्तरीय समिति की अनुशंसा के अनुसार राजस्थान में तीन नए जिले और बनाए जाएंगे। इनमें मालपुरा, सुजानगढ़ और कुचामन सिटी शामिल होगा। सीएम गहलोत की घोषणा के बाद राजस्थान अब 53 जिलों वाला प्रदेश होगा। सीएम ने कहा कि आगे भी उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों के मुताबिक सीमांकन आदि परेशानियों को दूर किया जाता रहेगा।

जनता की मांग एवं उच्च स्तरीय समिति की अनुशंसा के अनुसार राजस्थान में तीन नए जिले और बनाए जाएंगे मालपुरा, सुजानगढ़, कुचामन सिटी। आगे भी उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों के मुताबिक सीमांकन आदि परेशानियों को दूर किया जाता रहेगा। प्रदेश में इससे पहले अजमेर, अलवर, बीकानेर, चूरू, श्रीगंगानगर, धौलपुर, हनुमानगढ़, करौली, सवाई माधोपुर, जैसलमेर, पाली, दौसा, जयपुर, सिरोही, झुंझुनूं, सीकर, बूंदी, बारां, झालावाड़, कोटा, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, राजसमंद, बाड़मेर, जालौर, भरतपुर, जोधपुर, प्रतापगढ़, भीलवाड़ा, नागौर, टोंक और उदयपुर जिले शामिल थे।

> सीएम गहलोत की घोषणा के अनुसार मालपुरा, सुजानगढ़ और कुचामन सिटी को जिला बनाया जाएगा। इनके जिला बनने के बाद प्रदेश में जिलों की संख्या 53 हो गई है। अगस्त के शुरुआती महीने में गहलोत सरकार ने 19 नए जिले बनाए थे।

### एक्स, यूट्यूब और टेलीग्राम को नोटिस

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने शुक्रवार को एक्स, यूट्यूब, टेलीग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म को नोटिस जारी किया। आईटी मंत्रालय द्वारा जारी इस नोटिस में सोशल मीडिया प्लेटफार्म को भारत में बाल यौन शोषण से संबंधित सामग्री हटाने के लिए चेतावनी जारी की गई है। मंत्रालय ने कहा कि यदि बाल यौन शोषण से संबंधित सामग्री को प्लेटफार्म से नहीं हटाया गया तो उनकी कानूनी सुरक्षा को हटा दिया जाएगा और कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि हमने एक्स, यूट्यूब और टेलीग्राम को नोटिस भेजा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके प्लेटफॉर्म पर कोई बाल यौन शोषण सामग्री मौजूद नहीं है। सरकार आईटी नियमों के तहत एक सुरक्षित और भरोसेमंद इंटरनेट बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### तोहफा — हॉकी में भारत को अब तक चार स्वर्ण समेत 16 पदक

# हॉकी में भारत का स्वर्णिम चौका

- पदकों की संख्या के मामले में भारत आगे
- इस बार लगातार सात मैच जीते, कुल 68 गोल दागे


भारत का हांगझोऊ एशियाई खेलों में सफर



**हांगझोऊ।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने हांगझोऊ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। यह हॉकी में भारत का चौथा स्वर्ण रहा। इससे पहले 1966, 1998 और 2014 में भारत ने सोना पर कब्जा जमाया था।

वहीं, एशियाड में कुल मिलाकर भारतीय हॉकी टीम का यह 16वां पदक रहा। चार स्वर्ण के अलावा टीम इंडिया ने 1958, 1962, 1970, 1974, 1978, 1982, 1990, 1994, 2002 एशियाई खेलों में रजत जीता था, जबकि 1986, 2010 और 2018 एशियाई खेलों में कांस्य पर कब्जा जमाया था। इन खेलों में सबसे ज्यादा पदक जीतने के मामले में भारत शीर्ष पर (पदकों की संख्या के मामले में) है। 16 पदकों में भारत के पास चार स्वर्ण, नौ रजत और तीन कांस्य शामिल हैं। वहीं, पाकिस्तान के पास 14 पदक हैं। इनमें आठ स्वर्ण (1958, 1962, 1970, 1974, 1978, 1982, 1990, 2010), तीन रजत (1966, 1986, 2014) और तीन कांस्य (1994, 1998, 2006) पदक शामिल हैं। कोरिया के पास सात पदक हैं। इनमें चार स्वर्ण (1986, 1994, 2002, 2006), एक रजत (1998) औ दो कांस्य पदक (1958, 2014) शामिल हैं। जापान के नाम तीन पदक हैं। इनमें एक स्वर्ण (2018) और दो कांस्य पदक (1966, 1970) शामिल हैं। भारतीय टीम इस पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही। उसने लगातार सात मैच जीते। भारत को पूल-ए में पाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, सिंगापुर, जापान और बांग्लादेश के साथ रखा गया था। पहले मैच में भारत ने उज्बेकिस्तान को 16-0 से रौंदा।

दूसरे मैच में सिंगापुर को 16-1 से परास्त किया। तीसरे मैच में जापान को 4-2 से हराया। वहीं, चौथे मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 10-2 से करारी शिकस्त दी। यह भारत की पाकिस्तान पर सबसे बड़ी जीत रही। पांचवें और आखिरी ग्रुप मैच में भारत ने बांग्लादेश को 12-0 से हराया था। सेमीफाइनल में भारत ने दक्षिण कोरिया को 5-3 से शिकस्त दी। वहीं, फाइनल में जापान को 5-1 से हराकर स्वर्ण पर कब्जा किया।



## ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बिजली व्यवस्था का लिया जायजा

**सीतापुर।** शुक्रवार को नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने फीडर बरई जलालपुर हुसैनगंज पहुंचकर फीडर का निरीक्षण किया। रहिमाबाद गांव के प्रधान एवं ग्रामीण उपभोक्ताओं से विद्युत सम्बंधी परेशानियों और विद्युत सुधार के लिए हो रहे कार्यो की जानकारी ली।

रहीमाबाद गांव के प्रधान ने ऊर्जा मंत्री को बताया कि गांव की बिजली की स्थिति ठीक है। विद्युत आपूर्ति को सुचारू बनाने के लिए गांव में दो बड़े ट्रांसफार्मर बदले जा चुके हैं। एक ट्रांसफार्मर और बदलना है। गांव में विद्युत सम्बंधी अनुरक्षण कार्य तेजी से कराये जा रहे हैं। ऊर्जा मंत्री ने प्राथमिक विद्यालय रहीमाबाद के पास ट्रांसफार्मर एवं जर्जर तारों को बदलने संबंधी कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों को ट्रांसफार्मर के समुचित रख-रखाव सम्बंधी आवश्यक निर्देश भी दिये। उन्होंने जलालपुर फीडर का भी निरीक्षण किया, फीडर के लोड पैनल एवं ट्रांसफार्मर को देखा, लागबुक को चेक किया तथा फीडर की साफ-सफाई को बनाये रखने के निर्देश दिये।

# स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिए चला अभियान, किया जागरूक



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जनपद न्यायाधीश /अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 02 से 08 अक्टूबर के मध्य आयोजित किये जा रहे ÷स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत आम जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए शुक्रवार को प्रातः 11 बजे से प्राथमिक विद्यालय, ग्राम-निजामपुर रामदास में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ।विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दीपेन्द्र कुमार सिंह ने भी स्वच्छता के प्रति उपस्थित ग्रामीण जनता को विस्तारपूर्वक जागरूक किया तथा उपस्थित समस्त ग्रामीणों से अपने ग्राम को स्वच्छ बनाने की अपील की।विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में आम जनमानस द्वारा फैलाई जा रही गंदगी से होने वाली बीमारियों एवं उनसे होने वाले नुकसानों के सम्बन्ध में प्रभारी प्रधानाध्यापिका, प्राथमिक विद्यालय, नायब तहसीलदार, लेखपाल, ग्राम प्रधान ने विस्तारपूर्वक जागरूक किया। शिविर में अपर जिला जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दीपेन्द्र कुमार सिंह, प्रभारी प्रधानाध्यापिका, प्राथमिक विद्यालय, नायब तहसीलदार दिनेश कुमार, कानूनगो नाथूराम, लेखपाल रमाकान्त मिश्रा, असिस्टेन्ट लीगल डिफेन्स काउन्सिल सौरभ त्रिपाठी, आशीष वर्मा, ग्राम प्रधान अजय वर्मा, ग्राम रोजगार सेवक मनोज वर्मा एवं ऑगनबाड़ी कार्यकत्री मंजू दुबे उपस्थित रही। उक्त आयोजित विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में लगभग 20 महिलाये, 50 पुरूष,लगभग 25 बच्चे एवं 20 वरिष्ठ नागरिक कुल 115 लोग लाभान्वित हुए।

## गुमशुदा बालक को मां से मिलाया

**सीतापुर।** रामकोट थाना पुलिस टीम को ड्यूटी के दौरान ग्राम बबुरी के पास एक 10 वर्षीय बालक भटकता हुआ मिला। भटकने का संदेह होने पर पुलिस ने उसे अपने संरक्षण में लिया। पूछाने पर बालक ने अपना नाम शरफराज उर्फ इल्ला नि. रसडा, बलिया बताया। पुलिस का कहना है कि बालक एक ट्रेन में बैठ गया, जिसके बाद भटक कर यहां आ पहुंचा। पुलिस ने बालक को सुरक्षित रखते हुए जनपद बलिया से जानकारी जुटाई। ज्ञात हुआ कि बालक के अचानक गुम हो जाने के संबंध में 4 अक्टूबर को थाना रसडा जनपद बलिया में केस दर्ज है। सूचना पर बालक के परिजन रामकोट पहुंचे। यहां पर पुलिस ने बालक को परिजनों को सौंप दिया। बालक शरफराज अंसारी उर्फइल्ला पुत्र खुर्शीद आलम उम्र करीब 10 वर्ष निवासी ग्राम बिहरा हरपुर थाना नगरा जनपद बलिया हाल पता पश्चिम मोहल्ला थाना रसडा जनपद बलिया को तस्दीक के उपरांत सकुशल सुपुर्द किया गया। पुलिस टीम में अपराध निरीक्षक श्री कौशलेश सिंह सिंह समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल हैं।

# लम्बित प्रकरणों, वादों का त्वरित निस्तारण को चलेगा 60 दिन का विशेष अभियान

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** शासन के निर्देश पर जिले के विभिन्न राजस्व न्यायालयों में योजित/लम्बित राजस्व वादों तथा निर्विवाद वरासत, पैमाइश नामांतरण, आपसी बंटवारा एवं भूमि विवादों से सम्बन्धित आईजीआरएस सम्पूर्ण समाधान दिवस एवं अन्य स्तरों पर प्रस्तुत शिकायतों के समयबद्ध, त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए 60 दिन का विशेष अभियान चलेगा।डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने समस्त संबंधितों को निर्देशित किया कि सभी लम्बित प्रकरणों, वादों का त्वरित निस्तारण किया जाये। धारा- 24 अन्तर्गत वादों को तीन माह में, धारा 33 के निर्विवादित वाद 45 दिन तथा धारा-34 के विवादित वाद के लिये 90 दिन एवम् धारा - 116 हेतु छह माह में प्रत्येक दशा में निस्तारण किया जाये। निर्देश दिए कि दी गयी अवधि प्रकरण/वादों के निस्तारण के लिए अधिकतम समय है एवं उक्त समयावधि से पहले निस्तारण होना चाहिये।डीएम ने निर्देश दिए कि एडीएम द्वारा विशेष अभियान चलाकर राजस्व वादों के समयबद्ध निस्तारण के लिए कार्ययोजना बनाकर तीन दिवस के अन्दर उनके अवलोकन के लिए प्रस्तुत करे। प्र0अ0 परिवाद आईजीआरएस प्रकरणों की नित्य-प्रतिदिन समीक्षा के लिए सूचना प्रतिदिन प्रातः उनके समक्ष प्रस्तुत की जाए। राजस्व विभाग के आरसीसीएमएस पोर्टल पर प्रतिदिन निस्तारण की प्रगति की समीक्षा हेतु सूचना उनके समक्ष प्रस्तुत करे। डीएम ने कहा कि सभी निर्देशों का गंभीरतापूर्वक सजग एवं सचेत होकर कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

## जिले की बड़ी समस्याओं को लेकर डीएम कार्यालय मे सौंपा ज्ञापन



**लखीमपुर खीरी।** समाजवादी पार्टी ने जिले की बड़ी समस्याओं को लेकर डीएम कार्यालय ज्ञापन सौंपा है और प्रशासन को 15 दिन का अल्टीमेटम भी दिया है कि समस्याएं जल्द दूर की जाए मोहल्लों में बंदरों का आतंक , आवारा पशुओं की बढ़ती संख्या, महिला अपराध समेत किसानों के मुद्दे भी उठाए हैं।

## 1 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना शारदानगर पुलिस द्वारा पंजीकृत मु0अ0सं0 268/2023 धारा 376/342/504/506 भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट व 67 आईटी एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर अभियुक्त अमरीश वर्मा पुत्र जगदीश वर्मा निवासी धनीरामपुरवा थाना शारदानगर जनपद खीरी को गिरफ्तार कर न्यायालय लखीमपुर खीरी के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया ।

## ताश के पत्तें व 13,600 रुपये नगद बरामद कर किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना गोला पुलिस द्वारा थाना गोला क्षेत्रान्तर्गत तीन स्थानों से जुआं खेलते हुए 10 नफर अभियुक्तों को ताश के पत्तें व कुल 13,600 रुपये नगद बरामद कर गिरफ्तार किया गया, जिसके संबंध में थाना गोला पर मु0अ0सं0 562/23 व 563/23 धारा 13 जुआं अधि0 पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी है।

## 2 साल के कारावास और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा

**लखीमपुर खीरी।** निघासन विधानसभा सीट से कांग्रेस पार्टी के विधायक रहे सतीश अजवानी को लखीमपुर की एमपी एमएलए कोर्ट की एसीजेएम मोना सिंह ने सुनाई 2 साल के कारावास और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा। दुधवा टाइगर रिजर्व में गौरीफंटा रेंज की जमीन पर अवैध कब्जा करने का पूर्व विधायक सतीश अजमानी पर 1997 में दर्ज हुआ था मुकदमा।

# छात्रों को पढ़ाया नैतिकता का पाठ



*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** ग्राम नवागांव की ग्राम प्रधान जनक कुमारी सिंह प्रभारी ब्लॉक कसमंडा नशा मुक्त समाज आंदोलन अभियान कौशल का ने गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय नवागांव द्वितीय में छात्र-छात्राओं को नैतिक शिक्षा का पाठ पढ़ाया। प्रधान ने कहा कि बच्चे अपने माता पिता का सम्मान करें।

उन्होंने बच्चों से कहा कि प्रतिदिन अपने माता-पिता व घर के बुजुर्गो के पैर छूकर विद्यालय आएं। विद्यालय में स्वच्छता बनाए। शौच जाने के बाद व खाना खाने के पहले साबुन से हाथ अवश्य धुले। इस दौरान बच्चों को अपनी तरफ आकर्षित करने वाली डिजिटल शिक्षा प्रोजेक्टर का अवलोकन किया। छात्र-छात्राओं को बताया परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक जय प्रकाश सिंह, शिक्षा मित्र जैनेंद्र कुमार मौजूद रहे।

## परेड का निरीक्षण कर एसपी ने पुलिस कर्मियों को दिए निर्देश

**सीतापुर।** रिजर्व पुलिस लाइन्स परेड ग्राउंड पर शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की गई। इस परेड की सलामी लेने के साथ परेड का निरीक्षण एसपी चक्रेश मिश्रा ने किया। परेड में क्षेत्राधिकारी लाइन्स, प्रतिसार निरीक्षक, पुलिस लाइन पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं स्वच्छ वर्दी धारण करने के निर्देश दिए। टर्नआउट मेंटेन रखने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही पुलिस कर्मियों से विभिन्न प्रकार के शस्त्रों की हैंडलिंग के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी ली। परेड निरीक्षण के उपरांत एसपी ने क्वार्टर गार्द, स्टोर, गणना कार्यालय, जीडी कार्यालय, मेस, परिवहन शाखा आदि का निरीक्षण किया। स्वच्छता के दृष्टिगत आवासीय परिसर, हॉस्टल, बैरक की साफ-सफाई के निर्देश दिए।

# किसान जरूर करा लें ईकेवाईसी वर्ना रुक जाएगी 15 वीं किस्त

*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में केवाईसी कराना अनिवार्य है। जिले में जो आंकड़े आए हैं, वे बेहद चौंकाने वाले हैं। जिले में करीब 95252 ऐसे किसान चिन्हित किए गए हैं, जिन्होंने ईकेवाईसी नहीं कराई है।

इन किसानों की 15 वीं किस्त अटक सकती है। योजना का लाभ प्रत्येक लाभार्थी तक पहुचे इसके लिये जिला प्रशासन ने गम्भीरता दिखाते हुए ई-केवाईसी अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। यह अभियान 15 अक्टूबर तक चलाया जायेगा। अभियान में कृषि विभाग के कर्मचारियों के साथ ही ग्राम रोजगार सेवक और पंचायत सहायकों को भी लगाया गया है। ये कर्मचारी घर-घर जाकर किसानों की ई-केवाईसी कराएंगे। ई-केवाईसी न कराने वाले किसानों की पहचान के लिए कर्मचारियों को ग्रामपंचायत वार सूची भी उपलब्ध करायी है। उप कृषि निदेशक सीतापुर द्वारा बताया गया कि पन्द्रहवी किस्त अक्टूबर माह के अन्त मे व नवम्बर के प्रथम सप्ताह मे जारी की जा सकती है। जिन किसानों द्वारा ई-केवाईसी नहीं करायी गयी है उन्हे इस किस्त का लाभ नहीं मिल पाएगा। मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा ने बताया गया कि ई-केवाईसी अभियान में ग्राम रोजगार सेवक और पंचायत सहायकों को भी लगाया गया है। जो ग्राम पंचायत वार ई-केवाईसी अवशेष किसानों की उपलब्ध करायी सूची में मौजूद किसानों से संपर्क करेंगे।

## ब्लाक अध्यक्षों का हुआ सम्मान,सौंपा दायित्व

**सीतापुर।** सवर्ण स्वाभिमान संस्थान उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में ब्लाक अध्यक्षों का सम्मान किया गया। जिसमें खैराबाद ब्लाक अध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह,,गोंदलामऊ अध्यक्ष रामानंद मिश्रा, हरगांव अध्यक्ष शशांक सिंह व मिश्रिख अध्यक्ष अंकित शुक्ला का सम्मान किया गया।

इन सभी को संगठन विस्तार व संगठन की नीतियों को समाज मे पहुंचाने का दायित्व सौपा गया। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष प्रभाकर सिंह चौहान, प्रदेश महासचिव पंकज शुक्ला, अनुज सिंह चौहान, ओंकार नाथ शुक्ला सहित जिले के पदाधिकारी उपस्थित रहे। संस्थापक अध्यक्ष ने सभी को समाज के लिए समर्पित रहने का आवाहन किया। प्रदेश उपाध्यक्ष नंद किशोर शुक्ला ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# नशे के प्रति छात्र व छात्राओं को किया सचेत



*अवधनामा संवाददाता*

फेटो-06

**सीतापुर।** नशा एक जहर है, जो धीरे-धीरे शरीर को खोखला बना देता है। जिसकी वजह से तमाम तरह की बीमारियां शरीर को घेर लेती हैं। यह बात कंपोजिट विद्यालय हमीरपुर में ब्लाक कसमंडा प्रभारी नशा मुक्त समाज आंदोलन अभियान कौशल का की जनक कुमारी सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कही। जनक कुमार सिंह नवागांव की प्रधान भी हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को नशे से दूर रहना चाहिए। इस मौके पर छात्र-छात्राओं को जीवन में कभी भी नशा न करने का संकल्प दिलाया। यह भी कहा कि आप लोग अपने घर परिवार समाज को भी नशा से होने वाले नुकसान के बारे में बताएं, लोगों को जागरूक करें। जिससे वह भी लोग नशा ना करें। नशा करने से धन की हानि होती ही है। शरीर में बीमारी लग जाने पर धन के साथ साथ जान की भी हानि हो जाती है। जिसका परिणाम पूरे परिवार को भुगतना पड़ता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को सचेत करते हुए कहा कि कुछ लोग पहले आपको मीठी सुपारी खाने के लिए प्रेरित करेंगे। फिर धीरे-धीरे पान मसाला खिलाने का प्रयास करेंगे। ऐसे लोग आप वह आपके परिवार के दुश्मन हैं। जो आपका अहित चाहते हैं इस प्रकार से के लोगों से सावधान रहें। इस अवसर पर शिक्षक एवं सह जिला सेवा प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सत्य प्रकाश सिंह, पायनियर पत्रकार शिवशरण सिंह, महेश दीक्षित, सफी अहमद खान, आलोक कुमार मिश्रा, विमलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## स्टार लगाकर दिया सम्मान

**सीतापुर।** परिवहन शाखा के उपनिरीक्षक अनिल तिवारी की उपनिरीक्षक से निरीक्षक रैंक पर प्रोन्नति हो गई है। उनकी प्रोन्नति होने पर एसपी चक्रेश मिश्रा ने उनके कंधों पर तीसरा स्टार लगाते हुए सम्मानित किया। इस अवसर पर एएसपी दक्षिणी एनपी सिंह व सीओ महेश चंद्र गोले मौजूद रहे।

## जनकल्याण शिविर में किए पंजीकरण

**सीतापुर।** पिसावा के ब्लॉक सभागार में विशाल जन कल्याण शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में गरीबों की हर संभव सहायता के वादे किए गए। आयुष्मान कार्ड बनवाए जाने और जिला स्तरीय पांच अस्पतालों में अकाउंट आयुष्मान कार्ड के लिए दिव्यांग जनों को प्रमाण पत्र बनाने की जानकारी दी गई। पहले दिन दिव्यांग प्रमाण पत्र, दिव्यांग पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन सहित ट्राई साइकिल, बैटरी साइकिल के लिए पात्रों के रजिस्ट्रेशन किए गए।

# श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास क्या किया गया आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*



**महराजगंज, रायबरेली।** ब्लॉक क्षेत्र के गौरी शंकर धाम पारा कला में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास अनंत श्री विभूषित श्री नारायण स्वामी जी महाराज नैमिषारण्य धाम द्वारा अपने मुखारविंद से विभिन्न प्रसंगों को कथा पंडाल में उपस्थित श्रोताओं के समीप सुनाएं और भगवान श्री कृष्ण की मनोरम झांकी का अवलोकन कराया कथा व्यास ने कृष्ण जन्म कथा के बाद कथा को आगे बढ़ते हुए पूतना वध यशोदा मां के साथ बालपन की शरारतें भगवान श्री कृष्ण का गो प्रेम कालिया नाग मर्दन माखन चोरी गोपियों का प्रसंग सहित अन्य कई प्रसंगों का कथा के दौरान वर्णन किया श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथा व्यास द्वारा बीच-बीच में सुनाए गए भजनों पर श्रोता भाव विभोर हो गए कथा व्यास ने बताया की भागवत कथा विचार वैराग्य ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बता देती है, कलयुग की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि कलयुग में मानस पुण्य तो सिद्ध होते हैं, परंतु मानस पाप नहीं होते कलयुग में हरि नाम से ही जीव का कल्याण हो जाता है, कलयुग में ईश्वर का नाम ही काफी है, सच्चे हृदय से हरि के नाम के सुमिरन मात्र से ही कल्याण संभव है, इसके लिए कठिन तपस्या की जरूरत नहीं है। इस दौरान आयोजक पंडित चंद्रिका प्रसाद शास्त्री लल्लन पांडे राम बिहारी श्री राम पांडे पप्पू पांडे रामू संजय धीरज धनंजय विनय पंकज सचिन सौरभ अतुल विवेक सहित आदि कथा के रस रसिक श्रोता मौजूद रहे।

## अंडरपास में भरा पानी, राहगीरों को परेशानी

**सीतापुर।** महोली क्षेत्र में अधिकांश रेल अंडरपास जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। महोली क्षेत्र में कई अंडरपास में जलभराव की समस्या देखने को मिल रही है। महोली क्षेत्र के मदनिया - पिंडरहिया अंडरपास में इन दिनों पानी भरा हुआ है।

इससे आवा गमन पूरी तरह बाधित हो गया है। जल भराव के कारण तमाम दोपहिया वाहनों के इंजन खराब हो चुके हैं। वहीं चौपहिया वहां निकलना भी मुश्किल है।

क्षेत्र के मदनिया, डिंगर, बाटी, भुड़कुड़ी, इंद्रापुर आदि दर्जनों गांवों के बाशिंदों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के नागरिकों ने जिले के अधिकारियों का ध्यान इस तरफ आकर्षित कराया है।

## नेहरू युवा केन्द्र में स्वच्छ भारत अभियान चलाया गया




*अवधनामा संवाददाता*

**गाजियाबाद।** नेहरू युवा केंद्र, गाजियाबाद के तत्वाधान में तथा उपनिदेशक श्री देवेंद्र कुमार के निर्देशन में पूरे भारत में 1 से 31 अक्टूबर 2023 तक चलने वाले स्वच्छ भारत 3.0 कार्यक्रम के तहत सांसद आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत गोद लिए तहत गोद लिए हुए गांव काकड़ा में सफाई अभियान चलाया। जिसमे ग्राम प्रधान श्री सुंदर जी उपनिदेशक श्री देवेंद्र कुमार, प्राइमरी स्कूल की सभी अधयापिकाओ और युवाओं ने मिलकर सफाई का कार्य किया द्य कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को सफाई के प्रति जागरूक करना तथा सफाई के महत्व के संदेश को जन-जन तक पहुंचना है। इस अवसर पर उपनिदेशक देवेंद्र कुमार ने लोगों से आग्रह किया कि यदि गांव में सभी लोग जिस प्रकार अपने घर के अंदर सफाई करते हैं उसी प्रकार अपने घर के बाहर अपने अपने घर की दीवारों के सामने ही गलियों, नालियों की सफाई कर लें स्वच्छ भारत का उद्देश्य पूरा हो जाएगा । अपने आस पास की सफाई हमे स्वस्थ रखने में भी मदद करती है।यह अभियान जनभागीदारी से ही सफल हो सकता है इसलिए हम सभी का कर्तव्य है कि हम इसमें अपना पूर्ण सहयोग दे । कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक तालिब, स्वाति, रिंकी आदि युवाओं ने भाग लिया।

# बीते दिनों हुए मर्डर केस में मंसाराम व विनोद को पुलिस ने भेजा जेल

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** महाराजगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीते दिनों हुए मर्डर केस में फर्जी तरीके से मंसाराम व विनोद को भेजा गया था जेल। पीड़िता किरण ने कहा कि जो मुख्य आरोपी देशराज उनकी पत्नी है उनको ना भेज करके बेकसूर को ही भेज दिया गया जेल। उन्होंने कहा कि जो मर्डर का दोषी है उसकी जांच कर तुरंत जेल भेज देना चाहिए। पीड़िता किरण ने आरोप लगाया है कि केवल प्रतिपक्षी देशराज के कहने पर महाराजगंज पुलिस मंसाराम हुआ विनोद को बीते 28 तारीख को हुए मर्डर केस में फर्जी तरीके से थाने ले जाकर दोनों को भेज दिया गया जेल। जो कि गलत है। केवल प्रतिपक्षी देशराज व उनकी पत्नी अपने को मर्डर केस में बचाने के लिए पुलिस से मिलकर बिना जांच किये मंसाराम व विनोद को जेल भेज दिया जाता है। जबकि लड़ाई झगड़ा जमीन के विवाद को लेकर भाइयों में झगड़ा हुआ था। जिस दिन



अमृता गंगाराम का मर्डर हुआ उसे दिन सुबह देशराज हुआ मृतक गंगाराम के घर से झगड़ा हुआ था जिसमें प्रतिपक्षी देशराज कुल्हाड़ी लेकर अमृता गंगाराम गांव भर में कुल्हाड़ी लेकर दौड़ी था । उसी रात को अमृता गंगाराम का मर्डर हुआ है अमृता हुआ प्राथमिक कल ली हुआ किरण के परिवार से मृतक गंगाराम से मृतक जब जीवित था मृत्यु के दिन ही पहले दरवाजे पर आ आकर कई लोगों से कहा था कि देशराज ने कहा है कि हम तुम्हारे शरीर के टुकड़े-टुकड़े कर देंगे मृतक गंगाराम को प्रतिपक्षी देशराज पूरे दिन गांव में दौड़ी था दिन में मौका न मिलने से रात में प्रतिपक्षी देशराज ने गंगाराम का मर्डर कर दिया उसे समय प्रार्थी का लड़का मंसाराम अपनी साडु के लड़के को देखने रायबरेली गए थे । पीड़िता का कहना है कि उस समय हमारे दोनों लड़के घर पर नहीं थे ।जिसको फर्जी तरीके से पुलिस ने मर्डर केस में दोनों को भेज दिया जेल पीड़िता का कहना है कि उक्त प्रकरण की निष्पक्ष जांच किसी उच्च अधिकारी व दूसरे थाने द्वारा कराई जाए जिससे ओके प्रकरण की सही जांच मिल सके। जो दोषी है उसके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाए।

## गाजा-बाजा के साथ भावपूर्ण स्वागत

**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के मोन गांव स्थित महर्षि बाबा ओरीदास तपोस्थली प्रांगण में जीव जागरण एवं प्रभु के प्रति भक्ति भावना जगाने के उद्देश्य के साथ जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था, मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं परम सन्त बाबा जयगुरुदेव महाराज के उत्तराधिकारी पूज्य पंकज महाराज द्वारा 11 जिलों व 108 दिनों की शाकाहार-सदाचार मद्यनिषेध आध्यात्मिक वैचारिक जनजागरण यात्रा के साथ अपने चालिसवें पड़ाव पर गुरुवार की सायंकाल पधारे। यहां स्थानीय लोगों द्वारा काफिला यात्रियों का फूल मालाओं व गाजा-बाजा के साथ भावपूर्ण स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से क्षेत्रीय विधायक श्याम सुंदर भारती भी अपने समर्थकों के साथ संपर्क पंकज जी महाराज का स्वागत कर आशीर्वाद लिया। आज यहां दिन में 11:00 बजे से सत्संग समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों की भीड़ उमड़ी।

## आगामी 9 दिसंबर को जनपद गौतमबुद्धनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत का किया जायेगा आयोजन

**गौतम बुद्ध नगर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में तथा माननीय जनपद न्यायाधीश, गौतमबुद्धनगर की अध्क्षता में दिनांक 09.12.2023 को जनपद गौतमबुद्धनगर में मुख्यालय एवं तहसील स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विषेषतः आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक मामलें, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के मामले, बिजली व पानी से संबधित मामले, धारा 138 एन.आई. एक्ट के वाद, भू-राजस्व वाद, सेवा सम्बन्धित मामले एवं प्री-लिटीगेषन मामलों के साथ-साथ सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारण योग्य अन्य विवाद, जिनमें पक्षकार पारस्परिक सद्भावना के अधीन सन्धि के लिए इच्छुक हो वह मामले राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किये जायेगे। लोक अदालत द्वारा जारी किए गए फैसले को दीवानी अदालत के डिक्री का दर्जा प्राप्त होता है। यह फैसले बाध्यकारी होते हैं और इनके खिलाफ अपील नही की जा सकती। लोक अदालत का कोई न्यायालय शुल्क नहीं है और यदि न्यायालय शुल्क का भुगतान पहले ही कर दिया गया है, तो लोक अदालत में विवाद का निपटारा होने पर राशि वापस कर दी जाती है।

## चोरी के माल के साथ गिरफ्तार

**सीतापुर।** मछरेहटा थाने की पुलिस ने गौ समाज तिराहा के निकट चेकिंग के रंजीत पुत्र अन्नू निवासी बहादुरपुर थाना मछरेहटा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी का माल 1 स्कूटी, 1 मोबाइल, 8 घंटियां आदि सामान बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि बरामद स्कूटी कुतुबपुर, डालीगंज जनपद लखनऊ से चोरी की थी। जबकि मंदिर की घंटिया थाना मछरेहटा अंतर्गत राजेपारा के पास स्थित मंदिर से चोरी की है। बरामद मोबाइल मिश्रित क्षेत्र से चोरी की है। चोरी की घटनाओ के संबंध में थाना मछरेहटा व जनपद लखनऊ में अभियोग पंजीकृत हैं।

# नौ को होने वाली कार्यशाला तैयारी को दिया अंतिम रूप



प्रशिक्षित होकर पार्टी की विचारधारा के साथ प्रचार-प्रसार में निभानी होगी भागीदारीः मुखलाल

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** भारतीय जनता पार्टी की आगामी नौ अक्टूबर को आयोजित होने वाली सोशल मीडिया व आईटी विभाग की कार्यशाला की तैयारी को लेकर पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बताया गया कि ग्यारह बजे से कार्यशाला शुरू होगी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश संयोजक शुभम शिरकत करेंगे। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने शिरकत की।

बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक सोशल मीडिया धनंजय द्विवेदी ने किया। बैठक में आगामी नौ अक्टूबर को सोशल मीडिया/आईटी विभाग की आयोजित होने वाली कार्यशाला की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने कहा कि सोशल मीडिया व आईटी विभाग पार्टी का महत्वपूर्ण विभाग है। जिसका उपयोग हम सभी को करना है। कार्यशाला के माध्यम से हमें प्रशिक्षित होकर पार्टी के कार्यक्रमों विचारधारा के साथ-साथ गतिविधियों के प्रचार प्रसार में भागीदारी निभानी होगी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे मीडिया विभाग सोशल व मीडिया विभाग के जिला संयोजक धनंजय द्विवेदी ने बताया कि 9 अक्टूबर दोपहर 11 से आयोजित होने वाली कार्यशाला में प्रदेश संयोजक शुभम मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल की अध्यक्षता में जिला टीम सोशल मीडिया एवं आईटी टीम लोकसभा टोली, विधानसभा टोली, मंडल टोली के संयोजक सहसंयोजक व सदस्य प्रतिभाग करेंगे।

बैठक में राहुल सिंह, विनोद सिंह, राजा सिंह, सुयश सिंह गौतम, सिद्धार्थ दीक्षित, अखिलेश कुमार, दिनेश शर्मा, प्रशांत सिंह गौतम, उमेश त्रिपाठी, उमंग मिश्रा, पंकज मिश्रा, शुभम तिवारी, अवनीश मौर्य, रणवीर द्विवेदी, अंकित तिवारी, सत्यम जोशी, शिवांशु शुक्ला मौजूद रहे।

## स्कूल मिनी बस से कुचलकर मासूम की मौत

**फतेहपुर।** शहर क्षेत्र के शिवपुरम मुहल्ला स्थित सरस्वती बाल मंदिर इंटर कालेज में शुक्रवार को छुट्टी के समय एलकेजी के पांच वर्षीय छात्र की स्कूल की मिनी बस की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। बच्चे की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। बताया जा रहा है कि स्कूल की छुट्टी के बाद बच्चे घर के लिए निकल रहे थे तभी चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन को निकाला जिससे पांच वर्षीय छात्र टायर के नीचे आ गया। चालक मिनी बस छोड़कर घटनास्थल से भाग गया। पुलिस मिनी बस को कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के दक्षिणी गौतम नगर मोहल्ला निवासी चंद्र भान गुप्ता का 5 वर्षीय पुत्र सार्थक गुप्ता सरस्वती बाल मंदिर इंटर कालेज में एलकेजी का छात्र था। आज वह छुट्टी होने पर घर के लिए ई-रिक्शा में सवार होने जा रहा था। तभी अचानक पीछे से आई स्कूल की मिनी बस ने बच्चे को कुचल दिया। जिससे बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया तुरन्त स्कूल वाहन से उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

# बालू के खेल में इंट्री के पैसे से पुलिस हो रही है मालामाल

अवधनामा संवाददाता


**तमकुहीराज कुशीनगर।** तरयासुजान थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राज्यमार्ग 28 पर स्थित बहादुरपुर पुलिस चौकी द्वारा बालू लदी ओवर लोड ट्रको से प्रति ट्रक एक हजार नकद वसूल करके यूपी की सीमा में प्रवेश दिला रही है जिसके कारण योगी सरकार के खजाने को प्रतिमाह करोड़ो का नुकसान हो रहा है।

बहादुरपुर पुलिस चौकी पर होती है प्रति ट्रक एक हजार की वसूली

पुलिस को चढ़ावा चढ़ाकर प्रति दिन दो सौ से ऊपर ओवर लोड बालू लदी गाड़िया यूपी के जनपद कुशीनगर की सीमा में प्रवेश कर रही है। प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस, खनन विभाग व एआरटीओ किसी प्रकार दिक्कत पैदा न करे इसके लिए वाहन पास कराने वालों को माध्यम बनाया गया है। वाहन पास के एवज में प्राइवेट व्यक्ति इंट्री (सुबिधा शुल्क) के नाम पर मोटी रकम लेता है। इंट्री से प्राप्त धन को जिम्मेदार लोगों में बाटा जाता है। इंट्री के खेल की भनक आम आदमी तक न पहुचे गाड़ियों की सूची पहले ही पुलिस एव अन्य लोगो को पहुचा दी जाती है। लाल बालू के इस खेल में पुलिस सहित अन्य अधिकारी खूब लाल हो रहे है, लेकिन योगी सरकार का प्रतिदिन दो करोड़ से ऊपर का राजस्व घाटा उठाना पड़ रहा है। बताते चले कि बिहार प्रदेश से लाल बालू यूपी आती है। गाड़ियों का कागज (अंडर लोड) बिहार तक ही वैध होता है । 600 फिट बालू की रॉयल्टी ट्रक मालिक सिर्फ बिहार प्रदेश का लेते है लेकिन रॉयल्टी की आड़ में ओवर लोडिंग ट्रके यूपी तक दौड़ रही है। सरकारी मानक के अनुसार ओवर लोड गाड़ी पर 50 हजार से ऊपर टैक्स बनेगा लेकिन पुलिस व इंट्री करने वालो के गठजोड़ से सरकार का करोड़ो रूपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है । इंट्री के बल पर सरेआम अंधेरगर्दी मचाते हुए प्रति दिन करीब 200 सौ से ज्यादा गाड़िया यूपी की सड़कों को तोड़ रही है लेकिन पुलिस , प्रशासनिक अधिकारी, खनन विभाग व एआरटीओ अपना अपना हिस्सा लेकर आंख बंद किये हुए है। बिहार प्रदेश के जनपद गोपालगंज स्थित कुचायकोट थाने की थानेदार (प्रशिक्षु डीएसपी) साक्षी राय के द्वारा ओवर लोड गाड़ियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्यवाही से ओवर लोड गाड़ियों के चालको में भगदड़ मची हुई है। साक्षी राय के भय से रात के अंधेरे में बिहार की भी बालू लदी गाड़िया यूपी में पहुच रही है। बिहार की गाड़ियों के यूपी में प्रवेश से सड़क के किनारे स्टैंड जैसा दृश्य देखने को मिल रहा है।

‘ इस सम्बंध में क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज जितेंद्र सिंह कालरा का कहना है कि ओवर लोड गाड़ियों के खिलाफ कार्यवाही बराबर होती रहती है और आगे भी जारी रहेगी।

# डीएम ने जनता दर्शन लगा पीड़ितों की सुनीं समस्याएं



अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** जिलाधिकारी सी. इन्दुमती ने जिले का कार्यभार ग्रहण करने के बाद से ही जनता दर्शन लगाना शुरू कर दिया। प्रत्येक दिन प्रातः दस बजे से दोपहर बारह बजे तक डीएम कार्यालय में पीड़ितों की समस्याएं सुन रही हैं। शुक्रवार को भी बड़ी संख्या में फरियादी उमड़े और एक-एक फरियादी ने डीएम से मिलकर अपनी समस्या बताई। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को समस्या निस्तारण के निर्देश दिये। कलेक्ट्रेट स्थित डीएम कार्यालय में जनता दर्शन लगाया गया। जिसमें जिलाधिकारी सी. इन्दुमती ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। आज लगभग 36 शिकायती प्रार्थना पत्र आये। एक-एक फरियादी की समस्या डीएम ने गंभीरता से सुनीं और उनका निस्तारण कराये जाने के लिए संबंधित अधिकारियों से वार्ता भी की। डीएम ने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार कार्य किया जाये। फरियादियों को टरकाया न जाये उनकी छोटी-बड़ी सभी समस्याओं का निस्तारण गुणवत्तापरक व ईमानदारी के साथ किया जाये। यदि ऐसा नहीं होता है तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

# अलग-अलग संगठनों ने मनाई किसान नेता टिकैत की जयंती

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक एवं किसानों के मसीहा कहे जाने वाले महेंद्र सिंह टिकैत की 88 वीं जयंती नहर कालोनी परिसर में अलग-अलग संगठनों ने धूमधाम से मनाई। किसी ने केक काटकर खुशियां मनाई तो किसी ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। गोष्ठी में वक्ताओं ने किसानों के हित में उनके द्वारा किए गये संघर्षों को याद किया।



भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष अशोक उत्तम की अध्यक्षता में जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने शिरकत की। किसान नेताओं ने सर्वप्रथम स्व. महेंद्र सिंह टिकैत के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। तत्पश्चात गोष्ठी में वक्ताओं ने उनके संघर्षों को याद किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि किसान नेता स्व. महेंद्र सिंह टिकैत ने किसानों के हित में कई संघर्ष किए। उन्हें कई बार जेल भी जाना पड़ा, लेकिन उन्होने किसानों के हक की आवाज हमेशा बुलंद की। उन्हीं ने भाकियू की स्थापना की थी जो आज प्रत्येक जिले में किसानों की आवाज बुलंद कर रहा है लेकिन कुछ नेताओं ने अपने फायदे के लिए संगठन से गद्दारी करके राजनैतिक दबाव में आकर किसान विरोधी कार्यों में लग गये हैं। ऐसे लोगों को किसान सबक जरूर सिखाएंगे। इसी तरह नहर कालोनी के डाक बंगले में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह गौतम की अगुवाई में जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम किसान नेताओं ने स्व. महेंद्र सिंह टिकैत के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। तत्पश्चात मिष्ठान वितरित कर एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्री गौतम ने कहा कि स्व. महेंद्र सिंह टिकैत किसान नेताओं के आदर्श हैं। उनके बताये गये रास्ते पर चलकर ही इस संगठन का निर्माण किया गया है।

## बैठक में लिये गये ऐतिहासिक निर्णय

**फतेहपुर।** श्री महानंद कमेटी की एक बैठक रामलीला प्रांगण में सम्पन्न हुई जिसमें कार्यक्रम की भव्यता सवारियों को निकाले जाने एवं व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराये जाने पर चर्चा की गई। शुक्रवार को शहर के ज्वालागंज स्थित रामलीला ग्राउंड में श्री महानंद कमेटी की एक बैठक अध्यक्ष राकेश की अगुवाई में सम्पन्न हुई। जिसमें रामलीला मंचन के कार्यक्रम घोषित किये गये। सवारियों को भव्य स्वरूप में निकालने पर चर्चा की गई। इस दौरान कार्यक्रम आरम्भ होने से पूर्व सभी सवारियों के रथों की मरम्मत कराये जाने व पोषाक बदलने का भी निर्णय लिया गया। साथ ही रामलीला प्रारंभ होने का समय देर रात्रि से परिवर्तित करके शाम सात बजे किये जाने, सवारियों को निकाले जाने के समय सवारियों के आगे बैंड बाजा साथ रहने, गणेश पूजन के कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधियों एवं डीएम व एसपी समेत शासन प्रशासन के अफसरों को आमंत्रित किया जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया इस दौरान समाजसेवियों से कार्यक्रम के स्वरूप को बढ़ाये जाने पर सुझाव भी लिए गये।

## फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन



**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** गुरुवार को बढ़या चौराहा डॉ. मोहम्मद हुसैन व शाहिद हुसैन द्वारा फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया जिसमे सिद्धार्थ नेत्रालय बढ़नी के डॉक्टर नदीम अहमद ने चारसौ से अधिक मरीजों के आंखों की जांच की जिसमे साठ मोतियाबिंद के मरीजों को चिन्हित किया गया एंव लगभग बारह नाखूना (बढ़े हुऐ मांस) के मरीजों को चिन्हित किया गया और आंखों की देख भाल के लिए मरीजों को जागरूक किया गया एवं सिद्धार्थ नेत्रालय के द्वारा फ्री चश्मा, फ्री दवा एंव फ्री ब्लड शुगर चेकअप किया गया। आयोजन का उद्घाटन हाजी मोहम्मद शकील (पूर्व जिला पंचायत सदस्य सिद्धार्थनगर) ने किया आयोजन में उपस्थित अथितियों में। जमाल अहमद ग्राम प्रधान बढ़या, कमाल अहमद, मोहम्मद मुस्तकीम, खालिद अहमद, हामिद रज़ा, मोहम्मद हसन, लौकुश यादव, मोहम्मद नफीस, मोहम्मद आरिफ आदि शामिल रहे।

## जालौन में मानक के विपरीत बनाई गई बिल्डिंग सील

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** जालौन में शुक्रवार को उरई विकास



प्राधिकरण ने जिलाधिकारी के आदेश पर उरई कारागार के पास मानकों के विपरीत बनाई गई बिल्डिंग को सील कर दिया है। प्रशासन की इस कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। जिससे कोई हंगामा न कर सके। उरई विकास प्राधिकरण के अंतर्गत आने वाले जेल रोड स्थित इलाके में जलील सेठ मुंबई वालों के द्वारा एक भवन का निर्माण कराया जा रहा था। जिन्होंने भवन निर्माण करने के लिए उरई विकास प्राधिकरण से नक्शा पास कराने का प्रार्थना पत्र दिया था। जिस पर उरई विकास तीन मंजिला भवन बनाने की परमिशन दी थी। मगर भवन का निर्माण करने वाले ने मानकों की अनदेखी करते हुए उनके द्वारा तीन मंजिला की जगह चार मंजिल की इमारत का निर्माण कर दिया। इसकी जानकारी होने पर उरई विकास प्राधिकरण द्वारा उन्हें नोटिस दिया। मगर नोटिस का कोई जवाब न देने पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के निर्देश पर आज उप जिलाधिकारी हेमंत पटेल के नेतृत्व में उरई विकास प्राधिकरण ने मानक विहीन निर्माण कराए जाने पर बिल्डिंग को सील कर दिया। उप जिलाधिकारी हेमंत पटेल ने बताया कि भवन को मानक विहीन बनाया जा रहा था। जिस कारण इस भवन को सील किया है।

# दिनदहाड़े छात्र का अपहरण और 50 हजार रुपये फिरौती की कहानी निकली झूठी

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** विशुनपुरा थाना क्षेत्र के किरतपट्टी निवासी एक युवक को बुधवार की शाम अज्ञात बदमाशों द्वारा एक छात्र के अपहरण की सूचना मिली। छात्र के ही मोबाइल से व्हाट्सएप मैसेज कर बदमाशों ने धमकी देते हुए 48 घंटे के अन्दर परिजनों से 50 हजार रुपए की फिरौती की मांग की। छात्र के अपहरण की सूचना मिलते परिजनों के होश उड़ गए और उन्होंने तत्काल इसकी सूचना विशुनपुरा पुलिस को दी। दिनदहाड़े अपहरण की सूचना पर पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया। तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। लेकिन जब पुलिस ने खुलासा किया तो मामला ही उल्टा हो गया। चाइनीज झींगा ऐप्प से रुपये दोगुना करने के लालच में बीए का एक छात्र 40 हज़ार रुपये हार गया तो उसने परिजनों से बचने के लिए खुद के अपहरण की साजिश रच दी। अपने अपहरण की झूठी कहानी गढ़कर घरवालों से फिरौती के लिए 50 हजार रुपये की मांग की।

बताया जा रहा है कि विशुनपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत किरत पट्टी निवासी हरकेश यादव पुत्र लखन यादव उम्र करीब 18 वर्ष स्नातक का छात्र है और पडरौना में रुम लेकर स्नातक के साथ कम्प्यूटर की पढ़ाई करता है। परिजन के मुताबिक मां जानधीर देवी की तबियत खराब होने के कारण पांच दिन पूर्व घर आया था और बीते बुधवार को पैसे की आवश्यकता पड़ने पर दुदही स्थित एसबीआई बैंक से पैसे निकालने के लिए घर से सुबह निकल पड़ा। शाम तक छात्र हरकेश की कोई सूचना नहीं मिलने पर चाची यशोदा देवी ने शाम करीब 4 बजे फोन से बात किया तो हरकेश ने बैंक से पैसा निकालने और बारिश में घिरे होने की बात बताते हुए घर जल्द आने की बात कही और इसके बाद उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया और देररात तक छात्र हरकेश के घर नहीं पहंचने पर परिजनों के हाथ पांव फुलना शुरु हो गया। परिजनों ने रात में छात्र हरकेश की काफी खोजबीन किया लेकिन उसका कहीं कोई पता सुराग नहीं चल सका।



चाइनीज ऐप्प में पैसे दोगुना करने की लालच में हारने के बाद छात्र ने खुद रची कहानी

वृहस्पतिवार की सुबह चाची ने हरकेश के ह्वाट्सएप पर परिजनों के परेशान होने का मैसेज किया तो कुछ देर बाद उसके अपहरण कर लिये जाने और 50 हजार की फिरौती की मांग का मैसेज वापस आया। मैसेज को देखने के बाद परिजनों के होश उड़ गए और परिजनों का रोने बिलखने लगे। मैसेज में परिजनों को धमकी देते हुए फिरौती की रकम 48 घंटे के अन्दर उपलब्ध कराने की मांग बदमाशों ने किया था। परिजन ने तत्काल इसकी सूचना विशुनपुरा पुलिस को दिया। पुलिस ने तहरीर मिलते जांच में जुट गई और आज देर शाम को छात्र के अपहरण का मुकदमा पंजीकृत कर लिया। इस संबंध में एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि अपहरण व फिरौती मांगना की कहानी झूठी है। वह लड़का खुद ही यह कहानी रचा था।

पूछताछ में बताया कि चाची यशोदा देवी के मोबाइल पर 50 हजार रुपये की फिरौती की मांग की। उसके बाद हरकेश साइकिल ट्रेन पर लादकर बिहार प्रांत के थावे चला गया। वहां रात स्टेशन पर बिताया और सुबह अपहरण की सूचना देता रहा। छोड़ने के लिए 50 हजार रुपये मांगने लगा। घर के लोग उसके अपहरण की बात जानकर परेशान हो गए। उसके दादा धनराज की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर लिया और टीम गठित कर खोजबीन में जुट गई।

## निशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर आठ से

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** एन ए के पी डिग्री कॉलेज सेवा केंद्र के सामने 8, 9 व 10 अक्टूबर को निशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर एस एन साध ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में विश्व प्रसिद्ध जयपुर फुट के डॉक्टर भी उपस्थित रहेंगे। शिविर संयोजक डॉक्टर रजनी सरीन ने बताया कि इस कैंप में कटे हुए हाथ वाले दिव्यांग के लिए कृत्रिम हाथ भी उपलब्ध कराए जाएंगे द्यउन्होंने कहा कि सुबह 9 बजे से अपराह्न 2 बजे तक शिविर चलेगा। उन्होंने कहा कि शिविर में दिव्यांगों को कृत्रिम पैर पोलियो ग्रस्त व्यक्तियों को कैलिपर, बैसाखी आदि निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने सभी जरूरतमंद व्यक्तियों से अपील की है कि वह शिविर में पहुंचकर निशुल्क सुविधाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि मरीज अपने आधार कार्ड दिव्यांग प्रमाण पत्र की फोटो कॉपी अनिवार्य रूप से साथ लेकर आए। उन्होंने कहा कि कम सुनने वालों की कान की मशीन भी निशुल्क दी जाएगी।

# सपा ने जिले की ऐतिहासिक धरोहर को मिले पर्यटक का दर्जा

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी के दर्जनों पदाधिकारी ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर ग्रीन एक्सप्रेस वे से जुड़ने पर जिले की ऐतिहासिक धरोहर संपदा को सुरक्षित रखना और उन्हें पर्यटक का दर्जा दिलाए जाने को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सपा जिलाध्यक्ष ने जिला अधिकारी संजय कुमार सिंह को दिया है। जिला अधिकारी को दिए ज्ञापन में सपा जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि जिले में जो तीर्थ स्थलो को अंतरराष्ट्रीय तीर्थ स्थल बनाया जाए जिससे विदेश से आने जाने वाले पर्यटकों को असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि फर्रुखाबाद में जरदोजी का विश्व स्तरीय कारोबार है बिना अच्छे आवक बैंक यहां कारोबार पंगु सा हो गया है, फर्रुखाबाद में छपाई उद्योग विश्व स्तर का है इसलिए यहां ग्रीन एक्सप्रेसवे होना आवश्यक है जिससे फर्रुखाबाद का नाम विश्व स्तर पर होगा, फर्रुखाबाद में विश्व स्तरीय आलू का उत्पादन है बिना अच्छे आवा गमन के कार्य पंगु जैसा हो गया है, फर्रुखाबाद में कई मिलिट्री रेजीमेंट के मुख्यालय हैं समय जरूरत पड़ने पर मिलिट्री बिना अच्छे सड़क के अस्वस्थ ही लगती है। फर्रुखाबाद में बाबा नीम करोली विश्व स्तरीय मंदिर है यहां पर विश्व स्तरीय पर्यटक आते हैं उनकी आवागमन के लिए अच्छा रास्ता होना आवश्यक है, कपिल नगरी में पीतांबर दिगंबर विश्व स्तरीय मंदिर है जहां विदेश से पर्यटक आते हैं, फर्रुखाबाद में नमकीन का व्यापार व अन्य व्यापार बिना अच्छी आवाज में बिंदुओं पर विचार कर कष्ट होता है कि इतना महत्वपूर्ण फर्रुखाबाद होने के बावजूद फर्रुखाबाद में एक भी टू लाइन सड़क या फोर लाइन सड़क एक भी एक्सप्रेस भी नहीं है वह जिला स्तर बेस्ट का विश्व स्तर का होते हुए भी पिछड़ा है। इस मौके पर चंद्रपाल सिंह यादव जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी,अजीत कठेरिया, पूर्व विधायक, नवल किशोर, इलियास मंसूरी महासचिव, विवेक यादव, मीडिया प्रभारी अन्य सभी समाजवादी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राजस्व अभिलेख जमीन पर देखकर नाराज हुए डीएम



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** शुक्रवार दोपहर को जालौन के जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे ने दोपहर के वक्त उरई स्थित कलेक्ट्रेट में बने राजस्व अभिलेखागार कक्ष का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अभिलेख जमीन पर रखे देखकर कड़ी नाराजगी जताई, साथ ही संबंधित कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि एक सप्ताह के अन्दर अभिलेखों को रैक में लगवाकर सही तरीके से व्यवस्थित रखा जाए। इस दौरान डीएम ने चकबन्दी, बन्दोबस्त अभिलेख, संग्रह अनुभाग, दैवीय आपदा, औषधि निरीक्षक और नजारत अनुभाग का भी निरीक्षण किया और अभिलेखों को व्यवस्थित ढंग से रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कार्यालय में साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सहायक उपायुक्त स्टाम्प कार्यालय में फाइलों का रख-रखाव और गन्दगी देखकर नाराजगी जताई। इसके साथ ही निर्देश दिए और कहा कि फाइलों का रख-रखाव और सफाई व्यवस्था अपने दैनिक जीवनचर्या में उतारें और साफ-सफाई में विशेष ध्यान दें। इसी प्रकार औषधि निरीक्षक कार्यालय में साफ-सफाई का अभाव मिला और नाम पट्टिका न मिलने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

# डीएम ने किया विद्युत विभाग की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुये जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने समस्त अधिशासी अभियन्ताओं से विद्युत वसूली के बारे में जानकारी प्राप्त की। राजस्व वसूली ठीक पायी। जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अभियन्ताओं को निर्देश दिया कि सर्वप्रथम शहर/कस्बों में समय से सही बिजली बिल उपलब्ध करायें, इसके पश्चात बिजली बिल जमा करायें। इसके साथ ही साथ समन्वय स्थापित कर बकायेदारों से आरसी के माध्यम से राजस्व वसूली करने का निर्देश दिया गया। सभी एसडीओ/जेई रोस्टर बनाकर सुबह 8 से 11 बजे तक क्षेत्र में भ्रमण करेगें। जनपद में विद्युत विभाग का कार्य करने वाली कार्यदायी संस्था को कार्य को समय से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने समय से बिल न देने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया गया कि बिल समय से उपलब्ध कराये। विद्युत आपूर्ति समय से करे। रिवैम्प योजना की समीक्षा की। बैठक में अपर जिलाधिकारी उमाशंकर, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत, समस्त अधिशासी अभियन्ता विद्युत, कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर आदि उपस्थित रहे।

## नाला निर्माण न होने से जल भराव की स्थिति

**अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** तहसील क्षेत्र के कस्बा सलेमपुर में नाला निर्माण न होने से जल भराव की स्थिति बनी हुई है। सलेमपुर के ग्रामीणों ने भारतीय किसान यूनियन (भानू गुट) को जानकारी से अवगत कराया। इस पर जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह सोमवंशी ने तहसील प्रांगण में धरने के दौरान उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह को समस्या से अवगत कराया था। तहसीलदार ने एक सप्ताह में निस्तारण कराने का आश्वासन दिया था। तहसील प्रशासन ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए शुक्रवार को तहसीलदार कस्बा सलेमपुर में पहुंचकर ग्रामीणों से वार्ता की। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि यह नाला जिला पंचायत निधि से बन रहा है। पूर्व के दिनो क्षेत्र में बाढ़ आ जाने के कारण नाला का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो सका। अब कुछ दुकानदार निर्माण कार्य में बाधा बने हुए हैं। जबकि बाढ़ का पानी पूरी तरह से निकल गया है। ग्रामीणों का कहना है कि नाला का चार माह पूर्व कार्य प्रारंभ कराया गया था। तब से अभी तक नाला का कार्य पूर्ण नहीं हो सका। तहसीलदार ने दुकानदारों को 2 दिन के अंदर दुकान तोड़ने के लिए कहा है नहीं तो राजस्व विभाग और पुलिस टीम इसको तुड़वा देगी। तहसीलदार ने बताया कि इससे पहले भी लोगों द्वारा स्वयं दुकानें तोड़ने का निर्णय लिया गया था लेकिन अब कुछ लोग ही नाला निर्माण कार्य में बाधा बने हुए हैं। इस मौके पर राजस्व टीम व पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहा।

## संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह का जनपद भ्रमण आज

**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह दि. 07 अक्टूबर को जनपद भ्रमण पर पधार रहे हैं। मंत्री जी प्रातः 09:15 बजे राष्ट्रीय पुस्तक ट्रस्ट द्वारा सैनिक स्कूल में आयोजित पुस्तक मेले का उद्घाटन करेंगे, प्रातः 09.45 बजे से शिविर कार्यालय, निकट रेलवे क्रॉसिंग करहल रोड पर जन-समस्याएं सुनेंगे, अपराह्न 01.15 बजे राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ कार्यालय जायेंगे, अपराह्न 01.35 बजे स्टेशन रोड पर बबलू पाण्डेय के आवास पर जायेंगे, अपरान्ह 02.15 बजे डा. सुमन्त गुप्ता द्वारा होटल बीकानेर एक्सप्रेस राधा रमन रोड पर वर्ष-1976 में मैनपुरी में इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण अल्मुनाइज ग्रुप द्वारा आयोजित अभिनन्दन समारोह में सम्मिलित होंगे।

## एनटीपीसी रिहंद द्वारा भव्य कवि सम्मेलन

**सोनभद्र/ बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद राजभाषा अनुभाग द्वारा राजभाषा के प्रचार-प्रसार और इसकी व्यापकता को दर्शाने के उद्देश से कवि सम्मेलन का आयोजन तरंग प्रेक्षागृह में किया गया। कवि सम्मेलन की शुरुआत ज्ञान की देवी मां सरस्वती को श्रद्धापूर्वक पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस कवि सम्मेलन में देश के अलग अलग कोने से आए दिग्गज कवियों ने जिसमें प्रसिद्ध कवि अरुण जेमिनी, प्रताप सिंह फौजदार, डॉ. सरिता शर्मा, सुदीप भोला एवं नीलोत्पल मृणाल ने अपनी सहभागिता की एवं कार्यक्रम को अति सफल बनाया। कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी रिहंद संजीव कुमार ने अपने स्वागत सम्बोधन में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) प्रवीण सक्सेना, उत्तरा महिला क्लब की अध्यक्षा डॉ. नीलम सक्सेना व अन्य गणमान्य अतिथियों एवं कवियों का एनटीपीसी रिहंद में स्वागत किया और कहा कि इस कवि सम्मेलन का आयोजन सभी लोगों के अंदर एक नई ऊर्जा का संचार करेगा।

**कार्यालय- अधिशासी अभियन्ता (जोन-1) जलकल विभाग, नगर निगम लालबाग लखनऊ**

पत्रांक : 1000/EE+/नि. दिनाँक : 06/10/2023

**अति अल्पकालिक निविदा सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 13/10/2023 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता जोन-1 के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते हैं। सील्ड निविदायें दिनांक 13/10/2023 को अधिशासी अभियन्ता जोन-1 के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स में प्राप्त की जायेंगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 13/10/2023 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे जोन-1 के कार्यालय में खोली जायेंगी।

1. जोन-1 के अन्तर्गत मीराबाई जोनल पर 200 के0वी0ए0 के ट्रांसफार्मर की मरम्मत इत्यादि का कार्य, धरोहर धनराशि 3,500.00 एवं निविदा मूल्य रू0 150.00

अधिशासी अभियन्ता (जोन-1)
जलकल विभाग,
नगर निगम, लखनऊ

# दिल्ली पुलिस की छापेमारी चौथे स्तभ मीडिया की आजादी पर हमलाः कांग्रेस



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** देश की भाजपा सरकार में कोई सुरक्षित नही हैं, बेवसाइट, न्यूज क्लिक के संस्थापक और प्रधान सम्पादक सहित इससे जुड़े पत्रकारों के घरों पर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की छापेमारी लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ मीडिया की आजादी पर हमला हैं। देश के महामहिम उक्त प्रकरण में तुरन्त हस्तक्षेप करके केन्द्र सरकार के इशारे पर पत्रकारों पर की जा रही कार्यवाही को तुरन्त बंद करायें जिससे देश की मीडिया स्वतंत्र रूप से अपना कार्य कर सकें।

उक्त आशय की मांग आज कांग्रेसजनो ने जिलाधिकारी के माध्यम से देश की राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी द्वारा नामित अधिकारी को सौंप कर की। ज्ञापन में कांग्रेसजनो ने महामहिम का ध्यान लोकतंत्र के चौथे खम्भे के रूप में स्थापित प्रेस/मीडिया की स्वतंत्रता की ओर आकर्षित कराते हुए लिखा हैं कि जबसे केन्द्र में भाजपा की सरकार स्थापित हुई हैं वह किसी भी स्थिति में अपनी बुराई सुनने को तैयार नही हैं और यदि मीडिया का कोई व्यक्ति केन्द्र सरकार की नाकामियों को उजागर करने का प्रयास करता हैं तो सरकारी एजेन्सियों के माध्यम से उनको प्रताड़ित किया जाता हैं। इसी श्रृंखला में वर्तमान समय में केन्द्र सरकार के इशारे पर न्यूज वेबसाइट न्यूज क्लिक के संस्थापक और प्रधान सम्पादक प्रबीरपुर कायस्थ एवं इससे जुड़े पत्रकारों के घरों पर दिल्ली की पुलिस की स्पेशल सेल द्वारा छापेमारी करके उनके मोबाइल, लैपटॉप, कम्प्यूटर और इलेक्ट्रानिक सामान जब्त कर लिया गया जोकि लोकतांत्रिक परम्पराओं के विरूद्ध हैं। कहा गया कि दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल का यह कृत्य लोकतंत्र को कमजोर करने का षड़यंत्र हैं, प्रेस की आजादी पर हमला हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, सरजू शर्मा, रामहरख रावत, इरफान कुरैशी, रामचन्दर वर्मा, मो. इजहार एडवोकेट, अखिलेश वर्मा, फरीद अहमद, देवेन्द्र प्रताप यादव, सचिन त्रिपाठी, संजीव मिश्रा, जय कुमार वर्मा, हरिनाथ यादव, रमेश कश्यप, मुइनुद्दीन अंसारी आदि मौजूद थें।

## बैठक में शौर्य जागरण यात्रा की हुई समीक्षा




*अवधनामा संवाददाता*

**देवा बाराबंकी।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल प्रखंड पालक एवं जिला विशेष संपर्क प्रमुख तुलसीराम चौहान ने शौर्य जागरण यात्रा की तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने यात्रा को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओ को समय प्रातः 8 बजे 9 अक्टूबर को निंदूरा प्रखंड कार्यालय पर एकत्रित होने की अपील की। बताया कि यात्रा कुर्सी होते हुए देवा से बाराबंकी के लिए प्रस्थान करेगी। ओवरब्रिज के पास नगर पंचायत बंकी पूर्व अध्यक्ष श्याम सिंह चौहान के आवास पर फतेहपुर निंदूरा देवा तीनों प्रखंड की उप यात्रा रुकेगी। इसी स्थान पर जलपान करके एक साथ तीनों प्रखंडों की उप यात्रा एक साथ बाराबंकी के लिए रवाना होगी। इस बैठक में अमित गुप्ता प्रखंड अध्यक्ष निंदूरा बजरंग दल संयोजक मुकेश सिंह सह मंत्री आशीष सोनी और विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नहर में डूब रहे युवक को सकुशल बचाया

**मसौली बाराबंकी।** शारदा सहायक डबल नहर बिन्दौरा किन्हौली गांव के निकट नहर मे कपड़ा धोने के लिए गया एक मनबुद्धि व्यक्ति नहर मे चला गया। गनीमत रही मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने डूब रहे युवक को नहर से निकाल कर जान बचा ली। युवक बिहार प्रांत का रहने वाला है।

शुक्रवार की दोपहर शारदा सहायक डबल नहर किन्हौली गाँव के पास उस समय हड़कंप मच गया जब एक 35 वर्षीय युवक अचानक उफ्नाई नहर मे चला गया डूब रहे युवक की चीख सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए।

# रजिस्टर के बजाय अन्यत्र मिला दवाओं का लेखा जोखा, लगाई फटकार

*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** आयुष्मान भारत की सीईओ आईएएस संगीता सिंह एव प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना उत्तर प्रदेश के जीएम डॉ अजय प्रताप सिंह शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागाव का निरीक्षण किया। अफसरों ने अस्पताल मे भर्ती आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों से संवाद किया तथा मरीजों को बेहतर लाभ देने के निर्देश दिये।

शुक्रवार को सीईओ आयुषमान भारत संगीता सिंह एव जीएम डॉ अजय प्रताप सिंह ने सीएचसी बड़ागांव पहुंचकर ओपीडी, औषधि कक्ष, वैक्सीन कक्ष, वार्ड, पैथालॉजी एवं पर्ची काउंटर का भौतिक सत्यापन किया। जिसमें आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए पर्चा काउंटर बनाने एवं जागरुकता के लिए बैनर पोस्टर लगने का निर्देश दिया। इसके बाद औषधि कक्ष के निरीक्षण के दौरान स्टाक रजिस्टर को देखा जिसमें दो दिनों से निकासी की गई दवाओं का लेखा जोखा रजिस्टर के बजाए अलग दर्ज था। जिस पर फार्मेसिस्ट को जमकर फटकार लगाई। इसके अलावा बच्चों के लिए इनटीबाईटीट उपलब्ध न होने पर नाराजगी जताई। इसके बाद वार्ड में भर्ती बड़ागांव निवासी सलीम , रुहाना, शहावपुर निवासी मोहम्मद सलमान से संवाद किया। भर्ती मरीज जो कि आयुष्मान कार्ड धारकों थे जिन्हे बेहतर इलाज करने का निर्देश दिया।दो सदस्यीय टीम ने आयुष्मान योजना को धरातल पर लाने की प्राथमिकता को लेकर दिशा निर्देश दिया। इस मौके पर सीएमओ डॉ अवधेश कुमार यादव, डॉ राजीव सिंह, डॉ संजीव सिंह अधीक्षक डॉ संजीव कुमार सहित स्टाफ मौजूद रहा।



## कृषि विवि में किसान मेला 10 व 11 अक्टूबर को

**मिल्कीपुर- अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के 49वें स्थापना दिवस के अवसर पर दो दिवसीय किसान मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 10 व 11 अक्टूबर को लगेगा। किसान मेले को सफल बनाने के लिए कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने जिम्मेदार अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। किसान मेले का आयोजन किसान भवन मैदान में किया जायेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से मेले की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। अपर निदेशक प्रसार प्रो. आर.आर सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर किसान मेले का आयोजन किया जा रहा है। किसान मेले में उत्तर प्रदेश के लगभग 30 जनपदों के किसान यहां पहुंचेंगे।

## नवोदय की द्वितीय प्रदेश एलुमिनी मीट 8 अक्टूबर को

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश नवोदय एलुमिनी एसोशिएशन के तत्वावधान में एल्यूमिनी मीट में प्रति विभाग करने वाले पुरातन छात्रों के सामूहिक प्रयास से PAY BACK TO SOCIETY की भावना को जीवन कर रंग जाति भेद पद




आठ अक्टूबर को द्वितीय प्रदेश एलुमिनी मीट का आयोजन किया जा रहा है। आयोजक मंडल के डा रामचन्द्र व मुकेश प्रताप सिंह ने संयुक्त रुप से बताया कि इसका उद्देश्य वर्ष 1993 से 2023 के मध्य नवोदय विद्यालयों से उत्तीर्ण पुरातन छात्रों के मध्य आपसी मेलजोल एवं नवोदय संस्कृति को जीवंत रखने पर जोर देना है। पुरातन छात्रों के आपसी परिचय के साथ उनकी समाजिक, आर्थिक व चिकित्सीय जैसी दिक्कतों को दूर करने के साथ एक दूसरे की हर सम्भव मदद की जायेगी नवोदय विद्यालय में कार्यरत प्रचारगढ़ एवं सेवा नृत्य शिक्षकों स्टाफ का सम्मान कर विद्यालय के साथ आत्मीय संबंध को मजबूत करना रहित समाज का निर्माण कर राष्ट्र प्रेम एवं राष्ट्रीय एकता को सुदृढ करना । सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से नवोदय के 7 वर्ष के मधुर दोनों को याद करना विश्व व्यापी एवं राष्ट्रव्यापी एल्यूमिनी के प्रशंसनीय एवं उल्लेखनीय कार्यों उपलब्धियां के प्रेरणादायक पहलुओं पर चर्चा कर सबको प्रेरित करना। नवोदय विद्यालय अयोध्या के लगभग सभी पुरातन छात्रों ने स्वेच्छा से आर्थिक सहयोग किया है जिसकी जितनी इच्छा उसका उतना सहयोग प्रदेश के अन्य नवोदय पुरातन छात्रों विद्यालयों ने बढ़-चढ़कर आर्थिक सहयोग किया है शिक्षकों गुरुओं के आने जाने और ठहरने की व्यवस्था विभिन्न होटलों में की गई है ।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में श्रम एवं सेवायोजन विभाग की हुई बैठक

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय में श्रम एवं सेवायोजन विभाग की बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नागरिकों को स्थानीय स्तर पर विभिन्न प्रकृति की सेवाएं प्रदान किये जाने के उद्देश्य से संचालित सेवामित्र पोर्टल से कई तरह की सेवाएं जैसे- कारपेंटर, टैक्सी सेवा, कान्सट्रक्शन सेवा, कैटरिंग सेवा, टेन्ट सेवा, इंटीरियर डिजाइन सेवा, पेटिंग सेवा एवं इलेक्ट्रिकल सेवा आदि घर बैठे प्राप्त कर सकते हैं साथ ही सेवा प्रदाता फर्मस एवं कुशल कामगार भी इस व्यवस्था के अंतर्गत अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इन सेवाओं का लाभ सेवा मित्र पोर्टल पर sewamitra.up.gov.in अथवा सेवामित्र मोबाइल एप्लीकेशन या ट्रोल फ्री कॉल सेंटर नम्बर 155330 के माध्यम से उठाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सेवा मित्र व्यवस्था के अंतर्गत कौशल प्राप्त युवाओं को सेवा प्रदाता एजेंसी के माध्यम से स्वावलम्बन के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। साथ ही इसमें डे वर्क और प्रोजेक्ट वर्क के अंतर्गत स्टार्टप के अवसर में सेवा मित्र जागरूकता पखवाड़ा 1 अक्टूबर, 2023 से 15 अक्टूबर, 2023 तक मनाया जा रहा है। कारपेंटर, टैक्सी सेवा, हाउसिंग सेवा, कैटरिंग सेवा, टेन्ट सेवा, इंटीरियर डिजाइन सेवा, पेंटिंग सेवा एवं




भी उपलब्ध हो रहें हैं, यह व्यवस्था पेसेवरों को डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने और नागरिकों को उचित कीमत पर सत्यापित सेवाएं प्रदान कर सरकार के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के अनुरूप है। सहायक निदेशक सेवायोजन अयोध्या पद्म वीर कृष्ण ने बताया कि जनपद अयोध्या इलेक्ट्रिकल सेवा आदि विभिन्न सेवाएं चाहने वाले एवं देने वाले सेवा मित्र पोर्टल के माध्यम से लाभान्वित हो सकते है। इसका प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। इस अवसर पर बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनिता यादव, सूचना विभाग सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दीपावली से पहले गड्ढा मुक्त होंगी अयोध्या की सभी सड़कें



**अयोध्या।** शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में यातायात को सुविधाजनक बनाने के लिए अयोध्या जनपद में 474.32 किलोमीटर सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाएगा। इसके लिए लोक निर्माण विभाग की ओर से सड़कों की मरम्मत कराई जा रही है। प्रदेश की योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंताओं को निर्देशित किया है कि दीपावली तक सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त कर दिया जाए। ड्डअयोध्या जनपद में शहर में ग्रामीण क्षेत्रों को मिलाकर कुल 817.72 किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया गया है। इसमें से 474.32 किलोमीटर सड़के वर्तमान समय में क्षतिग्रस्त हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश का पालन करने के लिए लोक निर्माण विभाग की ओर से सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का कार्य प्रारंभ कराया गया है। इसके लिए 417.60 लाख रुपए का बजट प्रदेश सरकार की ओर से आवंटित किया जाएगा। वर्तमान समय में 180.92 लाख रुपए का बजट जनपद में सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए उपलब्ध कराया गया है। प्राप्त धन से 11.95 लाख रुपया पहले ही गड्ढा मुक्ति में खर्च किया जा चुका है। दीपावली तक शहर व देहात की सभी सड़कें गड्ढा मुक्त कर दी जाएंगी। जिले की सभी तहसील क्षेत्र में सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जा रहा है।

# पत्रकारों के उत्पीड़न के विरोध में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

## राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** न्यूज क्लिक के पत्रकारों पर केन्द्र सरकार द्वारा की जा रही कार्रवाई के विरोध में आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा।

आज कांग्रेस जिला अध्यक्ष चौ.मुजफ्फर अली व महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा के संयुक्त नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्रित हुए और केंद्र की भाजपा सरकार के इशारे पर समाचार वेबसाइट न्यूज क्लिक के दफ्तर पर दिल्ली पुलिस द्वारा की गई छापेमारी का विरोध करते हुए इसे मीडिया की आवाज को दबाने का सरकारी षड्यंत्र बताया। प्रदर्शन के पश्चात राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौपा गया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष चौ.मुजफ्फर अली व प्रदेश सचिव प्रवीण चौधरी ने सरकार की इस दमनकारी नीति को संविधान की हत्या बताया।



प्रवीण चौधरी ने कहा कि सरकार मीडिया को धमकाने की नीति पर इसलिए चलने को मजबूर है, क्योंकि उन्होंने पिछले 10 वर्षों में जनहित के लिए कुछ नहीं किया। चौधरी मुजफ्फर ने कहा कि यदि सरकार जनहित के कार्य करती तो आज जनता को अपनी उपलब्धियां बताती ना कि मीडिया के प्रश्नों से बचकर भागती। चौधरी मुजफ्फर ने कहा कि झूठे चुनावी वायदो और झूठे प्रचार-तंत्र के बल पर बनी यह सरकार सच्चे पत्रकारों और ईमानदार पत्रकारिता को हजम नहीं कर पा रही। चौधरी मुजफ्फर ने राष्ट्रपति से मांग की कि वें इस दमनकारी कार्यवाही का संज्ञान लेते हुए इसे तुरंत प्रतिबंधित करें और न्यूज क्लिक के संस्थापक व प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ की रिहाई के आदेश जारी करें।

महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा, जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा, जिला उपाध्यक्ष मनीष त्यागी व महानगर महासचिव सौरव भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस भाजपा की इन दमनकारी नीतियों के विरुद्ध संघर्ष के लिए तैयार है। प्रदर्शनकारियों में पूर्व मंडल प्रवक्ता नरेंद्र शर्मा, जिला उपाध्यक्ष मनीष त्यागी, हरिओम मिश्रा, सुरेंद्र मनिनवाल, अजय त्यागी, गौरव वर्मा, इमरान कुरेशी, धर्मपाल जोशी, सोमपाल कश्यप, नीरज कपिल, सरदार हनी सिंह, मुनेश सहगल, मधु सहगल, सौरव भारद्वाज, अनुज शर्मा, सचिन कुमार, नसीब खान, शोएब रफ्त, मोहित शर्मा, जीशान, अब्दुल रहमान आदि सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल रहे।

## केंद्रीय दुर्गापूजा समिति के लोगो के साथ विसर्जन स्थल महादेव घाट व सीताराम घाट का किया निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**गोसाईगंज- अयोध्या।** शारदीय नवरात्रि पर्व पर आयोजित दुर्गापूजा के मद्देनजर जिला प्रशासन के निर्देश पर ईओ व एसएचओ ने केंद्रीय दुर्गापूजा समिति के लोगो के साथ विसर्जन स्थल महादेव घाट व सीताराम घाट का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान तमसा नदी में जलकुंभी के साथ गन्दा पानी मिला।बताते चले कि बुधवार को जिला प्रशासन की बैठक में केंद्रीय दुर्गापूजा समिति के अध्यक्ष हेमंत गुप्ता व महामंत्री अवधेश सोनी ने अपनी मांगों को लेकर एक मांग पत्र डीएम को सौंपा था।मांगपत्र में तमसा नदी की सफाई,पानी,बिजली,पंडालों के आसपास की सफाई,आवारा जानवर व सुरक्षा की मांग की गई थी।उसी के तहत विसर्जन स्थल का निरीक्षण हुआ। ईओ इंद्रभान ने निरीक्षण के बाद केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति को आश्वस्त किया कि पोकलैंड से नदी की सफाई कराई जाएगी। विसर्जन के दौरान दोनो घाटो पर बैरिकेटिंग 4-4 गोताखोर, समतलीकरण, व लाइटिंग की ब्यवस्था की जाएगी। सभी पंडालों के आसपास दोनो समय सफाई कराई जाएगी। मेले के दौरान घूमने वाले आवारा जानवरो को पकड़कर गौशाला भिजवाया जाएगा। एसएचओ सन्तोषकुमार सिंह ने बताया कि मेले को सकुशल निपटाने के लिए अतिरिक्त फोर्स मांगी जाएगी। मनचलों व शराबियों पर अंकुश लगाने के लिए ब्रीफ इनवाईजर की ब्यवस्था रहेगी। मौके पर रामलीला समिति के अध्यक्ष संजय पराग, गोपीनाथ अँगियार, हनुमान सोनी,कालीचरण वर्मा,सर्वेश मोनू, ध्रुव बरनवाल, विनोद बरनवाल आदि लोग मौजूद रहे।



## स्कूल के बाहर धारदार हथियार से छात्र पर हमला, गंभीर

सहारनपुर। पुरानी रंजिश के चलते आज परीक्षा देकर स्कूल से बाहर निकले छात्र पर दर्जनों युवको ने धारदार हथियारों के साथ जानलेवा हमला कर दिया। जिससे स्कूल परिसर में भगदड मची गयी और घटना की जानकारी तत्काल ही पुलिस को दी गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को उपचार के लिए प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र ले गए। शुक्रवार को थाना फ्तेहपुर के ग्राम गुडम्ब निवासी जुबैर पुत्र अनवार अपने साथी गंगाली निवासी मोनू पुत्र अनिल के साथ स्थानीय एएचपी इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर लौट रहा था। उसके अनुसार जैसे ही वे दोनों स्कूल से कुछ दूरी पर आए, तो पीछे से धारदार हथियारों से लैस होकर आए दर्जनों युवकों ने उन पर हमला बोल दिया। अस्पताल में उपचाराधीन जुबैर ने अपना चोटिल दाहिना हाथ, गर्दन व बाएं बाजू को दिखाते हुए बताया कि ये घाव हमलावरों द्वारा किये गये हैं।

## यूपी अंडर 19 महिला क्रिकेट टीम में कल्पना व मनीषा का चयन





*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जनपद के क्रिकेट खिलाड़ी लगातार सफलता अर्जित कर रहे है, जिसमें बालिका भी पीछे नही है। इसी के चलते आज जनपद के क्रिकेट खिलाड़ी कल्पना चौधरी और मनीषा चौधरी का यूपी अंडर 19 महिला क्रिकेट टीम में चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर सहारनपुर क्रिकेट एसोसिएशन ने हर्ष जताते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

गौरतलब रहे कि दो क्रिकेट खिलाड़ी कल्पना चौधरी पुत्री महेंद्र सिंह ग्राम सोराना, सरसावा और मनीषा चौधरी पुत्री ओम प्रकाश सिंह, दामोदर कॉलोनी,एसबीडी हॉस्पिटल का चयन यूपी अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम में हुआ है। इस उपलब्धि पर सहारनपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों और खेल प्रेमियों ने खुशी का इजहार किया है। शुक्रवार को एसडीसीए के चैयरमैन मौ.अकरम ने बताया कि यूपी अंडर 19 की टीम का 8 अक्टूबर से हरियाणा के झज्जर में पहला मैच दिल्ली से होगा।

एसडीसीए चैयरमेन मौ.अकरम ने चयनित खिलाडियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि जिले में महिला क्रिकेट को लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस कामयाबी पर एसडीसीए के पदाधिकारियों अमर गुप्ता, साजिद उमर, राजीव गुप्ता, लतीफ रहमान, राजकुमार राजू, पुण्य गर्ग, सत्यम शर्मा, सैयद मशकूर, परविंदर सिंह, पाली कालड़ा, रवि सिंघल, योगेश गुप्ता, अमित सेठी, राजीव गोयल (टप्पू), रणधीर कपुर, विनय कुमार, सचिन सैनी, रविश राठी, भावना तोमर, राजशेखर, सचिन गर्ग, अर्जुन सिंह, शोएब, अर्जुन चौहान, मुजीब रहमान, मृदुल गर्ग व खेल प्रेमियों ने खुशी का इजहार किया है।

## युवक को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

**फरेन्दा, (महराजगंज)।** मारपीट सहित अन्य गंभीर मामले में आरोपी एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार बीते बुधवार को फरेन्दा थाना क्षेत्र के करहिया भट्ठे के पास हत्या के प्रयास का मामला प्रकाश में आया था। जिसमें दो युवकों को गंभीर चोट आई है जिनका इलाज मेडिकल कालेज में चल रहा है। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया। ग्राम सभा बरातगाड़ा टोला कुशहवा निवासी आशुतोष सिंह पुत्र जयप्रकाश सिंह बुधवार को अपने साथी शुभम त्रिपाठी के साथ महदेवा दुबे से करहिया भट्ठे पर किसी काम से आए थे। इसी दौरान अजय यादव, शिवा यादव, शुभम यादव, गोलू पासवान व इरशाद निवासी खजुरिया सहित 15 अज्ञात लोगों ने एकाएक धारदार व अवैध हथियारों से हमला किया गया था। जिसमें आशुतोष सिंह व शुभम त्रिपाठी को काफी चोट आई है।

## साइकिल यात्रा का सपाइयों ने किया भव्य स्वागत

*अवधनामा संवाददाता*

**नौतनवा, (महराजगंज)।** सपा नेता अभिषेक यादव के नेतृत्व में प्रयागराज से निकली साइकिल यात्रा का शुक्रवार को सम्पतिहा वह कोल्हुई में पहुंचने पर जोरदार स्वागत हुआ। सपाइयों ने संविधान बचाओ देश बचाओ, अखिलेश यादव जिन्दाबाद का नारा लगाते हुए भाजपा सरकार के प्रति जमकर भड़ास निकाला।

अभिषेक यादव ने कहा कि आज जनता महंगाई व बेरोजगारी से त्रस्त है इसलिए जनता को ऐसी सरकार को निश्चित रूप से बदलने का मन बनाना होगा।हम भाजपा सरकार के कथनी व करनी को जन जन तक पहुंचाने के लिए यह सायकिल यात्रा निकाल रहे हैं। यात्रा का मुख्य आकर्षण रहे नवरत्न यादव ने कहा कि घोसी के चुनाव में जनता ने इन्हें ज़बाब दें दिया है। नवरत्न यादव ने ओम प्रकाश राजभर पर भी जम कर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राजभर झूठ बोलते है तथा वह सत्ता के लालची हैं, इसलिए अब जनता उन पर विश्वास नहीं करेगी। वह केवल मंत्री बनने के लिए भाजपा में गये हैं। नवरत्न ने कहा कि हम लोग अपना काम कर रहे हैं बाकी का काम जनता को करना है।



## जनपद में 31 अक्टूबर तक धारा 144 लागू

**महराजगंज।** महानवमी, विजयदशमी, वाल्मीकि जयंती व विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं एवं कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत कानून व्यवस्था को बनाये रखने हेतु भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अंतर्गत जनपद में निषेधाज्ञा 31 अक्टूबर तक लागू कर दी गयी है।

इसके जानकारी देते हुए अपर जिला अधिकारी डा पंकज वर्मा ने बताया कि इसके अन्तर्गत किसी भी सम्प्रदाय के प्रति उत्तेजक नारेबाजी करना, सरकारी तथा गैर सरकारी कार्यालयों या सार्वजनिक स्थान पर किसी प्रकार का शस्त्र ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। सार्वजनिक मार्ग के किनारे ईंट-पत्थर या नशीली दवाओं का सेवन कर अश्लीलता व अभद्रता या आपत्तिजनक व्यवहार, विद्युत तार, टेलीफोन लाइन, पाईप लाइन को क्षति पहुंचाने वालों के विरुद्ध उपयुक्त धाराओं में कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जुलूस, पूजा स्थलों या सार्वजनिक स्थानो पर नशीले पदार्थ आदि का सेवन भी वर्जित रहेगा।

## आइजीआरएस शिकायत निस्तारण में सदर और निचलौल प्रथम

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जनपद के 02 तहसीलों सदर और निचलौल ने तहसीलों द्वारा आइजीआरएस शिकायत पोर्टल पर गुणवत्तापूर्ण शिकायत निस्तारण के संदर्भ में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा ने बताया कि दोनों तहसीलों द्वारा निस्तारित मामलों में शासन द्वारा जारी शिकायत निस्तारण सूची में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, जिसके लिए दोनों तहसील बधाई के पात्र हैं। जनपद में विभिन्न पोर्टलों एवं मंचो से प्राप्त होने वाली शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु जिलाधिकारी के निर्देशानुसार बहुस्तरीय समीक्षा की जाती है। इसमें एक अपर एसडीएम को नोडल अधिकारी नामित करते हुए एक बीडीओ व एक एडीएसटीओ की त्रिसदस्यीय समीक्षा समिति है, जो प्रतिदिन शिकायत निस्तारण के विषय मे प्राप्त आख्याओं की जांच करती है। आख्या के संतोषजनक न होने पर पुनः जिला कंट्रोल रूम से संबंधित अधिकारी व शिकायतकर्ता से बात कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को सुनिश्चित किया जाता है। शिकायतों के निस्तारण एवं सी-श्रेणीकरण की समीक्षा प्रतिदिन अपर जिलाधिकारी स्तर पर की जाती है। इसकी नियमित समीक्षा जिलाधिकारी स्वयं भी करते हैं। जिलाधिकारी अनुनय झा ने दोनों तहसीलों को रैंकिंग में प्रथम स्थान मिलने पर बधाई देते हुए सभी तहसीलों को लगातार गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया है।

## आरोपी को गिरफ्तार पुलिस नें भेजा जेल

**सिंदुरिया(महराजगंज)।** सिंदुरिया पुलिस नें वारंटियों गिरफ्तारी अभियान के तहत पुलिस नें एक फरार चल रहे। वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल। जानकारी के अनुसार मिठौरा चौकी प्रभारी कुमार उपाध्याय व अपनी टीम द्वारा वारंटी गिरफ्तारी अभियान चलाया जा रहा था जिसमे ग्राम सभा मिठौरा टोला हरतोड़वा निवासी स्वामीनाथ पुत्र भागवत को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इस संबंध में सिंदुरिया थाना प्रभारी मनीषा सिंह नें बताया कि एक वारंटी को गिरफ्तार जेल भेज दिया।

# उर्स मेमारे मिल्लत में मौलाना ख़ालिद क़ासमी सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर अंबेडकरनगर।** 12 वें उर्स मेमारे मिल्लत के अवसर पर जामिया अरबिया इजहारुल उलूम नया बाजार जहांगीर गंज अंबेडकर नगर में बृहस्पतिवार को जनपद में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं समाजसेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले एवं समाज को नई दिशा देने वाले समाजसेवियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मौलाना अबुल कलाम आजाद एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष,पैगाम फाउंडेशन के संरक्षक, मौलाना आज़ाद गर्ल्स इंटर कॉलेज जलालपुर के प्रबंधक मौलाना मोहम्मद खालिद कासमी को समाजसेवा एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए ÷मेमारे मिल्लत सम्मान से सम्मानित किया गया।

मौलाना मोहम्मद खालिद कासमी ने मौलाना आज़ाद गर्ल्स इंटर कॉलेज में अध्ययनरत लगभग 550 छात्राओं की दो शैक्षिक सत्र का तीन-तीन माह का शिक्षण शुल्क माफ कर दिया था।जो वास्तव में कोरोना संकट के समय एक सराहनीय कार्य था। मौलाना खालिद कासमी युवाओं के प्रेरणा स्रोत एवं एक नेक दिल इंसान हैं। बेबाकी उनकी शख्सियत की पहचान है। सामाजिक सरोकारों से जुड़े मौलाना खालिद कासमी एक जिंदादिल और साहित्य प्रेमी इंसान हैं।वे तालीम के मैदान में काम करने वाली संस्थाओं की मदद में हमेशा आगे रहते हैं। आप ऊर्जावान और नई सोच से लबरेज़ युवा हैं। जनपद की ख्यातिलब्ध समाजिक संस्था मेंमारे मिल्लत इंतजामिया कमेटी द्वारा मौलाना मोहम्मद खालिद कासमी को सम्मानित करने पर मौलाना अतीक अहमद नदवी एवं पैगाम फाउंडेशन अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद जमाल ने संस्थापक जनाब नूरुज्जमा बरकाती साहब एवं संस्था अध्यक्ष जनाब रेहान बरकाती साहब एवं जनपद के वरिष्ठ पत्रकार,समाजसेवी जनाब जाहिद सोहेल साहब का हृदय से आभार व्यक्त किया। उक्त अवसर जनपद के वरिष्ठ समाजसेवियों धर्मवीर सिंह बग्गा, शरद यादव, कबीर शाह, आशुतोष सिंह, मोहम्मद असलम खान, मनप्रीत सिंह अंशु बग्गा, प्रवीण महेंद्र गुप्ता, निलेश यादव, सूरज गुप्ता, इशहाक अंसारी, मोहम्मद अकमल, समीर चौधरी, अब्दुल मुत्तालिब, मोहम्मद फैजान खान, मोहम्मद शब्बीर, इरफान शाह, अंजर सिद्दीकी को भी मेमारे मिल्लत सम्मान से सम्मानित किया गया।

# डीएम की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल गांव की समस्या गांव में समाधान का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



- एई जल निगम महेश प्रसाद को दी गयी प्रतिकूल प्रविष्टि
- पूर्ति निरीक्षक व क्षेत्रीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी को फटकार
- तीन राशन की दुकान को निलंबित करने का निर्देश

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में शुक्रवार को तहसील नौगढ़ विकास खण्ड बर्डपुर अन्तर्गत ग्राम चौपाल गांव की समस्या गांव में समाधान का आयोजन ग्राम पंचायम बर्डपुर नं0-10 में सम्पन्न हुआ।

जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा ग्राम चौपाल- गाव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीणों से विभिन्न योजनाओ के बारं में जानकारी प्राप्त की गयी। विद्युत व्यवस्था पर ग्रामीणों ने बताया कि 12 घंटे का हैं। जेई ने बताया 17 घण्टो के सापेक्ष 6 घंटे मिलती हैं। फाल्ट सही करवाए प्रतिदिन समस्या नही होनी चाहिए। रोस्टर के अनुसार विद्युत सप्लाई जारी करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि रिबेम योजना के अन्तर्गत जर्जर तार बदलने का काम दीपवली तक पूर्ण किया जाना चाहिए। प्राथमिक विद्यालय के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। छह विद्यालय हैं। कुल 772 बच्चे हैं 576 डीबीटी के तहत लाभान्वित हैं। कापी किताब मिली हैं। सिडको कार्य करवा रही हैं। छत के ढलाई की शिकायत हैं। सिडको से जबाब मांगा गया है। प्रधानमंत्री आवास के बारे में जिलाधिकारी द्वारा लोगो से वार्ता की गयी। सामुदायिक शौचालय का निर्माण हुआ है, प्रतिमाह छह हजार मिलता है। राज्य वित्त से तीन कार्य हुए हैं। मनरेगा से 1394 जाबकार्ड 988 सक्रिय हैं। 190067 का लक्ष्य है 10 हजार का पर्ण कर लिया है। श्रम विभाग में पंजीयन नही होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सबका पंजीकरण कराना अनिवार्य हैं। पात्र गृहस्थ के तहत सभी का आयुष्मान कार्ड बनना चाहिए। 216 लाभार्थियों को वृद्धा पेंशन मिल रहा हैं। एडीओ समाज कल्याण से पूछताछ की गयी तथा निर्देश दिया गया कि सभी का पेंशन 15 दिन में बन जाना चाहिए। 132 दिव्यांग लाभार्थियों को पेंशन मिलता हैं। एनआरएलएम 285 परिवार अक्षदित हैं। 58 समूह को सहयोग दिया गया हैं। बीएमएम राम गिरीश से वार्ता कर आशा आजीविका समूह के बारे में जानकारी लिया। समूह की महिलाओं से वार्ता किया लोन, ब्याज, कार्य, रोजगार के बारे में जानकारी प्राप्त की। सभी समूह की महिलाएं आयुष्मान कार्ड बनवाने में सहयोग करें। श्रम विभाग में 80 रुपये खर्च करके पंजीकरण कराये। बीडीओ कैम्प लगवाकर सभी का पंजीकरण करवाए। यह योजना बहुत अच्छी हैं। नौ आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। जुलाई में पुष्टाहार मिला है। पीएम सम्मान निधि में 1396 लाभार्थी हैं। 83 हैंडपंप संचालित हैं। सेमरी में हैंडपंप नही चल रहा हैं। सर्वे करवाकर सभी हैंडपंप सही करवाए। जिलाधिकारी द्वारा पूछने पर पानी की जांच की संख्या न बता पाने के कारण ए.ई. महेश प्रसाद जल निगम को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गयी।

## एसी बस पर सवारियों को बैठाकर आधे रास्ते छोड़ देते हैं न्यू हिंदुस्तान एक्सप्रेस

अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** लखनऊ की यात्रा प्राइवेट गाड़ी से बचें सरकारी गाड़ी



से करें सफर एक बस हिन्दुस्तान एक्सप्रेस एसी गाड़ी खडी होती प्रतिदिन सुबह रोडवेज बांसी पर सावधान यह आपको अपने गंतव्य तक नहीं पहुंचायेगी ध्यान देने वाली बात सवारियों को बीच रास्ते में झगड़े की नौबत आ जाती है ऐसे मे जिस भी गाड़ी सवारियों को बैठना पडता है। शुक्रवार की सुबह बांसी रोडवेज पर लखनऊ के एसी बस पर बैठा कर रवाना हुआ जैसे ही फैजाबाद के सबदर गंज बस स्टाप पर खडी करते हुए बस मालिक ने कहा कि अब लोगों के लिए दूसरी बस रोकता जिससे आप लोग आगे की सफर तय करोगे। सवारियों के द्वारा पूछने पर कहा इस प्रकार हम लोग करते हैं। वास्तव मे यह डग्गामार एसी का सपना दिखा कर सादे बस मे भेज देते हैं।

## स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मिठवल ब्लॉक क्षेत्र के कोटिया गड़ोरी में स्थित डा. मिथिलेश मणि त्रिपाठी आदर्श पीजी कॉलेज में स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने 278 छात्र, छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। स्मार्टफोन पाकर सभी छात्र, छात्राएं काफी खुश व उत्साहित दिखे। पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि छात्र व छात्राओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में स्मार्टफोन स्मार्टफोन व टेबलेट वितरित किया जा रहा है। इसके द्वारा युवाओं को तकनीकी क्षेत्र में दक्ष बनाने और बेहतर शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा हैं। विद्यालय के प्रबंधक डा. मिथलेश मणि त्रिपाठी ने बताया कि स्मार्टफोन्स से सभी छात्रों को कहीं भी रहकर शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा हैं और जिससे वो पहले से बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे। इसमें स्नातक, परास्नातक, तकनीकी क्षेत्र के संबंधित कोर्स, डिप्लोमा और पॉलिटेक्निक का आदि कोर्स का अध्ययन सामग्री मौजूद हैं, जिससे वह अध्ययन कर सकते हैं। इस दौरान नीरज मणि त्रिपाठी, श्रीराम चौधरी, गिरीश भट्ट, गोपाल त्रिपाठी, श्याम पाठक, विष्णु गिरी, जयराम शर्मा, पंकज त्रिपाठी, सोनू त्रिपाठी, सुधाकर मणि त्रिपाठी, हरिहर यादव आदि उपस्थित रहें।

## अग्निवीर में चयन होने से ग्रामीणों में खुशी की लहर

**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम लोटन में एक युवक का अग्निवीर मे चैन होने से ग्रामीणो मे खुशी की लहर है। वही पुरे ब्लॉक मे अमर सहानी उम्र 19 वर्ष का एक लड़का यह संदेश दिया कि मेहनत से सफ्तला हासिल की जा सकती है। प्रशिक्षण से वापस आकर अमर सहानी ने बताया मेरे भरती के पीछे बाबा जंगी सहानी, पिता ज्वाहिर व माता सुमित्रा देवी का अहम योगदान रहा। जिससे इस मुकाम को हासिल कर पाया। शुरू से ही मेरी इच्छा रही की देश की सेवा किस तरह करें इसी बीच अग्निवीर का भर्ती होने लगा। उसी हिसाब से मै रात दिन मेहनत करता रहा। मै कल्पनाथ सिंह कन्या इण्टर कालेज लोटन बाजार मे कक्षा 12 तक शिक्षा ग्रहण किया। मेरे प्रधानाचार्य का भी हमारे पठाई मे बहुत योगदान रहा हमारे अध्यापक हमेशा आगे बढने की प्रेणा देते रहे। वर्ष 2022 मे इण्टर का परीक्षा पास करने के बाद मै अग्निवीर सेना मे भर्ती होने के लिए फार्म भरा। जहाँ मेरा चैन हो गया। मेरी ट्रेनिंग मार्च से लेकर अक्टूबर तक जबलपुर व गोवा मे हुवा। सात माह ट्रेनिंग पूरा होने के बाद अपने गांव आने के बाद लोगों के स्वागत् से मै भावुक हो गया। मै क्षेत्र के नवयुवकों को संदेश देना चाहता हूं कि मेहनत कर अपने माता पिता व क्षेत्र के लोगों का नाम रोशन कर सकते है।



## पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन ने भंग की कमेटी

**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शुक्रवार को पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर पाण्डेय ने पत्र जारी करते हुए कहा है कि सिद्धार्थनगर में प्रधान संगठन को गति प्रदान करने और संगठन हित में तत्काल प्रभाव से जिले व ब्लाक की कमेटी भंग कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द जिले और ब्लाक स्तरीय कमेटीयों को गठित कर संगठन में कर्मठ और सक्रिय सदस्यों को स्थान दिए जाने की बात कहीं। उपरोक्त पत्र की सूचना राष्ट्रीय अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, प्रदेश सचिव और प्रभारी बस्ती, प्रदेश मीडिया प्रभारी, समस्त जिला अध्यक्ष और प्रदेश कमेटी को सूचनार्थ प्रेषित किया गया है।

## एसपी ने कई थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में किया फेरबदल

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए कई थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। इस फेरबदल में कुछ को थाने का प्रभार सौंपा गया है, तो कुछ को किया लाइन हाजिर भी कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अनुसार उपनिरीक्षक दिनेश कुमार सरोज थानाध्यक्ष उसका बाजार को थानाध्यक्ष भवानीगंज, उपनिरीक्षक चंदन कुमार धनाध्यक्ष लोटन को त्रिलोकपुर थाने का थानाध्यक्ष बनाया गया है।

उपनिरीक्षक शशांक सिंह थानाध्यक्ष खेसरहा को ढेबरुआ थाने की व उपनिरीक्षक यशवंत सिंह थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर को लोटन थाने की कमान मिली है। उपनिरीक्षक शिव नारायण सिंह भवानीगंज धनाध्यक्ष को जोगिया थाने की कमान सौंपी गयी। निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह पेशी क्षेत्रधिकारी इटवा को खेसरहा थाने का प्रभारी बनाया गया। निरीक्षक तहसीलदार सिंह को प्रभारी निरीक्षक थाना त्रिलोकपुर और छत्रपाल सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना ढेबरुआ से हटाकर पुलिस लाइन भेज दिया है। निरीक्षक रामदरश यादव निरीक्षक अपराध थाना ढेबरुआ से हटाकर आईजीआरएस, निरीक्षक सन्तोष कुमार यादव को निरीक्षक अपराध थाना त्रिलोकपुर से हटाकर मॉनिटरिंग सेल, निरीक्षक विजय कुमार को अतिरिक्त निरीक्षक से हटाकर मीडिया सेल की जिम्मेदारी दी गयी है।

## दर्जनों व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

**बांसी सिद्धार्थनगर।** सर्राफा व्यापार मण्डल अध्यक्ष अजय वर्मा के नेतृत्व में दर्जनों व्यापारियों के साथ उपजिलाधिकारी बांसी को ज्ञापन सौंपा कर नगर के व्यापारियों की समस्याओं के समाधान करने की मांग किया गया। नगर पालिका में दशहरा दीपावली छठ पूजा पर्व के अवसर पर कोतवाली रोड से रोडवेज तक रोड पर ही दुकान लग जाने के कारण भीड़ बहुत ज्यादे हो जाती है जिसके वजह से पुलिस प्रशासन द्वारा बेरेकेटिंग लगा दिया जाता है, जिसकी वजह से पूरा मार्केट प्रभावित हो जाता है। कृष्णा मार्केट सर्राफा मार्केट, मंगलबाजार, लोहा मण्डी सहित पूरे नगर के व्यापारीयों के दुकान पर ग्राहक नहीं पहुंच पाते हैं। कोतवाली रोड पर लगने वाले दुकानों व होने वाले अतिक्रमण को लेकर ज्ञापन दिया गया। इस दौरान अजय वर्मा ने कहा कि पर्वो के दौरान अतिक्रमण होने की वजह से हफ्तों तक रोड पर आवागमन प्रभावित हो जाता है जिससे नगर के अंदर ग्राहको के न पहुंच पाने की वजह से तमाम व्यापारियों का व्यापार प्रभावित होता है।

# धूमधाम से निकली मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा

## हर व्यक्ति को देश की माटी का महत्व देश की माटी से जोड़ना मेरी माटी मेरा देश का उद्देश्यः बीडीओ

एजाज़ सिद्दीक़ी



- दिलायी शपथ, अमृत कलश प्राप्त करके किया संरक्षित

**इटवा सिद्धार्थनगर।** शुक्रवार को विकासखंड इटवा के प्रत्येक ग्राम पंचायत से मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा का आयोजन खंड विकास अधिकारी इटवा राजकुमार के निर्देशन वह सचिवगण व प्रधानों के देखरेख में बड़े ही धूमधाम से किया गया।

तीन से 11 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम के साथ मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत से अक्षत और माटी का कलश लेकर सैकड़ो ग्रामीण देशभक्ति गीत बजते हुए एक रैली निकालकर देश के वीर सपूतों और निर्माणकर्ताओं का स्मरण करते हुए कलश यात्रा विकास खंड इटवा पर पहुंची। विकासखंड पर खंड विकास अधिकारी राजकुमार अन्य कर्मचारियों अधिकारियों तथा विभिन्न जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में अमृत कलश प्राप्त करके संरक्षित किया गया। बीडीओ राजकुमार ने कहा कि यह अमृत कलश ब्लॉक से जनपद होते हुए दिल्ली भेज दिया जाएगा जहां विकसित होने वाले उद्यान के लिए इसका इस्तेमाल किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि गांव के सामान्य व्यक्ति को देश की माटी का महत्व बताते हुए देश की माटी से जोड़ना है भारत के वीर सपूतों को आजादी के मौके पर याद करना तथा उनकी स्मृति में अमृत सरोवरों के नजदीक ग्राम पंचायतों में शिलाफलकम स्थापित करना है। इस अभियान के तहत देशभर में अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया जा रहा है संपूर्ण देश के हर कोने से एकत्रित की गई मिट्टी को लेकर कलश देश की राजधानी पहुंचेगा। जिसे राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के पास मिट्टी और पौधों को मिलाकर अमृत वाटिका बनाई जाएगी। मिट्टी का नमन और वीरों वंदन इस यात्रा में सहायक विकास अधिकारी पंचायत संजय पटेल, संतराम आईएसबी, सचिवगण मनोज कुमार, अजय चौधरी, अशोक कुमार, मुख्तार अली, विजय पाल मौर्य, रितेश विश्वकर्मा, नियाज अहमद, रोशनी क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, प्रधान प्रतिनिधि राम दिनेश, रामकुमार यादव, आफताब, सागर मिश्रा वह आशिक सहित सैकड़ो लोग शामिल रहे।

# आजादी के अमृत कलश यात्रा का ब्लाक प्रमुख व ब्लाक कर्मचारियों द्वारा किया गया स्वागत

अवधनामा संवाददाता



**लोटन सिद्धार्थनगर।** आजादी का अमृत महोत्सव मेरी माटी-मेरा देश अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को विकास खण्ड लोटन अन्तर्गत कुल 54 ग्राम पंचायतों से 108 कलश डीजे गाजा बाजा के साथ विकास खण्ड परिसर मे लाया गया।

कलश एकत्रित करने के लिए ग्राम पंचायतों से सचिव की मौजूदगी मे ग्राम प्रधानों के साथ भव्य यात्रा निकाली गई। विकास खण्ड लोटन के 54 ग्राम पंचायतों को 5 सेक्टर में बांटकर कलश यात्रा निकाली गई। रुट नम्बर एक पर 11 ग्राम पंचायतो से रसियावल कला ठेठरी भरमी होते हुए कलश एडीओ एजी व ग्राम विकास अधिकारी विनोद कुमार चौधरी, रुट नम्बर दो मे 13 ग्राम पंचायतों का कलश पनेरा बस्तियां सिकरी का कलशयात्रा का एडीओ कापरेटिव युनूस अंसारी व दिलीप पटेल, ईश्वर देव, रुट नम्बर तीन में 7 ग्राम पंचायतों का रमवापुर केसारी पटखौली, एकडेगवा का कलश ग्राम विकास अधिकारी मनोज कुमार एवं शुशीला, रुट नम्बर चार मे 12ग्राम पंचायतों का कलश भेलौजी बुर्जुग दहला खखरा करुआवल कला बनियाडीह होते हुए गाजा बाजा के साथ आई एस बी प्रमोद कुमार व सचिव प्रियंका गोस्वामी वही रुट नम्बर पांच के 11 ग्राम पंचायतों का ग्राम पंचायत अधिकारी रवीन्द्र कुमार जाटव ने मानीटरिग की पांचों रुटो के सभी लोग अपनी अपनी कलश के साथ ब्लाक में एकात्रित हुए। ब्लाक प्रमुख आशीष सिंह व बीडीओ राम प्रवेश ने आये हुए कलश का स्वागत किया।

इस दौरान लेखाकार अभिषेक कुमार गुप्ता, उमेश राय, प्रधान संघ अध्यक्ष अरविन्द मणि त्रिपाठी, रिंकू पाण्डेय, मुसे सिंह, कमलेश चौरसिया, निरंजन चौरसिया, सुनील कुमार, फूल चन्द कन्नौजिया, पंकज वर्मा, निसार अहमद, निजामुद्दीन, गंगा राम यादव, अब्दुल हकीम, मनोज कुमार, सुनील सिंह, वसीर मोहम्मद, अरविन्द पाण्डेय, अब्दुल कय्यूम, चन्द्र बली यादव, बालजीत जयसवाल, इरशाद अहमद, हजारी दिनेश कुमार आदि ने स्वागत किया।

# ग्राम पंचायतों से भी जीएसटी कटौती सुनिश्चित करायें: डीएम

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** विभाग द्वारा ढाई लाख रूपये से अधिक का भुगतान एक वर्ष में करने पर जीएसटी जमा करना अनिवार्य है। शासन के इस निर्णय की जानकारी देते हुए जिलाधिकारी अंद्रा वामसी ने कहा कि माह की 10 तारीख तक जीएसटी ना जमा करने पर कार्यालयाध्यक्ष/आहरण, वितरण अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से जुर्माना अदा करना होंगा। कलेक्ट्रेट सभागार में आहरण-वितरण अधिकारियों की कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए उन्होने संतोष व्यक्त किया कि जिले में लगभग सभी विभागों ने जीएसटी में पंजीयन करा लिया है। इसमें 90 प्रतिशत से अधिक ग्रामपंचायतें भी शामिल है परन्तु उनके द्वारा नियमित जीएसटी नही जमा किया जा रहा है। उन्होने जिला विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों से भी जीएसटी कटौती सुनिश्चित करायें। उपायुक्त वाणिज्यकर उपेन्द्र यादव ने बताया कि जनपद में जीएसटी में सेवा क्षेत्र में 60 प्रतिशत से अधिक टीडीएस जमा हो रहा है, जिसमें सर्वाधिक योगदान अनुबंध पर कराये जा रहे कार्यो एवं परियोजनाओं का है। उन्होने बताया कि पूरे वित्तीय वर्ष में ढाई लाख रूपये से अधिक की धनराशि ठेकेदार/फर्म को भुगतान करने पर जीएसटी जमा करना अनिवार्य है। जीएसटी का निर्धारण अनुबंध की सम्पूर्ण धनराशि पर निर्भर करता है। यदि भुगतान कई बार में किया जाता है परन्तु धनराशि ढाई लाख रूपये से अधिक है तो जीएसटी की कटौती की जायेंगी। माह में किए गये भुगतान पर जीएसटी की धनराशि अगले माह की 10 तारीख तक पोर्टल के माध्यम से जमा किया जायेंगा। उन्होने बताया कि पंजीयन के लिए विभागीय टैन तथा आहरण-वितरण अधिकारी का पैन नम्बर अनिवार्य है। इसके साथ ही मोबाइल नम्बर तथा वैद्य ई-मेल भी होना चाहिए। कार्यशाला में चार्टेड एकाउंडेन्ट अजीत चौधरी ने जीएसटी जमा करने के तौर तरीको पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# लोकतंत्र के चतुर्थ स्तम्भ को पूरी स्वतंत्रता दी जायेः अमित वर्मा

अवधनामा संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** दिल्ली पुलिस द्वारा जिस तरह से न्यूजक्लिक के संपादक प्रवीर पुरकायस्थ,अभिसार शर्मा सहित कई पत्रकारों के घर और दफ्तर पर छापा मारकर गिरफ्तारियां की गयीं वह गुलामी के दौर और हिटलर के शासन को शर्मसार करने वाला है कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमित कुमार वर्मा ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपने के पूर्व कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए कही उन्होंने राष्ट्रपति से मांग की कि पत्रकारों पर दर्ज सभी मुकदमे तत्काल प्रभाव से वापस लिए जांय और लोकतंत्र के चतुर्थ स्तंभ की गरिमा और स्वतंत्रता कायम की जाये।

जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी डा विजय शंकर तिवारी ने बताया कि उप्र कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और उप्र कांग्रेस महासचिव प्रशासन दिनेश सिंह के आवाहन पर आज जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद अम्बेडकर नगर के कांग्रेसजनों ने महामहिम राष्टपति को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी सदानंद गुप्ता को सौंपकर दिल्ली पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई का विरोध करते हुए पत्रकारों पर दर्ज सभी मुकदमे तत्काल प्रभाव से वापस लिए की मांग की . जिला कांग्रेस कार्यालय से समस्त कांग्रेसजन दिल्ली पुलिस और भाजपा मुर्दाबाद, कांग्रेस जिंदाबाद के नारे लगाते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

महामहिम श्री राष्टपति महोदय को संबोधित ज्ञापन देने में प्रमुख रूप से अकबरपुर प्रभारी सुखीलाल वर्मा, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल वर्मा, ओबीसी जिलाध्यक्ष अजय कुमार गौड़, विकलांग प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजेश वर्मा, नगर अध्यक्ष राजेश प्रजापति, ब्लाक अध्यक्ष आदित्य नारायण तिवारी,रामरूप साहू युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष, राजकुमार,विनय कुमार वर्मा , अजय कुमार मौजूद रहे।

# नाथूराम बाबा मंदिर की ज़मीन हड़पने का किया जा रहा प्रयास



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** मामला जनपद अंबेडकर नगर मुख्यालय का अकबरपुर तहसील के अंतर्गत पुरानी तहसील के पास नाथू बाबा का एक स्थान जो की नाथू बाबा मंदिर के नाम से जाना जाता है। जिस पर विगत कई वर्षो से विवाद चल रहा है। इस विवाद में दोनों पक्षों द्वारा अपनी दावेदारी पेश की जा रही है। एक पक्ष द्वारा यह कहा जा रहा है की यह गौड़ समाज की सार्वजनिक संपत्ति है और दूसरे द्वारा हथियाने का प्रयास किया जा रहा है। जिस प्रकरण में मीडिया कर्मियों की पड़ताल में यह देखने को मिला की संपत्ति में एक पक्ष अगले पक्ष के द्वारा यह कहा जा रहा है कि इसका मालिकाना हक हमारे पास है जबकि अभिलेखो के अनुसार देखने पर यह उलट प्रतीत होता है। नाथू बाबा मंदिर के समिति के अध्यक्ष राम अचल गौड़ के अनुसार इसका मालिकाना हक तथा मुख्य मार्ग के किनारे स्थापित होने के कारण किराएदारी प्रणाली में भुगतान मंदिर के खाते में जाना चाहिए, परंतु वास्तविकता इससे इतर है। मंदिर नाथू बाबा मंदिर के अध्यक्ष राम अचल गौड़ के अनुसार मंदिर की संपत्ति को हड़पने की नीयत से किराएदारो द्वारा तथा कथित प्रबंधक के तौर पर साधु गौड़ द्वारा अन्य किराएदारों द्वारा अतिक्रमण कर तथा पूरी संपत्ति को हड़पने का प्रयास किया जा रहा हैं।

# नवनिर्मित हेल्थ एटीएम का एनटीपीसी के सहयोग से डीएम ने किया लोकार्पण

अवधनामा संवाददाता



**टांडा अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी टांडा द्वारा जिला न्यायालय, अम्बेडकरनगर मे नवनिर्मित हेल्थ ए.टी.एम एवं आर.ओ. युक्त वाटर कूलर का लोकार्पण। एनटीपीसी टांडा द्वारा नैगमिक सामाजिक दायित्व के तहत नवनिर्मित हेल्थ ए.टी.एम. एवं आर.ओ. युक्त वाटर कूलर का लोकार्पण मुख्य अतिथि श्री रामसुलीन सिंह, जनपद न्यायाधीश, अम्बेडकरनगर एवं श्री अविनाश सिंह (आईएएस), जिलाधिकारी अम्बेडकरनगर के कर कमलों द्वारा दिनांक 05.10.2023 दिन बृहस्पतिवार को जिला न्यायालय, अम्बेडकरनगर में किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री बी.सी.पलेइ, मुख्य महाप्रबंधक, एनटीपीसी टांडा ने हेल्थ ए.टी.एम. एवं आर.ओ. युक्त वाटर कूलर को सार्वजनिक उपयोग के लिए जिला प्रशासन को सौंप दिया। इस हेल्थ ए.टी.एम. एवं आर.ओ. युक्त वाटर कूलर से यहाँ आने जाने वालें लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी।इस अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय श्री रामसुलीन सिंह, जनपद न्यायाधीश, अम्बेडकर नगर, ने एनटीपीसी टांडा द्वारा हेल्थ ए.टी.एम. एवं आर.ओ. युक्त वाटर कूलर लगाए जाने की प्रशंसा की। साथ ही जिलाधिकारी महोदय ने नवनिर्मित हेल्थ ए.टी.एम. एवं आर.ओ. युक्त वाटर कूलर का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह हेल्थ ए.टी.एम. एवं वाटर कूलर यहाँ दूरदराज से आने जाने वाले लोगो के लिए काफी उपयोगी साबित होगा। उन्होंने एनटीपीसी टांडा द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यो की प्रशंसा करते हुए कहा की एनटीपीसी की उपस्थिति इस जिले के लिए वरदान है एवं एनटीपीसी की नैगमिक सामाजिक दायित्व एवं सामुदायिक विकास की गतिविधियाँ सराहनीय है हस्तांतरण के उपरांत परियोजना प्रमुख श्री पलेई ने कहा, 'एनटीपीसी अपने नैगमिक सामाजिक दायित्व एवं सामुदायिक विकास के तहत अपने आसपास के क्षेत्र के लोगों की सभी आवश्यक जरुरतों को पूरा करनें के लिए प्रतिबद्ध है। एनटीपीसी के लिए स्वास्थ्य, एक प्राथमिकता है, इसी कड़ी में ये हेल्थ ए.टी.एम. एवं आर.ओ. युक्त वाटर कूलर जिला न्यायालय को सौंपे जा रहे हैं।

## मेक फार ग्लोबल

मोदी जी प्रधानमंत्री की हैसियत से 2014 में लाल किले से राष्ट्र को सम्बोधित करते हुये कहा था मेक इन इन्डिया के लिये आगे बढ़ ऐसी वस्तुओं की सूची बनाये जो विदेश से मंगाई जाती है। मेक इन इन्डिया के जरिये आयात की जगह निर्यात की स्थिति में आ जायें। जीरो डिफेक्ट और जीरो इफेक्ट का फार्मूला भी दिया। इसी का नतीजा है कि कुछ सालों में भारत वोकल फार लोकल के पहल से मेक इन इन्डिया राष्ट्र का अभियान बन गया। मैन्युफैक्चरिंग की दिशा में भारत लगातार आगे बढ रहा है।

नौ सालो में मेक इन इन्डिया के तहत इसे बढ़ावा देने के लिये कई सुधार किये गये। जैसे वस्तु और सेवा कर की शुरूआत, कार्पोरेट करमें कमी, ईज फार डुइग बिजलेस में सुधार अनुपालन बोझ में कमी के उपाय, चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम गुणवत्ता नियन्त्रण आदेश सहित कई सुधार किये गये। सेमी कन्डक्टर से लेकर एयर क्राफ्ट तक हर क्षेत्र में आगे रहने की दिशा में स्केल और स्पीड के साथ बढ़ते भारत में सामान्य जरूरत के है। वस्तुएं ही नहीं रक्षा के साज सामान में भी मेक इन इन्डिया को बढ़ावा दिया जा रहा है। मिसाइल, युद्धक हेलीकाप्टर असाल्ट राइफल, ट्रान्सपोर्ट एयर क्राफ्ट सब मेंक इन इन्डिया के तहत बन रहे है। जो मोदी काल के भारत की विशेष उपलब्धि कही जायेगी। मेक इन इन्डिया के माध्यम से रक्षा क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिये रक्षा खरीद के कुल बजट में 75 प्रतिशत पैसा भारतीय कम्पनियों को भारत के लोगो द्वारा बनाये गये सामानों के आरक्षित कर दिया गया है। रक्षा क्षेत्र में 411 उपकरण और सामानो की सूची बनाई गई है। ये सामान मेंक इन इन्डिया के सामानों के लिये है।

भारत का मैन्युफैक्क्ररिंग सेक्टर जीडीपी का 15 प्रतिशत है। अब दुनियां भारत का मैन्युफैक्क्ररिंग पावर हाउस की शक्ल में देख रही है। मेक इन इन्डिया के सामने असीमित सम्भावनायें है। इसे के मद्देनजर प्रधानमंत्री ने पिछ्ले दिनों कहा था मजबूत निर्माण के लिये हमें पूरी ताकत से काम करना चाहिये। मेक इन इन्डिया को बढ़ावा देने के लिये दो चीजों पर ध्यान देना होगा। एक स्पोर्ट पर ध्यान देकर सोचना और दूसरा भारत की जरूरतों पूरा करने पर ध्यान देकर सोचना। भारत के सामान इतने गुणवत्ता वाले होने चाहिये की किसी को बाहर का मुंह न देखना पड़े। इन्हीं दो बिन्दुओं के परिप्रेक्ष में समीक्षा के बाद मेक इन इन्डिया 2.0 में विनिर्माण क्षेत्र के 15 और सेवा के 12 क्षेत्रों को इसमें रक्खा गया है। विश्व की रेटिंग एजिन्सियां आज भारत की प्रशंसा कर रही है। इन्टरनेशनल मानीटरफिन्ड भारतीय अर्थव्यवस्था अब वैश्विक आपूर्ति श्रृखला का हिस्सा है जो स्थिरता प्रदान कर रही है। मेक इन इन्डिया से आत्मनिर्भर भारत अभियान को ताकत मिल रही है। इसी को ध्यान में रखकर टैक्क्स लाभ के लिये मैन्युफैक्क्ररिग शुरू करने की अन्तिम तारीख बढ़ाकर 31 मार्च 2024 कर दी गयी है। अब दुनिया के बड़े सवारी जहाज भारत में बनेंगे उन पर मेड इन इन्डिया लिखा होगा। अक्टूबर 2022 में मोदी ने गुजरात के बड़ोदरा रवी-295 विमान निर्माण संयत्र का शिलान्यास किया था।

भारत ने 2023 में 15920 करोड़ रूपये का रक्षा निर्यात कर एक नया रिकार्ड बनाया। अपने रक्षा उपकरणों के साथ भारत आत्म निर्भरता की ओर बढ़ रहा है। इससे पता चलता है प्रधानमंत्री द्वारा किये गये प्रयासो के फ्लस्वरूप इस क्षेत्र में जो सुधार किये गये है नतीजे सामाने आ रहे है। देश में ही नहीं विदेशों में भी अन्तरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने के लिये साथ ही देश में घरेलू और विदेशी दोनो के निवेशों के संवर्धन के लिये केन्द्र और राज्य सरकारों के अलावा विदेश में भारतीय मिशन के माध्यम से निवेश के आउटरीच कार्यक्रम चलाये जा रहे है। अगले साथ आम चुनाव होने है कुछ राज्यों में इसी वर्ष चुनाव होने है। प्रधानमंत्री इसीलिये अपने भाषणों में अमृतकाल का खाका खीचते समय इन बातों को ध्यान में रखकर बोलते रहते है। प्रधानमंत्री बताते है इन प्रयासों का फ्ल है भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। विपक्ष आकड़ों के कैसे झुठलाये।

## सरकारी रेपिस्ट, लुटेरे दंडित!



के. विक्रम राव

दिया टकराये तूफान से न बुझे? तो चमत्कार कहलाएगा। विस्मयजनक! ठीक ऐसा ही हुआ (29 सितंबर 2023) गत सप्ताह। मद्रास हाईकोर्ट ने यही कर दिखाया। केवल 565 निर्धन अनुसूचित आदिवासी ग्रामीणजन तमिलनाडु के चार महाबली मुख्यमंत्रियों से 31 साल तक भिड़े। न्यायार्थ! अंततः विजयी हुए। इन जुल्मी मुख्यमंत्री में हैं, एमके स्टालिन, उनके पिता एम. करुणानिधि, स्व. जे. जयललिता, ओ. पन्नीरसेल्वम तथा ई. पलनिस्वामी। सभी हार गए। मगर इन सभी ने अपने अत्याचारी अफसरों का समर्थन किया, बेशर्मी से। न्याय पाया जनजाति वालों ने, 31 साल बाद। अनवरत संघर्ष के फलस्वरुप।

यह शौर्यगाथा है तमिलनाडु के पूर्वी घाट के खंड में स्थित मनोरम चितेरी पहाड़ियों के वनाच्छादित गांव वचथी की। जनपद धर्मपुरी के इस नन्हे से गांव का किस्सा शुरू होता है 20 जून 1992 की शाम को। गोधूलि पर। पुलिसवाले कुख्यात तस्कर मुनिस्वामी वीरप्पन की तलाशी में आए थे। यह आतंकी और डाकू चंदन के पेड़ काटकर बेचने के अलावा, राजनेताओं का अपहरण करना और फिरौती बटोरने में लिप्त रहा। पुलिस और राजस्व अधिकारियों ने वाचथी गांव पर छापा मारा। घरों में अंधाधुंध तोड़फोड़ की। वृद्धों, महिलाओं और बच्चों को बेरहमी से पीटा गया। उनके घरेलू सामान और कृषि उपकरण नष्ट कर डाले। करीब 18 महिलाओं को एक सुनसान जगह पर ले जाया गया। उनके साथ बलात्कार किया गया। 'द हिंदू' दैनिक ने फोटो भी छापी थी। यह आदिवासी गांव तालुक मुख्यालय हरूर से 17 किमी दूर स्थित है। गांव की कुल जनसंख्या 1992 में 655 थी, केवल 12 लोग अन्य जाति के थे। केंद्र के एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत बनाए गए 120 समूह आवास सहित लगभग 200 घर थे। गाँव में केवल 261.18 हेक्टेयर खेती योग्य क्षेत्र है। लगभग 190 लोगों के पास ज़मीन थी। बाकी 466 भूमिहीन मजदूर थे। पहाड़ियों की तलहटी में स्थित यह थोम्बक्कल रिजर्व फॉरेस्ट और पल्लीपट्टी रिजर्व फॉरेस्ट इसके निकट है। आदिवासी जंगलों से लघु वन उपज और जलाऊ लकड़ी भी एकत्र करते थे। गाँव में उपलब्ध भूमि पर वे मुख्य रूप से रागी, टैपिओका, चावल और अन्य अनाज की खेती करते थे। यहां कुल 250 परिवार रहते हैं। गाँव की जनसंख्या 1032 है, जिसमें 517 पुरुष हैं, जबकि 515 महिलाएँ हैं।

वचथी का आपराधिक मामला 20 जून 1992 का है। एक आधिकारिक दल जिसमें 155 वनकर्मी, 108 पुलिसकर्मी और छह राजस्व अधिकारी शामिल थे चंदन की तस्करी और वीरप्पन के बारे में पता करने के लिए वचथी गाँव में दाखिल हुए थे। खोज के बहाने इस दल ने ग्रामीणों की संपत्ति की तोड़फोड़ की, उनके घरों को नष्ट कर दिया, मवेशियों तक को मार डाला, ग्रामीणों पर हमला किया और 18 महिलाओं के साथ बलात्कार किया। राज्य विधानसभा में कई दफा मामला उठा, पर दबी आवाज से ही। फिर हाईकोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई ने इसकी जाँच की थी। मामला राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की जाँच पड़ताल से भी गुज़रा। प्रदेश की एक विशेष अदालत ने 29 सितंबर 2011 को दलितों पर अत्याचार की सभी 269 आरोपी अधिकारियों को सजा सुनाई और बलात्कार के लिए 17 आरोपियों को सज़ा सुनाई। आरोपियों में से 54 लोगों की उस समय तक मृत्यु हो गई थी; शेष 215 आरोपियों को जेल की सजा सुनाई गई थी। निचली अदालत ने इन लोगों को दोषी ठहराया था। इस आदेश के खिलाफ आरोपियों ने मद्रास हाईकोर्ट में अपील की थी। शुक्रवार (29 सितंबर) को हाईकोर्ट ने निचली अदालत के कोर्ट का फैसला बरकरार रखा। पुलिस और सरकारी अधिकारियों ने गांव के लोगों को चंदन तस्कर वीरप्पन का समर्थक बताते हुए तीन दिन तक उनके साथ बर्बरता की थी।


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**


**सबसे चौंकाने वाली ये रही कि इस राज्य कांग्रेस का जनाधार घटता चला गया। बिहार में भी कांग्रेस दुर्गति की शिकार है और लालू प्रसाद यादव और उनके बेटों के इशारों पर नाचने की मजबूरी झेल रही है। सही बात तो ये है कि जबसे राहुल के हाथ बागडोर आई है तबसे पार्टी वैचारिक भटकाव का शिकार होकर रह गई है। बिहार में हुई जातिगत जनगणना के नतीजों से बल्लियों उछल रहे राहुल गांधी को इस सवाल का उत्तर भी देना चाहिए कि केंद्र में 2004 से 2014 तक जो सरकार चली उसकी लगाम उनके परिवार के हाथ थी।**

# जाति जनगणना के मुद्दे पर फंसी कांग्रेस



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

बिहार में जातिगत जनगणना के नतीजों ने राष्ट्रीय राजनीति में उबाल ला दिया है। विपक्ष इस मुद्दे से भाजपा को पटकनी देना चाह रहा है।उसकी परेशानी ये है कि उच्च जातियों की पार्टी कहलाने वाली भाजपा पिछड़ों और दलितों की पसंद बनकर केंद्र में स्पष्ट बहुमत हासिल कर ले गई। सबसे बड़ा नुकसान कांग्रेस को हुआ जो उ.प्र और बिहार में हाशिए पर चली गई। मंडल वादियों की कर्मभूमि रहे इन राज्यों में भाजपा का उभार चौंकाने वाला था।

कांग्रेस की मुसीबत ये है कि आज उसके साथ न तो मुस्लिम पूरी तरह हैं और न ही ओबीसी तथा दलित। सवर्ण पहले ही खिसक चुके थे। उन्हें रिझाने के लिए राहुल गांधी ने खुद को जनेऊ धारी ब्राह्मण और शिव भक्त प्रचारित करवाते हुए मंदिरों-मठों में मत्था टेकना शुरू कर दिया। लेकिन ये दांव जब कारगर नहीं हुआ तब कुछ महीनों से वे पिछड़ी जातियों को लुभाने का प्रयास करने लगे। जिसकी जितनी संख्या, उसका उतना हिस्सा, वाला नारा लगाकर वे जिस सामाजिक न्याय का ढोल पीट रहे हैं वह बात तो डा.राममनोहर लोहिया ने आजादी के बाद ही कहना शुरू कर दिया था। जब जातिगत जनगणना का कोई जिक्र तक नहीं करता था तब लोहिया जी ने पिछड़ा पावै 100 में साठ का नारा लगाया था। मंडल आयोग तो उनके न रहने के बरसों बाद बना। सवाल ये है कि कांग्रेस को ओबीसी के हितों की चिंता पहले क्यों नहीं हुई और अनु. जातिध्जनजाति को आरक्षण देते समय संविधान सभा ने ओबीसी को क्यों उपेक्षित किया? 1979 में जब चौधरी चरणसिंह की केंद्र सरकार से कांग्रेस ने समर्थन वापस लिया था तब उसके सांसद स्व.कल्पनाथ राय की टिप्पणी थी, जातिवाद का काला नाग मारा गया। दरअसल चौधरी साहब ने अजगर नामक गठबंधन बनाकर उ. प्र में पहली गैर कांग्रेसी सरकार गठित की थी अजगर से अभिप्राय अहीर (यादव), जाट, गुर्जर और राजपूत था। इसमें ब्राह्मण और दलितों को दूर रखा गया। बाद में नए-नए समीकरण बनते बिगड़ते रहे। सवर्ण जातियों को जूते मारने का नारा बुलंद करने वाली बहुजन समाज पार्टी उनके समर्थन के लिए हाथी नहीं गणेश है, ब्रह्मा, विष्णु, महेश है का राग अलापने लगी।

2007 में इन्हीं के बल पर मायावती ने उ. प्र में पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनाई। इसी तरह 2012 में अखिलेश यादव को सत्ता में लाने में भी सवर्णों की भूमिका थी जो मायावती के दलित मोह से त्रस्त हो चुके थे। लेकिन वे भी यादव प्रेम में फंसकर सवर्णों के साथ अन्य पिछड़ी जातियों का समर्थन गंवा बैठे जिसका लाभ उठाकर भाजपा ने इस राज्य में अपने दम पर बहुमत हासिल कर लिया । और पिछड़े या अगड़े के बजाय योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री बनवाया जो हैं तो क्षत्रिय किंतु सन्यासी होने से उनकी जातिगत पहिचान मुद्दा नहीं बन पाती। 2022 में भाजपा की सोशल इन्जीनियरिंग को ध्वस्त करने



अखिलेश ने जाट नेता जयंत चौधरी से गठजोड़ किया लेकिन वह भी कारगर नहीं हो सका।

सबसे चौंकाने वाली ये रही कि इस राज्य कांग्रेस का जनाधार घटता चला गया। बिहार में भी कांग्रेस दुर्गति की शिकार है और लालू प्रसाद यादव और उनके बेटों के इशारों पर नाचने की मजबूरी झेल रही है। सही बात तो ये है कि जबसे राहुल के हाथ बागडोर आई है तबसे पार्टी वैचारिक भटकाव का शिकार होकर रह गई है। बिहार में हुई जातिगत जनगणना के नतीजों से बल्लियों उछल रहे राहुल गांधी को इस सवाल का उत्तर भी देना चाहिए कि केंद्र में 2004 से 2014 तक जो सरकार चली उसकी लगाम उनके परिवार के हाथ थी। खुद राहुल इतने ताकतवर थे कि केंद्र सरकार द्वारा जारी अध्यादेश को पत्रकार वार्ता में फाड़कर फेंकने जैसा दुस्साहस कर बैठे। यदि जातियों के आधार पर हिस्सेदारी की फिक्र होती तो वे मनमोहन सरकार से कहकर नीतिगत फैसला करवा लेते।

भारत में 1931 के बाद जातिगत जनगणना नहीं हुई थी। हालांकि इसके बाद अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति का डेटा दिया गया, लेकिन ओबीसी और अन्य जातियों के आंकड़े सामने नहीं आए। कांग्रेस नीत यूपीए सरकार ने 2011 की जनगणना में जातिगत जनगणना को शामिल किया। बताया गया कि कांग्रेस इसके पक्ष में नहीं थी, लेकिन मुलायम सिंह यादव और लालू यादव के दबाव में आकर इसे भी जनगणना में शामिल किया गया। हालांकि बाद में इसे जारी नहीं किया गया। इसके पीछे तर्क दिया गया कि इसमें काफी सारी खामियां थीं। जिसके चलते इसे जारी नहीं किया जा सका. 2014 के बाद मोदी सरकार केंद्र में आई। इस मुद्दे को लेकर एक आयोग बनाने की बात जरूर हुई थी, लेकिन इस आयोग के सदस्य ही पूरे नहीं हो पाए. जिसके बाद फिर से मामला ठंडे बस्ते में चला गया।

2011 की जनगणना तो यूपीए के राज में ही हुई थी। और जिस तरह बिहार सरकार ने जातिगत जनगणना के लिए प्रतिबद्धता दिखाई वैसी कांग्रेस शासित पंजाब, राजस्थान और छत्तीसगढ़ भी दिखाते तब ये कहा जा सकता था कि पार्टी जातियों की संख्या के आधार पर सामाजिक और राजनीतिक बंटवारा करने की हिमायती है। अचानक श्री गांधी जिस प्रकार जातिगत जनगणना के पक्षधर बनकर सामने आए उसके बारे में उनकी पार्टी के भीतर भी मतैक्य नहीं है। एक नेता द्वारा सोशल मीडिया पर की गई विपरीत टिप्पणी हालांकि जल्द ही वापस ले ली गई लेकिन उससे काफी कुछ संकेत तो मिल ही गए। सबसे महत्वपूर्ण ये है कि कांग्रेस कब तक दूसरों के मुद्दों पर राजनीति करेगी जबकि लंबे समय से वह इस प्रवृत्ति का खामियाजा भुगत रही है। उसने तात्कालिक लाभ हेतु जितने भी नीतिगत फैसले किए उस सबकी महंगी कीमत चुकाने के बावजूद उसे अक्ल नहीं आ रही तो फिर ये मानकर चलना गलत न होगा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी दिशाहीनता का शिकार होकर निर्णय क्षमता खो बैठी है। पीएम मोदी खुद ओबीसी समाज से हैं और बीते कुछ चुनावों में ओबीसी वोटर का रुझान बीजेपी की तरफ है। कांग्रेस का इतिहास पिछड़ी जातियों के अधिकारों को लेकर उतना संवेदनशील नहीं रहा है जितना अल्पसंख्यक और दलित तबके के लिए रहा है। अगर राहुल पिछड़ों को लेकर अपनी हमदर्दी दिखा रहे हैं, जिसकी जितनी आबादी-उसकी उतनी हिस्सेदारी की बात कर रहे हैं तो कर्नाटक-छत्तीसगढ़ में जाति सर्वे की रिपोर्ट को क्यों नहीं सामने आने दे रहे हैं? भारतीय जनता पार्टी को मुद्दा बनाने का मौका क्यों दे रहे है? असल में कांग्रेस जाति जनगणना की मांग के जरिए ओबीसी वोट में सेंध लगाने की कोशिश कर रही है। निशाने पर लोकसभा चुनाव है लेकिन फिलहाल साल के अंत में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और तेलंगाना विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस इस मुद्दे को तौल लेना चाहती है। ऐसे में देखना होगा कि विपक्ष का सोशल इंजीनियरिंग का दांव मोदी को हैट्रिक लगाने से रोक पाएगा या नहीं! राहुल सहित पूरी पार्टी को ये समझ लेना चाहिए कि नीतीश, लालू और अखिलेश जैसे नेता कांग्रेस को दोबारा उठने नहीं देंगे क्योंकि उससे उनकी राजनीति को ग्रहण लग जाएगा। कांग्रेस को चाहिए वह राष्ट्रीय पार्टी की तरह आचरण करे क्योंकि क्षेत्रीय मुद्दों में उलझकर उसका ऊंचा कद बौनेपन में तब्दील हो चुका है।

# आन्तरिक सौन्दर्य की तलाश ही है जीवन की सार्थकता



ललित गर्ग

**दुनिया में सौन्दर्य के प्रति बढ़ता आकर्षण एक बड़ी समस्या बनता जा रहा है। अधिकांश युवा पुरुष एक सुंदर पत्नी की चाहत रखते हैं, जो उनके लिए बहुत अपरिपक्व होती है और अधिकतर ऐसा होता है कि यह 'खूबसूरत' पत्नी एक 'समस्याग्रस्त' पत्नी बन जाती है। एक महिला का आकर्षण बहुत लंबे समय तक नहीं रहता है और प्रारंभिक आकर्षण हवा में उड़ जाता है।**

संयुक्त राज्य अमेरिका में 7 अक्टूबर को राष्ट्रीय आंतरिक सौंदर्य दिवस के रूप में मनाया जाता है । इस दिन का उद्देश्य आन्तरिक सौन्दर्य यानी मानवीय गुणों को बल देते हुए मानव तस्करी के पीड़ितों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें सहायता प्रदान करना है। यह दिवस हमें अपनी आंतरिक सुंदरता और हमारे मूल मूल्यों को अपनाने की याद दिलाता है जो हमें सुंदर बनाते हैं। आन्तरिक सुन्दरता से व्यक्ति में विनम्रता, सदाशयता, करुणा, दया, क्षमा, सत्यम, शिवम् एवं सुंदरम् का भाव आता है। भारतीय संस्कृति एवं साहित्य के अनुसार, आंतरिक सुंदरता हमें संपूर्ण बनाती है और यही हमारे सकारात्मक व्यक्तित्व और बाहरी सुंदरता की नींव है। मूलतः भारतीय अंतःकरण सौंदर्य के दर्शन पर केंद्रित है। हमारे ऋषियों ने भी आंतरिक सुंदरता को खोजने के लिए योग, प्राणायाम और ध्यान आदि का प्रयोग किया। वास्तविक सौन्दर्य से ही हम वर्तमान जीवन शैली को सहज व अनुकूल बना सकते हैं। भारतीय सौंदर्यबोध की श्रेष्ठता तुलसीदास के साहित्य बोध, तानसेन के संगीत बोध और ताजमहल जैसी कृतियों के उत्कृष्ट स्थापत्य बोध द्वारा आंकी जा सकती है। भारतीय दर्शन शास्त्र में महात्मा बुद्ध, सम्राट अशोक, मुगल शासक जहांगीर, शाहजहां, कवि रविन्द्रनाथ टैगोर, स्वामी विवेकानंद आदि सौंदर्यबोध के प्रखर ज्ञाता व विवेचक माने जाते हैं।

सौन्दर्य हमारा स्वभाव है, विभाव नहीं। सौन्दर्य जब भी निखरता है हमारा आभामंडल पवित्र बनता है। आभामंडल की शुद्धता और दीप्ति शरीर और मन का सौन्दर्य है। इसलिए पवित्र आभामंडल चेतना के ऊर्ध्वारोहण का संवाहक है। जैन आगम की भाषा में वह व्यक्ति सुन्दर है जो व्यवहार से विनम्र है, जिसकी इन्द्रियां नियंत्रित हैं, जो प्रशांत हैं, जो सहिष्णु हैं, जो मितभाषी हैं। हमारा बदलाव या परिवर्तन कुछ इसी तरह के सौन्दर्य के लिए हों, यह अधिक उपयोगी एवं प्रासंगिक लगता है। ऐसे आन्तरिक सौन्दर्य की आज ज्यादा जरूरत विश्व में बढ़ती हिंसा, आतंक एवं अपराध की स्थितियों को देखते हुए महसूस की जा रही है। सर्वव्यापी प्राकृतिक सौंदर्य, वृक्ष, झरने, पर्वत, बादल, मौसम, पशु-पक्षी, हरियाली, नदियां, समुद्र, धरती, आकाश, चांद सितारे व सूरज इत्यादि प्रकृति का सौंदर्य है, जिसको संरक्षित एवं सुरक्षित करके ही विनाश की कगार पर खड़ी प्रकृति एवं पर्यावरण को बचा सकते हैं। मनु ने भी कहा- शरीर जल से, मन सत्य से, बुद्धि ज्ञान से और आत्मा धर्म से पवित्र होती है।

दुनिया में सौन्दर्य के प्रति बढ़ता आकर्षण एक बड़ी समस्या बनता जा रहा है। अधिकांश युवा पुरुष एक सुंदर पत्नी की चाहत रखते हैं, जो उनके लिए बहुत अपरिपक्व होती है और अधिकतर ऐसा होता है कि यह 'खूबसूरत' पत्नी एक 'समस्याग्रस्त' पत्नी बन जाती है। एक महिला का आकर्षण बहुत लंबे समय तक नहीं रहता है



और प्रारंभिक आकर्षण हवा में उड़ जाता है। विवाह के मामलों में बाहरी सौन्दर्य की लालसा परिवारों के बिखराव का बड़ा कारण बनी है, इसलिये आज व्यक्ति की आंतरिक सुंदरता को अधिक महत्व देना जरूरी है। आंतरिक सुंदरता वाली महिला सबसे अच्छी जीवनसाथी साबित हो सकती है। फ्रैंकफर्ट यूनिवर्सिटी के मनोवैज्ञानिक, डॉ. जॉन ओकर्ट ने इस सन्दर्भ में कहा है कि 'खूबसूरत महिलाओं को लगता है कि सुंदरता ही उनकी एकमात्र संपत्ति है और वे बढ़ती उम्र को सहन नहीं कर सकती हैं। हॉलीवुड की सबसे खूबसूरत महिलाओं में से एक मर्लिन मुनरो के बारे में कहा जाता है कि जब उन्होंने दर्पण में झुर्रियों के पहले निशान देखे तो वह फूट-फूट कर रोने लगीं। जबकि सुकरात जब भी आईने में अपना भद्दा चेहरा देखता, शिष्य हंस पड़ते। एक दिन सुकरात ने बोधपाठ दिया- मैं इतना भद्दा, कुरूप हूं फिर भी आईना इसलिए बार-बार देखता हूं कि ऐसा कोई गलत काम मुझसे न हो जाए कि जिससे यह चेहरा ज्यादा बदसूरत बन जाए। राजा जनक ने अपनी राज परिषद में बोध दिया- मैं अपनी सभा में आते वक्त लोगों के वस्त्र देखकर सम्मान देता हूं पर जाते वक्त अष्टावक्र जैसे ज्ञानी पुरुषों के चरित्र को देखकर सम्मान देता हूं। सम्मान, प्रतिष्ठा, यश, पूज्यता, श्रद्धा पाने का हक चरित्र को मिलता है, चेहरे को नहीं। मनु ने भी कहा- शरीर जल से, मन सत्य से, बुद्धि ज्ञान से और आत्मा धर्म से पवित्र होती है। महात्मा गांधी के शब्दों में व्यवहार का सौंदर्य है- बुरा मत देखो, बुरा मत बोलो, बुरा मत सुनो। हम संकल्प के साथ पवित्रता की साधना शुरू करें कि मन, भाषा, कर्म के सौन्दर्य को निखारने में हम निष्ठाशील बनेंगे, जागरूक बनेंगे और पुरुषार्थी बनेंगे। न केवल हमारी सूरत बल्कि सीरत भी उज्ज्वल होगी, पवित्र होगी और अधिक मानवीय होगी। ऐसा होने पर ही हमारा चाहे मुखमंडल बदले या हम स्वयं बदले, वह सार्थक होगा।

सौंदर्य एक आध्यात्मिक प्रेरणा हुआ करता था, यह कला, साहित्य, स्थापत्य का आधार माना जाता रहा है, लेकिन आज सौन्दर्य भी व्यवसाय हो गया है, यही कारण दुनियाभर में तरह-तरह की सौन्दर्य प्रतियोगिताओं का बाजार चरम पर है। इन सौंदर्य प्रतियोगिताओं ने इस विचार को मजबूती दी हैं कि लड़कियों और महिलाओं को मुख्य रूप से उनकी शारीरिक उपस्थिति के लिए महत्व दिया जाना चाहिए और इससे महिलाओं पर फैशन, सौंदर्य प्रसाधन, हेयर स्टाइलिंग पर समय और पैसा खर्च करके पारंपरिक सौंदर्य मानकों के अनुरूप होने का जबरदस्त दबाव पड़ता है। अब तो सौन्दर्य में अव्वल आने के लिये कॉस्मेटिक सर्जरी भी होने लगी है। शारीरिक सुंदरता की चाहत में कुछ महिलाएं इस हद तक डाइटिंग कर खुद को नुकसान पहुंचा रही हैं। इस तरह ओढ़े हुए सौन्दर्य में बनावटीपन है, प्रदर्शन है, अनुकरण है। यह फैशनपरस्ती, दिखावा और विलासिता है। इस तरह सौन्दर्य-सामग्री एवं फैशन की अंधी दौड में नारी अपने आचार-विचार एवं संस्कृति को भी ताक पर रख दिया है। पर अनेक गुणों की स्वामिनी नारी में तो वास्तविक सुंदरता जीवंत होती है। जिसमें नैसर्गिक प्रभावकता है, दिल बांध लेने वाली सम्मोहकता और सर्वांगीण मानवीय श्रेष्ठता है। एक संवाद है भीतर कुछ अच्छा होने का। ऐसा सौंदर्य अमिट होता है। जिसे मौसम एवं माहौल छूता नहीं, नजर नहीं लगाता, उम्र का पड़ाव बदलाव नहीं देता। व्यक्ति असमय न बूढ़ा होता है और न बीमार। बहुत से ऐसे लोग हैं जो बाहर से सुंदर दीखते हैं मगर भीतर से बहत कुरूप, भद्दे होते हैं जबकि ऐसे भी लोग हैं जो बाहर से सुंदर नहीं होते मगर भीतर की सुंदरता भावों की पवित्रता के साथ इतनी आकर्षक होती है कि उसकी आकृति ही नहीं, मुद्राएं, विचार, व्यवहार, भाषा और शैली सभी कुछ चुंबकीय बन जाते हैं। फिर क्यों कृत्रिम सौन्दर्य को निखारने की होड़ लगी है, क्यों निरीह एवं बेजुबान पशु-पक्षियों की निर्मम हत्या से बने सौन्दर्य-प्रशासनों का उपयोग करते हुए मन बेचैन नहीं बनता? हमारे भीतर अपनी इज्जत, मान-प्रतिष्ठा की सुरक्षा में यदि विवेक, साहस, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प का सुरक्षा कवच है तो फिर शरीर ढांकने के लिए कीमती वस्त्रों का न होना गरीबी नहीं कहला सकती।

# महिला आरक्षण : किस करवट बैठेगा ऊंट



निर्मल रानी

**देश की संसद के कर्णधार नेताओं को याद करते हुये पुराने संसद भवन को अलविदा कहा गया और नये संसद भवन में सत्र चलाने की शुरुआत भी की गयी। और इसके साथ ही लंबे समय से लंबित महिला आरक्षण पर भी विधेयक ला कर इसे पारित कराया गया। इसे लोकसभा व राज्यसभा में अभूतपूर्व समर्थन मिला। गोया पक्ष विपक्ष के सर्वसम्मति से इस विधेयक ने अधिनियम का रूप ले लिया।**

केंद्र सरकार ने गत 18 से 22 सितंबर के बीच पांच दिनों के लिए 17वीं लोकसभा का 13वां सत्र और राज्यसभा का 261वां सत्र विशेष बुलाया था। इन्हें विशेष सत्र के रूप में बुलाया गया था। किसी भी दल अथवा नेता को संसद के इस विशेष सत्र के एजेंडे की आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं थी। हाँ तरह तरह के क़यास ज़रूर लगाए जा रहे थे। चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग,जी-20 के आयोजन और भारत के लक्ष्यों पर इस सत्र के दौरान व्यापक चर्चाओं की संभावना थी। यह भी उम्मीद थी कि शायद सरकार देश का नाम इंडिया के बजाय केवल भारत रखने सम्बन्धी फ़ैसला ले सकती है। यह भी क़यास थे कि शायद यूनिफ़ॉर्म सिविल कोड पर कोई फ़ैसला हो, एक देश एक चुनाव पर कोई निर्णय हो या फिर पुराने संसद भवन को अलविदा कहने और नवनिर्मित संसद भवन में प्रवेश करने की औपचारिकता पूरी की जाये। इन सभी क़यासों में एक यह भी था कि विभिन्न राज्यों की चुनाव पूर्व की बेला में महिला आरक्षण विधेयक भी पारित करा दिया जाये। हालांकि इस सत्र के लिये 18 से 22 सितंबर के बीच की तिथि चुने जाने पर शिव सेना सहित कई दलों ने हैरानी जताई थी। क्योंकि इन्हीं दिनों में देश के बड़े हिस्से में गणेश चतुर्थी जैसा महत्वपूर्ण त्यौहार आयोजित किया जा रहा था। और अनेक राजनेता इस त्यौहार में व्यस्त रहा करते हैं। शिव सेना (उद्धव) ने तो इसके लिए चुनी गई तारीख़ों पर आश्चर्य जताते हुये यहां तक कह दिया था कि- गणेश चतुर्थी के त्योहार के समय ये विशेष सत्र बुलाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है और हिंदू भावनाओं के विरुद्ध है।

परन्तु संसद का यह विशेष सत्र सत्र बुलाया तो ज़रूर गया परन्तु 22 सितंबर तक चलने वाला विशेष सत्र 21 सितंबर को ही समाप्त कर दिया गया। यानी अपनी निर्धारित समय सीमा से एक दिन पहले ही सत्रावसान कर दिया गया। इस बीच सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक देश एक चुनाव की संभावना तलाशने के लिए एक समिति गठित की। देश की संसद के कर्णधार नेताओं को याद करते हुये पुराने संसद भवन को अलविदा कहा गया और नये संसद भवन में सत्र चलाने की शुरुआत भी की गयी। और इसके साथ ही लंबे समय से लंबित महिला आरक्षण पर भी विधेयक ला कर इसे पारित कराया गया। इसे लोकसभा व राज्यसभा में अभूतपूर्व समर्थन मिला। गोया पक्ष विपक्ष के सर्वसम्मति से इस विधेयक ने अधिनियम का रूप ले लिया। और सरकार ने इस विधेयक का लोकलुभावन नाम नारी शक्ति वंदन अधिनियम रखा। अब इस अधिनियम को राज्य विधानसभाओं की मंज़ूरी की आवश्यकता होगी। तथा इसे नई जनगणना के आधार पर तथा लोकसभा व विधानसभा की सीटों के परिसीमन के बाद लागू किया जाने का प्रावधान है। सरकार के मुताबिक़ महिला आरक्षण विधेयक साल





आगामी लोकसभा चुनाव तक लागू होने की संभावना नहीं है। इस अधिनियम के लागू होते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाजपा मुख्यालय में पार्टी महिलाओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उसी समय यह तस्वीर साफ़ हो गयी थी कि आगामी चुनावों में महिला आरक्षण का यह मुद्दा मुख्य मुद्दा बनने जा रहा है। संसद में भी इस मुद्दे पर बोलते हुये विपक्ष ख़ासकर कांग्रेस ने इसे तत्काल लागू करने की मांग की थी। उससे भी यह ज़ाहिर हो गया था कि कांग्रेस भी महिला आरक्षण के मुद्दे का श्रेय लेने में पीछे रहने वाली नहीं है।

ग़ौरतलब है कि इसी वर्ष नवंबर-दिसंबर के मध्य मिज़ोरम, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और राजस्थान में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। इसके बाद अगले वर्ष मई-जून में लोकसभा चुनावों के साथ ही आंध्र प्रदेश, उड़ीसा, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव भी होने हैं। इसलिये महिला आरक्षण के मुद्दे के बहाने आधी आबादी के वोट बैंक पर झपटने की तैयारी में भाजपा व कांग्रेस यानी पक्ष विपक्ष दोनों ही पूरी तरह से कमर कस चुके हैं। कांग्रेस इसे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी के सपनों का विधेयक बता रही है। कांग्रेस इसे तत्काल लागू न करने के लिये मोदी सरकार की मंशा पर सवाल उठा रही है। सरकार द्वारा जनगणना व परिसीमन के बाद महिला आरक्षण लागू किया जाने की शर्त को सरकार की बहानेबाज़ी बताते हुये सरकार की नीयत पर ही सवाल उठा रही है। गत 25 सितम्बर को कांग्रेस पार्टी की 21 प्रमुख महिला नेत्रियां द्वारा उत्तर प्रदेश के 21 शहरों में व देश की अधिकांश राजधानियों में महिला आरक्षण तत्काल लागू न करने के लिये सरकार को घेरने तथा इस इस विधेयक को कांग्रेस की देन बताने के लिये बाक़ायदा प्रेस वार्ता आयोजित की गयी। और यह संकेत दे दिया गया कि भविष्य में होने वाले सभी विधानसभा चुनावों से लेकर लोकसभा चुनावों तक कांग्रेस इस विधेयक का श्रेय लेने और इसे फ़ौरन लागू न करने के लिये भाजपा को ज़िम्मेदार ठहराने में कोई कसर छोड़ने वाली नहीं है। ख़ास तौर पर विपक्षी गठबंधन इंडिया के गठन के बाद तो कांग्रेस के हौसले और भी बुलंद हैं और पूरा विपक्ष भी यही कोशिश करेगा कि इस मुद्दे का श्रेय भाजपा किसी भी सूरत में न लेने पाये।

दूसरी तरफ़ भाजपा की ओर से स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला आरक्षण अधिनियम का श्रेय लेने और साथ ही इसमें तीन दशक का समय लगने के लिये कांग्रेस को ही ज़िम्मेदार बताने का आक्रामक अभियान छेड़ दिया है। पिछले दिनों चुनावी राज्य मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में प्रधानमंत्री ने जन संघ के सह संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर पार्टी कार्यकर्ता के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कुछ इस अंदाज़ में अपनी बात कही - उन्होंने कहा कि- आज बड़ी संख्या में मेरी बहनें और बेटियां आई हैं । आपको जो मोदी ने गारंटी दी थी, वह भी पूरी हो गई थी। कुछ दिन पहले लोकसभा और राज्यसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीट आरक्षित करने का क़ानून पारित हो गया। लंबे समय से देश इसका इंतज़ार कर रहा था। मोदी है, तो हर गारंटी पूरी होने की गारंटी है। मैं एमपी समेत पूरे देश की बहनों को सावधान करना चाहता हूं। कांग्रेस और उसके नए-नए घमंडियां गठबंधन ने मजबूरी में खट्टे मन से समर्थन किया है। बे मन से किया है। यह खट्टापन उनके बयानों में दिखाई देता है। यह उनके गठबंधन में जितने लोग हैं, यह वही लोग हैं, जिन्होंने 30 साल तक क़ानून पास नहीं होने दिया। संसद में हंगामा किया, और बिल फाड़ दिए। अब मजबूरी में बिल का समर्थन किया है। अब जब समझ गए कि, इनकी चाल चरित्र सबके सामने आ गया है, तो कहने लगे कि, यह क्यों नहीं किया, वह क्यों नहीं किया। महिला आरक्षण को लेकर भाजपा व कांग्रेस दोनों की एक दूसरे के प्रति दिखाई जा रही इसतरह की आक्रामकता जहाँ आगामी चुनावों में यह साबित करेगी कि यह मुद्दा आधी आबादी को कितना प्रभावित करेगा वहीं इसके प्रति इसी आधी आबादी का रुख़ यह भी तय करेगा कि महिला आरक्षण का ऊंट किस करवट बैठेगा।

# प्रयाग के द्वादश माधव मंदिरों का होगा कायाकल्प

## योगी सरकार ने द्वादश माधव मंदिरों के कायाकल्प का पूरा रोड मैप किया तैयार

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश धार्मिक पर्यटन की असीम संभावनाओं वाला राज्य है। काशी, मथुरा, अयोध्या, नैमिषारण्य, चित्रकूट, गोरखपुर, विंध्याचल और प्रयागराज दुनियाभर में फैले सनातनियों की आस्था के केंद्रबिंदु हैं। हाल के वर्षों में प्रदेश में धार्मिक पर्यटन एक बड़े सेक्टर के रूप में उभरा है। इससे प्रदेश की आय तो बढ़ ही रही है, साथ ही बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन भी हो रहा है। योगी सरकार राज्य के प्रमुख तीर्थस्थलों में मूलभूत सुविधाओं के विकास और विस्तार के कार्य में जुटी हुई है। इसी कड़ी में अब प्रयागराज के द्वादश माधव मंदिरों का भी कायाकल्प होने जा रहा है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यूपी पर्यटन विभाग प्रयागराज के सभी माधव मंदिरों के विकास को लेकर पूरा रोड मैप तैयार कर चुका है। हाल ही में पर्यटन विभाग की ओर से इससे संबंधित प्रेजेंटेशन मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत किया गया, जिसके बाद सीएम योगी ने आगामी महाकुंभ से पहले द्वादश माधव मंदिरों के कायाकल्प के लिए विभाग को निर्देशित किया है। मुख्यमंत्री की मंशा है कि महाकुंभ-2025 से पहले देश-दुनिया के संतों और भक्तों को तीर्थाटन के रूप में द्वादश माधव सर्किट की सौगात मिले। इस 125 किमी लंबी आध्यात्मिक सर्किट में तीर्थ परिक्रमा के साथ ही पर्यटन की मूलभूत सुविधाओं का भी विकास किया जाएगा।

**महर्षि भारद्वाज करते थे सभी माधवों की परिक्रमा :** बता दें कि भगवान माधव प्रयागराज के प्रधान देवता के रूप में पूजे जाते हैं। इनके द्वादश (बारह) स्वरूप प्रयाग में प्रतिष्ठित हैं। पौराणिक मान्यता है कि प्रयागराज में संगम की रक्षा के लिए श्रीकृष्ण ने द्वादश स्वरूप धारण किए थे। मत्स्य पुराण में लिखा है कि द्वादश माधव परिक्रमा करने वाले को सारे तीर्थों व देवी-देवताओं के दर्शन का पुण्य प्राप्त होता है।



### इन सुविधाओं का किया जाएगा विकास

मुख्यमंत्री के निर्देश पर मंदिरों में भव्य मुख्य द्वार निर्मित किये जाएंगे। इसके साथ ही चाहरदीवारी निर्माण, सार्वजनिक शौचालय, पेयजल की व्यवस्था, शू रैक, इंटरलॉकिंग और लैंडस्केप, पाथवे, सड़क और फुटपाथ, बेंच, भित्त चित्र, कूड़ादान, यात्री शेड, प्रकाश व्यवस्था लैंप आदि और पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। पहले चरण में नौ माधव मंदिरों का कायाकल्प किया जाएगा। इसमें झूसी स्थित संकष्टहर माधव और शंख माधव, द्रौपदी घाट स्थित बिंदु माधव, चौफटका स्थित अनंत माधव, चौक स्थित मनोहर माधव, बीकर गांव स्थित पद्म माधव, छिंवकी स्थित गदा माधव और अरैल स्थित आदिवेणी माधव तथा चक्र माधव मंदिरों को भव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है।

# मुख्य सचिव ने दिए सख्त निर्देश, भूमि संबंधी वादों का तेजी से हो निस्तारण

**लखनऊ।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने सभी मंडलायुक्तों, डीएम व वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को भूमि संबंधी वादों के निस्तारण में तेजी लाने के कड़े निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि पैमाइश, वरासत, नामांतरण, उत्तराधिकार, कुर्रा-बटवारा के लंबित प्रकरणों को निस्तारित करने के लिये 60 दिनों का विशेष अभियान चलाकर इनकी संख्या को शून्य किया जाये। मुख्य सचिव वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त मंडलायुक्तों, डीएम एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि डीएम और पुलिस कप्तान शिकायतों का निस्तारण करायें। डीएम इसकी रोजाना समीक्षा करें। आईजीआरएस प्रकरणों, राजस्व वादों, संपूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। जनता का पुलिस व प्रशासन पर

### डीएम रोज करें समीक्षा



विश्वास कायम होना चाहिये। गोकशी व लव जिहाद की घटनाएं रोकने के लिए विशेष सतर्कता बरती जाये। अपराध नियंत्रण के लिए क्राइम मैपिंग करें। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी प्रतिदिन शाम को फुट पेट्रोलिंग करें।

शारदीय नवरात्रि के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक प्रबंध हो। शहरों में जाम की स्थिति उत्पन्न न हो, इसकी प्लानिंग करें। डीजीपी विजय कुमार ने कहा कि धार्मिक आयोजनों एवं त्योहारों को सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराया जाये। हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार, धर्मांतरण आदि अपराधों में आरोप पत्र दाखिल करने के कार्य में तेजी लाई जाये। जिन जिलों में बीते वर्ष की तुलना में अपराध में वृद्धि हुई, वहां विशेष सतर्कता बरती जाए। बैठक में अपर मुख्य सचिव राजस्व सुधीर गर्ग, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, स्पेशल डीजी कानून एवं व्यवस्था प्रशांत कुमार, राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार, आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद मनीषा त्रिघाटिया, विशेष सचिव मुख्यमंत्री प्रथमेश कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी आदि उपस्थित थे।

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने कहा कि समस्त 17 नगर निगम एवं गौतमबुद्धनगर को जल्द सेफ सिटी घोषित करने के लिए काम पूरा करने की तिथि निर्धारित की जाये। तत्पश्चात, ये शहर सीसीटीवी के निगरानी में रहेंगे।

# बीएचयू में भारी हंगामा : धरने पर बैठे छात्रों ने घेरा कुलपति ऑफिस



**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में शोध में दाखिले के लिए बनी प्रवेश नियमावली पर सवाल उठाकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे छात्रों ने शुक्रवार दोपहर भारी हंगामा किया। बीते 12 दिनों से परीक्षा नियंत्रक कार्यालय पर धरने पर बैठे छात्रों ने सेंट्रल ऑफिस पहुंचकर कुलपति का घेराव करने का प्रयास किया।

आरोप है कि कुछ छात्र गैलन में पेट्रोल लेकर आए थे। बीएचयू के सुरक्षा कर्मियों के रोकने पर एक छात्र ने अपने ऊपर पेट्रोल डाल लिया और आत्मदाह की कोशिश की। छात्रों के आक्रोश को देखते हुए बीएचयू सेंट्रल ऑफिस के कर्मचारियों में अफरातफरी मच गई।

छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रसासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने कुलपति और परीक्षा नियंत्रक से इस्तीफे की मांग की। सूचना पर पहुंचे लंका थाना प्रभारी अश्वनी पांडेय और अन्य पुलिसकर्मियों ने किसी तरह स्थिति को काबू में किया। पुलिस मौके पर अभी भी मौजूद है।

# यूपी में डेंगू का कहर, नौ हजार के पार पहुंचा आकंड़ा

## 24 घंटे में 469 मरीज, मुरादाबाद, लखनऊ में सबसे ज्यादा केस

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश बुखार से कराह रहा हैं। डेंगू में मामलों में लगातार इजाफा हो रहा हैं। बीते 24 घंटे में यूपी में डेंगू के 469 नए मामले सामने आए हैं। गौतमबुद्ध नगर के बाद अब मुरादाबाद और लखनऊ में डेंगू संक्रमितों की संख्या में जबरदस्त तेजी आई हैं। इसी के साथ प्रदेश भर में डेंगू मरीजों की संख्या 9 हजार के पार जाकर 9188 हो गई हैं।

6 जिलों में इस सीजन में 500 से ज्यादा केस आ चुके हैं। 15 मई से 6 अक्टूबर के बीच मुरादाबाद में 770, गौतमबुद्ध नगर में 699, लखनऊ में 715, गाजियाबाद में 636, कानपुर में 608 और मेरठ में 592 डेंगू पॉजिटिव केस रिपोर्ट हुए हैं। वही सरकारी आंकड़ों में फिलहाल डेंगू से कुल 8 मौतें दर्ज हैं। लखनऊ समेत यूपी के तमाम बड़े महानगरों के सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में सबसे ज्यादा बुखार के मरीज आ रहे हैं। अस्पतालों में सुबह तड़के से शुरू हो रही भीड़ दोपहर तक देखी जा रही हैं। लखनऊ में बलरामपुर अस्पताल, सिविल अस्पताल, लोकबंधु अस्पताल के अलावा चतरू और लोहिया संस्थान जैसे चिकित्सा संस्थानों में मरीजों और तीमारदारों की लंबी कतार हैं।

बलरामपुर अस्पताल की ओपीडी में भीड़ देखकर मरीज और तीमारदार हलकान हो जा रहे हैं। ओपीडी हाल में खचाखच भीड़ हैं। सबसे ज्यादा मरीज फिजीशियन चैम्बर के बाहर। लखनऊ के अलावा अगल-बगल के कई जिलों से भी मरीज भी यहां पहुंच रहे हैं।



### बुजुर्ग मां को सीतापुर से लखनऊ दिखाने लेकर पहुंचे

सीतापुर से डेंगू संक्रमित बुजुर्ग मां को लेकर बलरामपुर अस्पताल पहुंचे पवन तिवारी ने बताया, 205 नंबर कमरे में बैठे डॉ. आरएन मिश्रा को दिखाने आए थे पर उन्होंने पर्चा और रिपोर्ट उठाकर फेंक दिया। ऐसे हालात में कहां जाएं और किसको दिखाए समझ नही आ रहा।

### लोकबंधु में बुखार के 70 मरीज भर्ती, 10 डेंगू पॉजिटिव

लोकबंधु अस्पताल के निदेशक डॉ. नीलांबर श्रीवास्तव ने बताया, 23 अगस्त से अब तक 171 डेंगू पॉजिटिव केस आ चुके। रोजाना करीब 200 मरीजों के सैंपल की डेंगू जांच की जा रही हैं। डेंगू वार्ड में पहले 10 बेड लगाए गए। बाद में इसे बढ़ाकर 20 कर दिया गया। फिलहाल 10 डेंगू मरीज अस्पताल में भर्ती हैं। इसके अलावा 70 मरीज बुखार के भर्ती हैं, इनकी डेंगू रिपोर्ट नेगेटिव है। राहत की बात ये है कि भर्ती मरीजों में से कोई भी ज्यादा गंभीर हालत में नही हैं। डॉ. नीलांबर का कहना है, ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ ही रही हैं।

# जैन मंदिर में समोशरण महामंडल विधान शुरू



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** जैन आचार्य 108 विशद सागर महाराज एवं विशाल सागर महाराज के सानिध्य में शुक्रवार को गोमतीनगर जैन मंदिर में समोशरण महामंडल विधान शुरू हुआ। जिसमें सौधर्म इंद्र का सौभाग्य आलोक अनीता, चक्रवर्ती का अशोक आशा, यज्ञनायक संदीप जूली, कुबेर अमित सलोनी, महेंद्र पियूष आयुषी, ईशान विशाल बबीता को मिला। प्रतिष्ठाचार्य आशीष भैया पुण्यांश, पंडित विवेक, पीयूष, संगीतकार सचिन पार्टी भोपाल ने संगीतमय पूजा एवं विधान कराया। इसमें महाराज जी ने बताया कि भगवान के समोशरण में सभी जीव चाहे वह मनुष्य हों देव हो पशु हो जाते हैं और भगवान की दिव्य वाणी अपनी-अपनी भाषा में सुनते हैं और अपना कल्याण करते हैं। आज विधान का पहला दिन था शांति धारा का सौभाग्य अशोक एवं आलोक को मिला। मंदिर के अध्यक्ष पीके जैन, सुकांत, निकांत अमित ,राकेश, अरविंद जैन,धर्मवीर जी जैन, पीसी जैन आदि उपस्थित रहे।

# गिनीज बुक में पुनः 'विश्व का सबसे बड़ा स्कूल' चुना गया सीएमएस

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल (सी.एम.एस.), लखनऊ को गिनीज बुक ऑफवर्ल्ड रिकार्ड्स में छात्र संख्या के आधार पर एक बार फिर से 'विश्व के सबसे बड़े विद्यालय' का गौरव मिला है, जो न सिर्फलखनऊ के लिए अपितु पूरे प्रदेश व देश के लिए गौरव का विषय है। वर्तमान शैक्षिक सत्र 2023-2024 में सी.एम.एस. के सभी 21 कैम्पसों में सर्वाधिक 61,345 ऑनरोल छात्रों की संख्या के आधार पर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड्स में स्थान मिला है। सी.एम.एस. को वर्ष 1999 में 22,612 छात्रों की रिकार्ड संख्या के आधार पर पहली बार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड्स में 'विश्व के सबसे बड़े स्कूल' के रूप में दर्ज किया गया था और तब से लेकर अभी तक लगभग 24 वर्षों की अवधि में यह रिकार्ड सी.एम.एस. के नाम ही दर्ज है। उक्त जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है।



श्री शर्मा ने बताया कि सिटी मोन्टेसरी स्कूल की इस उपलब्धि पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी व डा. भारती गाँधी ने कहा कि इस उपलब्धि का सारा श्रेय विद्यालय की प्रधानाचार्याओं, शिक्षकों, अभिभावकों व छात्रों को जाता है। गाँधी दम्पत्ति ने लखनऊ के सभी सम्मानित नागरिकों के प्रति भी अपना आभार व्यक्त किया है, जिन्होंने सी.एम.एस. की शिक्षा पद्धति पर विश्वास करते हुए अधिक से अधिक बच्चों को सी.एम.एस. में शिक्षा ग्रहण के लिए भेजा।

सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट एवं एम.डी. प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने गनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड्स में 'विश्व का सबसे बड़ा स्कूल' का गौरव प्राप्त करना निश्चित रूप से पूरे सी.एम.एस. परिवार के लिए और समस्त लखनऊवासियों के लिए प्रसन्नता का विषय है। यह उपलब्धि इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि सी.एम.एस. विद्यालय केवल संख्या के आधार पर ही बड़ा नहीं है अपितु हमारी यह उपलब्धि छात्रों को बेहतर शिक्षा एवं सुविधायें देकर उनके अभिभावकों को संतुष्ट करने के हमारे प्रयासों की सफलता का प्रतीक है।

■ 24 वर्षों की अवधि में यह रिकार्ड सीएमएस के नाम ही दर्ज है

# दो दिवसीय जिला एवं मंडल स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ऐशबाग स्थित डीएवी इंटर कॉलेज में दो दिवसीय जिला एवं मंडल स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिस में लखनऊ और आसपास के जिलों के विभिन्न स्कूलों के छात्र-खिलाड़ियों ने भाग लिया। खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों से आए छात्र-खिलाड़ियों के लिए ज़कात एंड चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा दोपहर के भोजन का प्रबन्ध किया गया था।

इस अवसर पर ज़कात एंड चैरिटेबल फाउंडेशन की टीम ने खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र एवं शिक्षकों के बीच 200 से अधिक खाने के पैकेट वितरित किये गए। इस मौके पर डीएवी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य संजय मिश्रा, शिक्षक वेदप्रकाश यादव, सुनील कुमार वर्मा, राम कुमार त्रिपाठी आदि मौजूद थे।

# स्केटिंग टूर्नामेन्ट में सीएमएस ने जीती ओवरऑल चैम्पियनशिप

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस के प्रतिभाशाली छात्रों ने सीआईएससीई रीजनल स्केटिंग टूर्नामेन्ट में अण्डर-14 बालक वर्ग, अण्डर-17 बालक वर्ग, अण्डर-17 बालिका वर्ग एवं अण्डर-19 बालिका वर्ग की ओवरऑल चैम्पियनशिप जीतकर अपनी अभूतपूर्व प्रतिभा का परचम लहराया है। यह टूर्नामेन्ट काउन्सिल फॉर द इण्डियन स्कूल सार्टिफिक्रेट एक्जामिनेशन (सीआईएससीई) के तत्वावधान में गोरखपुर में आयोजित किया गया, जिसमें सी.एम.एस. के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने 11 गोल्ड मेडल, 12 सिल्वर मेडल एवं 5 ब्रांज मेडल के साथ चार वर्गो में ओवरऑल चैम्पियनशिप अर्जित की। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस टूर्नामेन्ट में उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के प्रतिभाशाली छात्रों ने रोलर पर नियंत्रण, गति पर नियन्त्रण, मानसिक संतुलन, चुस्ती-फुर्ती व दमखम का जोरदार प्रदर्शन किया। सी.एम.एस. संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।





श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. छात्र न सिर्फ शैक्षिक क्षेत्र में अपितु खेलों व समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं क्योंकि सी.एम.एस. अपने छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ उन्हें खेलों व अन्य सामाजिक क्षेत्रों के लिए भी विशेष रूप से तैयार करने में पूरे मनोयोग से संलग्न है।

# सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट लागू करना भाजपा के लिए साँप-छछूंदर की स्थिति जैसा

**लखनऊ।** सामाजिक न्याय समिति का गठन 2001 में तत्कालीन मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह ने हुकुम सिंह की अध्यक्षता में किया।समिति ने अन्य पिछड़े वर्ग की मूल 79 जातियों को 3 श्रेणियों में विभाजित करने की सिफारिश किया। पिछड़ा वर्ग में अहीर, यादव को 5 प्रतिशत, अति पिछड़ा वर्ग में कुर्मी, लोधी, कम्बोज, सोनार, कलवार, गोसाई, जाट, गुजर को 9 प्रतिशत और मल्लाह, केवट, बिन्द, कहार, पाल, लोहार बढ़ई ,बियार, कुम्हार, नाई, नोनिया, मोमिन अंसारी, कसाई, फकीर, कुजड़ा, धीवर, मनिहार, माहीगिर हजाम आदि 70 सर्वाधिक पिछड़ी जातियों को 14 आरक्षण कोटा की सिफारिश किया। राजनाथ सिंह की सरकार ने सामाजिक न्याय समिति की सिफारिश को लागू करने की अधिसूचना जारी किया जिसे उन्हीं के मंत्रिमंडल के अशोक यादव ने विरोध करते हुए उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर दिया।

# बिजली कंपनियों ने ग्रामीण को शहरी फीडर घोषित करने की कार्रवाई को लिया वापस

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश के आनेको जनपदों में ग्रामीण विद्युत उपभोक्ताओं को कुछ घंटे अधिक बिजली देने के नाम पर उनके ग्रामीण फीडर को शहरी फीडर करके उनकी बिजली दरों को शहरी दर के आधार पर किए जाने के मामले में अंततः उपभोक्ता परिषद को आज एक बार फिर बडी जीत हासिल हुई है गौरतलब है की उपभोक्ता परिषद की अवमानना याचिका पर विद्युत नियामक आयोग ने प्रबंध निदेशक पावर कॉरपोरेशन से 10 दिन में रिपोर्ट मांगी थी उसके बाद पावर कारपोरेशन के निदेशक वाणिज्य ने विद्युत नियामक आयोग से जवाब देने के लिए 4 सप्ताह का अतिरिक्त समय मांगते हुए पावर कारपोरेशन के निदेशक वाणिज्य की तरफ से सभी बिजली कंपनियों के लिए यह निर्देश जारी कर दिए गए थे कि जिन ग्रामीण फीडरों में पूर्व में रूलर शेड्यूल के अनुसार विद्युत आपूर्ति की जा रही थी परंतु विद्युत आपूर्ति बढाने अथवा अन्य किसी कारण से शहरी आपूर्ति में बिलिंग शुरू हो गई है ऐसे समस्त फीडरों को शहरी फीडर घोषित कर दिया जाए जिसको लेकर उपभोक्ता परिषद लगातार विरोध कर रहा था और पूरे मामले से विद्युत नियामक आयोग को भी अवगत कराते हुए इसे नियमों के विपरीत बताया था।

आज उसी क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक श्री पंकज कुमार व निदेशक कमर्शियल श्री अमित कुमार श्रीवास्तव से अलग-अलग मुलाकात की थी और उनसे इस मामले में कानून के परिधि में कार्यवाही को आगे बढाने की मांग उठाई थी। जिससे प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं का बिजली कंपनियों के स्तर पर कहीं भी उत्पीडन न होने पाए।

अंततः पावर कारपोरेशन के उच्चधिकारियों के निर्देशों के क्रम में प्रदेश की बिजली कंपनियों ने ग्रामीण फीडर पर अधिक बिजली दिए जाने के नाम पर उसे शहरी फीडर घोषित किए जाने के अपने आदेश को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया है इस आशय से संबंधित मध्यांचल विद्युत वितरण निगम द्वारा अपने आदेश के क्रम में पुनः दूसरा संशोधित आदेश जारी कर दिया गया है वहीं अन्य बिजली कंपनियों ने भी अपने आदेश को स्थगित करना शुरू कर दिया है अंततः अब जो बिजली कंपनियां उपभोक्ता परिषद की अवमानना याचिका की कार्यवाही से बचने के लिए शहरी फीडर घोषित करने के जुगत में लगी थी उन्हें बडा धक्का पहुंचा है।

■ नियम विरुद्ध अधिक वसूली की धनराशि वापसी पर उपभोक्ता परिषद लगाएगा जोर

# आर्यिकाओं के अभिनंदन को टीएमयू ने बिछाए पलक-पांवड़े

## रिद्धि-सिद्धि भवन से आर्यिकाओं ने संत भवन की ओर किया प्रस्थान

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** वात्सल्य मूर्ति आर्यिका रत्न 105 श्री सृष्टिभूषण और कोकिलाकंठ आर्यिका 105 श्री विश्वयशमती माताजी की तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी परिसर में अगवानी ढोल-नगाड़ों और दिव्य घोष के साथ हुई। आर्यिकाओं के आगे-आगे जिन शासन की प्रतीक जैन ध्वजा लिए हुए कुर्ते-पाजामे में श्रावक, जबकि केसरिया रंग की साड़ी पहने और कलश लिए हुए श्राविकाओं के संग-संग दिव्य घोष की आस्थामय धुनों के बीच भक्तिनृत्य करते हुए माताजी के साथ चल रहे थे। इससे पूर्व कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन, श्रीमती ऋचा जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन ने यूनिवर्सिटी के मुख्य द्वार पर भक्तिभाव के साथ आर्यिकाओं की अगवानी की। जिनालय पहुंचकर माताजी के पादप्रक्षालन का सौभाग्य कुलाधिपति परिवार से फर्स्ट लेडी



श्रीमती वीना जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन और श्रीमती ऋचा जैन ने प्राप्त किया। भगवान महावीर के दर्शनोपरांत दिव्य घोष के बीच आर्यिकाएं प्रवचन हेतु रिद्धि-सिद्धि भवन पहुंचीं। रिद्धि-सिद्धि भवन से आर्यिकाओं ने संत भवन की ओर प्रस्थान किया।

रिद्धि-सिद्धि भवन में कुलाधिपति परिवार के संग-संग मुरादाबाद जैन समाज समिति के अध्यक्ष श्री अनिल जैन, जैन समाज के प्रतिनिधियों ने दीप प्रज्ज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। 105 श्री सृष्टिभूषण और 105 श्री विश्वयशमती माताजी के संग ब्रहमचारिणी कल्पना दीदी ने मंगलाचरण किया। साथ ही सीसीएसआइटी के स्टुडेंट्स ने णमोकार मंत्र है सबसे प्यारा... जैसे भजनों पर मंगलाचरण नृत्य प्रस्तुत किया। टिमिट कॉलेज के छात्र- रितिक जैन ने बजे कुंडलपुर में बधाई..., ओ महावीरा प्यारा... पर आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी। संचालन ब्रह्मचारिणी दीदी कल्पना जैन ने किया।

### गुरु माताजी ने कुलाधिपति परिवार को दिया खूब आशीर्वाद

105 श्री सृष्टिभूषण माताजी ने अपने अमृतवचन में बताया, जो सर्वस्व त्याग देगा, वही महावीर बन जाएगा। प्रभु तुम सवांरोगे, हमारा जीवन संवर जाएगा। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में जीवन-निर्माण के सूत्र दिए जाते हैं। बाती, तीली और दीपक की कहानी के जरिए बताया कि तीली अपने अस्तित्व को खत्म कर नई जोत जलाती है। उन्होंने कहा कि जो भगवान के विद्यालय में पढ़ेगा तो वह निश्चित ही इंसान बनेगा और अध्यात्मिक उन्नति कर मोक्ष के मार्ग की ओर प्रशस्त करेगा। कुलाधिपति परिवार को खूब आशीर्वाद दिया। साथ ही बोलीं, यह विश्वविद्यालय छात्र-छात्राओं के ज्ञान के दीपक जलाकर ज्ञान के चक्षु खोल रहा है। 105 श्री विश्वयशमती माताजी ने कहा, टिमिट की नींव माताजी ने रखी थी।

# ढाई साल में पासपोर्ट कार्यालय में होने लगा कामकाज

### विधायक का पासपोर्ट बनने में लगे 6 महीने

**इटावा।** केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा पासपोर्ट बनवाना कोई आसान काम नहीं था जब वे विधायक बनी तो उन्हे लगा कि उनके पास पासपोर्ट होना चाहिए इस पर उन्होंने पासपोर्ट के लिए आवेदन किया। विधायक होने के बावजूद एक विधायक का पासपोर्ट बनने में 6 महीने का समय लग गया उन्होंने कहा कि पहले पासपोर्ट बनवाने के लिए लोग दलालों के चक्कर लगाते थे लेकिन अब यह दलालों का खेल खत्म हो गया है और सारा काम ऑनलाइन होने लगा है। पासपोर्ट बनने में देरी भी नहीं लगेगी।



### बिहार की जातीय जनगणना पर उठाए सवाल

**इटावा।** केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में बिहार की जातीय जनगणना पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि वह संत हैं जाति की बात नहीं करतीं, प्रधानमंत्री मोदी भी जाति की बात नहीं करते लेकिन जहां तक बिहार की जनगणना की बात है वहां इसमें काफी खामियां हैं। वहां निषाद और मल्लाह को अलग-अलग दिखा दिया गया इसके साथ ही कुछ अन्य जातियों को भी अलग-अलग दिखाया गया है जातीयों को कोई आपस में बांट दिया गया। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी जाति गरीब की है और सरकार गरीबों के कल्याण के लिए जुटी हुई है।

### सांसद बोले- सपा ने किया सिर्फ सैफई का विकास

**इटावा।** सांसद डा.रामशंकर कठेरिया ने कहा कि समाजवादी पार्टी की कई बार सरकार रही मुख्यमंत्री भी रहे लेकिन उन्होंने सिर्फ सैफई का विकास किया है और इटावा की अपेक्षा की इटावा का तिरस्कार किया है। उन्होंने कहा कि फ्रेंड्स कॉलोनी में सैफई परिवार रहता है और रामनगर फाटक पर लगने वाले जाम से सभी परेशान रहते थे किसी ने यहां ओवर ब्रिज बनवाने की नहीं सोची उन्होंने ओवरब्रिज स्वीकृत और अब इसका निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इसके साथ ही इटावा के लिए जरूरी बड़े-बड़े काम भी उन्होंने कराए है। सांसद ने कहा कि सपा की सरकार में गुंडई हुआ करती थी अब गुंडई पूरी तरह खत्म हो गई है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का जो गठबंधन है यह ठगबंधन है जिन राज्यों में चुनाव होने वाले हैं वहां भाजपा की सरकार बनेगी और 2024 में लोग एक बार फिर नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएंगे। उन्होंने बताया कि पहले आगरा में भी पासपोर्ट कार्यालय नहीं था और आगरा के लोगों को गाजियाबाद जाना पड़ता था लेकिन उन्होंने सांसद बनने के बाद आगरा में पासपोर्ट कार्यालय बनवाया।

### 15 दिन में बन जाएगा पासपोर्ट

**इटावा।** पासपोर्ट कार्यालय खुल जाने के बाद अब 15 दिन में पासपोर्ट बन जाएगा। पासपोर्ट अधिकारी कनिष्क शर्मा ने बताया कि इसके लिए ऑनलाइन आवेदन करना पड़ेगा और कागजों का सत्यापन होने के बाद पासपोर्ट बन जाएगा। इसके लिए लोगों को चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और ऑनलाइन आवेदन तथा वेरिफिकेशन के बाद पासपोर्ट बनाकर मिल जाएगा। उन्होंने बताया की कार्यालय चालू हो गया है और डिमांड के हिसाब से सुविधा भी बढ़ाई जाएगी। लखनऊ क्षेत्र में इटावा 49 वां जिला है जहां पासपोर्ट कार्यालय बनाया गया है।

### यह लोग रहे मौजूद

पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल मोहन शर्मा, जिला महामंत्री प्रशांत राव चौबे तथा अनू गुप्ता, कृपा नारायण तिवारी, अंशुल अशोक दुबे, मोहित दुबे शिव किशोर धनगर, जितेंद्र गौड, सुशांत दीक्षित, विवेक गुप्ता, रोहित शाक्य, अमित तिवारी मानु, हरिओम दुबे ज्योति वर्मा, कृष्ण मुरारी गुप्ता, संकेत मिश्रा, संजू जैन आदि।

**वहाज अली निहाल**

**इटावा।** जिला मुख्यालय पर पासपोर्ट कार्यालय बनाया गया है शुक्रवार से कामकाज भी शुरू हो गया। केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने सांसद डॉ.राम शंकर कठेरिया की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में इसका शुभारंभ किया खास बात यह है कि इटावा में पासपोर्ट कार्यालय ने ढाई साल में काम करना शुरू कर दिया। इस बीच में कोरोना के कारण भी कुछ बाधा आई और पिछले 6 महीने से विदेश मंत्रालय से इसके उद्घाटन की तारीख का इंतजार किया जा रहा था। जिले के लोगों को पासपोर्ट बनवाने के लिए भटकना न पड़े इसे ध्यान में रखते हुए सांसद डा.राम शंकर कठेरिया की प्रयासों से पासपोर्ट कार्यालय बनवाया गया है यहां डाक अधीक्षक के कार्यालय में यह कार्यालय बना है इसकी इसके निर्माण का कार्य पहले पूरा हो गया था। पिछले 6 महीने से इसके उद्घाटन के लिए विदेश मंत्रालय की हरी झंडी का इंतजार किया जा रहा था आखिर का विदेश मंत्रालय से हरी झंडी मिली और शुक्रवार को पासपोर्ट कार्यालय का उद्घाटन हो गया। ऑनलाइन भी इस कार्यालय में कामकाज करना शुरू कर दिया। इसके चलते जिन लोगों को अपने कागजातों का सत्यापन करने के लिए कानपुर की दौड़ लगानी पड़ती थी उनकी यह दौड़ खत्म हो जाएगी और वे इटावा से ही अपना काम कर लेंगे। यह देश का 432 वां पासपोर्ट कार्यालय है और डाक विभाग के आगरा परिक्षेत्र में यह आठवां पासपोर्ट कार्यालय है जहां से लोगों को पासपोर्ट बनवाने की सुविधा मिलेगी।

## स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई के तत्वाधान में तहसीलदार/सचिव तहसील विधिक सेवा समिति बिलग्राम विनीत कुमार सिहं के निर्देश पर तहसील प्रशासनिक अधिकारी विनोद कुमार त्रिवेदी की अध्यक्षता व ग्राम प्रधान संजीव कुमार की उपस्थति मे पंचायत भवन ग्राम हैबतपुर में गांधी जयती के अवसर पर स्वच्छता जागरुकता अभियान सप्ताह 02 अक्टूबर 2023 से 08 अक्टूबर 2023 तक मनाये जाने के उपलक्ष मे स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित लोगों को तहसील प्रशासनिक अधिकारी व लीगल एड क्लीनिक संचालक प्रदीप कुमार ने जागरूक करते हुए कहा कि माहत्मा गांधी जी के द्वारा देखा गया स्वच्छ व विकसित भारत का सपना पूर्णरूप से साकार किया जा सकता है। अब हमारा भी कर्तव्य है कि गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें, मै शपथ लेता हूं कि स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहूंगा और उसके लिए समय दूंगा, हर वर्ष 100 घंटे अथवा सप्ताह मे 2 घंटे श्रमदान करके के इस संकल्प को पूरा करूगा। मै न गंदगी करूगां न गंदगी करने दूंगां, सबसे पहले स्वयं से मेरे परिवार से मेरे मुहल्ले से एवं अपने कार्य स्थल से शुरूआत करूगां, मै आज जो शपथ ले रहा हूं वह अन्य सौ व लोगों से कराऊंगा, वे भी मेरी तरह स्वच्छता के लिए सौ घंटे दें,हम इस विचार के साथ गांव गांव व गली गली स्वच्छ भारत का प्रचार करुगां, तथा इस अभियान मे सभी लोगों का अपना अपना योगदान है कि कूडा कचरा को इधर उधर न फेकें, गीले एवं सूखे कचडे को अलग अलग रखें, पालीथीन का प्रयोग न करें फुटपाथ विक्रेता कूडें को उचित आकार के डस्टविन मे रखें व कूडा घर व नगर निगम की गाडियों मे ही कूडा डालें, खुले मे सौंच न करें अपने गांव को सौच मुकत करायें, बालको मे स्वच्छता की भावना विकसित करें, स्वच्छता कार्यक्रम मे ग्रामवासी मौजूद रहें।।

### पुलिस एवं आबकारी विभाग की गठित संयुक्त टीमों द्वारा की गयी छापेमारी

**हरदोई।** जिला आबकारी अधिकारी प्रदीप दुबे ने बताया है कि जनपद में अवैध मद्य निष्कर्षण एवं बिक्री के विरूद्ध प्रशासन, पुलिस एवं आबकारी विभाग की गठित संयुक्त टीमों द्वारा लगातार चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत औचक रूप से आबकारी दुकानों की चेकिंग, राष्ट्रीय/राज्य राजमार्गों पर स्थित संदिग्ध ढाबों, वाहनों एवं एल्कोहल व एथेनॉल तथा मिथाइल के टैंकरों की सघन चेकिंग की जा रही है। इसके अतिरिक्त थाना बेहटा गोकुल के अर्न्तगत संचालित बीयर दुकान मानपुर में निर्धारित मूल्य से अधिक रेट (ओवर रेटिंग) पर विक्रेता बिक्री करते हुए पाया गया। विक्रेता के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओ के अर्न्तगत कार्यवाही की गयी।

## इटावा सफारी पार्क में नेचर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**वन्य प्राणि सप्ताह**

- बब्बर शेर सिम्बा व सुल्तान का जन्मदिन मनाया गया

**अवधनामा ब्यूरो**





**इटावा।** वनों एवं वन्यजीवों के संरक्षण एवं सवर्धन हेतु जन जागृति उत्पन्न करने के उद्देष्य से वन्य प्राणि सप्ताह का आयोजन दिनांक एक अक्टूबर से इटावा सफारी पार्क में किया जा रहा है। इटावा सफारी पार्क की निदेशक दीक्षा भण्डारी के निर्देशन में वन्य प्राणि सप्ताह के पांचवे दिन नेचर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की गयी। जिसमें सनसाइन स्कूल, शकुन्तलम इण्टरनेशनल स्कूल, सुदिति ग्लोबल एकेडमी, अर्चना मैमोरियल सरस्वती ज्ञान मंदिर इण्टर कालेज, नारायण कालेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स, संत विवेकानन्द सीनियर सेकेण्ड्री पब्लिक स्कूल, पानकुंअर इण्टरनेषनल स्कूल, पुलिस मार्डन स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, सेविन हिल्स इण्टर कालेज, ब्लू बर्ड इण्टर कालेज, सनातन धर्म इण्टर कालेज, लार्ड्स इण्टरनेषनल स्कूल, माउण्ट लिट्रा जी स्कूल के लगभग 60 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। क्विज प्रतियोगिता के प्रारम्भिक राउण्ड में 27 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें विजेता 6 टीमों को फाइनल राउण्ड में चयनित किया गया। चयनित टीमों के माध्यम 05 राउण्ड आयोजित कराए गए जिसमें वन्यजीवों के सम्बन्ध में प्रष्नोत्तरी एवं विजुअल प्रष्न किए गए। टीमों के मध्य काफी कड़ा मुकाबला रहा। आखिरी राउण्ड के अंत में दो टीमों में द्वितीय विजेता हेतु मुकाबला ड्रा हुआ जिसमें दोनों ही टीमों के मध्य रैपिड फायर राउण्ड कराकर द्वितीय विजेता को चयनित किया गया। वन्यप्राणि सप्ताह के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम के मौके पर सफारी पार्क के उप निदेषक जयप्रकाष सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, बायोलॉजिस्ट बी0एन0 सिंह, फील्डसुपरवाइजर श्रीप्रकाष शुक्ला, शशांक पटेल आदि उपस्थित रहे। ज्ञातव्य हो कि दिनांक 7 अक्टूबर को वन्य प्राणी सप्ताह 2023 के समापन पर वाइल्ड लाइफ थीम पर फैंसी ड्रेस शो एवं वन्य प्राणी सप्ताह 2023 में हुयी विभिन्न प्रतियोगिताओं में सम्मिलित हुए छात्र-छात्राओं को पुरूस्कृत किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### जायरीनों का जत्था अजमेर शरीफ के लिये रवाना




**बिलग्राम।** हरदोई पूर्व चेयरमैन के भाई सईद अहमद ने मोहल्ला कटरा हैदराबाद से जायरीनों का एक जत्था अजमेर शरीफ को भेजा ख्वाजा साहब की मजार शरीफ की ज़ियारत के लिए हज़रत मोईनुद्दीन चिश्ती अजमेरी जिन्हे ख्वाजा गरीब नवाज़ के नाम से भी जाना जाता है। ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती इस्लाम धर्म के एक ऐसे महान सूफी संत रहे है। जो गरीबो के मसीहा थे। खुद भूखे रहकर दुसरो को खाना खिलाते थे। जो दीन दुखियो के दुखो को दूर करते थे। जो पाप को पुण्य में बदल देते थे। वो अल्लाह के सच्चे वली थे। अल्लाह ने उन्हे रूहानी व गअबी ताकते बख्शी थी। जिनके मानने वालो की एक विशाल संख्या जिनको इस्लाम धर्म के लोग ही नही हिन्दू सिख आदि अन्य सभी धर्मो के लोग मानते है। 3 बजे हबीब अहमद पूर्व चेयरमैन ने बस को हरी झंड़ी दिखाई और रवाना किया। सभासद मो आमिर मुजीब अहमद फैसल खान, वाजिद हुसैन ताजदार खुर्शीद अहमद हैप्पी शजर हुसैन आदि लोग भी मौजूद रहे

### पानी के बहाव में समाई जवानों की गाड़ी, अभी तक नहीं लगा जवान का पता



**बिलग्राम, हरदोई।** सिक्किम में फटे बादलों में दुर्गागंज गांव का जवान पानी के बहाव में लापता हो गया। दुर्गागंज गांव निवासी ब्रजेश कुमार बाजपेई ने बताया की मेरा भतीजा रजनीश बाजपेई पुत्र अरविंद बाजपेई थल सेना की बटालियन एससी 520 का जवान है मगलवार की रात सिक्किम में फटे बादलों के कारण पानी के तेज बहाव में वो लापता हो गया है। वुधवार की सुबह आर्मी हेड क्वाटर से फोन आया की जो सिक्किम में बादल फटा है, पानी के तेज बहाव में रजनीश जिस गाड़ी पर थे वह गाड़ी भी उसी पानी के चपेट में गई है जिससे वह लापता है। वुधवार की रात में जब हम लोगों के द्वारा हेड क्वाटर में फोन किया तो वहां से कहा गया की अब भगवान से प्रार्थना कीजिए टीम लगाई गई है तलाश जारी है। रजनीश सन 2004 में भर्ती हुए थे वर्तमान में पोस्टिंग सिलीगुड़ी में है दूसरे यूनिट सिक्किम में डेढ़ माह से ड्यूटी पर थे वहीं से वापस सिलीगुड़ी आ रहे थे तभी बदल फटने से उनकी भी गाड़ी तेज पानी के बहाव की चपेट में आ गई और अभी तक लापता है। रजनीश की दो पुत्री हैं बड़ी पुत्री गुंजन और छोटी मांसी है। पत्नी कविता, माता पुष्पा और पिता अरविंद हैं।

### पत्रकारों के खिलाफ की जा रही कार्यवाही पर जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** दिल्ली में पत्रकारों को गिरफ्तार करने और अन्य पत्रकारों के खिलाफ सरकार द्वारा की जा रही कार्यवाही के खिलाफ कोंग्रेस ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया। कोंग्रेस के जिलाध्यक्ष मलखान सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार पत्रकरो का उत्पीड़न कर रही है।जो पत्रकार सरकार की कमियों को उजागर करते है उन्हें जेल भेज दिया जाता है या उनके खिलाफ सरकारी एजेंसियों का इस्तेमाल कर छापेमारी की कार्यवाही कर परेशान किया जाता है।उन्होंने कहा कि कोंग्रेस पार्टी पत्रकरो के उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष करने के लिये तैयार है और उनके साथ खड़ी है।कोंग्रेस नेताओ ने सरकार के खिलाफ और पत्रकरो के समर्थन में जम कर नारेबाज़ी की।इस दौरान प्रदेश कोंग्रेस कमेटी के सदस्य मोहम्मद राशिद, नगर अध्यक्ष पल्लव दुबे,कांग्रेस नेता कोमल सिंह कुशवाहा,संजय दोहरे, आसिफ जारदान आदि कई कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

## आयुष्मान कार्ड: मरीज के इलाज के बाद नहीं हो रहे भुगतान

**अवधनामा संवाददाता**

- निजी हास्पिटल संचालकों ने उठाया मुद्दा
- सीएमओ कार्यालय को दें बिन्दु वार समस्याएं: सीडीओ

**मथुरा।** राजीव भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना द्वारा आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत संबद्ध निजी चिकित्सालयों के संचालकों/प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गयी। निजी हास्पिटल संचालकों ने आयुष्मान कार्ड के संबंध में आ रही परेशानियों से अवगत कराते हुए कहा उपचार के बाद भुगतान में देरी हो रही है।

बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डा. अजय कुमार वर्मा, नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत योजना डा. अनुज चौधरी एवं विभिन्न निजी चिकित्सालयों के संचालकों/प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इसमें निजी चिकित्सालयों के संचालकों/ प्रतिनिधियों द्वारा अस्पतालों में आयुष्मान लाभार्थियों के उपचार से पूर्व एवं पश्चात आ रही निम्न समस्याओं से अवगत कराया गया। जिसमें मुख्यतः उपचार पैकेज एप्रुव होने व इलाज होने के उपरान्त पैकेज को आई.एस.ए./एस.एच.ए. के स्तर से निरस्त किया जाना, पण्डित दीन दयाल योजना के तहत सी.ए.पी. एवं कर्मियों के उपचार उपरान्त भुगतान में विलम्ब की समस्या, आई.एस.ए. द्वारा आयुष्मान कार्ड को रिजेक्ट किया जाना, लाभार्थियों के उपचार उपरान्त बायोमेट्रिक डिस्चार्ज में हो रही समस्या तथा भौतिक डिस्चार्ज के उपरान्त केस को रिजेक्ट किये जाने व भुगतान न होना, मरीज के भर्ती होने के दौरान मोबाइल से आधार के लिंक न होने से लिंक करने के उपरान्त अनावश्यक विलम्ब की समस्या से अवगत कराया गया।

जिसके सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त संचालकों/प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि वह अपनी-अपनी समस्या बिन्दुवार मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में सात अक्टूबर को अपरान्हः तक उपलब्ध करायें। जिससे उचित प्राधिकारी को अवगत कराकर समस्या का समाधान कराया जा सके।

मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना द्वारा बैठक में उपस्थित विभिन्न निजी चिकित्सालयों के संचालकों/ प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि वह प्रतिदिन अपने अधीन कार्यरत आयुष्मान मित्र से कम से कम 50 आयुष्मान कार्ड बनवायें। साथ ही नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत योजना को निर्देशित किया गया कि निजी चिकित्सालयों के संचालकों/प्रतिनिधियों को पात्र लाभार्थियों की सूची आज ही उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे उनके द्वारा आयुष्मान मित्र के सहयोग से आयुष्मान कार्ड बनवाये जा सकें।

## लंबित चयन वेतनमान एवं प्रोन्नति वेतनमान के सम्बंध में बीएसए से मिला शिक्षक संघ



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ की जिला कार्यकारणी के प्रतिनिधि मंडल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में लंबित चयन वेतनमान एवं प्रोन्नति वेतनमान के सम्बंध में प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उदयसिंह राज से वार्ता की जिसमें उन्हें अवगत कराया गया कि शिक्षक शिक्षिकाओ के विगत वर्ष से सैकड़ो पत्रावलिया खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में लंबित है इतने माह से शिक्षकों की चयन वेतनमान एवं प्रोन्नति वेतनमान स्वीकृत न होना निःसन्देह विभागीय लापरवाही एवं भ्रष्टाचार का घोतक है। संगठन ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अद्यतन जमा पत्रावलियों पर शीघ्र अतिशीघ्र कार्यवाही नही की जाती तो संगठन शिक्षक हित मे उच्च अधिकारियों को अवगत करायेगा ततपश्चात धरना प्रदर्शन को विवश होगा।जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की होगी।

## बांके बिहारी कॉरिडोर प्रकरण: आप मंदिर का पैसा क्यों लेना चाहते हैं...

**अवधनामा संवाददाता**

- हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा क्या आपके पास पैसे की कमी है
- अब अगली सुनवाई 11 अक्टूबर को होगी

**प्रयागराज/मथुरा।** वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर मंदिर के प्रस्तावित कॉरिडोर को लेकर इलाहाबाद हाई कोर्ट में लगातार दूसरे दिन सुनवाई हुई। यहां आगरा के एक व्यापारी प्रखर गर्ग ने अर्जी देकर कहा कि वह प्रोजेक्ट के 510 करोड़ रुपए देने के लिए तैयार हैं। मुख्य न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की खंडपीठ ने सुनवाई करते हुए सरकार से सवाल किए कि ÷आप मंदिर का पैसा क्यों लेना चाहते हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सरकार ये पूछा कि क्या आपके पास पैसों की कोई कमी है, जो आप मंदिर का पैसा लेना चाहते हैं। अगर सरकार मंदिर का चढ़ावा न ले तो सारा विवाद ही खत्म हो जाएगा। अब इस प्रकरण को लेकर 11 अक्टूबर को अगली सुनवाई होगी। इस पर महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्र व अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने कहा कि लोक शांति और व्यवस्था के लिए सरकार ने प्रस्तावित योजना तैयार की थी। उन्होंने इस प्रकरण में उत्तर प्रदेश सरकार जहां 5 एकड़ में श्रद्धालुओं को सुविधाएं देने का हवाला देते हुए कॉरिडोर बनाना चाहती है। स्थानीय लोग कॉरिडोर बनने से यहां का मूल स्वरूप खत्म होने की बात कह रहे हैं। कॉरिडोर बनाने के मामले में हाईकोर्ट में 4 याचिकाएं दाखिल की गई हैं। जिसको लेकर कोर्ट सुनवाई कर रहा है।

इलाहाबाद हाई कोर्ट में शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान जब सरकार से सवाल किया कि वह मंदिर के पैसे को लेना ही क्यों चाहते हैं तो इस पर महा अधिवक्ता और अपर अधिवक्ता ने कहा कि लोक शांति और व्यवस्थाओं के लिए सरकार ने प्रस्तावित योजना तैयार की। जिसमें नागरिक सुविधा मुहैया कराई जाएंगी। इसलिए मंदिर की व्यवस्था बनाने के लिए मंदिर का पैसा लेने में आपत्ति नहीं होनी चाहिए। सुनवाई के दौरान बांके बिहारी मंदिर के सेवायतों के वकील ने कहा कि सरकार मंदिर की सुविधा बढ़ाना चाहती है उन्हें कोई आपत्ती नहीं है। लेकिन मंदिर निजी है और उसका ट्रस्ट है चढ़ावे पर सरकार को दावा नहीं करना चाहिए। सेवायतों के वकील संजय गोस्वामी ने याचिका की पोषणीयता पर सवाल खड़े किए। जिस पर कोर्ट ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि तथ्यात्मक मुद्दे को लेकर कोई भी याचिका पोषणीय नहीं है। कानूनी अधिकार को लेकर ही याचिका पोषणीय है,याचिका खारिज की जाए। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सरकार से पूछा कि अगर योजना लागू होती है तो मंदिर का प्रबंधन किसके पास होगा। कोर्ट ने पूछा कि सेवायतों के पास,ट्रस्ट के हाथ या सरकार के हाथ। इस पर सरकार की तरफ से कोई जवाब नहीं दिया गया।

## 15 दिन में धनगरों के अनुसूचित जाति के प्रमाण पत्र जारी करें

**अवधनामा संवाददाता**

- धनगरों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते हुए सिटी मजिस्ट्रेट को दिया ज्ञापन

**मथुरा।** धनगर समाज विकास समिति के तत्वावधान में जिले के धनगरों को अनुसूचित जाति प्रमाणपत्र जारी करने की मांग को लेकर आज कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया। शुक्रवार को समिति के अध्यक्ष सतीश धनगर व उपाध्यक्ष आनंद धनगर के नेतृत्व में धनगर समाज के लोग व युवा कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते हुए पहुंचे। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि संविधान के अनुसूचित जातियां आदेश 1950 के तहत उत्तर प्रदेश राज्य के संबंध में अधिसूचित अनुसूचित जातियों की सूची क्रमांक 27 पर धनगर जाति अधिसूचित है। वर्तमान योगी सरकार ने गडरिया समुदाय की दो उपजातियों धनगर और नीखर के बीच रोटी बेटी, हुक्का नानी के संबंध के आधार पर धनगर जाति का प्रमाणपत्र जारी करने का आदेश जारी कर दिए गए है। इसके अनुपालन में महावन तहसील मांट एवं प्रदेश के अन्य जिलों से धनगर अनुसूचित जाति के प्रमाणपत्र सैकड़ों की संख्या में जारी किए जा चुके हैं। लेकिन सदर, गोवर्धन, मांट, छाता, महावन के तहसीलदारों द्वारा शासनादेशों का पालन नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में हाईकोर्ट इलाबाद के द्वारा धनगर अनुसूचित जाति प्रमाणपत्रों के संबंध में कई अहम निर्णय दिए गए हैं। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल एवं टूंडला के विधाक प्रमपाल धनगर दोनों का उदाहरण देते हुए कहा कि ये दोनों गडरिया समुदाय से आते हैं। जब इनके प्रमाण पत्र जारी हो सकते हैं तो अन्य के क्यों नहीं। उन्होंने बताया कि आज राज्यपाल के नाम सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देकर मांग की कि धनगर अनुसूचित जाति के प्रमाण पत्र जारी करने के आदेश जिलाधिकारी मथुरा व सभी तहसीलदारों को दिये जाए।

## आयकर की कटौती एवं संग्रहण विषय पर हुई संगोष्ठी

**अवधनामा संवाददाता**



**हरदोई।** जनपद हरदोई के अंतर्गत आने वाली समस्त नगर पंचायतो एवं नगर पालिका परिषदों में आयकर कटौती को लेकर जागरूकता लाने के उद्देश्य से आयकर विभाग द्वारा आज हरदोई नगर पालिका प्रांगण में स्थित कमांड सेंटर सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस बैठक को सचिन कुमार, आयकर अधिकारी (टीडीएस), सीतापुर ने संबोधित किया। इस कार्यशाला में हरदोई की समस्त नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। इस संगोष्ठी के दौरान सचिन कुमार, आयकर अधिकारी (टीडीएस), सीतापुर, ने टीडीएस के प्रावधानों की जानकारी विस्तारपूर्वक दी। उन्होंने यह बताया कि नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों द्वारा भुगतान करते समय स्रोत पर आयकर कटौती नहीं की जा रही है। जानकारी आगे बढ़ाते हुए उन्होंने बताया कि ठेकेदारों इत्यादि को एकमुश्त तीस हजार रुपये से अधिक देने पर या पूरे वित्तीय वर्ष में एक लाख रुपये से अधिक देने पर टी.डी.एस. कटौती का प्रावधान है। जिसके अनुपालन न होने की स्थिति में कटौती कर्ता के विरुद्ध पेनाल्टी का प्रावधान भी है। इसके अतिरिक्त यह भी देखने में आया है कि कुछ नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के द्वारा टी. डी. एस. की कटौती तो की जाती है परन्तु टी.डी. एस. का स्टेटमेंट समय से नहीं फाइल किया जाता है या काटे गये कर की राशि को सरकारी खाते में जमा नहीं किया गया। उन्होने बताया कि कटौती की गयी राशि को अगले महीने की 07 तारीख तक उचित चालान द्वारा आयकर विभाग के खाते में जमा हो जाना चाहिए, यदि राशि 07 तारीख के बाद जमा होती है तो ब्याज देयता बन जाती है। प्रत्येक तिमाही के अंत में, उसके अगले महीने की आखिरी तारीख तक टी.डी.एस. का रिटर्न कटौतीकर्ता को कटौतियों का विवरण देते हुए ई-फाइलिंग द्वारा जमा करना होता है। ऐसा न करने की दशा में आयकर अधिनियम कि धारा 201 के तहत कटौतीकर्ता के विरुद्ध जुर्माना व ब्याज देयता बनती है तथा धारा 234 के तहत 200 रुपये प्रति दिन के हिसाब से लेट फाइलिंग फीस की देयता बनती है जब तक कि टी.डी. एस. रिटर्न फाइल नहीं हो जाता। इसके अतिरिक्त संगोष्ठी में टी.डी.एस. से सम्बंधित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। समस्त नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के संबंधित अधिकारिओ से अपील की गई कि वे आयकर अधिनियम के कर कटौती संबंधी कायदे-कानून के तहत कार्य करते हुए भारत सरकार के राजस्व संग्रह में सहयोग करें। संगोष्ठी के अंत में आयकर अधिकरी ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि आयकर अधिनियमों का अनुपालन करना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है इसमें किसी भी लापरवाही होने पर जुर्माना/ब्याज के साथ-साथ अभियोजन की कार्यवाही भी की जा सकती है।

# कबड्डी में भारत ने पाकिस्तान को 61-14 से रौंदा, गोल्ड मेडल मैच में बनाई जगह




भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने एशियन गेम्स 2023 में पाकिस्तान को 61-14 से हराकर फाइनल के लिए जगह पक्की कर ली है। इसके साथ ही भारतीय टीम का सिल्वर मेडल पक्का हो गया है।

एशियन गेम्स 2023 में भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने सेमीफाइनल मुकाबले में पाकिस्तान को 61-14 को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की है। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने सिल्वर मेडल पक्का कर लिया है। वहीं अब भारतीय टीम फाइनल में चीनी ताइपे या ईरान से भिड़ेगी।

वहीं मुकाबले की बात करें तो, भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पाकिस्तान के डिफेंडर्स ने पहले कप्तान पवन सेहरावत और फिर असलम इनामदार को टैकल किया। जिसके बाद रेडिंग में उन्होंने विशाल और नितेश को आउट करके भारतीय टीम को बैकफुट पर भेज दिया। नवीन ने अपनी 4 रेड में 6 प्वॉइंट्स हासिल करते हुए भारतीय टीम को लीड दिलाई। सातवें मिनट में नवीन ने पाकिस्तान के बचे हुए दोनों डिफेंडर्स को आउट करते हुए उन्हें ऑल आउट कर दिया। इसी के साथ भारत की लीड 11-4 की हो गई। पवन सेहरावत ने भी 9वें मिनट में अपना खाता खोला और इसके बाद एक सुपर रेड की और अपनी अगली रेड में एक पॉइंट हासिल करते हुए पाकिस्तान के ऊपर दबाव डाला। असलम ने 12वें मिनट में अपना पहला पॉइंट हासिल किया और इसी के साथ पाकिस्तान की टीम दूसरी बार ऑल आउट हो गई।

इसके बाद भारत ने पकड़ को बिल्कुल भी कमजोर नहीं होने दिया और पाकिस्तान को कोई मौका नहीं दिया। नवीन ने इस बीच अपना सुपर 10 भी पूरा किया और भारत की वापसी में उनका अहम योगदान था। 18वें मिनट में भारत ने तीसरी बार पाकिस्तान को लोना दिया और लगभग उन्हें मैच से बाहर कर दिया।

दूसरे हाफ में सचिन ने अपनी पहली रेड में ही टच पॉइंट हासिल किया। लेकिन वो अपनी अगली ही रेड में आउट हो गए। असलम इनामदार ने इस बीच लगातार अपनी रेडिंग में पॉइंट्स हासिल किए। सचिन तंवर तीन की डिफेंस में रेड करने गए, लेकिन वो यहां पर सुपर टैकल हो गए और पाकिस्तान को दो पॉइंट्स मिले। दूसरेहाफ में असलम इनामदार ने शानदार किया और पाकिस्तान के डिफेंस को सेटल नहीं होने दिया। भारतीय टीम एक बार फिर पाकिस्तान टीम को ऑल आउट करने के करीब आ गई और आखिरकार सचिन को भी रेड में पॉइंट मिला। कुल मिलाकर इस मैच में भारत ने पाकिस्तानी टीम को 6 बार ऑल आउट किया। आखिर में आसानी के साथ भारत ने इस मुकाबले को जीत लिया।

# सेमीफाइनल में हारे प्रणय, कांस्य पदक मिला

भारत के स्टार खिलाड़ी एचएस प्रणय को गलतियों का खामियाजा भुगतना पड़ा और शुक्रवार को यहां गत ऑल इंग्लैंड चैंपियन चीन के ली शीफेंग के खिलाफ पुरुष एकल सेमीफाइनल में सीधे गेम में हार के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। कमर में हल्की चोट के साथ खेल रहे दुनिया के सातवें नंबर के भारतीय खिलाड़ी को काफी सहज गलतियां करने के कारण दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी ली के खिलाफ 51 मिनट में 16-21, 9-21 से हार झेलनी पड़ी।

नयी दिल्ली 1982 में सैयद मोदी के कांस्य पदक के बाद पुरुष एकल में यह भारत का 41 साल बाद पहला पदक है। प्रणय पिछले हफ्ते रजत पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष टीम का भी हिस्सा थे। तिरुवनंतपुरम के 31 साल के प्रणय ने चीन के खिलाड़ी को शुरुआत में अच्छी टक्कर दी। काफी गलतियां करने के कारण पहले गेम के बीच में हालांकि वह पिछड़ गए। उन्होंने अंक जुटाने के प्रयास में कई शॉट बाहर मारे। प्रणय ने 3-1 की बढ़त बनाई लेकिन ली ने 5-5 पर स्कोर बराबर कर दिया। भारतीय खिलाड़ी ने स्मैश के साथ स्कोर 8-5 किया



लेकिन चीन का खिलाड़ी उनकी गलतियों का फायदा उठाकर 10-10 पर बराबरी हासिल करने में सफल रहा। ब्रेक के समय प्रणय ने 11-10 की मामूली बढ़त बना रखी थी। प्रणय ने स्कोर 13-11 किया लेकिन इसके बाद उनकी गलतियों ने ली को वापसी का मौका दिया। ली ने जल्द ही 17-14 की बढ़त बनाई जिसे उन्होंने 19-15 तक पहुंचाया।

चीन के खिलाड़ी ने नेट पर अंक के साथ चार गेम प्वाइंट हासिल किए और फिर एक और नेट अंक के साथ पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में प्रणय शुरुआत में ही पिछड़ गए। चीन के खिलाड़ी ने 8-4 की बढ़त बनाई और फिर ब्रेक तक 11-6 से आगे था। प्रणय अपनी गलतियों पर अंकुश नहीं लगा पा रहे थे जिससे ली को आसानी से अंक मिल रहे थे। चीन के खिलाड़ी ने 19-9 की बढ़त बनाई। उन्होंने लाइन पर रिटर्न के साथ 11 मैच प्वाइंट हासिल किए और फिर गेम और मैच जीत लिया।

# भारत बांग्लादेश को 9 विकेट से मात देकर फाइनल में पहुंचा, ऋतुराज-तिलक ने खेली तूफानी पारी




एशियन गेम्स के सेमीफाइनल में भारत ने दमदार प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश को 9 विकेट से मात दी। इसके साथ ही भारतीय टीम ने फाइनल में एंट्री कर ली है।

भारत ने एशियन गेम्स के सेमी फाइनल में दमदार प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश को 9 विकेट से मात दी। इसके साथ ही भारतीय टीम ने फाइनल में एंट्री कर ली है। वहीं इस दौरान कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और तिलक वर्मा ने तूफानी पारी खेली। दरअसल, बांग्लादेश को 20 ओवरों में महज 96/9 के स्कोर पर रोकने के बाद भारत ने महज 9.2 ओवर में ही आसान जीत हासिल कर ली।

इस दौरान भारत के लिए तिलक वर्मा ने 55 और ऋतुराज ने 40 रन की नाबाद पारी खेली और दूसरे विकेट की साझेदारी में नाबाद 97 रन जोड़ते हुए भारत को जोरदार जीत दिलाई।

97 रन के लक्ष्य के जवाब में भारत की शुरुआत खराब रही और चौथी ही गेंद पर यशस्वी जायसवाल बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। लेकिन इसके बाद कप्तान ऋतुराज और तिलक ने आतिशी बल्लेबाजी करते हुए महज 50 गेंदों में 97 रन की पार्टनरशिप करते हुए भारत को शानदार जीत दिलाई।

इससे पहले टॉस गंवा कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की टीम भारतीय स्पिनरों के सामने टिक नहीं सकी और 20 ओवरों में महज 96 रन ही बना पाई। बांग्लादेश की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और ये आखिर तक कायम रही। उसके टॉप बल्लेबाजों में से केवल परवेज हुसैन इमॉन 23 रन ही बना पाए।

इस दौरान भारत की तरफ से साई किशोर ने 12 रन देकर 3 जबकि वॉशिंगटन सुंदर ने 15 रन देकर 2 विकेट अपने नाम किए। इसके अलावा अर्शदीप, तिलक वर्मा, रवि विश्नोई और शाहबाज अहमद ने 1-1 विकेट हासिल किया।

# बजरंग पूनिया सेमीफाइनल में हारे, ईरानी पहलवान के सामने नहीं टिक पाए

एशियन गेम्स 2023 में गोल्ड मेडल की सबसे बड़ी उम्मीद में से एक बजरंग पूनिया को सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। हालांकि, बजरंग अभी भी ब्रॉन्ज मेडल जीतने के दावेदार हैं।



हांगझोऊ में जारी एशियन गेम्स 2023 में गोल्ड मेडल की सबसे बड़ी उम्मीद में से एक बजरंग पूनिया को सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। हालांकि, बजरंग अभी भी ब्रॉन्ज मेडल जीतने के दावेदार हैं। उनकी हार के बाद सोशल मीडिया पर कई लोग उन्हें बुरी तरह ट्रोल कर रहे हैं। पिछले एशियाई खेलों के चैंपियन बजरंग इन खेलों में भाग लेने से पहले किसी प्रतिस्पर्धी मुकाबले में हिस्सा नहीं लिया था।

बजरंग फ्री स्टाइल 65 किग्रा सेमीफाइनल में पूर्व वर्ल्ड चैंपियन ईरान के पहलवान अमजद खलीली रहमान से 1-8 से हार गए हैं। इस पूरे मुकाबले के दौरान बजरंग कही से भी लय में नहीं दिखे थे। उनका कोई भी दांव फिट नहीं बैठा। जिसके बाद वो एक के बाद एक करके सभी प्वाइंट गंवाते चले गए। आखिर में उन्हें हार झेलनी पड़ी। बजरंग अब कांस्य पदक के लिए खेलेंगे, जहां उनका सामना जापान के काइकी यामागुची से होगा।

गौरतलब है कि, बजरंग भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने और धरने पर बैठने वाले पहलवानों में शामिल थे, उन्हें ट्रायल के बिना इन खेलों के लिए भारतीय दल में शामिल करने की भी आलोचना हुई थी।

# एशियन गेस 2023: भारतीय महिला कबड्डी टीम ने नेपाल को रौंदा, गोल्ड मेडल के लिए चीनी ताइपे से मुकाबला

भारतीय महिला कबड्डी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में नेपाल को हरा दिया। इसके साथ ही टीम ने एशियन गेम्स फाइनल में जगह बनाते हुए कम से कम एक और सिल्वर पक्का कर दिया है।

शुक्रवार को भारतीय महिला कबड्डी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में नेपाल को हरा दिया। इसके साथ ही टीम ने एशियन गेम्स फाइनल में जगह बनाते हुए कम से कम एक और सिल्वर पक्का कर दिया है। ऋतु नेगी की अगुवाई में भारतीय टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए नेपाल को 61-17 के बड़े अंतर से हराया है।

वहीं हाफ टाइम के समय भारतीय टीम 29-10 से आगे थी। जिसके बाद खेल शुरू होने पर भारत ने शानदार खेल दिखाते हुए 61-17 से जीत दर्ज की। भारतीय रेडर्स ने 9 बोनस अंक जुटाए जबकि डिफेंडर्स ने पांच ऑल आउट किया। भारत को




गोल्ड मेडल मुकाबले में चीनी ताइपे से भिड़ेगा, जिसने उलटफेर करते हुए दूसरे सेमीफाइनल में ईरान को 34-24 से मात दी।

इससे पहले भारतीय महिला टीम ने फाइनल तक पहुंचने के लिए तीन मैचों में जीत हासिल की है। उन्होंने सबसे पहले चीनी ताइपे से 34-34 से टाई खेला। उसके बाद साउथ कोरियाई टीम को 56-23 से हराया। फिर थाईलैंड को 54-22 से मात देकर आखिर में नेपाल को सेमीफाइनल मुकाबले में रौंद दिया। वहीं दूसरी तरफ भारतीय पुरुष कबड्डी टीम सिल्वर मेडल पक्का कर चुकी है और शुक्रवार को सेमीफाइनल में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान टीम से भिड़ेगी।

# टीवी के रियलिटी शो बीग बॉस ने बदल दी इन सितारों की जिंदगी, पहले इंडस्ट्री में कोई पूछता नहीं था, अब चमक चुकी है किस्मत

बिग बॉस 17 शुरू होने से पहले एक नजर उन प्रतियोगियों पर जिन्होंने शो के भावी प्रोजेक्टों में सफलता हासिल की है। शहनाज़ गिल, सुम्बुल तौकीर खान, असीम रियाज़, शिव ठाकरे और अन्य बिग बॉस प्रतियोगी जिन्हें शो के बाद दिलचस्प प्रोजेक्ट मिले।

बिग बॉस शो में आने वाले कई ऐसे सितारें है जो आज काफी ज्यादा मशहूर है। सोशल मीडिया पर एक बहुत बड़ी संख्या है जो उन्हें खूब पसंद करती है। बिग बॉस सीजन 17 नजदीक है और प्रशंसक पहले से ही इसके लिए उत्साहित हैं। होस्ट सलमान खान ने बिग बॉस 17 के टीज़र और प्रोमो से प्रशंसकों को स्क्रीन से बांधे रखा है। बिग बॉस 17 के प्रतियोगियों, थीम और बहुत कुछ के बारे में खबरें सोशल मीडिया पर घूम रही हैं। बिग बॉस 17 शुरू होने से पहले एक नजर उन प्रतियोगियों पर जिन्होंने शो के भावी प्रोजेक्टों में सफलता हासिल की है। शहनाज़ गिल, सुम्बुल तौकीर खान, असीम रियाज़, शिव ठाकरे और अन्य बिग बॉस प्रतियोगी जिन्हें शो के बाद दिलचस्प प्रोजेक्ट मिले।

बिग बॉस 13 फेम शहनाज गिल ने सलमान खान के शो में अपने व्यक्तित्व से दर्शकों को प्रभावित किया। शो से निकलने के बाद वह मुझसे शादी करोगे रियलिटी शो में नजर आई थीं। बाद में वह होन्सला रख फिल्म में नजर आई। शहनाज ने किसी का भाई किसी की जान से बॉलीवुड में डेब्यू किया था और फिलहाल वह थैंक यू फॉर कमिंग में नजर आ रही हैं।

ऐसा लगता है कि टीवी अभिनेत्री प्रियंका चाहर चौधरी को बिग बॉस 16 शो के बाद बंपर जैकपॉट मिला है। अभिनेत्री जल्द ही सलमान खान फिल्म्स प्रोडक्शन के साथ बॉलीवुड में डेब्यू करेंगी। यहां तक कि टीवी क्वीन एकता कपूर ने भी प्रियंका को बाद में मिलने के लिए कहा था।

टीवी एक्ट्रेस हिना खान ने बिग बॉस 11 में हिस्सा लिया था और बाहर निकलने के बाद उन्होंने कान्स फिल्म फेस्टिवल में रेड कार्पेट पर वॉक किया था। वह कसौटी जिंदगी की, नागिन 5, षडयंत्र शो में नजर आ चुकी हैं। हैक्ड, अनलॉक, विशलिस्ट, लाइन्स, कंट्री ऑफ ब्लाइंड और कई फिल्में जिनका हिना हिस्सा रही हैं।

बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही ने बिग बॉस 9 में वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट के तौर पर हिस्सा लिया था। उन्होंने बिग बॉस में अपनी उपस्थिति से दर्शकों के दिमाग पर प्रभाव डाला। अभिनेत्री बाद में बॉलीवुड में डांसिंग सनसनी बन गई और कई फिल्मों का हिस्सा रही हैं।

लोकप्रिय अभिनेता शिव ठाकरे ने बिग बॉस 16 में अपने अभिनय से लाखों दिल जीते। शो से बाहर निकलने के बाद, हैंडसम आदमी ने रोहित शेट्टी के रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 13 में भाग लिया।

मॉडल से अभिनेता बने असीम



रियाज़ ने बिग बॉस 13 में भाग लिया और बाद में उन्हें कई संगीत वीडियो मिले। वह रैपर भी बन गए और अपने गानों से दिल जीत रहे हैं।

इमली अभिनेत्री सुम्बुल तौकीर खान ने सलमान खान के रियलिटी शो बिग बॉस 16 में अपनी मासूमियत से खूब ध्यान खींचा। अभिनेत्री वर्तमान में काव्या - एक जज्बा, एक जुनून में आईएएस काव्या बंसल की भूमिका निभाती नजर आ रही हैं।

गायक राहुल वैद्य ने बिग बॉस 11 में रूबीना दिलैक के साथ अपने झगड़े से ध्यान खींचा। गायक को बाद में कुछ संगीत वीडियो में देखा गया और खतरों के खिलाड़ी में भी भाग लिया।

टीवी एक्टर अली गोनी ने अपनी दोस्त जैस्मीन भसीन को सपोर्ट करने के लिए बिग बॉस 14 में हिस्सा लिया था। अभिनेता विभिन्न संगीत वीडियो में काफी व्यस्त हैं।

# अक्षय कुमार की फिल्म की जबरदस्त कलाकारों की कास्ट ने जीता ऑडियंस का दिल

अक्षय कुमार की रेस्क्यू थ्रिलर फिल्म मिशन रानीगंज ग्रेट भारत रेस्क्यू, ने सिनेफाइल्स को उत्साहित कर दिया है।हर जगह फिल्म की तारीफ हो रही है और फिल्म को अक्षय कुमार के करियर की बेस्ट फिल्म का दर्जा दिया जा रहा है। मिशन रानीगंज ट्विटर समीक्षा फिल्म में अक्षय कुमार और परिणीति चोपड़ा मुख्य भूमिका में हैं, और यह केसरी के बाद उनका दूसरा उद्यम है। यह फिल्म 6 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और टीनू सुरेश देसाई द्वारा निर्देशित है। मिशन रानीगंज 1989 की रानीगंज कोयला खदान घटना से प्रेरित है, जिसमें क्षेत्र में अचानक विस्फोट के कारण कई कोयला खदान श्रमिक पानी से भरी खदान के अंदर फंस गए थे। यह फिल्म एक कोयला खदान अधिकारी, जसवन्त सिंह गिल के वीरतापूर्ण कार्यों के इर्द-गिर्द घूमती है, जिन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर अपनी टीम को बचाया, केवल छह दुर्भाग्यपूर्ण मौतों के साथ।



अक्षय कुमार की रेस्क्यू थ्रिलर फिल्म मिशन रानीगंज द ग्रेट भारत रेस्क्यू, ने सिनेफाइल्स को उत्साहित कर दिया है। हर जगह फिल्म की तारीफ हो रही है और फिल्म को अक्षय कुमार के करियर की बेस्ट फिल्म का दर्जा दिया जा रहा है। यह फ़िल्म नवम्बर 1989 में रानीगंज कोयले खदान के वास्तविक और प्रशंसा योग्य घटनाओं पर आधारित है, जो दिल को छू लेने वाली थीं। इसकी कहानी रियल लाइफ हीरो जसवंत गिल की ज़िन्दगी पर आधारित है जिन्होंने बाढ़ ग्रसित कोयले खदान में फंसे 65 खनिकों को बहार निकालकर उनकी जान बचाई थी। यह एक दिल छू लेने वाली कहानी है, जब लगभग सभी लोग अपने जीवन बचाने की आशा छोड़ चुके थे, ऐसे में गिल और उनकी टीम ने साहस और बहादुरी दिखाई थी कि वे उन खदान के कामगारों को बचा सके। यह रेस्क्यू मिशन तीन दिन तक चला था और इन तीन दिनों में गिल और उनकी टीम ने कई मुश्किलों का सामना किया था परन्तु उन्होंने हार नहीं मानी और अंत में वे अपने मिशन में सफल हुए थे। इस रेस्क्यू मिशन को देश के सबसे महत्वपूर्ण अभियानों में से एक का दर्जा दिया गया है। फिल्म सिनेमाघर में देखने के लिए पूरी तरह से उपयुक्त है। फ़िल्म की कहानी प्रेरणादायक है।

# 90 के दशक की विवादित एक्ट्रेस ममता कुलकर्णी बिग बॉस 17 से करेंगी वापसी?



90 के दशक की विवादास्पद अभिनेत्री ममता कुलकर्णी बिग बॉस 17 में दिखाई दे सकती हैं। ममता ने 2003 में अभिनय छोड़ दिया और योगिनी बन गई। बिग बॉस 15 अक्टूबर को 17वें सीज़न के प्रीमियर के साथ वापसी के लिए तैयार है। इस शो में सुपरस्टार सलमान खान की मेजबान के रूप में वापसी भी होगी। इस साल की प्रतियोगियों की सूची के लिए कई नाम चर्चा में हैं, हालांकि, अभी तक कुछ भी पुष्टि नहीं हुई है। ऐसा ही एक नाम है 90 के दशक की विवादित एक्ट्रेस ममता कुलकर्णी का। कहा जा रहा है कि वह बिग बॉस 17 में बतौर कंटेस्टेंट शामिल होंगी। हालाँकि, प्रतियोगियों के अंतिम नामों का खुलासा प्रीमियर के दिन किया जाएगा। बिग बॉस लगभग सभी सीज़न में विवादास्पद प्रतियोगियों को शामिल करने के लिए प्रसिद्ध है। मोनिका बेदी, पूजा भट्ट, तनीषा मुखर्जी, शमिता शेट्टी, रिमी सेन और मिनिषा लांबा जैसे बॉलीवुड इंडस्ट्री के नामों के बाद इस सीजन बिग बॉस के शो में एक और विवादास्पद अभिनेत्री हो सकती है। मेकर्स ने बिग बॉस 17 में आने के लिए ममता कुलकर्णी को अप्रोच किया है। ममता 90 के दशक की लोकप्रिय लेकिन बेहद विवादास्पद अभिनेत्री थीं। मैगजीन में टॉपलेस पोज देने से लेकर उनके बोल्ड बयानों और विवादित निजी जिंदगी तक, एक्ट्रेस के साथ विवाद हमेशा जुड़ा रहा है।

# ईडी उधेड़ रही सट्टेबाजी ऐप के तार, मुसीबत में फंसता जा रहा बॉलीवुड?

महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले की जांच लगातार जोरो पर है। मामले की जांच का केंद्र बॉलीवुड है। रणबीर कपूर, श्रद्धा कपूर, हुमा कुरेशी, कपिल शर्मा समेत कई सेलेब्स को जांच में शामिल होने के लिए कहा गया है।

महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले की जांच लगातार जोरो पर है। मामले की जांच का केंद्र बॉलीवुड है। रणबीर कपूर, श्रद्धा कपूर, हुमा कुरेशी, कपिल शर्मा समेत कई सेलेब्स को जांच में शामिल होने के लिए कहा गया है। इसके अलावा महादेव सट्टेबाजी ऐप के संचालक की शादी भी काफी ज्यादा सुर्खियों में हैं। एप के मालिक ने अपनी शादी में 200 से ज्यादा करोड़ रुपेय खर्च किए थे। इस शादी में बॉलीवुड की कई बड़ी हस्तियां शामिल हुई थी। इसके अलावा कई बॉलीवुड हस्तियों ने इस ऐप का खूब प्रचार किया है। जांच अधिकारियों के अनुसार, महादेव ऑनलाइन बुक नामक गेमिंग ऐप पोकर, कार्ड गेम, चांस गेम और क्रिकेट, टेनिस और फुटबॉल जैसे अवैध सट्टेबाजी गेम के लिए एक मंच प्रदान करता है। लोग देश में चुनावों पर भी सट्टा लगा सकते हैं। यह लोगों को तीन पत्ती, पोकर, ड्रैगन टाइगर और वर्चुअल क्रिकेट जैसे गेम खेलने की भी अनुमति देता है।

महादेव ऑनलाइन बुक पोकर, कार्ड गेम, चांस गेम और क्रिकेट, टेनिस और फुटबॉल जैसे अवैध सट्टेबाजी गेम के लिए एक मंच प्रदान करता है। एनडीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, ऐप चलाने वाले, जिन्हें पैनल मालिक कहा जाता है, 200 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाते हैं। वे वेबसाइटों पर महादेव ऑनलाइन बुक के संपर्क नंबर का विज्ञापन करते हैं, और लोगों को लाभ कमाने के लिए गेम खेलने का लालच देते हैं। एक बार जब लोग विज्ञापन पर क्लिक करते हैं, तो उनसे विशिष्ट व्हाट्सएप नंबरों पर संपर्क करने का अनुरोध किया जाता है। ईडी के एक सूत्र ने बताया एक बार जब कोई उपयोगकर्ता इस नंबर पर संपर्क करेगा, तो उसे दो अलग-अलग नंबर प्रदान किए जाएंगे। एक दांव लगाने के लिए उपयोग की जाने वाली उपयोगकर्ता आईडी में पैसे जमा करने और अंक एकत्र करने के लिए है। दूसरा, निर्दिष्ट आईडी में संचित अंकों को भुनाने के लिए वेबसाइट से संपर्क करना है।

पैनल के मालिक धन एकत्र करते हैं, उपयोगकर्ता आईडी बनाते हैं, आईडी क्रेडेंशियल वितरित करते हैं, और अर्जित धन वितरित करते हैं। खिलाड़ियों को बेनामी खातों में पैसा जमा करना होता है, जिसे ऑनलाइन साझा किया जाता है जिसके बाद उन्हें प्रधान कार्यालय द्वारा पैनल सौंपा जाता है, जो दुबई में स्थित है। भुगतान बेनामी खातों से भी किया जाता है, जो धोखाधड़ी से खोले जाते हैं। कथित तौर पर सभी गेम फिक्स हैं ताकि मालिकों को नुकसान न हो। अधिकारियों ने अपनी जांच में पाया कि जहां उपयोगकर्ताओं ने शुरुआती लाभ



कमाया, वहीं लंबे समय में उन्हें भारी नुकसान होने लगा। ईडी के अधिकारियों ने कहा है कि 28 वर्षीय सौरभ चंद्राकर और 43 वर्षीय रवि उप्पल महादेव ऑनलाइन बुक के मुख्य प्रमोटर हैं। छत्तीसगढ़ के भिलाई के रहने वाले दोनों दुबई में रहते हैं जहां से वे कथित तौर पर प्लेटफॉर्म का संचालन करते हैं।

फरवरी में सौरभ चंद्राकर की शादी ने ईडी का ध्यान खींचा। सट्टेबाजी ऐप के सरगना ने कथित तौर पर अपनी शादी पर 200 करोड़ रुपये खर्च किए, जिसमें से 100 करोड़ रुपये नकद में खर्च किए गए। यह बताया गया है कि फरवरी में चंद्राकर की 200 करोड़ रुपये की शादी ने ईडी का ध्यान आकर्षित किया था। सट्टेबाजी ऐप के प्रमोटर ने रास अल-खैमा में शादी रचाई और आयोजन के लिए कोई खर्च नहीं किया। उन्होंने इस असाधारण कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए मुंबई स्थित एक इवेंट कंपनी को काम पर रखा और यहां तक कि अपने परिवार के सदस्यों को निजी जेट में उड़ाया। इसके अलावा, इस कार्यक्रम में टाइगर श्रॉफ, सनी लियोन, भाग्यश्री, विशाल ददलानी, आतिफ असलम, नेहा कक्कड़, अली असगर, भारती सिंह, भाग्यश्री, पुलकित सम्राट, एली अवराम और राहत फतेह अली खान जैसी मशहूर हस्तियों को बुलाया गया था। ईडी का कहना है कि खर्च किए गए 200 करोड़ रुपये में से 100 करोड़ रुपये मलाड स्थित कंपनी को गए और यह सब नकद में भुगतान किया गया था, इसी तरह उन्हें इसके बारे में सतर्क किया गया था। ईडी ने अपने 15 सितंबर के बयान में कहा था ÷फरवरी 2023 में, सौरभ चंद्राकर ने आरएके, यूएई में शादी की और इस विवाह समारोह के लिए महादेव ऐप के प्रमोटरों ने लगभग 200 करोड़ रुपये नकद खर्च किए। एजेंसी ने कहा परिवार के सदस्यों को नागपुर से संयुक्त अरब अमीरात तक ले जाने के लिए निजी जेट किराए पर लिए गए थे। शादी में परफॉर्म करने के लिए मशहूर हस्तियों को काम पर रखा गया था। वेडिंग प्लानर, डांसर, डेकोरेटर आदि को मुंबई से काम पर रखा गया था और नकद भुगतान करने के लिए हवाला चैनलों का इस्तेमाल किया गया था।

महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले में अभिनेता रणबीर कपूर को ईडी ने समन भेजा है। उन्होंने कथित तौर पर ऐप का समर्थन किया। ईडी अधिकारियों ने कहा है कि रणबीर ने सट्टेबाजी मंच का समर्थन किया था और कथित तौर पर घोटाले के माध्यम से संग्रह से आए पैसे से उन्हें इसके लिए भुगतान किया गया था। रिपोर्टों के अनुसार, ब्रह्मास्त्र अभिनेता को सबसे अधिक भुगतान पाने वाले सेलेब्स में से एक कहा जाता है, जिन्हें ऐप प्रमोटरों द्वारा भुगतान किया जाता था। यहां तक कि सोशल मीडिया विज्ञापनों और महादेव ऐप के विज्ञापनों में भी उन्हें दिखाया गया है। गुरुवार (6 अक्टूबर) को, अधिकारियों ने अपनी जांच का दायरा बढ़ाया और ऐप के प्रमोटरों द्वारा कथित तौर पर उन्हें किए गए भुगतान के तरीके और प्रवाह के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए कपिल शर्मा और हुमा कुरैशी और हिना खान को अलग-अलग तारीखों पर बुलाया। मामले में ईडी ने अभिनेत्री हुमा कुरेशी, कपिल शर्मा और हिना खान को भी तलब किया है। ऐप में उनकी भागीदारी के बारे में जानकारी देने के लिए उन्हें अलग-अलग दिनों में बुलाया गया है। तू झूठी मैं मक्कार में रणबीर की सह-अभिनेत्री श्रद्धा कपूर को भी कथित तौर पर ऐप का प्रचार करने के बाद ईडी अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। अधिकारियों का मानना है कि उसे भी बेनामी और हवाला माध्यम से भुगतान किया गया था। इन सेलेब्स के अलावा, ईडी की नजर उनमें से 14 अन्य लोगों के साथ-साथ 100 अन्य प्रभावशाली लोगों पर भी है, जो फरवरी में चंद्राकर की शादी में शामिल हुए थे। ईडी ने स्पष्ट किया है कि इस मामले में सेलेब्स को आरोपी के रूप में नहीं बुलाया जा रहा है, बल्कि यह समझने के लिए बुलाया जा रहा है कि ऐप ने कैसे काम किया और करोड़ों रुपये कमाए और अवैध तरीकों से पैसा लगाया। अधिकारियों ने रायपुर, भोपाल, मुंबई और कोलकाता में अब तक 39 स्थानों पर तलाशी ली है और 417 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति जब्त की है। यह देखना बाकी है कि सेलिब्रिटीज अधिकारियों को ऐप के बारे में क्या बताते हैं, लेकिन अब तक की जांच से यह स्पष्ट हो गया है कि ऑपरेशन का पैमाना पूरे भारत में है। जैसा कि ईडी के एक सूत्र ने द प्रिंट को बताया, पैमाना बहुत बड़ा है। हम अभी भी यह पहचान नहीं कर पाए हैं कि अब तक कितना पैसा कमाया और उड़ाया गया है।

# महंगाई से करोड़ों परिवार परेशानी का सामना कर रहे हैं

## आरबीआई की बैठक के बाद कांग्रेस का सरकार पर हमला

**उपभोक्ता**

**47 महीनों से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आरबीआई के अपने मध्यम अवधि के लक्ष्य 4 फीसदी से काफी ऊपर बना हुआ है: पूर्व केंद्रीय मंत्री**



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शुक्रवार (6 अक्टूबर) को केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा। सरकार पर निशाना साधते हुए कांग्रेस ने कहा कि मुद्रास्फीति पर चिंताएं गंभीर बनी हुई हैं। साथ ही पार्टी ने दावा किया कि आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी से करोड़ों परिवारों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने मोदी सरकार पर ताजा हमला भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को लगातार चौथी बार नीतिगत दर को अपरिवर्तित रखने के फैसला के बाद किया है। रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा,आरबीआई ने रेपो दर-वाणिज्यिक बैंकों द्वारा उससे उधार लेने पर ली जाने वाली ब्याज दर को 6.5 फीसदी पर बनाए रखा है। इसका सीधा सा मतलब है कि मुद्रास्फीति को लेकर चिंताएं गंभीर बनी हुई हैं।

पूर्व केंद्रीय मंत्री रमेश ने कहा, 47 महीनों से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आरबीआई के अपने मध्यम अवधि के लक्ष्य 4 फीसदी से काफी ऊपर बना हुआ है। अगस्त 2023 में सीपीआई 6.83 फीसदी थी।÷ उन्होंने कहा कि यह निश्चित रूप से आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में बेरोकटोक बढ़ोतरी से करोड़ों परिवारों को होने वाली वास्तविक कठिनाइयों को छुपाता है।

शुक्रवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि रेपो रेट को 6.5 फीसदी पर रखने का फैसला किया है। आरबीआई एमपीसी की बैठक में प्रमुख ब्याज दर यानी रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं करने का फैसला लिया गया है।

सरकार ने आरबीआई को सीपीआई मुद्रास्फीति को दोनों तरफ दो प्रतिशत के मार्जिन के साथ चार प्रतिशत पर रखने का आदेश दिया है। वहीं, कांग्रेस अर्थव्यवस्था को संभालने के तरीके को लेकर केंद्र सरकार पर हमला कर रही है और बढ़ती बेरोजगारी और घरेलू कीमतों में वृद्धि पर चिंता जता रही है।

## प्रधानमंत्री कांग्रेस की आलोचना करें, लेकिन उन्हें गरीबों का अधिकार नहीं छीनना चाहिए: खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार (6 अक्टूबर) को कहा कि गांवों में लोग मनरेगा के तहत काम की तलाश में दर-दर भटकने को मजबूर हैं, लेकिन प्रधानमंत्री कांग्रेस की आलोचना करके चुनावी राज्यों में अपनी कमियों को छिपा रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे की यह टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परीक्षा पेपर लीक, भ्रष्टाचार और कानून-व्यवस्था को लेकर राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार की आलोचना करने के एक दिन बाद आई है। पीएम ने कहा था कि कांग्रेस को राजस्थान के लोगों की नहीं, केवल अपने वोट बैंक की परवाह है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री जितना चाहें कांग्रेस की आलोचना कर सकते हैं, लेकिन उन्हें गरीबों का अधिकार नहीं छीनना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि घटती आय और बढ़ती महंगाई की वजह से गरीब रोजगार के अवसरों की तलाश में दर-दर भटकने को मजबूर हैं, जबकि मनरेगा की मांग बढ़ गई है और इसका बजट भी काफी कम हो गया है।

खरगे ने एक्स पर लिखा, ÷ग्रामीण भारत में आर्थिक संकट इतना गहरा है कि सितंबर में मनरेगा की डिमांड 4 वर्षों में 30 फीसदी बढ़ गई है। प्रधानमंत्री जी, इस बारे में कुछ करने के बजाय अपनी विकराल विफलताओं को भाषण तले छिपाने के लिए, चुनावी राज्यों में कांग्रेस को कोस रहें हैं। उन्होंने पोस्ट में आगे लिखा, ÷बेतहाशा घटती घरेलू आमदनी और महंगाई की मार से करोड़ों लोग मनरेगा में काम की तलाश में दर-दर भटकने को मजबूर हैं। हालत ये है कि मनरेगा के बजट का केवल 4 फीसदी फंड ही बचा है। देश को याद है कि बजट 2023 में मोदी सरकार ने मनरेगा के बजट में 33 फीसदी कटौती की थी, जिसका परिणाम गरीब परिवार भुगत रहें हैं, विपक्ष शासित राज्यों का फंड भी बकाया है।

## सुप्रीम कोर्ट बिलकिस बानो मामले में सोमवार को सुनेगा दलीलें दोषियों की समयपूर्व रिहाई को सुप्रीम कोर्ट में दी गई चुनौती



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि 2002 में गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस बानो से सामूहिक दुष्कर्म और उसके परिवार के सात लोगों की हत्या के मामले में 11 दोषियों की समयपूर्व रिहाई को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर वह नौ अक्टूबर को दलीलों पर सुनवाई करेगा। जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने बिलकिस बानो समेत याचिकाकर्ताओं के वकीलों से कहा कि वे अपने संक्षिप्त लिखित प्रत्युत्तर दाखिल कर दें। मामले में पेश एक वकील ने कहा कि दोषियों की ओर से दलीलें पूरी हो चुकी हैं और अब मामले में याचिकाकर्ताओं के वकीलों की ओर से जवाबी दलीलें सुनने के लिए मामला तय किया गया है। पीठ ने वकील से कहा, हम आपके कहने पर पूरे मामले को दोबारा नहीं खोलना चाहते।% न्यायाधीशों ने कहा, बेहतर होगा कि याचिकाकर्ताओं के वकील अपने प्रत्युत्तर का एक संक्षिप्त नोट दाखिल करें। पीठ ने कहा, मामले को नौ अक्टूबर को दोपहर दो बजे सूचीबद्ध करें। इस बीच याचिकाकर्ताओं के वकील अपनी संक्षिप्त लिखित दलीलें दाखिल करेंगे। इस मामले में बिलकिस बानो के अलावा कई जनहित याचिकाएं भी दाखिल हुई हैं। इन याचिकाकर्ताओं में माकपा नेता सुभाषिनी अली, स्वतंत्र पत्रकार रेवती लाल, लखनऊ विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति रूप रेखा वर्मा और तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा शामिल हैं।

## सड़क दुर्घटनाओं पर परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने जताई चिंता, बस बॉडी के निर्माण के लिए मानकों को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भारत के पास दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क तो है लेकिन देश में सड़क दुर्घटना चिंता कारण बनी हुई है। वहीं केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ट्वीट किया, ÷बस दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या के मद्देनजर, भारत में बस बॉडी निर्माण की गुणवत्ता बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता है। मैंने अब बस बॉडी के निर्माण के लिए मानकों को मंजूरी दे दी है। जो ओईएम और बस बॉडी बिल्डरों दोनों पर समान रूप से लागू होगा।

## कर्नाटक में हफ्तेभर में चोरी हो गया 10 लाख की लागत से बना बस स्टैंड, अब दर्ज हुआ केस

**डिजिटल।** कर्नाटक में बस स्टैंड गायब हो गया है, सुनने में अटपटा लगे, लेकिन ये सच है। बस स्टैंड की चोरी का अजीबोगरीब मामला राजधानी बेंगलुरु का है। राज्य की पुलिस बस स्टैंड की चोरी के मामले की जांच कर रही है। वहीं, अब इसको लेकर राज्य के मंत्री का बयान भी सामने आया है।



कर्नाटक के परिवहन मंत्री रामालिंगा रेड्डी ने बैंगलोर मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (बीएमटीसी) किसी भी बस स्टॉप का निर्माण नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि अब ब्रुहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) निर्माण करेगा। मैं कमिश्नर से बात करूंगा और देखूंगा कि वहां नया बस स्टॉप हो। बता दें कि बस स्टैंड की चोरी का ये मामला बेंगलुरु के कनिंघम रोड का है। बताया जा रहा है कि हफ्ता भर पहले ही यहां 10 लाख रुपये की लागत से बस स्टैंड का निर्माण कराया गया था। अब वहां बस शेल्टर नहीं है। ये स्टील ढांचे समेत चोरी हो गया है। करीब एक हफ्ते के बाद बस स्टैंड की चोरी का मामला उजागर हुआ।

# जाति आधारित जनगणना को लेकर भ्रम पैदा कर रही भाजपा, मंत्री श्रवण कुमार ने बोला तीखा हमला

**जनगणना**

**जब से बिहार में जातीय आधारित जनगणना प्रारंभ हुई है तबसे भाजपा के बड़े नेता से लेकर छोटे नेता तक बेचैन हैं।**



**जमुई।** बिहार में जातीय जनगणना को लेकर भाजपा के दिल के अंदर बात कुछ और है बाहर दूसरी बात कर रहे हैं। जब से बिहार में जातीय आधारित जनगणना प्रारंभ हुई है तबसे भाजपा के बड़े नेता से लेकर छोटे नेता तक बेचैन हैं।और जब यह प्रकाशित हो गई तब तो बेचैनी और बढ़ गई है। भाजपा तरह-तरह की बातें बोलकर जनता में भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रही है। यह बातें बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार ने स्थानीय परिसदन में पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि भाजपा के अंदर किस बात की बेचैनी है यह समझ में नहीं आता, जब जातीय जनगणना को लेकर निर्णय लेने की बात हो रही थी तो उस बैठक में भाजपा भी शामिल थी और जब केंद्र से जनगणना कराने की बात कही गई तो जवाब मिला कि केंद्र जनगणना नहीं करा सकती, राज्य सरकार कराए। उन्होंने कहा कि भाजपा पहले तो इस पर रोक लगाने को लेकर हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक गई, लेकिन वहां दाल नहीं गली तो अब भ्रम पैदा करने की कोशिश में लगी है। श्रवण कुमार ने कहा कि भाजपा देश के गरीब की आर्थिक स्थिति को सामने आने नहीं देना चाहती। उन्होंने कहा कि जो लोग गरीब के हित की रक्षा चाहते हैं वो जनगणना का विरोध नहीं कर रहे और न ही करेंगे। जदयू विधायक गोपाल मंडल द्वारा भागलपुर अस्पताल में हाथ में पिस्टल लहराने या फिर पटना में पत्रकारों से बदतमीजी से पेश आने के सवाल पर श्रवण कुमार ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने जेडीयू विधायक गोपाल मंडल के इस कृत्य को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। कहा कि अगर सामाजिक और राजनीतिक जीवन में काम करने वाला कोई भी व्यक्ति चाहे वो विधायक हो या सांसद हो या साधारण कार्यकर्ता ही क्यों न हो, उसे इस तरह का कृत्य नहीं करना चाहिए। उन्होंने गोपाल मंडल के कारनामे को बहुत ही दुखद बताया और कहा कि राजनीतिक और सार्वजनिक जीवन में इस तरह के लोग नहीं होने चाहिए। मंत्री ने जमुई सांसद चिराग पासवान द्वारा जातीय जनगणना का विरोध करने के सवाल पर कहा कि चिराग पासवान जमुई लोकसभा में ही घर-घर जाकर जातीय जनगणना खुद कर लें तब पता चल जाएगा कि जातीय जनगणना सही है या गलत। उन्होंने कहा कि ऐसे भी जमुई की जनता चिराग पासवान को चिराग लेकर खोज रही है।

उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में जो चिराग अभी भभक रहा है वो बुझ जाएगा।

## राज्य सरकार ने शुरू की मुख्यमंत्री नाश्ता योजना, 27 हजार सरकारी स्कूलों में लागू होगी स्कीम

**हैदराबाद।** तेलंगाना ने शुक्रवार को स्कूली बच्चों के लिए मुख्यमंत्री नाश्ता योजना की शुरुआत कर दी है। इसका उद्देश्य है कि लगभग 23 लाख सरकारी स्कूल के छात्रों को खाना मिल सके। केटी रामा राव सहित तेलंगाना के मंत्रियों ने विभिन्न स्थानों पर योजना की औपचारिक शुरुआत की। योजना के लॉन्च के बाद रामा राव ने कहा कि यह योजना राज्य भर के 27,147 सरकारी स्कूलों में लागू की जाएगी। रामा राव ने कहा, ÷नाश्ता बहुत पौष्टिक है। स्वाद भी बहुत अच्छा है।÷ उन्होंने कहा कि मेनू में इडली-सांबर, गेहूं रवा उपमा, पूरी-आलू कोरमा, टमाटर सूप, खिचड़ी, बाजरा इडली और पोंगल समेत अन्य चीजें शामिल हैं। रामा राव ने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि भोजन की गुणवत्ता बनी रहे और गुणवत्ता का बार-बार और नियमित रूप से परीक्षण करने के लिए यादृच्छिक नमूने इकट्ठा किए जाएं। तमिलनाडु में इसी तरह की एक योजना कक्षा ढ्ढ से ङ्क तक के स्कूली बच्चों के लिए लागू की जा रही है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव चाहते थे कि इसे कक्षा 10 तक के छात्रों के लिए लागू किया जाए। राज्य सरकार ने पहले 24 अक्टूबर यानी विजयादशमी के दिन से कक्षा 1 से 10 तक पढ़ने वाले स्कूली बच्चों के लिए योजना शुरू करने की योजना बनाई थी। हालांकि, योजना को पहले ही लागू कर दिया गया। एक सरकारी आदेश में पहले कहा गया था कि यह योजना सभी कार्य दिवसों पर सरकारी और स्थानीय निकायों के स्कूलों में पढ़ने वाले सभी छात्रों पर लागू है।



## प्रतिबंधित लोडेड हथियार रखने के आरोप में आठ सिख गिरफ्तार, पुलिस ने सभी को कोर्ट में किया पेश

**सूचना**

**पील रीजनल पुलिस के मुताबिक, 2 अक्टूबर की रात को उसे ब्रैम्पटन के डोनाल्ड स्टीवर्ट रोड और ब्रिस्डेल ड्राइव इलाके में गोलीबारी की सूचना मिली।**



**टोरंटो।** कनाडाई पुलिस ने ओंटारियो प्रांत के ब्रैम्पटन शहर में लोडेड और प्रतिबंधित आग्नेयास्त्र रखने के मामले में 19 से 26 वर्ष की आयु के लगभग आठ सिख युवाओं को गिरफ्तार किया गया है। पील रीजनल पुलिस के मुताबिक, 2 अक्टूबर की रात को उसे ब्रैम्पटन के डोनाल्ड स्टीवर्ट रोड और ब्रिस्डेल ड्राइव इलाके में गोलीबारी की सूचना मिली। पील क्षेत्रीय पुलिस की एक प्रेस विज्ञप्ति में बुधवार को कहा गया, टैक्टिकल यूनिट की सहायता से, आठ व्यक्तियों को आवास से निकाला गया और उन्हें गिरफ्तार किया गया। हालांकि, पुलिस ने पुष्टि की कि किसी को चोट नहीं आई है। मालूम हो कि यह गिरफ्तारी 18 जून को ब्रिटिश कोलंबिया में खालिस्तानी चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा के बीच बढ़ते तनाव के बीच हुई है। घटना के एक दिन बाद, आपराधिक जांच ब्यूरो के अधिकारियों ने एक आपराधिक कोड सर्च वारंट जारी किया और एक 9 मिमी बेरेटा बंदूक जब्त कर ली गई। 19 से 26 वर्ष की आयु के आठ लोग हुए गिरफ्तार

जिन लोगों पर भरी हुई प्रतिबंधित बंदूक रखने का आरोप है, उनमें जगदीप सिंह (22), एकमजोत रंधावा (19), मनजिंदर सिंह (26), हरप्रीत सिंह (23), रिपनजोत सिंह (22), जापानदीप सिंह (22), लवप्रीत सिंह (26) शामिल है, यह सभी ब्रैम्पटन के निवासी हैं। इस बीच, 21 वर्षीय राजनप्रीत सिंह पर लोडेड और प्रतिबंधित बंदूक रखने के अलावा आग्नेयास्त्र, हथियार, प्रतिबंधित उपकरण या गोला-बारूद के लापरवाही से भंडारण का आरोप लगाया गया है। उन सभी को जमानत की सुनवाई के लिए रखा गया था और वे ब्रैम्पटन में ओंटारियो कोर्ट ऑफ जस्टिस में उपस्थित हुए थे।

## तिरंगे का सम्मान बचाने खालिस्तान समर्थकों के सामने डटा भारतीय छात्र




**लंदन।** लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग के सामने सोमवार को हुए प्रदर्शन के दौरान तिरंगे की रक्षा के लिए भारतीय छात्र सत्यम सुराणा खालिस्तान समर्थकों के सामने जा पहुंचा। इस संबंध में उसका एक वीडियो भी वायरल हुआ है। सत्यम का कहना है कि मेरे अंतरात्मा ने ऐसा करने के लिए मुझसे कहा। लंदन स्कूल ऑफ इकोनामिक्स के छात्र सत्यम का कहना है कि मैंने देखा कि भारतीय राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया जा रहा था। मैं महिला पुलिसकर्मी के पीछे जा पहुंचा। वह जानबूझकर झंडे पर पैर रख रही थी। मैंने वहां से तुरंत झंडा उठाया और हट गया। भारतीय ध्वज का अपमान देखकर मैं स्तब्ध रह गया कि आखिर ऐसा कैसे हो सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारियों में से एक ने उच्चायोग के सामने खड़े होकर भारत विरोधी भाषण दिया और भारतीय ध्वज को जमीन पर फेंक दिया। वह घटनास्थल के पास ही खड़े थे। उन्होंने सड़क से ध्वज उठा लिया। ऐसा करने से कुछ खालिस्तान समर्थक उनपर भड़क गए, लेकिन वह घबराए नहीं। घटनास्थल पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने स्थिति को शांत करने और सत्यम की सुरक्षा के लिए उन्हें सुरक्षित वहां से निकाल दिया। सत्यम ने कहा कि उसके माता-पिता सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं, लेकिन उन्होंने जो किया उससे वे खुश हैं।

## 13 बार जेल, 31 साल कैद, अभी भी सलाखों के पीछे बंद नरगिस मोहम्मदी को नोबेल शांति पुरस्कार

**ओस्लो।** ईरान में महिलाओं के दमन के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करने वाली मानवाधिकार कार्यकर्ता न?रगिस मोहम्?मदी को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। नरगिस मोहम्मदी हमेशा महिलाओं के अधिकार, लोकतंत्र सहित कई मुद्दों पर सक्रियता से अभियान चलाती रही हैं और इसकी वजह से उन्हें कई बार गिरफ्तार भी किया गया है। सालों तक सलाखों के पीछे रहने के बावजूद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। शायद यही वजह है कि आज पूरी दुनिया उनकी कहानियां पढ़ रही है। नॉर्वे नोबेल समिति के अध्यक्ष बेरिट रीस-एंडरसन ने शुक्रवार को ओस्लो में पुरस्कार का एलान किया। नोबेल पुरस्कार में 1.1 करोड़ स्वीडिश क्रोनर, जो 10 लाख अमेरिकी डॉलर के बराबर है, का नकद पुरस्कार दिया जाता है। दिसंबर में एक सेरेमनी में नोबेल पुरस्कार विजेताओं को गोल्ड मेडल और डिप्लोमा दिया जाएगा। नरगिस मोहम्मदी, यह कोई नाम नहीं बल्कि मानवता, सांत्वना और मजबूत नेतृत्व की पर्याय हैं। महिलाओं को सशक्त करने और उनके अधिकारों के लिए मजबूती से लड़ती रही हैं। इस दौरान कई बार उन्हें भी जुल्म और अत्याचार का सामना करना पड़ा है। नरगिस मोहम्मदी को 2021 में हिरासत में लिया गया था, जब उन्होंने गैसोलीन की कीमतों में वृद्धि के कारण 2019 में देशव्यापी विरोध प्रदर्शन में मारे गए एक व्यक्ति के स्मारक में जाने की कोशिश की थी।



सलाखों के पीछे रहने के बावजूद नरगिस मोहम्मदी का हौसला नहीं टूटा और उन्होंने न्यूयॉर्क टाइम्स के लिए एक ओपिनियन लिखा। उन्होंने अपने लेखों के दम पर ईरान सरकार को कई बार चुनौतियां दी हैं।

दरअसल, सितंबर 2022 में 22 वर्षीय महसा अमीनी की पुलिस हिरासत में मौत हो गई थी। महसा अमीनी की मौत को बाद ईरान में व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए। हालांकि, ईरान सरकार ने प्रदर्शनकारियों पर खूब अत्याचार किया। जिसकी वजह से 500 से अधिक लोग मारे गए, जबकि 22,000 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया।

नरगिस मोहम्मदी की मेहनत रंग लाई। आज उनकी आवाज महज उनकी नहीं, बल्कि ईरानी महिलाओं की आवाज है और इसकी गूंज दुनियाभर में सुनाई दे रही है। नोबेल शांति पुरस्कार से उन्हें सम्मानित किया गया, लेकिन वह अपनों से दूर हैं।

# अमरीका के अक्षरधाम मंदिर में मनाया गया सामुदायिक एकता उत्सव, अमरीकी शहरों के मेयर और अधिकारी रहे उपस्थित

**समर्थक**

**रॉबिन्सविले के मेयर डेविड फाइड, आरम्भ से ही अक्षरधाम परियोजना के दृढ़ समर्थक थे।**




**रॉबिंसविले।** पांच अक्टूबर को रॉबिंसविले, न्यू जर्सी में बीएपीएस स्वामिनारायण अक्षरधाम मंदिर ने रॉबिंसविले के मेयर डेविड फाइड सहित न्यू जर्सी के सम्मानित मेयरों के एक प्रतिनिधि मंडल की मेजबानी की। यह सभा आगामी 8 अक्टूबर, 2023 को बीएपीएस स्वामिनारायण अक्षरधाम के भव्य उद्घाटन से पहले सप्ताह भर चलने वाले समारोहों की श्रृंखला के दौरान एक महत्वपूर्ण सीमाचिह्नरूप थी इस अवसर पर सभा को संबोधन करते वेस्ट विंडसर, न्यू जर्सी के मेयर हेमंत मराठे ने कहा समाज में, सबसे सरल चीजों पर 100 लोगों को सहमत करना मुश्किल है। यहां, विभिन्न उम्र, व्यवसायों और सामाजिक-आर्थिक वर्ग के 12,500 से अधिक लोग एक साथ आए और खुद से परे सोच रखकर इतने सुंदर और भव्य अक्षरधाम का निर्माण करने में सहायक बने। यह समाज के लिए एक महत्वपूर्ण सीख है ।अक्षरधाम में न्यू जर्सी के इन मेयरों की उपस्थिति सामुदायिक बंधनों के महत्व और अक्षरधाम जैसे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक केंद्रों द्वारा इन संबंधों को मजबूत बनाने में निभाई जाने वाली भूमिका को रेखांकित करती है। उपस्थित मेयरों ने उन सार्वभौमिक मूल्यों पर भी जोर दिया जो विश्वास, एकता और निस्वार्थ सेवा भावना जैसे मूल्यों की मदद से सभी पृष्ठभूमि के लोगों को एकजुट करने में अपनी भूमिका निभाते हैं। पेंसिल्वेनिया के पूर्व अमेरिकी प्रतिनिधि थॉमस मोरिनो ने बताया- मैं खुद को एक अच्छा इंसान मानता था, लेकिन जैसे ही मैं यहां से जा रहा हूं, मेरा दिल अब मुझसे कह रहा है कि अधिक दयालु बनो, अधिक दान करो, उस पड़ोसी तक पहुंचो जिससे तुमने पहले कभी बात नहीं की, जो बच्चे मुसीबत में है उसकी मदद करो, मेरे लिए यह एक असाधारण क्षण रहा है।

रॉबिन्सविले के मेयर डेविड फाइड, आरम्भ से ही अक्षरधाम परियोजना के दृढ़ समर्थक थे। वे रॉबिन्सविले समुदाय और अक्षरधाम के बीच एक मजबूत रिश्ते को बढ़ावा देने में सहायक रहे हैं। सांस्कृतिक संरक्षण के प्रति उनका समर्पण और इस ऐतिहासिक परियोजना के लिए उनके अटूट समर्थन ने इस महामंदिर को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सभा को संबोधित करते हुए, मेयर फाइड ने कहा, यह समुदाय हमारे समुदाय का हिस्सा बन चुका है, और हम आभारी और सम्मानित महसूस करते हैं कि आपने हमारे समुदाय को चुनने के बारे में विचार किया और जमीन के इस छोटे से टुकड़े को ऐसी भूमिका में बदलने का दृष्टिकोण रखा जो वास्तव में अद्वितीय, अविश्वसनीय और दुनिया के आश्चर्यों में से एक है।

अक्षरधाम के भव्य उद्घाटन से पहले सप्ताह भर चलने वाले इन समारोहों ने विश्वास, एकता और निस्वार्थ सेवा भावना के मूल सिद्धांतों पर जोर दिया है जिसका अक्षरधाम प्रतिनिधित्व करता है। इन मूल्यों को समारोह में आए मेयरों तथा नेताओं की प्रतिध्वनि भी मिली । इस अक्षरधाम मंदिर ने सभी को सहयोग, सामुदायिक संगठन, शांति और सद्भाव के सार्वभौमिक सिद्धांतों को बढ़ावा देने के महत्व का उद्घोष किया है।

## 21 अक्तूबर को पाकिस्तान लौटेंगे पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पार्टी ने उन अटकलों को खारिज कर दिया है कि वह 21 अक्टूबर को लंदन में आत्म-निर्वासन से लौटने की अपनी योजना में देरी कर सकते हैं। जनवरी में होने वाले अगले आम चुनाव में 73 वर्षीय नवाज शरीफ को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी का नेतृत्व करने की उम्मीद है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार ने सूत्रों का हवाला देते हुए कहा कि पार्टी का मानना है कि लोग, जो वर्तमान में बढ़ती मुद्रास्फीति, बेरोजगारी और अत्यधिक उपयोगिता बिलों से चिंतित हैं, उन्हें पीएमएल-एन सुप्रीमो की देश में वापसी में कोई दिलचस्पी नहीं है। अखबार में कहा गया है कि भतीजे और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री हमजा शहबाज ने लाहौर में एक सार्वजनिक संचार अभियान शुरू किया और जनता की राय को समझा है। इसलिए, समूह ने सोचा कि मौजूदा स्थिति में लोगों से नवाज शरीफ के लिए सम्मानजनक स्वागत की उम्मीद करना मूर्खता होगी। पार्टी सूत्रों के मुताबिक अभी आम चुनाव की तारीख की घोषणा नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि बेहतर होगा कि नवाज आम चुनाव के करीब या चुनाव की तारीख की घोषणा के बाद देश लौट आएं। पाकिस्तान चुनाव आयोग ने पिछले महीने घोषणा की थी कि आम चुनाव जनवरी 2024 के आखिरी सप्ताह में होंगे।



सूत्रों ने कहा कि पीएमएल-एन के दिग्गज नेता शाहिद खाकन अब्बासी ने भी लंदन में नवाज शरीफ के साथ बैठक में इन तथ्यों को दोहराया था, लेकिन नवाज ने देश लौटने का मन बना लिया था और पार्टी से उनके स्वागत की तैयारी करने को कहा था।

पीएमएल-एन के एक अन्य समूह ने कहा कि अगर नवाज शरीफ की वापसी स्थगित की गई, तो पार्टी पर जनता में नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और इसीलिए उन्हें देश लौटने के अपने फैसले पर कायम रहना चाहिए। पीएमएल-एन के सीनेटर इरफान सिद्दीकी ने कहा कि नवाज शरीफ की 21 अक्टूबर को देश वापसी अंतिम है और कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। एक वीडियो संदेश में, सिद्दीकी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री उमरा करने के लिए पहले सऊदी अरब पहुंचेंगे, बाद में संयुक्त अरब अमीरात में रहेंगे और फिर 21 अक्टूबर को पाकिस्तान लौटेंगे। पीएमएल-एन सीनेटर ने कहा कि नवाज शरीफ के कार्यक्रम को अंतिम रूप दे दिया गया है और उनकी वापसी में देरी करने की योजना की खबरें झूठी हैं।

सिद्दीकी ने कहा कि उन्होंने पार्टी सुप्रीमो द्वारा देश में अपनी वापसी टालने की अफवाहों का खंडन किया है। लाहौर उच्च न्यायालय द्वारा चार सप्ताह के लिए जमानत दिए जाने के बाद नवाज शरीफ ने नवंबर 2019 में चिकित्सा आधार पर देश छोड़ दिया।

# जमीन से आसमान तक योद्धाओं ने दिखाई ताकत

- एयर फोर्स डे को लेकर हुआ फुल ड्रेस रिहर्सल
- पैरा जंपर्स और वायु सेवा के विमानों से मनमोहन प्रदर्शन



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** भारतीय वायु सेवा की 91वें वर्षगांठ के मौके पर आयोजित एयर शो के पहले दिन शुक्रवार को फुल ड्रेस रिहर्सल हुआ। बमरौली स्थित वायु सेवा के मध्य वायु कमान मुख्यालय में वायु सेना योद्धाओं की परेड हुई। कार्यक्रम की शुरुआत पैरा हैंड ग्लाइडर विंग कमांडर अशोक ने हवा में 360 डिग्री पर करतब दिखाते हुए परेड में एंट्री की। उसके बाद दो वायु योद्धा पैरा मोटर्स हवा में उड़ते हुए परेड में आए। हवा में उनके द्वारा किए गए करतब पर वहां मौजूद स्कूली बच्चों ने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान एएन 32 विमान से 10 पैराजंपर 8 हजार मीटर की ऊंचाई से कूदे। कलरफुल पैराजंपर दर्शकों के सामने उतरे तो लोग रोमांचित हो गए। लोगों ने उनका तालियों से जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम के आकर्षण का केंद्र गरुण कमांडो की परेड रही। इस बीच पांच गरुड़ कमांडो हेलीकॉप्टर के नीचे बंधी रस्सी के सहारे लटकते भी नजर आए।

परेड के दौरान तीन सूर्य किरण हेलीकॉप्टर वहां से तिरंगा धुआं छोड़ते हुए निकले। इन विमान के निकलते ही वहां बैठे हर एक शख्स ने ताली बजाकर अभिवादन किया। वायु योद्धाओं ने अपनी राइफल से भी तमाम करतब दिखाए। उन्होंने दिखाया कि अनुशासन और ड्रिल भारतीय वायु सेवा की जीवन शैली है। इसके पूर्व वायु योद्धाओं ने परेड भी कि। उनके सलामी एयर मार्शल मध्य वायु कमान मुख्यालय ने ली। खास बात यह रही की परेड में महिला अग्नि वीर भी शामिल हुई। इनकी संख्या 31 रही। परेड में वायु सेवा की झंडा बदलने की भी परंपरा इस बार शुरू हुई। अब 8 तारीख को आयोजित एयर शो में वायु सेवा अध्यक्ष भी इस परंपरा का निर्वाहन करेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत पैरा हैंड ग्लाइडर विंग कमांडर अशोक ने हवा में 360 डिग्री पर करतब दिखाते हुए परेड में एंट्री की। उसके बाद दो वायु योद्धा पैरा जंपर्स हवा में उड़ते हुए परेड में आए।

हवा में उनके द्वारा किए गए करतब पर वहां मौजूद स्कूली बच्चों ने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान एएन 32 विमान से 10 पैराजंपर 8 हजार मीटर की ऊंचाई से कूदे। कलरफुल पैराजंपर दर्शकों के सामने उतरे तो लोग रोमांचित हो गए। लोगों ने उनका तालियों से जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम के आकर्षण का केंद्र गरुण कमांडो की परेड रही।

## महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष बनी बबीता शर्मा

**जौनपुर (मुंगरा बादशाहपुर)।** क्षेत्र के गांव गोधुआ निवासी बबीता शर्मा को अखिल भारतीय हिंदू गौरव महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा ने महिला मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि यह संगठन भारत देश के हिंदुत्व की समस्याओं के समाधान हेतु पूरे देश में कार्य कर रही है। तथा हिंदुत्व के हित में कार्य करते हुए संगठन को विस्तार करके एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए यह संगठन पूरी तरीके से संकल्पित है। नव नियुक्त महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष बबीता शर्मा ने कहा कि अखिल भारतीय हिंदू गौरव महासभा की नीतियों और विचारधाराओं को जन-जन तक प्रचार प्रसार कर संगठन को मजबूत बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।

# शिवकुटी में गंगा में डूबे पांच किशोर, मौत

- नहाते समय गहरे पानी में चले गए

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** गंगा में नहाने गए 5 किशोरों की डूबने से मौत हो गई। गोताखोर की मदद से सभी के शव को बाहर निकाला गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। सभी किशोर शिवकुटी इलाके के रहने वाले थे। बताया जा रहा है कि नहाते समय पांचों किशोर नदी की गहराई में चले गए, जिससे वह डूबने लगे। मदद के लिए चीखे चिल्लाए। स्थानीय लोग जब तक वहां पहुंचे तब तक पांचों नदी में समा गए। जिससे उनकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। गोताखोर की मदद से पाचों लड़कों के शव को बाहर निकाला गया। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों में कोहराम मचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को दोपहर लगभग 2:00 बजे शिवकुटी के मेहंदौरी घाट पर मछली मारने के लिए पांच किशोर शनि (16) पुत्र नंदु निवासी बेली, प्रियांशु (15) निवासी बेली, मुलायम (16) पुत्र गिरधारी निवासी म्योराबाद, आकाश (16) निवासी बेली और हिमांशु (16) पुत्र राजेश सिंह निवासी म्योराबाद पहुंचे थे।शुरुआती जानकारी के मुताबिक ये सभी मछली का शिकार करने गए थे। इस बीच हिमांशु नदी में उतरकर नहाने लगा। नहाते-नहाते वो अचानक गहराई में जाकर वह डूबने लगा, जिसकी आवाज सुनकर बाकी चारों दोस्त भी नदी में कूद गए। इसके बाद एक-एक कर कर सभी पानी में समा गए। आसपास मौजूद लोग कुछ कर पाते उससे पहले ही पांचों गंगा नदी के गहरे पानी में डूबरही।

## जम्मू कश्मीर में दलित शरणार्थियों को भारत की व्यवस्था में शामिल नहीं किया गया: राकेश



**जौनपुर।** भाजपा अनुसूचित मोर्चा की आगामी महासम्मेलन को लेकर भाजपा कार्यालय पर दोनों जिला की संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता पुष्पराज सिंह ने की और मुख्य अतिथि के रूप में डा राकेश त्रिवेदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इस दौरान मुख्य अतिथि डा राकेश त्रिवेदी ने आगामी महा सम्मेलन को लेकर विस्तृत चर्चा की और कहा कि डॉ. अंबेडकर चाहते थे कि आजादी के बाद पाकिस्तान में रह रहे हिंदु जिनमें ज्यादातर दलित है। वे भारत आएं, मगर कांग्रेस की सरकार ने उनके पुनर्वास के लिए कोई प्रयास नहीं किया। उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का अपमान किया है। जम्मू कश्मीर में दलित शरणार्थियों को भारत की व्यवस्था में शामिल नहीं किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार सामाजिक समरसता और सद्भाव के साथ काम कर रही है। यही कारण है कि पिछले सात साल में दलितों, शोषितों, वंचितों, गरीबों के लिए जितना काम हुआ, उतना पिछले 70 सालों में नहीं हुआ।

# मुक्त वि.वि. के रोजगार परक कार्यक्रमों में प्रवेश लें

- मुविवि ने राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (महिला) में लगाया जागरुकता शिविर

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (महिला), प्रयागराज में कैरियर जागरूकता शिविर संचालित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्थान की सहायक निदेशक प्रियंका कौल ने कार्यक्रम के स्वरूप पर प्रकाश डाला तथा विश्वविद्यालय के शिक्षकों का स्वागत किया। इसके बाद तेजी से परिवर्तित हो रही तकनीक के दौर की चर्चा करते हुए डॉ. अतुल कुमार मिश्र ने शिक्षा के महत्व एवं मुक्त व दूरस्थ शिक्षा पर प्रकाश डाला। डॉ स्मिता अग्रवाल ने विश्वविद्यालय में संचालित समस्त कार्यक्रमों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में कई जागरुकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। जिनमें प्रवेश की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर निर्धारित की गई है। छात्राएं अपने पसंद के कोर्सेज में ऑनलाइन प्रवेश ले सकती हैं। इस अवसर पर संस्थान की सहायक निदेशक प्रियंका कौल, एल आर रमेश बाबू तथा नीरजा सूद ने कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह के निर्देश पर आयोजित जागरुकता कार्यक्रम की सराहना की। विश्वविद्यालय की मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चन्द्र मिश्र ने बताया कि उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय की तरफ से डॉ. स्मिता अग्रवाल, डॉ. दीपशिखा श्रीवास्तव, डॉ. अतुल कुमार मिश्र, डॉ. अब्दुर्रहमान फ़ैस़ल, डॉ. साधना सिंह तथा डॉ0 सफीना समावी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं की कई जिज्ञासाओं का समाधान किया तथा उन्हें विश्वविद्यालय के कार्यकर्मों में प्रवेश लेने के लिए अभिप्रेरित किया गया। विश्वविद्यालय के कौशल विकास केंद्र के रूप में कार्य करने के बारे में भी उन्हें जानकारी दी गई। जिसमें उपस्थित छात्राओं ने काफी रुचि दिखाई। राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (महिला) के सहायक निदेशक एल. आर. रमेश बाबू ने धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रस्तावित सम्पर्क-सत्र में 500 से अधिक छात्राएं एवं संस्थान के शिक्षक उपस्थित रहे।

## संचारी रोग नियंत्रण एंव टीका करण अभियान तहत बैठक



**मुबारकपुर, आज़मगढ़।** नगर पालिका परिषद मुबारकपुर में शुक्रवार को संचारी रोग नियंत्रण एंव टीका करण अभियान के तहत एक बैठक आयोजित हुई। इसमें तीन अक्तूबर से 31 अक्टूबर तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान पर चर्चा हुई। बैठक में बीएमसी मंजरी सिंह ने सभासदों एंव सभी लोगों से अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने को कहा। यूनिसेफ के बीएमसी मंजरी सिंह ने अभियान की गाइडलाइन के बारे में जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा साफ सफाई पर ध्यान दें दवा का छिड़काव हो उन्होंने आखिर में अपील की कि बच्चों को जो 11 टीके लगाए जाते हैं वो समय-समय पर टीका जरूर लगवाएं इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन डॉक्टर शमीम अहमद, डाक्टर मेराज, सभासद वकार अहमद, सुलेमान अंसारी सभासद, इरशाद अहमद, शमशुज़्ज़मां अंसारी, शफी नवाज आदि उपस्थित है।

# पत्रकारों के समर्थन में कांग्रेस का प्रदर्शन



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** दिल्ली सहित देश के अन्य राज्यों में पत्रकारों के ऊपर हुई छापेमारी, तलाशी और गिरफ्तारी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी गंगापार के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रट पर प्रदर्शन किया। गंगापार कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुरेश यादव ने कहा की पत्रकारों के खिलाफ लगातार हो रही उत्पीड़न की घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदेश महासचिव मुकुंद तिवारी और विवेकानंद पाठक ने कहा की स्वच्छ समाज का दर्पण है पत्रकार। स्वतंत्र पत्रकारिता पर पहरा डालने का प्रयास किया जा रहा है जिसका पुरजोर विरोध किया जायेगा। वहीं पार्टी के जिला शहर कमेटी के प्रवक्ता हसीब अहमद ने कहा की सत्ता में बैठे लोगों से सवाल पूछने और सच्चाई लिखने पर अंकुश लगाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियो ने राष्ट्रपति सम्बोधित दो सूत्रीय ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट दिनेश सिंह को दिया।

ज्ञापन देने वालो में सुरेश यादव, मुकुंद तिवारी, विवेकानंद पाठक, हसीब अहमद, मनोज पासी, रईस अहमद, रजनीश विश्रामदास, एहतेशाम अहमद, सुनील यादव, नरेन्द्र आदिवासी, दीपचंद्र शर्मा, सिद्धनाथ मौर्य, अनिल कुमार, बलवंत राव, शीश अहमद, मो0हसीन, शकील अहमद समेत आदि लोग मौजूद रहें।

# सिविल सेवा अभिविन्यास कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रयागराज।** आज जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज के कैरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा सिविल सेवा अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के तौर पर प्रभा मिश्रा, उपरजिस्टार स्टांप एवं रजिस्ट्री, फूलपुर प्रयागराज रहीं। प्रभा मिश्रा ने सिविल सेवा की तैयारी, पाठ्यक्रम, समय सीमा इत्यादि के संदर्भ में छात्राओं को संबोधित किया।उन्होंने छात्राओ का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि लड़कियों के पास किसी लक्ष्य को हासिल करने का जन्मजात जज्बा होता है। साथ ही मिश्रा ने किताबों तथा समसामयिक घटनाक्रमों पर विस्तृत अध्ययन करने के साथ-साथ छात्राओं को इस तैयारी के लिए धैर्य, स्वयं से सत्यवादिता, समय का सदुपयोग, कठिन परिश्रम, आत्म निरीक्षण तथा आसानी से उपलब्ध ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की उपयोगिता पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में डॉ अनुराग पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापन किया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकगण डॉ रीना यादव, डॉ आशीष मिश्रा, डॉ रूपम मिश्रा, डॉ प्रमा द्विवेदी, डॉ अंजलि शिवहरे, डॉ निर्मला गुप्ता एवं डॉ माधुरी राठौर तथा संस्कृत एवं अर्थशास्त्र विभाग के सभी शोध छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 200 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# आजादी का अमृत महोत्सव: निकली कलश यात्रा

अवधनामा संवाददाता



**अतरौलिया, आजमगढ़।** आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन अतरौलिया के खंड विकास अधिकारी श्वेतांक सिंह के निर्देशन में ब्लाक में किया गया। जिसके तहत अमृत कलश यात्रा निकाली गई जो ब्लाक कार्यालय से निकली और क्षेत्र के ग्राम पंचायत एदिलपुर, बढया, पेडरा, हरदिया, मदनपटटी, देवडीह, बिलारी मु. अजगरा, महादेवपुर, करमैनी, करसड़ा, खीरीडीहा आदि ग्राम पंचायतो से होते हुए पुनः ब्लाक पर पहुंचकर समाप्त हुई। इस अमृत कलश यात्रा में दर्जनों चार पहिया, लगभग सैकड़ो दो पहिया वाहन चल रहे थे। यात्रा से पूरा क्षेत्र मेरी माटी मेरा देश के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी श्वेतांक सिंह ने कहा कि बलिदानी, वीर वीरांगनाओं को सम्मान देने के लिए मेरी माटी-मेरा देश अभियान की शुरुआत की गई है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रत्येक भारतीयों को चाहे वह गांव का हो या शहर का उसे अपने देश की माटी के महत्व के बारे में मालूम हो, जब अपने क्षेत्र के गौरवशाली इतिहास की जानकारी होगी तभी समाज, क्षेत्र और देश की माटी से व्यक्ति को परस्पर लगाव होगा। उन्होंने कहाकि राष्ट्र के नवनिर्माण में युवाओं में विशेष महत्व है। ऐसे कार्यक्रमों से युवाओं में नया जोश आएगा और देश को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने वालों के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम में सामाजिक व्यक्तियों के साथ-साथ ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, सफाईकर्मी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायिका आदि सहित लगभग सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# रुस्तम हत्याकांड का दूसरा आरोपित चढ़ा पुलिस के हत्थे

- घटना में प्रयोग किया गया असलहा बरामद

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (खेतासराय)** स्थानीय थाना क्षेत्र के मझौरा गांव के रुस्तम हत्याकांड में पुलिस ने दूसरे आरोपित को मानीकला रेलवे क्रॉसिंग से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पुलिस ने घटना में स्तेमाल किया गया असलहा और कारतूस को बरामद करने का दावा किया है। आरोपित का हत्या की धारा में चालान न्यायालय भेज दिया। मालूम हो कि बीते शुक्रवार को उक्त गांव निवासी अबुजर उर्फ रुस्तम को उसके मत्स्य पालन केंद्र पर तीन संख्या में आये बदमाशों ने उसके ऊपर अंधाधुन फायर झोंक दिया। जिसकी इलाज के दौरान मेदान्ता लखनऊ में मौत हो गई। मृतक के भाई जावेद की तहरीर पर गांव के तीन लोगों के खिलाफ नामजद और एक अज्ञात में हत्या की प्रयास की रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर धारा को बदल कर हत्या सहित अन्य धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया। घायलावस्था में अबुजर ने इस हत्याकांड की पीछे प्रधान प्रतिनिधि को जिम्मेदार ठहराया था। आरोप है कि गांव में विकास कार्यो की शिकायत की गई जिस से उन्होंने अपने गुर्गो से घटना को अंजाम दिलाया। शुक्रवार की सुबह एसओ चंदन राय ने आरोपित की मुखबिर से सूचना मिलने पर मानीकला रेलवे क्रॉसिंग से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार उसके पास से घटना में प्रयुक्त असलहा मय कारतूस बरामद हुआ। एसओ चंदन रॉय ने बताया कि पुलिस सभी एंगल में जाँच कर रही है, अन्य आरोपित जल्द पुलिस के शिकंजे में आएंगे।

# डीएम की अध्यक्षता में जन चौपाल का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में विकास खंड मडियाहूं की ग्राम पंचायत मुकुन्दपुर में जन चौपाल का आयोजन किया गया। जन चौपाल में पशुपालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग सहित विभिन्न विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान विभागों के द्वारा कैम्प भी लगाया गया था जहां पर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उनके आवेदन भी लिए गए। जिलाधिकारी ने सभी विभागों से कहा कि पात्रों का आवेदन लेकर उनका सत्यापन कराते हुए शीघ्र लाभ दिलाये। उन्होंने पंचायत सहायक को निर्देश दिया कि पंचायत भवन पर ही ग्रामीणों के आवदेन को आनलाइन करें जिससे उन्हे भटकना न पडे। जल निगम के अधिकारी के द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के तहत गांव में पानी की टंकी बन रही है, फरवरी 2024 तक प्रत्येक घरों में पानी उपलब्ध कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पाइप डालने के लिए गड्ढा सड़क के किनारे ही किया जाए सड़कों के बीचों बीच में गढ्डा न खोदे जाये। समाज कल्याण अधिकारी नीरज पटेल के द्वारा अवगत कराया गया कि गांव में 30 लाभार्थियों को वृद्धा, 40 को विधवा एवं 10 को दिव्यांग पेंशन दिया जा रहा है। 09 खण्ड विकास अधिकारी के स्तर पर लम्बित है और आज 01 नया आवेदन प्राप्त हुआ है जिन्हे आवश्यक कार्यवाही करते हुए जल्द से जल्द पेंशन का लाभ दिलवा दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया कि सुनिश्चित कराए कि गांव में कोई भी पेंशन की पेन्डेसी न रहे। जन चौपाल में ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी को विद्युत कटौती की समस्या से अवगत कराया जिसपर जिलाधिकारी ने कहा कि यदि तार जर्जर हो गये है तो जल्द से जल्द बदलवा दिया जाए। गांव में 752 का गोल्डेन कार्ड बनाए जाने का लक्ष्य है जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि शत-प्रतिशत गोल्डेन कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें। उप परियोजना निदेशक आत्मा डा0 रमेश चंद्र यादव ने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत कुल 585 किसान पंजीकृत है, जिन्हें नियमित सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। 15 वी किस्त के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य कर दिया गया है कुल 119 कृषक ऐसे है जिनका अभी तक ई-केवाईसी नही हुआ है, चौपाल में 8 किसानों का भूमि सत्यापन, 38 कृषकों का ई-केवाईसी तथा 6 कृषको का एनपीसीआई पोर्टल सक्रिय न होने के कारण पोस्ट ऑफिस में खाता खुलवाया गया। जिलाधिकारी ने एबीएसए एवं सचिव को निर्देश दिया कि गांव के खेल के मैदान पर अवैध कब्जा हटवाए और अतिक्रमण करने वाले के विरूद्ध कार्यवाई करें। इस दौरान जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम के द्वारा पौधरोपड़ भी किया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी वीके यादव, जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम शाही, क्षेत्राधिकारी सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट्स दिवस पर अध्यापकों को दिया प्रशिक्षण



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023 के दृष्टिगत ''उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार योजना'' राज्य सेक्टर अन्तर्गत मिलेट्स (श्री अन्न) के पोषक तत्वों, मिलेट्स के विभिन्न प्रकारों एवं उपभोग तथा उनसे होने वाले स्वास्थ्य सम्बन्धी लाभ आदि विषय पर आज स्कूल कैरीकुलम के माध्यम से अध्यापकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन नेहरू हाल आजमगढ़ में किया गया। जिसमें जनपद के सरकारी, मान्यता प्राप्त व निजी जूनियर हाईस्कूल, हाईस्कूल, इण्टरमिडिएट विद्यालयों के 200 से अधिक अध्यापक व अध्यापिकाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसका मूल उद्देश्य प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापकों द्वारा जनपद के छात्रों एवं छात्राओं के माध्यम से उनके अभिवावकों को मिलेट्स (श्री अन्न) के महत्व एवं उपभोग पर जागरूक किया जाना रहा। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्री संजय सिंह, जिला विकास अधिकारी महोदय आजमगढ़ द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा सभी से स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से श्री अन्न अपनाने की अपील की गयी। कृषि वैज्ञानिक डा0 अखिलेश यादव द्वारा बताया गया कि मिलेट्स की खेती में कम लागत और कम निवेश की आवश्यकता पड़ती है तथा इन फसलों रोग-व्याधि भी कम लगता है।

# 09 स्वयं सेविकाओं का पूर्व गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में पूर्व गणतंत्र दिवस परेड 2023 हेतु चयन शिविर में शुक्रवार को सम्बद्ध जनपदों के विभिन्न महाविद्यालयों एवं महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़ से संबद्ध महाविद्यालयों से आए 100 स्वयंसेवकों में से 09 स्वयंसेविकाओं का विभिन्न मापदंडों के आधार पर चयन किया गया। चयन शिविर की शुरुआत कुलपति प्रो. वंदना सिंह के संरक्षकत्त्व में मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत कलश यात्रा निकालकर की गई। इस दौरान पंचप्रण प्रतिज्ञा की भी शपथ दिलाई गई। पूरी चयन प्रक्रिया कार्यक्रम समन्वयक डॉ. राज बहादुर यादव, भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के रासेयो क्षेत्रीय निदेशालय, लखनऊ के युवा अधिकारी समरदीप सक्सेना, आजमगढ़ राज्य विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अभिमन्यु यादव, तिलकधारी पीजी कालेज के संगीत विभाग के असिस्टेण्ट प्रो.नरेन्द्र देव पाठक, एनसीसी यूपी 96 बटालियन के एएनओ श्री दिनेश कुमार की देख-रेख में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शशिकांत यादव डॉ. अवधेश मौर्य एवं महाविद्यालयों के कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित रहें।

## हादसे में घायल बुजुर्ग महिला की उपचार के दौरान मौत

**जौनपुर (खुटहन)** बृहस्पतिवार को सड़क हादसे में घायल महिला का जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई ईमामपुर गाँव निवासी बुजुर्ग महिला बेइलादेवी पत्नी स्वर्गीय राममुरत विश्वकर्मा अपने खेत से सड़क के रास्ते घर लौट रही थी। वह दिनेश विश्वकर्मा की दुकान के पास पहुचीं ही थी की विपरीत दिशा से तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आ जाने से वही गिरकर छटपटाने लगीं वाहन के जोरदार टक्कर से दोनों पैर व हाथ टूट गयें। मौके पर मौजूद लोग स्वजनों को फोन कर उक्त घटना की जानकारी दिये घायल को आनन फानन में सीएचसी लाया गया जहाँ डाक्टरों ने घायल को बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया शुक्रवार को दिन में लगभग 11 बजे उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई।

# पुत्र की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने किया पूजा

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** जनपद के बस्ती भुजबल शिव मंदिर पर गाजे और बाजे के साथ अलग-अलग गांवों से महिलाएं सैकड़ो की संख्या में आकर पहले से अपने-अपने स्थान का चुनाव करती हैं ,जहां पर पूजा करतीं हैं, भीड़ इतनी काफी यहां पर होती है ।की जितिया मां का दर्शन करने के लिए भी आम लोग पहुंच जाते हैं। बस्ती भुजबल बाजार में यह त्यौहार दर्शकों के लिए भी एक केंद्र बिंदु बन जाता है क्योंकि मंदिर के सामने एक दिव्या अमृत सरोवर अपनी सौंदर्यता को दिखा रहा हो तो उसी के बैंक पर दक्षिण साइड जूनियर विद्यालय जो शिक्षा की अलग जगा रहा हो पश्चिम में परिषदीय विद्यालय जो कई साल पुराना शिक्षा का स्थान हो तो पूर्व में पानी की टंकी हिमालय पर्वत की तरह अपनी छटा बिखेर रही है । बताया ऐसा भी जाता है कि जो लोग आस्था और विश्वास से जितिया मां की कथा सुनते हैं। उन्हें भी पुत्र रत्न की प्राप्ति होती है। और उनका परिवार हंसी और खु शी से जीवन यापन करता है। जितिया व्रत मिथिलांचल की नेपाली विवाहित महिलाओं और पूर्वी और मध्य नेपाल की थारू महिलाओं का एक महत्वपूर्ण त्योहार है। जितिया व्रत अपने पुत्रों की सलामती और लंबी उम्र के लिए सभी मां रहती हैं। यह आमतौर पर आश्विन कृष्ण अष्टमी को प्रदोष काल में किया जाता है। इस त्यौहार में भगवान बिष्णु, शिव और भगवान सूर्य की पूजा की जाती है। जितिया त्योहार पारंपरिक पोशाक, संगीत और नृत्य गीतों के साथ मनाया जाता है। प्रकृति की पूजा भी थारू समुदाय की जीत का अहम हिस्सा है. इस व्रत में लोग स्नान आदि करने के बाद सूर्य नारायण को जल चढ़ाते हैं,फिर मिट्टी और गाय के गोबर से चील व सियारिन की मूर्ति बनाते हैं कुशा से बनी जीमूतवाहन की प्रतिमा को धूप-दीप, चावल, पुष्प आदि अर्पित करते हैं,पूजा के बाद आरती और भोग जरूर लगाते हैं ,ऐसा माना जाता है कि जितिया रहने वाली महिलाओं को यह सब करना पड़ता है तथा इस व्रत में यह भी देखा गया कि इनकी पूजा करने के लिए ढेर सारे सामान रखे हुए मिले जैसे खड़े अक्षत(चावल), पेड़ा, दूर्वा की माला, पान, लौंग, चंदा मोदनवाल, रानी गुप्ता, सीमा गुप्ता, गीता यादव, सीमा मिश्रा, करुणा देवी , गायत्री देवी, सुषमा चौबे, पायल चौबे, रेवता चौबे, कुसुम उपाध्याय रेवता चौबे , और विमला सोनकर के द्वारा कहानी सुना कर पुत्र प्राप्ति और पुत्र के लंबी उम्र की कामना के लिए लोग जीवितीया मां से प्रार्थना कर रही थी।

# भारतीय रिजर्व बैंक ने ग्राहक शिकायत तंत्र को मजबूत करने के लिए उठाए नए कदम

**नई दिल्ली।** ग्राहक शिकायत निवारण प्रणाली को मजबूत करने के उद्देश्य से आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को कहा है कि केंद्रीय बैंक ने कुछ बदलाव करने और आंतरिक लोकपाल दिशानिर्देशों को एक ही मास्टर डायरेक्शन में समेकित और सुसंगत बनाने का निर्णय लिया है।




दास ने द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि इससे विनियमित संस्थाओं की ग्राहक शिकायत निवारण प्रणाली और मजबूत होगी। आइए, पूरी खबर के बारे में जान लेते हैं।

चुनिंदा अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों में तंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से भारतीय रिज़र्व बैंक ने 2015 में एक आंतरिक लोकपाल (आईओ) पेश किया था। इसके लेकर शक्तिकांत दास ने कहा कि मौजूदा आईओ दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन से मिली सीख के आधार पर इसे सुसंगत बनाने और एक समेकित मास्टर डायरेक्शन जारी करने का निर्णय लिया गया है।

मास्टर डायरेक्शन आईओ के पास शिकायतों को बढ़ाने के लिए समयसीमा, बहिष्करण, आंतरिक लोकपाल की अस्थायी अनुपस्थिति, आंतरिक लोकपाल की नियुक्ति के लिए न्यूनतम योग्यता और रिपोर्टिंग प्रारूपों के अपडेशन के अलावा उप आंतरिक के पद की शुरूआत जैसे मामलों में एकरूपता लाएगा। उन्होंने आगे कहा, अपने सदस्यों के बीच अनुपालन संस्कृति को मजबूत करने और नीति निर्माण के लिए एक परामर्शी मंच प्रदान करने में स्व-नियामक संगठनों (एसआरओ) की संभावित भूमिका को देखते हुए, विभिन्न विनियमित संस्थाओं के लिए एसआरओ को मान्यता देने के लिए रिज़र्व बैंक का एक सर्वव्यापी ढांचा जारी करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि सर्वग्राही एसआरओ ढांचा व्यापक उद्देश्यों, कार्यों, पात्रता मानदंड, शासन मानकों आदि को निर्धारित करेगा, जो सभी एसआरओ के लिए समान होगा, चाहे वह किसी भी क्षेत्र का हो। इसके अलावा रिजर्व बैंक क्षेत्र-विशिष्ट अतिरिक्त शर्तें निर्धारित कर सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे एसआरओ को मान्यता देने के लिए आवेदन मंगाने का समय आ गया है।

# त्योहारी सीजन में औंधे मुंह गिरा सोना
## पिछले 10 दिन में ही 3000 रुपये की हुई गिरावट



**नई दिल्ली।** त्योहारी सीजन में अगर आप सोना खरीदने का प्लान बना रहे हैं तो यह समय आपके लिए अच्छा हो सकता है। केवल 10 दिन में ही सोने के कीमत करीब तीन हजार रुपये प्रति 10 ग्राम तक गिरी है। वैश्विक कारणों से सर्राफा बाजार में सोने के की कीमत में भारी गिरावट देखने को मिल रही है।

सोने की कीमत में हुई गिरावट के कारण ज्वेलर्स इस बार के धनतेरस और दीपावली में 30 प्रतिशत से अधिक बिक्री की उम्मीद लगाए बैठे हैं। उनके मुताबिक दाम में कमी का सकारात्मक असर देखा जा रहा है, लोग निवेश के लिहाज से सोना खरीद रहे हैं। आपको बात दें कि कल दिल्ली में 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 57,310 रुपये का था।

द बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन, कूचा महाजनी के चेयरमैन योगेश सिंघल ने कहा कि दिल्ली में पिछले साल धनतेरस पर दिल्ली के ज्वेलरी बाजारों में 45 हजार से 50 हजार करोड़ रुपये के सोने की बिक्री हुई थी।

**वायदा बाजार में सोना**

वायदा कारोबार में सोने की कीमत 29 रुपये बढ़कर 56,637 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर, दिसंबर डिलीवरी वाले सोने के अनुबंध की कीमत 29 रुपये या 0.05 प्रतिशत बढ़कर 56,637 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जिसमें 16,194 लॉट का कारोबार हुआ।

**वायदा कारोबार में चांदी**

आज वायदा कारोबार में चांदी की कीमत 157 रुपये बढ़कर 66,925 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर, दिसंबर डिलीवरी के लिए चांदी अनुबंध 157 रुपये या 0.24 प्रतिशत बढ़कर 31,718 लॉट में 66,925 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया।

# सिट्रोएन भारत की पहली मेड-इन-इंडिया मिड-साइज़ एसयूवी

**चेन्नई।** फ्रेंच कार निर्माता, सिट्रोएन की नवीनतम पेशकश, नई सी3 एयरक्रॉस एसयूवी, अब 9.99 लाख रुपये (एक्स-शोरूम नई दिल्ली) के विशेष इंट्रोडक्टरी मूल्य में उपलब्ध है। इस नई एसयूवी में 90 प्रतिशत से ज़्यादा लोकलाईज़ेशन कर दिया गया है, और यह भारतीय ग्राहकों की विशेष ज़रूरतों को पूरा करने के लिए भारत में डिज़ाइन की गई है।



स्टेलैंटिस इंडिया के सीईओ एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, रोलैंड बूचारा ने कहा, हमें प्रबुद्ध ग्राहकों के लिए भारत में डिज़ाइन, डेवलप, और निर्मित की गई बहुप्रतीक्षित नई सी3 एयरक्रॉस एसयूवी लॉन्च करने की खुशी है। इस एसयूवी को सिट्रोएन के डीएनए की मुख्य विशेषताओं - कम्फर्ट और इनोवेशन के साथ बनाया गया है। सितंबर में इसकी बुकिंग शुरू होने के बाद इसे पूरे देश में बेहतरीन प्रतिक्रिया मिली है। त्योहारों पर मांग को पूरा करने के लिए हम अपना उत्पादन बढ़ा रहे हैं। हमारे शोरूम्स एवं वर्कशॉप्स का लगातार बढ़ता और विकसित होता हुआ नेटवर्क सी3 एयरक्रॉस एसयूवी की आपूर्ति करने के लिए तैयार है, जिसमें श्रेणी की अग्रणी विशेषताएं, आकर्षक स्टाइलिंग और अतुलनीय उपयोगिता है।

**आसान ओनरशिप**

31 अक्टूबर 2023 तक की डिलीवरी के लिए अभी खरीदें 2024 में भुगतान करें। सिट्रोएन फाइनेंस अपने फाइनेंस पार्टनर के साथ मिलकर एक अद्वितीय लोन ऑफर दे रहा है, जिसके अंतर्गत ग्राहक 31 अक्टूबर 2023 तक कार ख़रीद सकते हैं, जिसकी ईएमआई 2024 से शुरू होगी। इससे ग्राहकों को त्योहारों पर अपनी नई सिट्रोएन सी3 एयरक्रॉस एसयूवी ख़रीदना और आसान हो जाएगा।

नए ऐड-ऑन इंश्योरेंस कवर जो स्वामित्व का सुगम अनुभव प्रदान करेंगे

सी3 एयरक्रॉस एसयूवी के लॉन्च के साथ, सिट्रोएन अपनी पार्टनर इंश्योरेंस कंपनियों के साथ दो नए ग्राहक-केंद्रित वाहन इंश्योरेंस ऐड-ऑन पेश कर रहा है-

इमरजेंसी मेडिकल एक्सपेंसेस कवर और ईएमआई प्रोटेक्ट कवर

इन नए ऐड-ऑन से इमरजेंसी मेडिकल इलाज, जैसे दुर्घटना के कारण अस्पताल में भर्ती होने, एम्बुलेंस का खर्च आदि ख़र्चों के लिए पूरा एक्सपेंस प्रोटेक्शन मिलेगा।

ईएमआई प्रोटेक्ट कवर के अंतर्गत वाहन को कोई नुकसान या क्षति के कारण रिपेयर के लिए जाने पर सिट्रोएन के ग्राहकों को अपने वाहन के लिए ईएमआई प्रोटेक्शन (1 से 6 महीने) मिलेगा।

# प्रेस्टीज ने चिमनी की ऑस्कर ब्लैक रेंज पेश की, कुकिंग के दौरान ताजी हवा का आनंद उठायें

**नई दिल्ली।** भारत के किचन अप्लायेंस श्रेणी में भरोसेमंद लीडर, टीटीके प्रेस्टीज ने नई चिमनियों की पेशकश के साथ नवाचार की अपनी परंपरा को बरकरार रखा है। ये चिमनी



दो आकार- 60 तथा 90 सेमी के साइज में लॉन्च की गई हैं और इनके नाम हैं ऑस्कर 900 और 600 ब्लैक। इन अत्याधुनिक चिमनियों में शानदार उच्च सक्शन पावर और धुआं निकालने की बेहतरीन क्षमता है। इससे आपको एक ताजा, स्वच्छ और बदबूरहित वातावरण मिलता है, जिससे कुकिंग का आपका पूरा अनुभव ही बदल जाएगा। इसमें 1000 मी३/घंटा का प्रभावी सक्शन पावर है, जो बड़ी ही आसानी से किचन के धुएं और बदबू को बाहर निकाल देता है। इससे आपका कुकिंग स्पेस सेहतमंद हो जाता है। इसके अलावा, हीट ऑटो-क्लीन फंक्शन रखरखाव को सरल बनाता है, जबकि सुविधाजनक वन-टच थर्मल ऑटो-क्लीन आंतरिक सफाई को आसान बनाता है। टीटीके प्रेस्टीज की ऑस्कर किचन चिमनी के साथ कुकिंग का माहौल और बेहतर बनाएं।

ऑस्कर ब्लैक सीरीज किचन चिमनी में आधुनिक खूबसूरती के साथ अभिनव पहलुओं का संयोजन किया गया है। यह किचन वेंटिलेशन तकनीक में प्रगति का प्रतीक है। बड़ी ही सटीकता से तैयार किए गए ऑस्कर ब्लैक सीरीज में मजबूत हीट-रेजिस्टेंट टेम्पर्ड ग्लास कैनोपी है, जिसमें विजुअल अपील के साथ टिकाऊपन का तालमेल है। डुअल एलईडी लैम्प, बेहतरीन रोशनी की गारंटी देता है, जिससे कुकिंग के दौरान स्पष्ट देखने में आसानी होती है।

# जियोमार्ट ने महेंद्र सिंह धोनी को बनाया अपना ब्रांड एंबेसडर

**मुंबई।** देश के प्रमुख ई-मार्केटप्लेस में से एक, रिलायंस रिटेल के जियोमार्ट ने भारतीय क्रिकेट आइकन, महेंद्र सिंह धोनी को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। इसके अलावा, जियोमार्ट ने अपने उत्सव अभियान को जियोउत्सव, सेलिब्रेशन ऑफ इंडिया के नाम से फिर से ब्रांड किया है, जो 8 अक्टूबर, 2023 से शुरू होगा। जियो उत्सव अभियान इस निष्कर्ष पर जोर देता है, कि धोनी ने देश को जश्न मनाने के कई मौके दिए हैं, लेकिन वह उनका हिस्सा नहीं बन पाए है। इसलिए, नए जोश के साथ, वह अपने प्रियजनों के साथ खुशी के सभी क्षणों, उत्सवों और विशेष अवसरों का जश्न मनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। धोनी 45 सेकेंड की फिल्म में दिखाई देंगे।




जियोमार्ट के सीईओ, संदीप वरगांती ने कहा, हमें अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में एमएस धोनी पूरी तरह से एक उपयुक्त व्यक्ति मिले है, उनका व्यक्तित्व जियोमार्ट की तरह ही विश्वास, विश्वसनीयता और आश्वासन का प्रतिनिधित्व करता है। हमारा नया अभियान अपने प्रियजनों के साथ जीवन और उसके सभी विशेष क्षणों का उत्सव मनाने के लिए उपयुक्त है, शॉपिंग इस आनंद का एक अभिन्न हिस्सा है। इस समय हमारी कुल बिक्री का लगभग 60त्न हिस्सा गैर-महानगरीय क्षेत्र हैं, जो क्रमिक वृद्धि का संकेत है और डिजिटल रिटेल को लोकतांत्रिक बनाने के हमारे प्रयासों की सफलता का सच्चा प्रमाण है।

जियोमार्ट ने हमेशा क्षेत्रीय कारीगरों को बढ़ावा देने पर अपना ध्यान केंद्रित किया है। यह प्लेटफ़ॉर्म वर्तमान में 1000 से ज्यादा कारीगरों के साथ काम करता है, जो 1.5 लाख अद्वितीय उत्पाद बेचते है। दरअसल, कैंपेन शूट के हिस्से के रूप में, वरगांती ने धोनी को बिहार की पुरस्कार विजेता कारीगर अंबिका देवी द्वारा बनाई गई एक मधुबनी पेंटिंग भेंट की। इससे पता चलता है कि जियोमार्ट का ध्यान न केवल ग्राहकों को उत्पाद और सर्वोत्तम अनुभव प्रदान करने पर है, बल्कि लाखों कारीगरों और स्वच्छा को आसानी से व्यवसाय करने में सक्षम बनाने पर भी है।

महेंद्र सिंह धोनी ने कहा, मैं उन मूल्यों को दृढ़ता से पहचानता हूं और उनसे सहमत हूं जिनके लिए जियोमार्ट जाना जाता है, एक घरेलू ई-कॉमर्स ब्रांड होने के नाते, वे भारत में डिजिटल खुदरा क्रांति का समर्थन करने के उद्देश्य से संचालित होते हैं। भारत अपनी जीवंत संस्कृति, लोगों और त्योहारों के लिए जाना जाता है, जियोमार्ट का जियोउत्सव अभियान भारत और उसके लोगों के उत्सव का एक प्रतीक है। मैं बहुत उत्सुक हूँ कि जियोमार्ट के साथ जुड़ रहा हूँ और करोड़ों भारतीयों की खरीददारी की यात्रा का हिस्सा बन रहा हूँ।

फिल्मों की अवधारणा जियोमार्ट की क्रॉस-श्रेणी विशेषज्ञता, उत्सव की भावना का जश्न और प्लेटफार्म पर उपलब्ध शानदार खरीदारी सौदों और छूट को हाईलाइट करने के लिए की गई है।

# मोबियस फाउंडेशन और लोटस पेटल फाउंडेशन का 100 स्कूल कार्यक्रम बालिका शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करेगा




**लखनऊ।** लड़कियों की शिक्षा से जुड़े कार्यों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाने के लिए गुरूग्राम स्थित लोटस पेटल फाउंडेशन (एलपीएफ) और दिल्ली स्थित मोबियस फाउंडेशन ने एलपीएफ के प्रमुख डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम विद्या सहयोग के अंतर्गत एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इन एकीकृत प्रयासों के माध्यम से विद्या सहयोग कार्यक्रम का यह प्रयास है कि चित्रकूट (उत्तर-प्रदेश), सतना (मध्य प्रदेश), और श्योपुर (मध्यप्रदेश) के महत्वाकांक्षी ज़िलों में शैक्षणिक स्तर को अधिक ऊंचा किया जाए, छात्रों का सशक्तीकरण हो औरसीखने के लिए सहायकवातावरण को बढ़ावा मिले। हाल ही में प्रदीप बर्मन चेयरमैन, मोबियस फाउंडेशन, प्रवीण गर्ग, प्रेसिडेंट, मोबियस फाउंडेशन, नीरज मित्तल, एवीपी, विद्या सहयोग, सलोनी भारद्वाज, सह-संस्थापक एवं सीटीओ, लोटस पेटल फाउंडेशन, देबकांत भंजा, प्रोजेक्ट मैनेजर, विद्या सहयोग और अंकिता हाजरा, सीनियर प्रोग्राम मैनेजर, विद्या सहयोग, की उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इन दो प्रतिष्ठित फाउंडेशन के साथ सहयोग से उन बाधाओं को तोड़ने का प्रयास किया जाएगा जो लड़कियों की शिक्षा में अवरोध पैदा करते हैं और शिक्षा में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने की कोशिश की जाएगी। युवा पीढ़ी को तैयार करने के लिए समर्पित एलपीएफ के कार्यक्रम- विद्या सहयोग के माध्यम से यह भागीदारी सुविधाओं से वंचित बच्चियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए पहुँच में वृद्धि करने के प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करेगी।

# एमजी मोटर इंडिया मना रहा है 100 सालों का जश्न, ग्राहकों के लिए आकर्षक फेस्टिव बेनिफिट्स की घोषणा

**लखनऊ।** 100 साल की समृद्ध विरासत वाले ब्रिटिश ऑटोमोबाइल ब्रांड एमजी मोटर इंडिया ने भारत की पहली प्योर- इलेक्ट्रिक इंटरनेट एसयूवी जेडएस ईवी के लिए नई कीमतें पेश की हैं। एमजी की फ्लैगशिप ईवी का एक्साइट वैरिएंट अब 22.88 लाख रुपये, एक्सक्लूसिव और एक्सक्लूसिव प्रो वैरिएंट क्रमशः 24.99 लाख रुपये और 25.89 रुपये की आकर्षक शुरुआती कीमतों पर उपलब्ध है। वैश्विक स्तर पर सफल ईवी एसयूवी 50.3 किलोवॉट प्रिज्मैटिक सेल बैटरी के साथ आती है। भविष्य के डिजाइन के आधार पर, जेडएस ईवी को हाल ही में एडीएस (एडॉस) लेवल 2 के साथ पेश किया गया था और यह सुरक्षा और सुविधा के एक सेट के साथ आता है। भारत में लांच होने के बाद इंटेलिजेंट ईवी को 25 करोड़ किलोमीटर से अधिक चलाया जा चुका है और इसने लगभग तीन करोड़ किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन



बचाया है।

हाल की तिमाहियों में पर्याप्त लॉजिस्टिक बचत और चुनिंदा उत्पादन सामग्री (कच्चे माल) की लागत में कमी के साथ सप्लाई चेन को व्यवस्थित बनाने ने कंपनी को फेस्टिव सीजन में ग्राहकों के लिए को स्पेशल प्राइसिंग (विशेष मूल्य निर्धारण) को बढ़ाने की अनुमति दी है।

अपनी 100वीं वर्षगांठ के तहत, कंपनी ने ग्राहक लाभ/कस्टमर्स बेनिफिट्स और ऑफर्स की एक विस्तृत रेंज भी पेश की है।

## प्लाज्मा वॉटर सॉल्यूशंस यूपीडीएएसपी और यूपी हॉर्टिकल्चर के साथ मिलकर करेगा काम

**रायबरेली।** प्लाज़्मा वाटर सॉल्यूशंस इंक की अमेरिका की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी प्लाज़्मा वाटर सॉल्यूशंस (आई) प्राइवेट लिमिटेड ने ने आज उत्तर प्रदेश में कृषि में बदलाव लाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण साझेदारी की घोषणा की। यूपीडीएएसपी (उत्तर प्रदेश विविधीकृत सहायता कार्यक्रम) और यूपी बागवानी, कृषि विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से, प्लाज़्मा वाटर्स ने एक अभूतपूर्व




प्लाज़्मा आकार के जल प्रौद्योगिकी प्रदर्शन का अनावरण किया। यह अग्रणी तकनीक पानी, हवा और बिजली का उपयोग करके प्लाज्मा आकार के वॉटरटीएम का उत्पादन करने के लिए प्रकृति की शक्ति का उपयोग करती है, जिससे कृषि क्षेत्र को कई लाभ मिलते हैं। सॉल्यूशन का उद्देश्य टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के माध्यम से उत्पादकता में वृद्धि और केमिकल उपयोग में उल्लेखनीय कमी लाना है।

# AEROX 155 का मॉन्स्टर एनर्जी यामाहा मोटोजीपी एडिशन लॉन्च हुआ




**नई दिल्ली।** इंडिया यामाहा मोटर (आइवायएम) प्रा. लि. ने आज AEROX 155 का 2023 मॉन्स्टर एनर्जी यामाहा मोटोजीपी एडिशन लॉन्च किया। AWROXv55 के खास मोटोजीपी एडिशन की पूरी बॉडी पर यामाहा मोटोजीपी लिवरी होगी और इसकी कीमत रुपये 1,48,000 (एक्स शोरूम, दिल्ली) रखी गई है। इसके अलावा, यह मॉडल अब क्लास डी हेडलाइट से लैस है, जिससे रोशनी का बेहतर वितरण होता है और सड़कों पर ज्यादा अच्छा दिखाई देता है।

यामाहा AEROX155 में ट्रैक्शन कंट्रोल सिस्टम (टीसीएस) है और यह वैरिएबल वॉल्व एक्चुएशन (वीवीए) से लैस नये जनरेशन के 155cc ब्लू कोर इंजन से पावर्ड है। सीवीटी ट्रांसमिशन के अनुकूल, इसकी लिक्विड कूल्ड, 4-स्ट्रोक, एसओएचसी, 4-वॉल्व मोटर 8,000rpm पर 15 PS का अधिकतम पावर देती है और 6,500rpm पर 13.9 nm का पीक टॉर्क जनरेट करती है। यामाहा का मैक्सी-स्पोर्ट्स स्कूटर 20 फ्यूल कॉम्प्लायंट है, इसमें ऑन-बोर्ड डायग्नोस्टिक्स सिस्टम है और स्टैण्डर्ड फीचर के तौर पर हज़ार्ड सिस्टम भी है। मॉन्स्टर एनर्जी यामाहा मोटोजीपी एडिशन के अलावा, AEROX 155 चार रंगों में उपलब्ध हैः मैटेलिक ब्लैक, रेसिंग ब्लू, ग्रे वर्मिलियन और सिल्वर।

# इलेक्ट्रिक बस डिपो, कानपुर के एआरएम ने अग्निशमन विभाग का जताया आभार

चार्जिंग प्रक्रिया से नहीं गुजर थी बसें, आग लगने की अभी पुष्टि नहीं

**कानपुर।** एआरएम, कानपुर अहिरवां इलेक्ट्रिक बस डिपो ने आज सुबह तीन इलेक्ट्रिक बसों से जुड़ी आग लगने की एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना की सूचना दी है। हमारे स्थानीय अग्निशमन विभाग और सतर्क अधिकारियों ने त्वरित प्रतिक्रिया करते हुए आग की लपटों पर तुरंत काबू पा लिया गया, इसके लिए हम उनके अत्यंत आभारी हैं। इस वजह से बसों के पीछे स्थित बैटरियों को किसी भी प्रकार का नुकसान होने से बचाया जा सका। शुक्र है कि इस घटना के दौरान कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ। अभी हमें इसकी पुष्टि नहीं हुई कि आग कैसे लगी लेकिन यह साफ है कि आग बसों के सामने से शुरू हुई। यह बताना भी आवश्यक है कि आग लगने से कम से कम 5 घंटे पहले बसें पूरी तरह से बंद थीं और किसी भी चार्जिंग प्रक्रिया से नहीं गुजर रही थीं। इन बसों ने बिना किसी समस्या के अपना दैनिक कार्यक्रम पूरा किया था और डिपो में वापस आ गईं थीं। हम फिलहाल इस अप्रत्याशित घटना के मूल कारण का पता लगाने के लिए आंतरिक जांच कर रहे हैं। इसके साथ साथ हम अधिकारियों को पूरा सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

## पनटून किड्स ने दूरदर्शन के साथ पार्टनरशिप की घोषणा की

**नई दिल्ली।** यूट्यूब पर बच्चों के लिए सीख से भरपूर और मनोरंजक एनीमेशन कंटेंट देने के लिए ख्यात पनटून किड्स, भारत के सबसे अधिक देखे जाने वाले चैनल दूरदर्शन के साथ पार्टनरशिप की घोषणा करते हुए उल्लासित है दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले पंटून किड्स के शो पिग्गी बैंक इस ब्रांड के सफर में एक बेहद महत्वपूर्ण पड़ाव है। इस साझा प्रयास से यह ब्रांड एक विस्तृत ऑडियंस तक पहुंच सकेगा और बच्चों के लिए मजेदार और मनोरंजक सीख वाला कंटेंट पहुंचाने की अपनी प्रतिबद्धता को सार्थक कर सकेगा। पनटून किड्स के सीईओ और फाउंडर सौरभ कुमार ने इस साझेदारी पर अपनी प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि हम दूरदर्शन के साथ अपनी इस पार्टनरशिप को लेकर बहुत खुश है और पिग्गी बैंक न शो के माध्यम से हमारा ब्रांड बच्चों के बीच आपसी मेलजोल बढ़ाने और दूरदर्शन के प्रेरित, प्रभावित और शिक्षित करने वाले कंटेंट में अपना योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा मानना हैं कि बच्चों की पढ़ाई लिखाई से उनका मनोरंजन भी हो सकता है, और दूरदर्शन की देशभर की पहुंच से हमें भरोसा है कि गट्टू और चिंकी घर-घर में प्रचलित नाम हो जायेंगे।

# ज़ी5 पर होगा साल की सबसे बड़ी हिंदी ब्लॉक बस्टर फिल्म गदर 2 का वर्ल्ड डिजिटल प्रीमियर




जिसमें सनी देओल और अमीषा पटेल ने निभाई हैं मुख्य किरदार

**कानपुर।** भारत के सबसे बड़े घरेलू ओटीटी प्लेटफॉर्म और विभिन्न भाषाओं की कहानियों को दर्शकों तक पहुंचाने वाले, ज़ी5 ने आज साल की सबसे बड़ी हिंदी ब्लॉकबस्टर फिल्म गदर 2 के वर्ल्ड डिजिटल प्रीमियर की घोषणा की। इस फिल्म ने सिनेमाघर में जबरदस्त कामयाबी हासिल की और भारत में इसने कुल 526 करोड़ रुपये की कमाई की जो अभी भी जारी है। इस शानदार प्रदर्शन के बाद अब गदर 2 ज़ी5 पर एक और सफल पारी के लिए तैयार है, जिसकी शुरुआत 6 अक्टूबर से होगी। ज़ी स्टूडियोज़ द्वारा प्रोड्यूस की गई और अनिल शर्मा के डायरेक्शन में बनी 2001 की हिट गदर के सुपरहिट सीक्वल में सनी देओल, अमीषा पटेल और उत्कर्ष शर्मा एक बार फिर से तारा सिंह, सकीना और चरणजीत जीते सिंह की अपनी-अपनी में भूमिकाओं नजर आएंगे। ज़ी5 इंडिया के चीफ बिजनेस ऑफिसर, मनीष कालरा ने कहा, ज़ी5 पर भारत की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर हिंदी फिल्म, 'गदर 2' के प्रीमियर की घोषणा करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। ज़ी5 पर अपने दर्शकों के लिए सबसे सफल और पसंदीदा फिल्में पेश ही हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। हमें पूरा यकीन है कि बॉक्स ऑफिस पर सारे रिकॉर्ड तोड़ने के बाद, ज़ी5 पर गदर 2 के डिजिटल प्रीमियर का जादू भी दर्शकों के दिलो-दिमाग पर छा जाएगा और डिजिटल प्लेटफॉर्मों के सारे रिकॉर्ड तोड़कर यह फिल्म कामयाबी का परचम लहराएगी। पिछली फिल्म के 22 सालों बाद, गदर 2 भारत के सबसे चहेते परिवार, यानी तारा सिंह, सकीना और जीते को वापस ले आया है।

# डोज़ी का नया डोज़ी प्रो ईएक्स मरीज़ सुरक्षा में स्थापित कर रहा है नए स्टैंडर्ड



हॉस्पिटल से घर तक अखंड और लगातार मॉनिटरिंग की सुविधा

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के ज़रिए चलने वाले, लगातार और संपर्करहित रिमोट पेशंट मॉनिटरिंग (आरपीएम) और अर्ली वार्निंग सिस्टम्स (ईडब्ल्यूएस) में, मार्केट की अग्रणी कंपनी डोज़ी ने भारत में बनाई गयी, पूरी दुनिया में इस्तेमाल किए जाने योग्य, आधुनिकतम एम्बुलेटरी कनेक्टेड पेशंट मॉनिटरिंग सिस्टम - डोज़ी प्रो ईएक्स प्रस्तुत की है। कंसोर्टियम ऑफ एक्रेडिटेड हेल्थकेयर ऑर्गेनाइजेशन (सीएएचओ) के अध्यक्ष डॉ. विजय अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा÷ ÷स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्टता लाने के लिए, ऐसे नवाचारों को अपनाना जरूरी है जो मरीज़ों की देखभाल को बढ़ाते हैं और स्वास्थ्य देखभाल प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करते हैं। %डोज़ी प्रो ईएक्स% इस लक्ष्य को प्राप्त करने में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस तकनीक की संपर्क रहित और एआई-संचालित क्षमताएं देश भर में स्वास्थ्य देखभाल की गुणवत्ता और मानकों को आगे बढ़ाएंगी।÷डोज़ी के सह-संस्थापक और सीटीओ, श्री गौरव परचानी ने कहा, ÷आज के डिजिटल युग में, हमने बैंकिंग, व्यापार, मनोरंजन, खरीदारी, खाद्य वितरण और यहां तक कि किराने की खरीदारी, सभी को बदल दिया है, यह सब काम बहुत ही आसानी से किए जा सकते हैं। तो स्वास्थ्य देखभाल को पीछे क्यों

## इन त्योहारों पर ऑनर 90 26,999 रु. के एक्सक्लुसिव मूल्य में घर ले आएं

**नई दिल्ली।** 8 अक्टूबर से ऑनर 90 आपके नजदीकी स्टोरों पर विशेष फेस्टिव डिस्काउंट के साथ उपलब्ध हो जाएगा। ऑनर के फेस्टिव डिस्काउंट के साथ एसबीआई क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, और क्रेडिट कार्ड ईएमआई यूज़र्स को 8जीबी256जीबी वैरिएंट केवल 26,999 रु. और 12जीबी512जीबी वैरिएंट केवल 29,999 रु. में मिलेगा। बंडल डील के अंतर्गत यूज़र्स को 699 रु. का टाईप सी चार्जर बिल्कुल मुफ्त मिलेगा, जो किसी भी डिवाईस के साथ उपयोग किया जा सकेगा।



त्योहारों पर शानदार चित्र लेने के लिए ऑनर 90 में 200मेगापिक्सल का मुख्य कैमरा, 12 मेगापिक्सल का अल्ट्रा-वाईड/मैक्रो कैमरा, और 2 मेगापिक्सल का डेप्थ कैमरा है। इसमें वीडियो के लिए एआई टेक है, जिसमें सीन रिकग्निशन, एआई वीलॉग असिस्टैंट, और एआई नॉईज़ रिडक्शन मिलता है। यह टीयूवी रीनलैंड फ्लिकर-फ्री सर्टिफिकेशन के साथ उद्योग में सर्वाधिक 3840 हट्ज़ फ्रीक्वेंसी पीडब्लूएम डिमिंग टेक और रिस्क-फ्री डिमिंग (120 हट्ज़ रिफ्रेश रेट पर एक्टिव) को सपोर्ट करता है। यह एंड्रॉयड 13 पर आधारित ऑनर मैजिक ऑपरेटिंग सिस्टम 7.1 पर चलता है। ऑनर 90 में क्वालकोम स्नैपड्रैगन 7 जेन 2 एक्सेलरेटेड एडिशन 5जी प्लेटफॉर्म है, जो फ्लैगशिप लेवल की परफॉर्मेंस प्रदान करता है। लंबे समय तक चलते रहने के लिए इसमें 5000 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी लगी है।

# बड़ौदा बीएनपी पारिबा म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया बड़ौदा बीएनपी पारिबा स्मॉल कैप फंड

**मुंबई।** बड़ौदा बीएनपी पारिबा म्यूचुअल फंड ने बड़ौदा बीएनपी पारिबा स्मॉल कैप फंड के लॉन्च की घोषणा की है। यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है जो मुख्य रूप से स्मॉल-कैप शेयरों में निवेश करती है। फंड का प्रबंधन शिव चानानी (सीनियर फंड मैनेजर) द्वारा किया जाएगा। शिव के पास 24 साल से अधिक का अनुभव है और उन्हें मिड और स्मॉल कैप सेक्टजर क्षेत्र में गहरा अनुभव है। इस फंड को निफ्टी स्मॉल कैप 250 टीआर इंडेक्स के खिलाफ बेंचमार्क किया जाएगा।

**स्मॉल-कैप फंड की मुख्य विशेषताएं -**

फंड नेट एसेट्स का 65 फीसदी से अधिक स्मॉल-कैप कंपनियों में निवेश करेगा फंड बॉटम-अप स्टॉक-पिकिंग सिद्धांत का पालन करेगा। निवेश के लिए मजबूत फंडामेंटल (बुनियादी सिद्धांतों), क्वालिटी बिजनेस मॉडल और मजबूत प्रबंधन टीमों वाली कंपनियों के चयन पर जोर दिया जाएगा। यह फंड अलग अलग सेक्टर से जुड़ी कंपनियों में निवेश करेगा, ना कि किसी एक या खास सेक्टर में। फंड का लक्ष्य उन कंपनियों का लाभ उठाकर निवेशकों की दौलत में इजाफा करना है, जिनमें भविष्य में अपने सेक्टर की अग्रणी कंपनी बनने की क्षमता है। बड़ौदा बीएनपी पारिबा म्यूचुअल फंड के सीईओ, सुरेश सोनी का कहना है कि बड़ौदा बीएनपी पारिबा स्मॉल कैप फंड भारतीय अर्थव्यवस्था में बड़े संरचनात्मक विकास के अवसरों से लाभ उठाने के इच्छा रखने वाले और लंबी अवधि तक निवेश को बनाए रखने वाले निवेशकों के लिए एक आदर्श विकल्प है। स्मॉल कैप सेगमेंट कई सेक्टर में निवेश करने का विकल्प प्रदान करता है और यह बाजार की तेजी में दूसरे सेगमेंट की तुलना में हाई रिटर्न दे सकता है।

# बच्चा बदले जाने के मामले में अस्पताल सील

अवधनामा ब्यूरो



- जीवनदीप अस्पताल में बच्चा बदलने को लेकर हंगामा
- चिकित्सक पर दर्ज हुआ मुकदमा, बच्चा बदलने का हुआ खुलासा
- पडरौना कोतवाली क्षेत्र के जटहां रोड स्थित जीवनदीप अस्पताल का मामला

**कुशीनगर।** पडरौना नगर के जटहां रोड स्थित जीवनदीप अस्पताल में बच्चा बदलने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल के स्टाफ बच्चा बदलकर उनको बेटा की जगह किसी दूसरे की बेटी थमा दिया। वह जब इसकी शिकायत डॉ. रवि जायसवाल से किए तो चिकित्सक ने उनके साथ बदसलूकी व गाली-गलौज कर उन्हें अस्पताल से बाहर निकाल दिया। इसके बाद परिजनो ने खूब हंगामा किया।

अस्पताल के संचालक डॉ. रवि जायसवाल ने स्टाफ द्वारा डिस्चार्ज करते समय लडका के जगह लडकी देने की बात स्वीकार किया। काफी देर तक चले हंगामे के बाद प्रशासन ने अस्पताल को सील कर दिया। परिजन संचालक पर कार्रवाई करने की जिद्द पर अड़े रहे। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने रात्रि तकरीबन दस बजे डाक्टर रवि जायसवाल के विरुद्ध अपहरण सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। तब जाकर परिजनों का गुस्सा शांत हुआ। पुलिस ने लिखा-पढी कर बदले गए बच्चे को उनके परिजनो को सुपुर्द कर दिया है। पडरौना नगर के जटहां रोड पर बाल रोग विशेषज्ञ डा. रवि जायसवाल जीवनदीप के नाम से अपना निजी अस्पताल संचालित करते है। बताया जाता है कि गुरुवार की शाम स्टाफ द्वारा एक साथ दो बच्चों के डिस्चार्ज स्लिप तैयार किया गया इसके बाद लडकी के परिजनो को लडका और लडके के परिजनो को लडकी थमाकर अस्पताल से छुट्टी कर दी। इसी दरम्यान लडके के परिजनो ने यह आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया कि अस्पताल के स्टाफ ने बच्चा बदल कर लडके की जगह उन्हें लडकी दे दिया है। हो-हल्ला देख वहा भीड इकट्ठा हो गई। पडरौना के कोतवाल राज प्रकाश सिंह ने बताया कि बच्चा बदलने को लेकर विवाद हुआ है। बच्चा मिल गया परिजनो को सुपुर्द कर दिया गया। अस्पताल को सील कर परिजनो के तहरीर के आधार पर चिकित्सक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। **एक अक्टूबर को जीवनदीप अस्पताल में भर्ती हुआ था नवजात:** कहना न होगा कि रामकोला थाना के विजयीपुर तिराहा निवासी दीपू की पत्नी अंजली को 29 सितंबर को सीएचसी पर सामान्य प्रसव से बेटा पैदा हुआ। बच्चे की धड़कन कम होने के कारण डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान आराम नहीं मिलने पर एक दलाल के बहकावे में आकर परिजन एक अक्टूबर को उस बच्चे को लेकर पडरौना के जटहां रोड स्थित जीवनदीप अस्पताल पहुंचे जहा चिकित्सक ने बच्चे को भर्ती कर इलाज शुरू किया। इलाज के दौरान बच्चे की तबीयत में सुधार हुआ। गुरुवार को चिकित्सक ने बच्चे को डिस्चार्ज कर दिया। उसके बाद अस्पताल प्रशासन द्वारा परिजनों से 38 हजार रुपए इलाज के नाम पर खर्च धनराशि जमा कराया गया। परिजनों का आरोप है कि जब नवजात को डिस्चार्ज किया गया तो स्टाफ नर्स ने उन्हें बेटे की जगह बेटी थमा दिया।

परिजनों का कहना है कि इसकी शिकायत लेकर वह डा. रवि जायसवाल के पास पहुंचे तो वह गाली-गलौज कर उन्हें अस्पताल से धक्का देकर गेट से बाहर निकलवा दिया। फिर इसको लेकर हंगामा शुरू हुआ। पुलिस के आने पर अंजली का बेटा मिला। पुलिस बेटे को लेकर थाने चली गई और दोनों पक्षों को भी वहीं चलने को कहा, लेकिन तीमारदार अस्पताल संचालक डा. रवि जायसवाल पर कार्रवाई और अस्पताल को सील कराने की मांग पर अडिग रहे। इसके बाद प्रशासन ने जीवनदीप अस्पताल को सील कर दिया। इसके बावजूद परिजन देर रात तक पुलिस की मौजूदगी में डाक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर धरना पर बैठे रहे। रात्रि तकरीबन दस बजे कोतवाली पुलिस ने परिजनो के तहरीर के आधार पर संचालक व बाल रोग विशेषज्ञ डा. रवि जायसवाल के खिलाफ अपराध संख्या - 948/23 धारा - 363,504 व 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया। उसके बाद परिजन धरना से उठे।

### डाक्टर ने स्वीकार किया, हुई है गलती

बच्चा बदलने के बाद परिजनों द्वारा किए गए हंगामे की जानकारी जब मीडिया को हुई तो प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुडे पत्रकार जीवनदीप अस्पताल पहुंचे। पत्रकारों ने मामले से संबंधित पूछताछ की तो अस्पताल संचालक व शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ डॉ. रवि जायसवाल ने स्वीकार किया कि स्टाफ द्वारा डिस्चार्ज करते समय परिजनो को लडका के जगह लडकी सौप दिया गया। यह बहुत बडी भूल हुई है।

## निलंबित चकबंदी लेखपाल और चकबंदी अधिकारी के ऊपर डीएम ने दर्ज करायी एफआईआर

अवधनामा ब्यूरो

- डीएम की इस कार्यवाई से चकबंदी व अन्य विभाग में मचा हड़कंप
- जीरो टॉलरेंस नीति के तहत डीएम ने लिया संज्ञान, दर्ज हुई एफआईआर

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने बताया कि पैसे के लेनदेन सम्बन्धी वीडियो वायरल होने के क्रम में बीते 30 सितम्बर को निलंबित किए गए भ्रष्टाचार में लिप्त लेखपाल अरविंद चौरसिया के ऊपर शुक्रवार को पडरौना कोतवाली में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि चकबंदी अधिकारी धीरेंद्रजीत सिंह जो वर्तमान में गोरखपुर में कार्यरत हैं। इनके द्वारा पूर्व में तैनाती के दौरान थाना हाटा के अंतर्गत ग्रामसभा की भूमि के अभिलेखों में छेड़छाड़ कर गलत तरीके से खलिहान, पोखरी आदि कि भूमि पर संदेहास्पद व त्रुटिपूर्ण तरीके से आदेश पारित कर दिया गया था। जिसको चकबंदी निदेशालय ने संज्ञान लेकर जिलाधिकारी को पत्र के माध्यम से कार्यवाही हेतु प्रेषित किया था। उक्त के क्रम में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा द्वारा एसओसी को तत्काल कार्यवाही करने हेतु दिए गए निर्देश क्रम में बीते 19 सितंबर 2023 को बंदोबस्त अधिकारी आलोक कुमार द्वारा हाटा कोतवाली में चकबंदी अधिकारी धीरेंद्रजीत सिंह के ऊपर एफआइआर दर्ज करा दिया गया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि गलत कार्यों/पैसे का लेनदेन/रिकॉर्ड का साथ त्रुटिपूर्ण व संदेहास्पद तरीके से धोखाधड़ी सहित अन्य कोई भी गम्भीर मामला यदि संज्ञान में आता है तो उसके विरुद्ध तत्काल प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### कलश यात्रा में दिखा ग्रामीणों का उत्साह




**मुंशीगंज (अमेठी) अवधनामा संवाददाता।** मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत गांव गांव निकल रही कलश यात्रा में शुक्रवार को ग्रामीणों में खासा उत्साह दिखाई पड़ा। ग्राम सभा लोहंगपुर से निकली अमृत कलश यात्रा विकास खंड शाहगढ़ पहुंची। अक्षत व मिट्टी भरकर कलश को लेकर प्रधान और पंचायत सहायक की अगुवाई में सड़क मार्ग से गाजे बाजे के साथ उत्साह से यात्रा निकली। कलश यात्रा का समापन ब्लाक परिसर में हुआ। कार्यक्रम में प्रधान शिव दर्शन यादव बी डी सी प्रकाश पंचायत सहायक प्रियंका गुप्ता विनीता यादव आंगनबाड़ी कार्यकत्री ललई शुक्ला, विनोद मौर्य सहित तमाम लोग शामिल रहे।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने की बैठक



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय विकास खण्ड की ग्राम पंचायत रायपुर फुलवारी में संगठनात्मक दृष्टिकोण से कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक हुई। जिसमे संगठन ग्राम सभा और न्याय पंचायत स्तर पर संगठन की समीक्षा की गई। ब्लाक कांग्रेस कमेटी अमेठी अध्यक्ष डा देव मणि तिवारी ने कहा कि जनता के बीच रहे पार्टी के सिद्धांत और नीतियों से लोगों को अवगत कराएं। उनका सहयोग करे लोगो से संवाद स्थापित करे। उनके अधिकार के लिए संघर्ष करे। बैठक मे ब्लाक प्रभारी हीरा मनि कनौजिया अब्दुल वाहिद मोहम्मद अकील राम मूर्ति पाठक निसार अहमद सुधीर कुमार दूबे हरिकेश कुमार ओम प्रकाश दशरथ उपेन्द्र तिवारी सरवरी बेगम इशरतुल निशा आदि मौजूद रहे।

### ईवीएम वीवीपैट वेयर हाउस का डीएम ने किया निरीक्षण



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने शुक्रवार को राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निरीक्षण किया। उन्होंने गोदामों में रखी बीयू/सीयू तथा वीवीपैट के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरा को भी देखा तथा गोदाम में लगी सिक्योरिटी को 24 घंटे तैनात रहने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गैर चुनाव अवधि के दौरान वेयरहाउस में ईवीएम एवं वीवीपैट के सुरक्षित भंडारण एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण के निर्देश दिए गए थे।जिसके क्रम में आज वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस में साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान राजनैतिक दलों के पदाधिकारी व निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

## चेयरमैन और सभासद चले जनता के द्वार, चलाया सफाई अभियान



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत पिपराइच में सफाई अभियान के अन्तर्गत आज दूसरे दिन भी नगर अध्यक्ष संजय कुमार मद्धेशिया एवं वार्ड नं 5 मोटेश्वरनाथ नगर के सभासद प्रतिनिधि संतोष यादव तथा नगर पंचायतके कर्मचारियों के साथ स्काई लिफ्टर व स्ट्रीट लाईट, पेयजल व्यवस्था हेतु पलम्बर, सफाई कर्मचारी व जे0सी0बी0, ट्रैक्टर-ट्राली, कूड़ा वाहन, दवा छिड़काव मशीन, चूना, मैलाथियान, झाड़ू, बेल्चा इत्यादि के साथ वार्ड नं0-05, मोटेश्वरनाथ नगर (खजवा)में महा सफाई अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत मौके पर जो भी समस्याएं मिली जैसे पोल पर एल0ई0डी0 लाईट न जलने पर तत्काल बदल कर नया स्ट्रीट लाईट लगाया गया वहीं इण्डिया मार्का हैण्डपम्प से पानी न निकलने पर तत्काल उसका मरम्मत कराया गया एवं लोगों द्वारा सड़कों पर हुए अतिक्रमण की शिकायत किये जाने पर तत्काल सड़क व नाली से अतिक्रमण को खाली कराये जाने का कार्य किया गया, कहीं पर भी कूड़ा, गंदगी दिखाई देने पर तत्काल सफाई कराकर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया गया साथ ही साथ मौके पर जो भी समस्यायें लोगों द्वारा बताई गई उसको रजिस्टर में लिख लिया गया है ताकि यथाशीघ्र उसका भी निस्तारण कराया जा सके। उक्त कार्य से वार्ड वासियों व नगर वासियों में खुशी का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष संजय कुमार मद्धेशिया ने सभी नगरवासियों का इस अभियान में सहयोग देने एवं सहभागी बनने के लिए बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया।

## गंडक नदी में डूबे अधेड़ का 10 किमी. दूर मिला शव

अवधनामा संवाददाता



- सुअरहा घाट पर नहाने के दौरान डूबकर नदी में बह गए अनवारूल

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** तीन दिन पूर्व छोटी गंडक नदी में डूबे अधेड़ व्यक्ति का लाश दस किमी दूर हाटा कोतवाली क्षेत्र के गांव सिकटिया टोला बनटोलवा घाट पर शुक्रवार को ग्रामीणों ने उतराते देखा। सूचना पर पहुंचे परिजन शव का शिनाख्त किए। मौके से पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बता दें कि बीते बुधवार को कप्तानगंज थाना क्षेत्र के नरायनपुर गांव निवासी अनवारुल हक पुत्र शमीन उम्र 58 वर्ष अपना खेत देखने के बाद छोटी गंडक नदी के सुअरहा घाट के तरफ चले गए थे। जहां वह कपड़ा उतारकर नहाने लगे लेकिन पानी का बहाव अधिक होने से वह डुबने लगे। यह घटना नदी के दुसरे छोर पर मौजूद लोगो ने देखा। शाम तक जब वह अपने घर नही लौटे तो परिजन अनवारूल को ढूंढने लगे। परिजन ढूंढते हुए छोटी गंडक नदी के कोइरी टोला घाट के पास पहुंचे तो घाट के किनारे उनका कपड़ा मिला। गुरुवार को सुचना पर पुलिस व राजस्व टीम ने खोजबीन शुरू किया तथा उसी दिन एसडीआरएफ की टीम भी पहुंच थी। शाम तक ढूंढते रहे लेकिन शव का पता नही चल सका। शुक्रवार की सुबह दस किमी दूर हाटा कोतवाली क्षेत्र के सिकटिया टोला बनटोलवा घाट शव को ऊतराते किसी ने देखा। इसकी सूचना मिलते ही परिजन और पुलिस मौके पर पहुंच गए और शव का शिनाख्त कर पुलिस पोस्टमार्टम के लिए भेज दी।

### रोजगार मेले का आयोजन 10 को

**अमेठी।** सहायक जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने अवगत कराया है कि जनपद के विकास खण्ड बाजार शुकुल में एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन 10 अक्टूबर 2023 को पूर्वान्ह 10.30 बजे से किया जायेगा। जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में 10वीं 12वी स्नातक तथा आईटीआई उत्तीर्ण एवं अन्य तकनीकी योग्यताधारक अभ्यर्थी रोजगार हेतु प्रतिभाग करने के लिए आवेदक अपने यूजर आई डी के माध्यम से सेवायोजन विभाग के वेब पोर्टल sewayojan.up.nic.in पर अपनी योग्यता के अनुरूप रोजगार मेला आई0डी0-8375 पर इच्छुक कम्पनी में आवेदन कर सकते है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में भाग लेने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी फोटो तथा बायोडाटा के साथ विकास खण्ड बाजार शुकुल जनपद अमेठी में समय से उपस्थित होकर प्रतिभाग कर सकते है, इस हेतु कोई मार्ग व्यय देय नही होगा।

## सीडीपीओ दुदही व फाजिलनगर का वेतन रोकने के दिये निर्देश

अवधनामा ब्यूरो



- कार्य में शिथिलता व लापरवाही पर सीडीओ ने की कार्रवाई

**कुशीनगर।** कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की अध्यक्षता में पोषण समिति की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में बाल विकास परियोजना दुदही व फाजिलनगर को आरोप पत्र निर्गत करने हेतु निर्देशित किया एवं सूचकांको के सुधार जब तक न हो जाय तब तक वेतन न आहरित करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में आधार वेरीफिकेशन, होमविजिट तथा पोषाहार वितरण में खराब प्रगति रहने वाले सीडीपीओ को निर्देशित किया कि सम्बन्धित आंगनबाड़ी को सेक्टरवार 10-10 कार्यकत्रियों को अपने समक्ष बुलाकर पोर्टल पर फीडिंग करावें व समीक्षा करें। कार्य नहीं करने वाले आंगनबाड़ी कार्यकत्री विरूद्ध आरोप पत्र निर्गत करें या सेवा समाप्ति की कार्यवाही करें। कई सूचकांक खराब रहने के कारण बाल विकास परियोजना दुदही, फाजिलनगर को आरोप पत्र निर्गत करने हेतु निर्देशित किया गया एवं सूचकांको के सुधार जब तक न हो जाय तब तक वेतन न आहरित करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने पोषण माह में गतिविधि फीडिंग की समीक्षा की, जनपद की रैंकिंग 13वी रही एवं जिसमें बेहतर कार्य करने सेवरही व हाटा का रहा, उन्हें प्रशस्ति पत्र देने हेतु निर्देशित किया। सम्भव अभियान की समीक्षा के दौरान खराब प्रगति वाली परियोजना दुदहीं, फाजिलनगर व पडरौना के सीडीपीओ/प्र. को निर्देश दिया गया कि एमओआईसी के साथ बैठकर एएनएम को बुलाये व वार्ता करें एवं ई-कवच पोर्टल पर फीड नही करती है उसके बारे में जिला कार्यक्रम अधिकारी को अवगत करावें एवं जो बच्चे पूर्व से ई-कवच में दर्ज है उनका नियमित फालोअप करे तथा एस ए एम श्रेणी से बाहर लाएं। उन्होंने गोदभराई एवं VH-SND सत्रो की समीक्षा करते हुए आंगनबाडी को निर्देशित किया कि वह वजन मशीन, स्टूडियो आदि सभी यन्त्र लेकर उपस्थित रहें एवं वजन करे व पोर्टल पर फीड करें एवं CBE का आयोजन करें व पोर्टल पर फीड करें व दस्तक अभियान में सक्रिय भूमिका निभाए।

### दुर्गापूजा पंडाल सजाने की होने लगी तैयारी



**अमेठी।** शारदीय नवरात्र को लेकर दुर्गा पूजा पंडाल सजाने की तैयारियां शुरू हो गई है। नगर और ग्रामीण अंचल में पूजा समितियों की बैठक और पूजा पंडाल सजाने का काम शुरू हो गया है। ग्रामीण अंचल में भी दुर्गा पूजा काफी भव्य तरीके से मनाने की तैयारी की जा रही है। विभिन्न गांवों में पूजा पंडाल सजाने के लिए निर्धारित स्थलों पर साफ सफाई का काम तेजी से चल रहा है।

जगह जगह पूजा समितियों की बैठक चल रही है तैयारियों का सिलसिला काफी तेजी से दिखाई दे रहा है। इस वर्ष 15 अक्टूबर से शारदीय नवरात्र का शुभारंभ हो रहा है नवरात्र को लेकर भी तैयारी चरम पर है। देवी स्थलों पर भी साफ सफाई और तैयारियां चल रही हैं।

## हल्की बारिश में टपक रहा न्यू पीएचसी बोदरवार



अवधनामा संवाददाता

**बोदरवार, कुशीनगर।** स्थानीय बाजार में संचालित न्यू सीएचसी की बिल्डिंग हल्की बारिश में भी टपकने लगा है जिससे मरीजों के साथ साथ डाक्टर भी परेशान हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार और भवन निर्माण कराने वाली कार्यदाई संस्था मौन साधे हुए हैं। गौरतलब है कि पंचायत भवन में संचालित होने वाले इस अस्पताल को वर्ष 2010में अपना न्यू पीएचसी मिल गया। लेकिन एक दशक बीतते-बीतते अस्पताल की बिल्डिंग हल्की बारिश में भी टपकने लगती है। अस्पताल का कोई ऐसा कमरा नहीं है जहां बरसात में टपकने से पानी न लगता हो। अस्पताल के समय में अगर बरसात शुरू हो गई तो मरीजों के साथ साथ डाक्टर भी अपनी जगह बदलते नज़र आते हैं। बोदरवार सीएचसी पर प्रतिदिन सैकड़ों की तादाद में अपना इलाज कराने मरीज़ आते हैं लेकिन बरसात के समय उन्हें काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ संजय भारद्वाज का कहना है कि इस विकट समस्या से उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।इसका निरीक्षण भी हो चुका है। देखें कब-तक इस समस्या से निजात मिलती है।

## एमपीपीजी कॉलेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी आज

अवधनामा संवाददाता



- राष्ट्रीय शिक्षा नीति के महत्वपूर्ण पहलुओं पर होगा विशद मंथन

**गोरखपुर।** महाराणा प्रताप महाविद्यालय,जंगल धूसड़, गोरखपुर में बी.एड. विभाग के तत्वावधान में ' राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 संकल्प से सिद्धि तक विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन 7 अक्टूबर, शनिवार को सुबह 10 बजे से होगा। प्राचार्य डॉ प्रदीप कुमार राव के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय संगोष्ठी को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

आयोजन की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय संगोष्ठी की संयोजक एवं बी. एड. विभाग की अध्यक्ष श्रीमती शिप्रा सिंह ने बताया कि उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, सासाराम, बिहार के कुलाध्यक्ष एवं जय प्रकाश विश्वविद्यालय छपरा, बिहार के पूर्व कुलपति प्रो. हरिकेश सिंह उपस्थित होंगे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर की कुलपति प्रो. पूनम टंडन करेंगी।

उद्घाटन सत्र के विशिष्ट अतिथि के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर में शिक्षा संकाय की संकायाध्यक्ष प्रो. शोभा गौड़ का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। इस दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में देशभर के शिक्षाविद एवं प्रमुख विद्वान अपना व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे तथा प्रत्येक सत्रों में शोधार्थियों, शिक्षकों तथा विद्वतजन द्वारा शोधपत्र प्रस्तुत किए जायेंगे। महाविद्यालय के सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. अभय प्रताप सिंह के मुताबिक राष्ट्रीय संगोष्ठी के प्रथम तकनीकी सत्र में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर के गणित एवं सांख्यिकी विभाग के आचार्य प्रो. सुधीर श्रीवास्तव एवं दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोरखपुर के बी.एड्. विभाग के आचार्य डॉ. सुभाष चन्द्र का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। वहीं द्वितीय तकनीकी सत्र में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर के शिक्षा संकाय के पूर्व संकायाध्यक्ष प्रो. एन.पी. भोक्ता एवं सहायक आचार्य डॉ. मीतू सिंह का सानिध्य प्राप्त होगा। तृतीय तकनीकी सत्र दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर के रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा एवं शिक्षा संकाय के सहायक आचार्य डॉ. राजेश कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में संपन्न होगा। इसी क्रम में चतुर्थ तकनीकी सत्र दिग्विजयनाथ पी.जी. कॉलेज, गोरखपुर के पूर्व प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह तथा जे. बी. महाजन डिग्री कॉलेज गोरखपुर के सहायक आचार्य डॉ. लक्ष्मण सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न होगा।

## आशा का साथ देंगे ग्राम प्रधान, टीबी मुक्त पंचायत बनाकर पाएंगे सम्मान

अवधनामा संवाददाता



- हर माह सात सवाल पूछकर ग्राम प्रधान भी करेंगे क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में सहयोग

**गोरखपुर।** टीबी मरीजों को खोजने और उन्हें जांच के लिए प्रेरित करने के साथ ही उपलब्ध सरकारी व गैर सरकारी सुविधाओं से जोड़ने में ग्राम प्रधान भी अब आशा कार्यकर्ता का साथ निभाएंगे।

सक्रियता के साथ ऐसा करके गांव को टीबी मुक्त पंचायत की श्रेणी में शामिल करवाने पर उन्हें जिला स्तर पर सम्मान भी मिलेगा। ग्राम प्रधान को प्रत्येक माह विलेज हेल्थ सेनिटेशन एंड न्यूट्रिशन कमेटी (वीएचए सएनसी) की बैठक में इसके लिए आशा कार्यकर्ता से सात सवाल पूछ कर कार्यपुस्तिका में दर्ज करना है । इसकी सतत निगरानी करने व निरंतर सहयोग देने से अगर वर्ष भर में निर्धारित पांच में से तीन मानक पूरे हो गये तो उनके गांव को टीबी मुक्त घोषित कर दिया जाएगा। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ गणेश यादव ने बताया कि जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश, मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार मीणा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दूबे, जिला विकास अधिकारी राज मणि वर्मा और जिला पंचायती राज अधिकारी नीलेश प्रताप सिंह की देखरेख में इस संबंध में दो दिनों तक ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक, बीसीपीएम और एडीओ पंचायत इस प्रशिक्षण को प्राप्त करने के बाद अब ब्लॉक स्तर पर ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव, सीएचओ और संबंधित स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षित करेंगे । स्टेट टेक्निकल ऑफिसर अश्विनी कुमार पंकज और जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ. विराट स्वरूप श्रीवास्तव ने टीबी मुक्त पंचायत और फैमिली केयर गिवर मॉडल के बारे में प्रत्येक प्रतिभागी को विस्तार से जानकारी दी है। जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि ग्राम प्रधान वीएचएसएनसी के प्रति वर्ष के 10000 रुपये के अनटायड फंड का इस्तेमाल भी टीबी ग्रसित जरूरतमंद मरीजों की मदद के लिए कर सकते हैं। उन्हें ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) में भी टीबी संबंधी गतिविधियों के संचालन के लिए बजट रखने को प्राथमिकता में शामिल करना है। इसके तहत टीबी ग्रसित मरीजों को स्वास्थ्य केंद्र पर भेजने की व्यवस्था करना, बलगम परिवहन व उपचार ले रहे मरीजों का फॉलो अप, प्रचार प्रसार व जागरूकता गतिविधियां, पोषण संबंधी सहायता और मनरेगा जैसी योजना से टीबी पीड़ित लोगों को जोड़ना शामिल है। डॉ यादव ने बताया कि अगर आशा कार्यकर्ता का साथ ग्राम प्रधान देंगे तो टीबी के नये मरीजों को खोजने और उनका उपचार कराने में काफी मदद मिलेगी। उन्हें अपने पूरे गांव में यह संदेश पहुंचाना है कि दो सप्ताह से अधिक समय तक लगातार खांसी, बुखार, थकान, वजन कम होना, भूख कम लगना , रात में पसीना, छाती में दर्द या सांस लेने में कठिनाई और खांसते समय बलगम आने जैसे लक्षण दिखें तो तुरंत निकटतम स्वास्थ्य केंद्र से टीबी की जांच कराएं।

### हेल्थ कैम्प से आसान होगी राह

पिपराईच ब्लॉक के ग्रामसभा मटिहनिया के ग्राम प्रधान अनिल सिंह (38) का कहना है कि इस मुहिम को सफल बनाने के लिए पंचायत स्तर पर हेल्थ कैम्प भी आयोजित होगा कैम्प में संभावित रोगियों को इकट्ठा कर एक साथ जांच की जा सकेगी। जिले में 995 ग्राम प्रधान हैं। अगर स्वास्थ्य विभाग के स्तर से सहयोग मिला तो अधिकाधिक गांव टीबी से मुक्त हो सकते हैं।

# सभी उपजिलाधिकारी प्रतिदिन करें वादों के निस्तारण की समीक्षा

## पांच साल से अधिक लंबित वादों को प्राथमिकता के आधार पर अधिक से अधिक करें निस्तारित: जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता



डीएम ने समस्त एसडीएम, तहसीलदार व नायब तहसीलदार तथा पेशकारों के साथ की आवश्यक बैठक

**गोण्डा।** शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जनपद के समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार, समस्त नायब तहसीलदार तथा पेशकरों की एक आवश्यक बैठक की। बैठक में सभी तहसीलों के कोर्ट में पांच साल पुराने लंबित वादों की समीक्षा तहसीलवार सभी उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों से समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद के सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी लोग अपने-अपने तहसीलों में लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षकों के द्वारा किए जा रहे कार्यो की समीक्षा प्रतिदिन की जाए तथा कोर्ट में लंबित वादों के निस्तारण को प्राथमिकता के आधार पर अधिक से अधिक निस्तारित करना सुनिश्चित करें।

बैठक में उन्होंने पांच साल से पुराने वाद धारा 34, धारा 24, नामांतरण, धारा 24 / 41 पैमाइश धारा 33 वरासत, उत्तराधिकार, धारा 116 कुर्रा बटवारा आदि सभी वादों की गहन समीक्षा की, तथा सभी संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि अगले 15 दिनों के बाद सभी के निस्तारण की समीक्षा की जायेगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि आप सभी लोग अपने कोर्ट में प्रतिदिन बैठकर अधिक से अधिक वादों की सुनवाई करके नियमानुसार निस्तारण करें, इसमें यदि किसी के स्तर पर लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। वहीं बैठक में जिलाधिकारी ने सभी कोर्ट के पेशकारों को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिए हैं कि अधिक से अधिक वादों का नियमानुसार निस्तारण करके समय से उसकी फीडिंग करना सुनिश्चित करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

वहीं बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने तहसील के सभी अधिकारियों से आइजीआरएस पोर्टल के माध्यम से प्राप्त ऑनलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुए सख्त निर्देश दिए हैं कि सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पूरी गुणवत्ता के साथ समय से निस्तारित करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाय। बैठक में अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी, मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, उप जिलाधिकारी गोंडा सदर, तरबगंज, मनकापुर तथा करनैलगंज सहित सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गौवंशों को न हो समस्या, बीडीओ सौरभ ने किया गौआश्रय स्थलों का निरीक्षण

गौवंशों के लिए साफ सफाई और चारे के संबंध में ली जानकारी

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जनपद के विकास खण्ड चित्तौरा अंतर्गत खंड विकास अधिकारी सौरभ कुमार पाण्डेय ने उत्तर प्रदेश सरकार और जिलाधिकारी मोनिका रानी के प्राथमिकता वाले कार्यो को ध्यान में रखते हुए आज ब्लाक के कई गौशालय स्थलों का निरीक्षण करके जानवरो के खाने पीने रहने तथा अन्य प्रकार की कोई आवश्यकता तो नही है इस संबंध में जानकारी प्राप्त करने के बाद संबंधित लोगो को निर्देश देते हुए कहा कि इन बेजुबानों को किसी तरह की कोई भी समस्या न होने पाए इनके भोजन के लिए भूसे और अन्य चारों के साथ साथ मक्का के भूसे की भी पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था होनी चाहिए क्योंकि मक्के का चारा जानवरो के लिए बहुत उपयोगी तथा फायदेमंद होता है इसके अलावा प्रतिदिन सुबह और शाम को जानवरो के स्वास्थ्य की जानकारी नियमित ली जाय और अगर बीमारी आदि की कोई समस्या दिखे तो तत्काल उनके इलाज की व्यवस्था की जाय। इस दौरान बीडीओ ने ग्राम पंचायत इटौंझा में माजूद एक सौ सत्तर गौवंशो ग्राम पंचायत फकीरचक के गौ आश्रय स्थल में रह रहे सत्तर गौवंशों के रहन सहन साफ सफाई आदि के संबंध में जानकारी हासिल की।इस दौरान स्वप्नमणि सोनकर कैलाशनाथ आदि लोग मौजूद रहे।

## फांसी पर लटका मिला सहायक अध्यापक का शव

**ललितपुर।** शुक्रवार की सुबह एक सहायक अध्यापक का शव घर मे फांसी के फंदे पर लटका मिला। सुबह जब वह काफी देर तक नहीं जगा तो मां ने दरवाजा खट-खटाकर आवाज दी। लेकिन अंदर से कोई आवाज नहीं आने पर खिड़की से देखा तो उसका शव फांसी के फंदे पर लटक रहा था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। जालौन जिले के ग्राम पिंडारी निवासी 36 वर्षीय चंद्रशेखर राजपूत पुत्र कैलाश नाथ ललितपुर जिले के विकास खण्ड बार के ग्राम सेमरा डांग में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर वर्ष 2015 से तैनात था। वह कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला आजादपुरा स्थित शिशु मंदिर स्कूल के पीछे संजय सेन के मकान में किराए पर मां के साथ रह रहा था। उसकी पत्नी भी टीचर है जो महरौनी ब्लाक के एक स्कूल में तैनात है।

# अपर जिला जज की अध्यक्षता में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर

स्वच्छता पर आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर

अवधनामा संवाददाता



**गोण्डा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दो अक्टूबर से चलाये जा रहे स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को नितिन श्रीवास्तव अपर जिला जज एफटीसी की अध्यक्षता में फखरूद्दीन अली अहमद राजकीय इंटर कालेज में स्वच्छता पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रवलन, माल्यार्पण तथा सरस्वती वंदना से हुआ। मुख्य अतिथि अपर जिला जज नितिन श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि विद्यार्थी के लिए ज्ञानार्जन का यह महत्वपूर्ण समय है।

विद्यालय वह पवित्र स्थान है जहां भविष्य की नींव रखी जाती जिसमें शिक्षक मार्गदर्शन प्रदान करते हैं ऐसे में विद्यार्थियों को मेहनत और समर्पण भाव से विद्या का अर्जन करना चाहिए और अपने अभिरुचि को पहचान कर अपने कैरियर का क्षेत्र चुनना चाहये साथ ही साथ अपने विद्यालय को अपना मान कर इसकी स्वच्छता और सफाई को बनाये रखें साथ ही अपना लक्ष्य ऐसा चुनें जिसमें स्वयं के साथ -साथ समाज का भी भला हो। इस विधिक साक्षरता शिविर में सभी छात्र छात्राओं को शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत शिक्षा, गुणवत्तापरक शिक्षा, नि- शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम-2009, नि- शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार नियमावली -2010, राष्ट्रीय शिक्षा नीति की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, भारतीय संविधान में शिक्षा संबंधी प्रावधान जैसे अनुच्छेद 21, 41, 45, 51, आदि के बारे में बिन्दुवार विस्तारपूर्वक जानकारियां प्रदान की गयीं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शैलेश कुमार पटेल, सहायक अध्यापक राज वर्धन श्रीवास्तव, ऋषि कुमार शुक्ला, विनय कुमार शुक्ला, अभिजीत कुमार सिंह, रमेश कुमार शुक्ला, श्रीमन्नारायण दूबे, गंगा प्रसाद द्विवेदी, महेश यादव पीटीए व सभी छात्र छात्राएं मौजूद रहीं।

# उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मिलेगा उ.प्र. गौरव सम्मान

अवधनामा संवाददाता

- उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान के लिए करें नामांकन
- पुरस्कार के रूप में मिलेगी 11 लाख की धनराशि

**गोण्डा।** वित्तीय वर्ष 2023-24 में उप्र गौरव सम्मान के लिए नामांकन उपलब्ध कराए जाने के संबंध में संस्कृति निदेशालय ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उत्तर प्रदेश के ऐसे ख्यातिलब्ध महानुभाव जिन्होंने विभिन्न विधाओं एवं कार्य क्षेत्रों जैसे कला एवं संस्कृति, कृषि, उद्यमिता, कौशल विकास, विज्ञान व प्रौद्योगिकी, साहित्य, शिक्षा, खेल, समाजसेवा, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण, ग्राम विकास आदि में अपने व्यक्तिगत प्रयासों से उत्कृष्टता के आयाम स्थापित करते हुए राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरव हासिल किया है। इन लोगों को उप्र गौरव सम्मान से अलंकृत किया जाना है। गौरव सम्मान शास्त्रीय संगीत/लोक संगीत (गायन, वादन, नृत्य) / ललित कलायें/ नाट्य विधायें / फिल्म मीडिया, समाजसेवा, समाज कल्याण, युवा कल्याण, महिला कल्याण एवं दिव्यांग कल्याण, कृषि, उद्यान, दुग्ध विकास, गोसेवा, पशुपालन, वन एवं वन्यजीव तथा पर्यावरण संरक्षण, उद्यमिता, कौशल विकास, रोजगार सृजन, स्वावलंबन के क्षेत्र दिया जाएगा। चयनित व पुरस्कृत महानुभावों को 11 लाख रुपये, अंगवस्त्र एवं ताम्रपत्र व मोमेन्टो भेंट स्वरूप प्रदान किया जाएगा। नामांकन पत्र कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित उपनिदेशक सूचना कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए अपर जिला सूचना अधिकारी अनिल कुमार सिंह के दूरभाष नंबर 9453005875 पर संपर्क किया जा सकता है।

# आखिर कब हटेगा स्थाई अतिक्रमण

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** विगत दिनों पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद की देखरेख में नगर का अतिक्रमण हटाया गया था, लेकिन शाही रोड स्थित महावीर प्याऊ के आसपास का अतिक्रमण फिर जो करते हो जाता है। बताते चलें कि इस स्थान पर एक महावीर प्याऊ क्या है? जिसका लगभग 40 साल पहले जैन समाज ने लोगों की सहयोग से सार्वजनिक प्याऊ प्रारम्भ की थी। आज इस प्याऊ में पानी की सुविधा तो नहीं है लेकिन इसके आस पास प्याऊ की आड़ में अतिक्रमण जमा हुआ है। जिला प्रशासन कई बार इनको हिदायत देकर छोड़ देता है, लेकिन दो-चार दिन के बाद अतिक्रमणकारी अपना हाथ ठेला फिर से लगाने लगते हैं। इस प्याऊ के पास स्वतंत्रता सेनानी स्व.बाबूलाल फूलमाली का स्मारक भी है, जो भी अतिक्रमण से ग्रस्त है। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पूर्व में एक आदेश जारी हुआ था कि शहर में जितने भी चौराहा पर स्वतंत्रता सेनानियों की स्मारक बने हैं। उन पर हर शुक्रवार को शहर के अधिकारी फूलमाला लेकर श्रद्धा सुमन अर्पित भी करते हैं। लेकिन उनके जाते ही फिर से अतिक्रमण चालू हो जाता है। यदि जिला प्रशासन इन अतिक्रमकारियों को एक बार फिर सख्ती से हटा कर और इस महावीर प्याऊ का जैन समाज से मिलकर बातचीत कर नव निर्माण करते हुए सुंदर सा पार्क बन जाए तो शहर की सुंदरता ही बढ़ेगी और फिर अतिक्रमण भी नहीं होगा। जनहित में पुलिस प्रशासन को एक बार फिर पहल करनी चाहिए। निश्चित ही यह कार्य कठिन है, लेकिन शासन प्रशासन चाहे तो सब कुछ हो सकता है। सूत्रों से पता चला है कि इस महावीर प्यार के अंदर जर्जर दरवाजे होने के कारण यहां वही दुकानदार अपना सामान उसके अंदर रख देती है क्योंकि जैन समाज भी इस महावीर प्यार को लेकर गंभीर नहीं है। यहां एकमात्रहैंड पंप लगा है, जिससे लोग पानी का उपयोग करते हैं। बरसों से प्याऊ चालू नहीं है यही एक गौर तरफ बात है।

## डेंगू, मलेरिया के मरीज मिलने से क्षेत्र में दहशत

**कुड़वार, सुल्तानपुर।** जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कुड़वार अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) अलीगंज क्षेत्र में वायरल बुखार का कहर जारी है। क्षेत्र में मिल रहे डेंगू, मलेरिया से बीमार मरीजों से लोग दहशत में है। स्वास्थ्य विभाग संभावित कदम उठा रहा है। जुलाई माह से शुरू हुए वायरल बुखार ने रफ्तार पकड़ ली है। सीएचसी पर मरीजों की भीड़ लगी है।अलीगंज कस्बा, टिकरिया व मनियारी में बुखार के मरीज बढ़ रहे हैं।

डेंगू बुखार से लोग दहशत में है। अलीगंज कस्बे में सतेन्द्र शर्मा के परिवार में मिले चार मरीज से स्वास्थ्य विभाग बुधवार को सक्रिय हुआ। अलीगंज कस्बे में एंटीलार्वा का छिड़काव हुआ। 128 लोगों का ब्लड जांच हुआ। गुरूवार को आयी रिपोर्ट में 5 लोग पॉजटिव पाए गए हैं।

# रास्ते की समस्या को लेकर डीएम से मिले बक्शीपुरा संघर्ष समिति के लोग

अवधनामा संवाददाता

डीएम मोनिका रानी से मिलकर लोगो में जागी राहत मिलने की उम्मीद

**बहराइच।** जनपद के नगरपालिका क्षेत्र में स्थित नई बस्ती बक्शीपुरा मोहल्ला के लोगों का रास्ता एक बार फिर खतरे में पड़ गया बताते चलें कि इससे पूर्व जब बहराइच में बड़ी लाइन का विस्तार शुरु हुआ तब रेलवे ने क्रांसिंग संख्या 41 सी को बन्द कर दिया इस पर मोहल्लावासी लामबंद होकर आन्दोलन करने लगे और तत्कालीन जिलाधिकारी के प्रयास से रेलवे ने एक वैकल्पिक रास्ते को क्रांसिंग संख्या 40 के आगे से एक डाईवर्जन मार्ग की व्यवस्था दी थी जिसपर लगभग लाखों राहगीरों का आवागमन प्रतिदिन उस मार्ग की व्यस्तता को दर्शाता है। चूंकि यह मार्ग इतना सुगम है कि यदि आपको दरगाह, आसाम रोड होकर नानपारा भिनगा बलरामपुर जमुनहा व शहर के कई क्षेत्र हैं जहां जाना हो तो इसी मार्ग को चुनेंगे अब जब शहर को दूसरे ओवरब्रिज की सौगात मिली है और निर्माण कार्य शुरू है तब फिर रेलवे ने उसी डाईवर्जन पर पिलर खड़ा कर दिया है जिससे फिर बीस हजार की आबादी को शहर के मुख्य मार्ग से जोड़ने वाले रास्ते पर खतरा मंडराने लगा है इस समस्या को लेकर बक्शीपुरा संघर्ष समिति के सदस्यगणों के दल ने आज जनपद की जिलाधिकारी मोनिकारानी से रास्ते को बचाने की फरियाद की है जिसको अविलम्ब संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी ने सिटी मजिस्ट्रेट को मामले की जांच कर तथ्यों से अवगत कराने का निर्देश जारी किया है।

संघर्ष समिति के सदस्यों में समाजसेवी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि इस मोहल्ले में लगभग बीस हजार की आबादी निवास करती है जिसमें 80 प्रतिशत आबादी दलित और पिछड़ों की है जिन्हें जिलाधिकरी पर पूर्ण विश्वास है कि उनके द्वारा उन्हें न्याय व रास्ता दोनों मिलेगा। इस अवसर पर बक्शीपुरा संघर्ष समिति के संतोष त्रिपाठी, शिवांकर शुक्ला, अखिलेश यादव, महेश कुमार पाठक, रमेश कुमार पाठक व दीपेन्द्र श्रीवास्तव मौके पर मौजूद रहे।

# प्रायोजित निंदा एवं प्रायोजित प्रशंसा कर रही चौथे स्तंभ को कलंकित

अवधनामा संवाददाता




**सुल्तानपुर।** प्रायोजित निंदा और प्रायोजित प्रशंसा इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट समाचार पत्रों की विश्वसनीयता को प्रभावित कर रही है। इसी वजह से लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकारिता का सम्मान भारत में गिरता जा रहा है। श्रमजीवी पत्रकार यूनियन सुल्तानपुर की तरफ से नया दौर एवं नई चुनौतियां विषय पर आयोजित मीडिया कार्यशाला पर व्याख्यान देते हुए यह बातें मुख्य अतिथि/ प्रख्यात पत्रकार प्रभात रंजन दीन ने कही। शहर के आदर्श मैरिज प्वाइंट पर शुक्रवार को मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के बाद मीडिया कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभात रंजन दीन ने जनप्रतिनिधियों की सक्रियता को पत्रकारिता के उद्धार एवं उत्थान के लिए आवश्यक बताया। कहा कि जो भी संवाददाता जाए वह अपने सांसद और विधायकों से यह जरूर पूछे कि वह पत्रकारिता के उद्धार के लिए क्या प्रयास कर रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम अध्यक्ष राज खन्ना ने कहा कि पत्रकारिता की दशा और दिशा पर बुद्धिजीवी पत्रकारों को सोचने की जरूरत है। जिससे भविष्य की पत्रकारिता के लिए उज्जवल भविष्य की ओर हम कदम बढ़ा सकें और आने वाले युवाओं को बेहतर स्थिति प्रदान कर सकें। मुख्य उप संपादक एवं विशिष्ट अतिथि चंद्रभान यादव ने मीडिया की जिम्मेदारियां से लोगों को परिचित कराया। यूएनआई छत्तीसगढ़ के स्टेट ब्यूरो अशोक साहू ने कहा कि नवीनता, तथ्यों का संकलन और प्रासंगिकता समाचार का अनिवार्य घटक है। इसे हमेशा समाचार बनाते समय ध्यान रखने की जरूरत है। जिलाध्यक्ष दर्शन साहू ने आए हुए लोगों का आभार जताते हुए इस कार्यशाला से सीख लेने का संवाददाताओं से आवाहन किया। महामंत्री संतोष यादव ने आए सभी अतिथियों एवं संवाददाताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन शिवकरन द्विवेदी ने किया। इस मौके पर पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट पत्रकारिता करने वाले जीतेंद्र श्रीवास्तव एड्वोकेट, योगेश यादव, असगर नकी और आशुतोष मिश्र एड्वोकेट को प्रभात रंजन दीन ने प्रशंसा चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य उप संपादक दिनेश दुबे, डा0अवधेश शुक्ला अध्यक्ष पत्रकार ऐशोसिएशन, दिनकर श्रीवास्तव, अनुराग द्विवेदी, जीतेंद्र श्रीवास्तव, केके तिवारी, सतीश तिवारी, रमाकांत बरनवाल, निसार अहमद, जावेद अहमद विवेक बरनवाल, डॉ आकृति अग्रहरि, राकेश तिवारी, पंकज पांडेय, पवन पांडेय, सरफराज, अजहर हुसैन, अब्दुल सत्तार, साकिब, इंद्रजीत यादव, दयाशंकर गुप्ता, अनिल गुप्ता, सुभाष पाठक, अमित पांडे, अनिरुद्ध चौरसिया, राजबहादुर यादव, राजेंद्र यादव, रोहित पाठक, भूपेश पांडे, अश्विनी सिंह, शिवशंकर पांडेय, लोग मौजूद रहे।

# लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर कार्रवाई के खिलाफ़ कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

भाजपा लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर कर रही प्रहार: अभिषेक सिंह राणा

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हो रही कार्रवाई को लेकर कांग्रेस मुखर हो गई। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ता व नेताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञात हो कि पत्रकार अभिसार शर्मा समेत कई पत्रकारों व लेखकों के घर पर दिल्ली पुलिस की विशेष टीम ने छापेमारी कर उनके इलेक्ट्रॉनिक सामान जब्त कर लिया है। जिनमे संजय राजोरा, भाषा सिंह, उर्मिलेश तिवारी, प्रबीर पुर कायस्थ और सोहेल हाशमी के घर पर दिल्ली पुलिस की विशेष टीम ने छापेमारी कर मोबाइल, कंप्यूटर, लैपटॉप एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त कर लिया गया है। पत्रकार व लेखकों के घर पर हो रही पुलिस द्वारा छापेमारी को लेकर कांग्रेस ने खासा नाराजगी जाहिर की है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने देश में स्वतंत्र पत्रकारों पर हो रही कार्रवाई पर नाराजगी जाहिर करते हुए जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सना को महामाहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि देश के पत्रकारों की स्वतंत्रता को वर्तमान भाजपा सरकार कुचलने का काम कर रही है। केंद्र की मोदी सरकार के इशारे पर पुलिस ने दिल्ली व यूपी के कई पत्रकारो व लेखको के घरों पर छापेमारी कर उन्हें डराने का काम कर रही है।भारतीय जनता पार्टी के लोग सच्चाई को छुपाना चाहते हैं लेकिन देश की स्वतंत्र मीडिया (पत्रकार) सच्चाई देश को बताना चाहती है, और यही वजह है कि केंद्र सरकार सच्चाई को छुपाने के लिए लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को प्रताड़ित कर उन्हे डरा रही है। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की ताकत को देखकर भारतीय जनता पार्टी सत्ता पक्ष के लोग बौखला गए हैं, बौखलाहट इतनी बढ़ गई है कि इन्हें कुछ समझ में नहीं आ रहा है। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर कार्यवाही देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। इस मौके पर राजेश तिवारी, सुब्रत सिंह सनी, शरद शुक्ल, पवन मिश्र कटांवा,नफीस फारुकी, सुनील चौहान, मानस तिवारी, शहबाज़, रणवीर सिंह, अर्श खान लकी, रब्बन हाशमी, मोहित तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# राज्य सूचना आयुक्त का आगमन 11 को

अवधनामा संवाददाता

भ्रमण के दौरान अधिकारियों के साथ करेंगे बैठक

**बहराइच।** राज्य सूचना आयुक्त सुभाष चन्द्र सिंह प्रस्तावित जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार 11 अक्टूबर 2023 को बहराइच पहुंचकर सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 एवं उ0प्र0 सूचना का अधिकार नियमावली-2015 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत पूर्वान्ह 11:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में विभागों के कार्यालयाध्यक्ष/जन सूचना अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक/आरटीआई जागरूकता बैठक करेंगे। यह जानकारी देते हुए नगर मजिस्ट्रेट/प्रभारी अधिकारी वीआईपी शालिनी प्रभाकर ने बताया कि बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, राजस्व विभाग, ग्राम विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, मुख्य चिकित्साधिकारी, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मनोरंजन कर विभाग, कृषि विभाग, जनशक्ति एवं बाढ़ नियन्त्रण, महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार, गन्ना विभाग, पशुधन विभाग, दुग्ध विभाग, जिला अल्पसंख्यक विभाग, श्रम एवं सेवायोजन विभाग, लोक निर्माण विभाग, नगर विकास विभाग, आबकारी विभाग, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा बिग स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क, कारागार एवं होमगार्ड्स, समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण, सहकारिता विभाग, परिवहन विभाग पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, वन एवं पर्यावरण, जन्तु उद्यान विभाग, आयुष खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, पुलिस विभाग, न्याय एवं विधायी विभाग, भूतत्व एवं खनिकर्म इत्यादि विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगें।

# टीबी मुक्त पंचायत चयनित मास्टर ट्रेनर्स को दिया प्रशिक्षण

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम के तहत विकास खण्ड से चयनित मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया। प्रधानमंत्री द्वारा भारत में टीबी मुक्त पंचायत एवं फैमली केयरगिवर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी जिसका उद्देश्य समाज से टीबी की बीमारी को भारत से 2025 तक समाप्त करना है, जिसके अन्तर्गत 26 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण डा.रामनरेश सोनी, जिला क्षय रोग अधिकारी, डा.सौरभ सक्सेना, उप जिला क्षय रोग अधिकारी तथा डब्लू.एच.ओ. कन्सलटेन्ट डा.शिव जोशी एवं शिवराम पटेल (डी.पी.सी.) के द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद द्वारा बताया गया कि टी.बी. मुक्त पंचायत घोषित करने के लिये सबसे पहले पंचायत की शुरूआती बैठक करना है। टी.बी. मुक्त पंचायत की तैयारी ग्राम पंचायत को अपना टी.बी. मुक्त पंचायत का दावा ब्लॉक पंचायत के माध्यम से जिला क्षय रोग अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। जिला टीम के द्वारा टी.बी. मुक्त पंचायत की घोषणा और अंत में प्रमाण पत्र जारी करना, टी.बी. पंचायत पहल की रिकॉर्डिंग एवं रिपोर्टिंग करना शामिल है।

# दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में सुधारात्मक कार्यों में तेजी लायें: डीएम

अवधनामा संवाददाता

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम ने अधिकारियों को दिये निर्देश



**ललितपुर।** सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी द्वारा 28 अगस्त 2023 को आहूत बैठक के कार्यवृत्त की अनुपालन आख्या के संबंध में समीक्षा की गयी, जिसमें सम्बन्धित विभागाध्यक्षों को जिनके द्वारा अनुपालन आख्या उपलब्ध नहीं करायी गयी है को बैठक में दिए गये निर्देशों के अनुसार सम्बन्धित स्थलों पर सुधारात्मक कार्य पूर्ण कराये जाने एवं सोपे गये दयित्वों का निर्वहन करते हुये अनुपालन आख्या ससमय उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद मे बढ रही सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत की कमी लाने हेतु सभी विभागों को दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी को दुर्घटना के पश्चात गोल्डन आवर में दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति को अस्पताल ले जाने वाले गुड सेमेरिटन (नेक आदमी) का अप्रेजल कमेटी के अध्यक्ष द्वारा दिए गये निर्धारित प्रारूप पर प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध कराये जाने एवं जनपद में दुर्घटना स्थल पर ससमय पहुचने हेतु एम्बुलेन्स व्यवस्था को सुद्रण एवं व्यवस्थित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में उपस्थित परियोजना निदेशक, एन.एच.ए.आई. को एन. एच. 44 पर पडने वाले दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों पर समिति द्वारा बताये गये स्थानों पर सुधारात्मक कार्य कराये जाने एवं समिति की आगामी बैठक में अनुपालन आख्या सहित उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही निर्देशित किया गया कि एन.एच.-44 के शहर के समीप पडने वाले भाग (रेलवे ब्रिज से गोविन्दसागर बांध तक) स्ट्रीट लाइट लगाये जाने एवं जो लो.नि.वि. द्वारा निर्मित मार्ग सीधे एन. एच. - 44 पर जुड रहे है की सूची उपलब्ध करायी जाये। जिससे उन स्थानों पर सर्विस रोड का निर्माण किये जाने के सम्बन्ध में अग्रिम कार्यवाही अमल में लायी जा सके। बैठक के दौरान अध्यक्ष द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों से सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्यो को ससमय कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक को विद्यालयो में संचालित स्कूली वाहनों को निर्धारित मानक के अनुसार संचालित किये जाने एवं एआरटीओ द्वारा उपलब्ध करायी गयी फिटनेस समाप्त वाहनों की सूची के अनुसार समस्त वाहनों की फिटनेस कराये जाने के सम्बन्ध में यथा आवश्यक कार्यवाही कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। तथा प्रार्थना के समय छात्रों को सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित नियमों के सम्बन्ध में चर्चा एवं सड़क सुरक्षा सम्बन्धी प्रतियोगिताये आयोजित कराये जाने के निर्देश दिये गये। नगर क्षेत्र में भारी वाहनों की दिन के समय नो एण्ट्री सुनिश्चत किये जाने हेतु यातायात प्रभारी को निर्देशित किया गया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

एकल ई-निविदा सूचना संख्या: SrDEE-TRD-BSB-2023-24-T25, दिनांक: 05-10-2023

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "एकल" ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

**क्रम सं.–01,** कार्य का नाम: पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल में दो वर्ष के लिये छपरा ग्रामीण–गोरखपुर कैंट खंड में आरसीसी की स्काडा प्रणाली का वार्षिक अनुरक्षण का कार्य। टेंडर रिफरेंश नं.: SrDEE-TRD-BSB-2023-24-T25, कार्य का अनुमानित लागत रूपया में: ₹ 38,15,100/-, धरोहर राशि (रू.में): ₹ 76,300/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया में: शून्य, निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय: 27-10-2023 up to 14:45 Hrs., कार्य पूरा करने की अवधि: 24 माह।

- एकल ई–निविदा दिनांक 27-10-2023 को 14:45 बजे तक जमा कर सकेंगे।
- पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत–164 वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** जिला पोषण समिति एवं कन्वर्जस विभागों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में संपन्न हुई।

बैठक में विभागीय योजनाओ/कार्यो से संबंधित भ्रामक सूचना / गलत डेटा प्रस्तुत करने पर जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को चेतावनी देते हुए निर्देश दिए कि भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने विभाग की कार्य प्रणाली से अत्यंत असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि आईसीडीएस विभाग का कार्य महिलाओं एवं बाल कल्याण से संबंधित है अतः इसमें

- भ्रामक सूचना/गलत डेटा प्रस्तुत करने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी को चेतावनी

किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौदहा मुस्करा गोहांड व सुमेरपुर विकास खंड के सीडीपीओ के विभिन्न कार्यों में शिथिल कार्यप्रणाली/ रवैया पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यशैली में सुधार के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि गर्भवती एवं धात्री महिलाओं ,कुपोषित बच्चों के पोषण सुधार संबंधी वीएचएसएनडी सेशन अत्यंत महत्वपूर्ण है अतः इस सेशन को सभी संबंधित केंद्रों पर निर्धारित समय मे संचालित किया जाए तथा इस सेशन में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व संबंधित लाभार्थियों / लोगों की



अनिवार्य रूप से सहभागिता सुनिश्चित किया जाए। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का बेहतर ढंग से पर्यवेक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन चार आंगनवाड़ी केंद्र का निर्माण किया जा रहा है वहां आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण के संबंध में संबंधित सीडीपीओ द्वारा भ्रमण कर रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। संभव अभियान के अंतर्गत जिन 308 बच्चों में मेडिकल कॉम्प्लिकेशंस है उनका स्वास्थ्य चेकअप कर एनआरसी आदि में भर्ती कराकर उन्हें सुपोषित करने हेतु प्रभावी कार्रवाई किया जाए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों / सहायिकाओं द्वारा 100 प्रतिशत होम विजिट किया जाए । जिलाधिकारी ने कहा कि हॉट कुक्ड योजना अंतर्गत खातों को एक्टिव कराए जाने का कार्य पूर्ण किया जाए । पोषण ट्रैकर एप पर शत प्रतिशत फीडिंग किया जाए। कम्युनिटी बेस्ड इवेंट एवं वीएचएसएनडी सेशन निर्धारित समय से आयोजित किया जाए इसमें जन जागरूकता कर लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि रियल टाइम मॉनिटरिंग के अंतर्गत पोषण ट्रैकर एप पर नियमित रूप से फीडिंग का कार्य किया जाए। कहा कि प्रत्येक माह पोषाहार वितरण समय से किया जाए। कुपोषित बच्चों का नियमित रूप से वजन किया जाए। कहा कि सभी सीडीपीओ द्वारा गंभीर कुपोषित बच्चों को अनिवार्य रूप से एनआरसी में भर्ती कराया जाए। कहा कि पोषण ट्रैकर एप पर विभिन्न गतिविधियों की शत प्रतिशत फीडिंग की जाए। नियमित रूप से आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया जाए। आंगनवाड़ी केंद्रों पर पोषण वाटिका बनवाया जाए।

# मूल्यांकन सूची मे हमीरपुर को प्रदेश में प्राप्त हुआ प्रथम स्थान

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय के कुशल मार्गदर्शन से आईजीआरएस में प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापरक निस्तारण में जनपद हमीरपुर को शासन द्वारा जारी की गयी माह सितम्बर 2023 की मूल्यांकन सूची में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। प्रदेश स्तर पर जारी रैंकिंग में जनपद को 99.23 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। इसके पूर्व भी गत माह अगस्त 2023 में जनपद प्रदेश में तृतीय एवं जुलाई 2023 को जनपद प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा था। इस बार भी जनपद को शिकायतकर्ताओं द्वारा दिए गए



संतोषजनक फीडबैक सहित अन्य मानकों में शत प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं।

ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर कुमार चक्रेश त्रिवेदी ने बताया कि आईजीआरएस पोर्टल में माह सितम्बर 2023 की रैंकिंग में जनपद हमीरपुर को पूर्णांक 130 में कुल 129 अंक (99.23 प्रतिशत) प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। सम्पूर्ण समाधान दिवस, आईजीआरएस, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन एवं आनलाइन सन्दर्भो की शिकायतों के निस्तारण में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को समयबद्ध व गुणवत्तापरक निस्तारण हेतु कड़े निर्देश दे रखे है। स्वयं जिलाधिकारी द्वारा प्राप्त आवेदनों में निस्तारण के गुणवत्ता की रैंडम जाँच किया जाता है एवं आवेदकों से फीडबैक प्राप्त कर तदनुसार कार्यवाही की जाती है। सभी अपर जिलाधिकारी द्वारा प्राप्त सन्दर्भो की तहसीलवार समीक्षा कर गुणवत्ता का आंकलन किया जाता है।

# न्यूली बांसा स्थित खाद सोसायटी बनी शोपीस

**अवधनामा संवाददाता**

**सरीला (हमीरपुर)** सरीला क्षेत्र के न्यूली बांसा गांव में स्थित खाद्य सोसायटी बनी शोपीस बीते सात वर्षो से नहीं वितरण हुई खाद क्षेत्र के किसानों मैं रोष व्याप्त। बताते चलें कि सरीला तहसील के न्यूली बांसा गांव में बनी खाद्य सोसायटी में बीते 7 वर्षो से खाद ना आने से किसानों ने गुस्सा जाहिर करते हुए बताया कि खाद न मिलने से रबी के फसल की बुवाई प्रत्येक वर्ष लेट हो जाती है। जबकि रबी की फसल की बुबाई अक्टूबर माह के अन्त तक हो जानी चाहिए। लेकिन खाद उपलब्ध न होने से फसल की बुवाई लेट हो जाती है जिससे उपज कम मिल पाती है। किसानों ने आरोप लगाते हुए बताया कि क्षेत्र की अन्य समितियो में खाद लेने गए किसानों को खाता धारक न होने का हवाला देकर भगा दिया जाता है जिससे किसान परेशान होकर महंगे



दामों में प्राइवेट दुकानों से बुवाई के लिए खाद लेने के लिए विवश हो जाते हैं। वहीं जानकारी के मुताबिक न्यूली बांसा खाद सोसाइटी से जुड़े किसान अपने नजदीकी खाद्य सोसायटी जलालपुर , चंडौत , सरीला , ममना, बरगवां, खाद लेने जाते है वहाँ तैनात सचिवों द्वारा पहले खाता धारकों को खाद उपलब्ध कराने का हवाला देते है। जिससे किसान मायूस होकर घर लौट आते है। वही चक्कर काटने के बाद खाद न मिलने से नजदीकी प्राइवेट दुकानों से महंगे दामों में किसान खाद खरीदकर रबी की फसल की बुवाई करते है। बताते चले के अर्किल मटर की बुवाई माह के इसी सप्ताह में बोई जानी है लेकिन खाद उपलब्ध न होने के कारण फसल की बुवाई नही हुई है। जब इस संबंध में उपजिलाधिकारी सरीला सुरेंद्र सिंह से बात की तो लिस्ट में खाद्य समिति का नाम न होने का हवाला देते हुए जांच कर जल्द खाद उपलब्ध करने की बात कही। वही सरीला एडीसीओ संतोष कुमार ने बताया कि 27 जुलाई को पैनकार्ड बनने का डाला था लेकिन पैनकार्ड न बन पाने के कारण खाद उपलब्ध नही कराई जा सकी।

# मुनीर बने लोकसभा प्रभारी अशरफ सहप्रभारी

**अवधनामा संवाददाता**

**भरुआ सुमेरपुर (हमीरपुर)** अल्पसंख्यक वर्ग में मोदी मित्र बनाने के लिए मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जमाल सिद्दीकी ने अभियान चला रखा है। अभियान को गति देने के लिए उनके निर्देश पर मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कस्बा निवासी मुनीर खान सनातनी को लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी व महोबा के शेख असरफ को सह प्रभारी बनाया है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत सिंह छाबड़ा ने पत्र जारी करते हुए बताया कि अल्पसंख्यक वर्ग को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए पार्टी ने विशेष अभियान चला रखा है। बताया कि मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने पूरे देश में मुस्लिम वर्ग को जागरूक करते हुए मोदी सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों व राजनीति से न जुड़े लोगों को मोदी मित्र बनाएं जाने के निर्देश दिए है। इस अभियान को गति देने के लिए प्रत्येक लोकसभा में प्रभारी



बनाएं गए है। जिसमें हमीरपुर महोबा तिंदवारी लोकसभा क्षेत्र से सुमेरपुर निवासी पूर्व बुंदेलखंड अध्यक्ष मुनीर खान सनातनी को प्रभारी व महोबा निवासी क्षेत्रीय मंत्री शेख असरफ राष्ट्रवादी को सहप्रभारी बनाया गया है। प्रभारी बनाएं जाने पर मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री इकबाल बेग, जिलाध्यक्ष अमरजीत सिंह अरोरा, महामंत्री नसीम लाला, हिना परवीन, अरिमर्दन सिंह, महेंद्र सिंह, दिगपाल चंदेल, अरविंद श्रीवास्तव, पवन सैनी, श्याम धुरिया, शरद चंदेल, योगेश योगी, आदित्य अवस्थी आदि लोगों ने हर्ष जताया है।

## सैफ हुसैन ने रक्तदान करके बचाई पीड़िता की जान



**हमीरपुर।** जिला अस्पताल हमीरपुर में भर्ती मौदहा निवासी मरीज के पति समीर हुसैन जिस की पत्नी मुनव्वर जहां की तबियत खराब हो गयी तबीयत के बिगाड़ होने लगा ऐसे में मरीजा को खून की कमी हो गई और उसे तत्काल खून की जरूरत थी यह खबर जब बुंदेलखंड रक्तदान समिति के सदस्य सैफ हुसैन तक पहुंची तो उन्होनें इन्सानीयत का फर्ज निभाने में तनक भी देर नही की और फौर अस्पताल पहुंच गये जहाँ ओ पॉजिटिव रक्तदान करके बीमार की जान बचानें का सराहनीय काम किया इस अवसर पर इस नेक काम करनेबुं पर देलखंड रक्तदान समिति नें सैफ हुसैन को दिल से धन्यवाद किया।

# फ्लाईओवर पर रेलिंग व लाइट को लेकर मंत्री ने दिए निर्देश

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** जिला मुख्यालय स्थित वाराणसी शक्ति नगर फ्लाईओवर के ऊपर बने निर्मित पुल का शुक्रवार को दौरे पर आए लोक निर्माण विभाग मंत्री जितिन प्रसाद द्वारा फ्लाईओवर का निरीक्षण किया गया इस दौरान दुर्घटना स्पाट को लेकर बताया कि सदर विधायक भूपेश चौबे के नेतृत्व में भी विशेष निर्देशित किया गया जिसको गंभीरता पूर्वक लेते हुए मंत्री द्वारा संस्था को तत्काल मामले को गंभीरता पूर्वक पूर्ण करने व संबंधित पूर्ण होने पर अवगत कराने को दिशा निर्देशित किया। वही सदर विधायक भूपेश चौबे ने बताया कि सार्वजनिक समाज हित को लेते हुए यह मामला पूर्व में भी उठाते हुए कुछ कार्य कराए गए थे अभी काफी कार्य अधूरे पड़े हैं जिसको लेकर मंत्री के दिशा निर्देश

- सदर विधायक भूपेश चौबे की पहल पर मंत्री ने लिया गंभीरता

के क्रम में संस्था द्वारा लाइटिंग व सुंदरीकरण सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रेलिंग पर विशेष गंभीरता दिखाते हुए मामले को नोट कर कर संस्था के संबंध अधिकारियों को अवगत कराया गया बताया गया कि मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए इस पर तत्काल पहल किया जाए जिससे कि जल्द से जल्द या धरातल पर योजना का आम जनमानस को लाभ मिल सके इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष नंदलाल, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक मिश्रा ,डॉक्टर धर्मवीर तिवारी, सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत, इंजीनियर रमेश पटेल, कृष्ण मुरारी गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# नगर पालिका क्षेत्र में पार्किंग वसूली बंद करने को दिया पत्र

- किसान नौजवान व्यापारी होंगे इससे पीड़ित
- डीएम एसपी नामित पत्र अधिशासी अधिकारी को सौंपा

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** समाजवादी पार्टी की पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा ने बताया शुक्रवार को जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक नामित पत्र अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, राबर्ट्सगंज, को देते हुए मामले से कराया औगत। वही पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा ने बताया कि

दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से



जानकारी प्राप्त हुई कि बृहस्पतिवार को हुई बोर्ड की बैठक में नगर की सीमा के अन्दर पार्किंग शुल्क वसूलने का प्रस्ताव पारित किया गया। इस सम्बन्ध में अवगत हो कि उ0प्र0 में वर्ष 2012 सपा सरकार बनने के बाद मैनें स्वयं राबर्ट्सगंज में पार्किंग शुल्क को बंद कराया था, जिसकी सराहना राबर्ट्सगंज समेत पूरे जनपद में हुई थी और इस नेक कार्य को क्षेत्रीय जनता, व्यापारी और किसानों ने भी खूब सराहा था। वही कुशवाहा ने बताया कि शासनादेश के अनुसार नगर में व्यापारिक उद्देश्य से आने वाले उन्हीं वाहनों से पार्किंग शुल्क वसूला जा सकता है जो नगर पालिका द्वारा बनाये गये पार्किंग स्टैण्ड पर वाहन पार्क करेगें और वहाँ शौचालय सहित तमाम सुविधायें भी होगीं, न कि सड़क किनारे खड़े वाहन से शुल्क वसूला जायेगा। जबकि इसके विपरीत जाकर नगर पालिका पार्किंग के नाम पर वसूली कर्ताओं एवं ठेकेदारों द्वारा नगर के सार्वजनिक चौराहों पर जैसे धर्मशाला चौराहा, चण्डी तिराहा, बढ़ौली चौराहा और रेलवे क्रासिंग से गुजरने वाले व्यापारियों के माल वाहन, किसानों के वाहन ट्रैक्टर-ट्रॉली, शादी बारात के वाहन और सवारी ढ़ोने वाले वाहन टैम्पों इत्यादि से जबरन गुण्डागर्दी व जबरदस्ती करके अवैध रुप से शुल्क वसूला जायेगा, जिससे पुनः आम जनता को हैरान व परेशान होना पड़ेगा तथा आये-दिन मारपीट की घटनायें होंगी, जबकि नगर पालिका के पास अपनी कोई पार्किंग की भूमि भी नहीं है।

वही पूर्व विधायक ने कहा कि आपसे अनुरोध है कि पुनः इस प्रस्ताव पर विचार कर पार्किंग शुल्क पर प्रतिबन्ध लगायें, क्योंकि इस शुल्क से राजस्व कम बल्कि अवैध वसूली को बढ़ावा मिलेगा और आम जनता, व्यापारी व किसानों का शोषण शुरु हो जायेगा, जिसे समाजवादी पार्टी कत्तई बर्दाश्त नहीं करेगी और एक बड़ा जन आंदोलन खड़ा करेगी।

# चकबंदी कार्य का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

- ग्राम लोहरा में चल रहा है चकबंदी कार्य, दिए आवश्यक निर्देश
- खेत में चकबंदी अधिकारी से की गई पूछतांछ, कार्य जल्द पूरा करें



**अवधनामा संवाददाता**

**बांदा।** जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने ग्राम लोहरा में चल रहें चकबन्दी कार्य का मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने चकबन्दी कार्य के अन्तर्गत एक गाटे की अपने समक्ष लम्बाई व चौड़ाई निकलवाकर गाटे के नक्शे से मिलान कराया, जो सही पाया गया। उन्होंने मौके पर उपस्थित बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी एवं उप संचालक चकबन्दी से चकबन्दी कार्यो की समीक्षा खेत में जाकर पड़ताल व अन्य चकबन्दी कार्यो की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि चकबन्दी कार्यो को शीघ्र पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि चकबंदी के अन्तर्गत पड़ताल का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा मानक गाटे का चयन हो गया है। उन्होंने चकबन्दी विभाग से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिये कि नियत समय के अंदर चकबन्दी का कार्य पूर्ण निष्पक्षता के साथ किया जाए। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही व कमी नही रहने पाए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार तथा बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी डिप्टी कलेक्टर इरफान उल्ला खान सहित चकबंदी लेखपाल एवं ग्राम प्रधान सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## ऑटोसेकंड फिजिक्स की खोज में उत्कृष्ट कार्य कर रहे वैज्ञानिक गोपाल

**बांदा।** फिजिक्स में इस वर्ष ऑटो सेकंड को नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ है। इस विषय पर अमेरिका,स्वीडन व जर्मनी ही नही भारत मे भी बीते आठ वर्षो से ऑटोसेकंड फिजिक्स की विभिन्न खोजों में वैज्ञानिक गोपाल दीक्षित उत्कृष्ट कार्य कर रहे है। जिनमे वह सफल भी हुए हैं। यह युवा वैज्ञानिक उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के कस्बा अतर्रा निवासी किसान के पुत्र हैं। वर्तमान में आइआइटी बॉम्बे में फिजिक्स विभाग में बतौर प्रोफेसर पद पर कार्यरत हैं। स्वीडन के महान वैज्ञानिक अल्फ्रेड नोबेल के नाम से प्रति वर्ष मानव जाति के लिए किए जाने वाले उत्कृष्ट कार्य के लिए नोबेल पुरस्कार दिया जाता है।

# जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की हुई बैठक

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक की गई, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाईन बिछाने, टंकी के निर्माण कार्य व हर घर पेयजल कनेक्शन उपलब्ध कराए जाने वाले कार्यो की प्रगति की समीक्षा की, समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने भेलाही, केवथा सहित अन्य जनपद में संचालित ग्राम समूह पेयजल परियोजना के तहत समीक्षा की तो यह तथ्य संज्ञान में



आया कि पाइप पेयजल परियोजना के तहत गांव के घरों में पेयजल कनेक्शन देने की प्रगति धीमी पाई गई, जिस पर जिलाधिकारी ने ग्राम समूह पाईप पेयजल परियोजना से संबंधित एजेंसी के प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए कहा कि हर घर को नल से जल उपलब्ध कराना शासन की शीर्ष प्राथमिकता वाली परियोजना है। इस कार्य को सभी नामित एजेंसी ससमय व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से किया जाना सुनिश्चित करें, इसमें किसी भी स्तर पर से शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये। इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्राम समूह पाईप पेयजल परियोजना के तहत सड़कों को खोदकर गड्ढों की मरम्मत का कार्य ससमय गुणवत्ता पूर्ण तरीके से पूरा किया जाना सुनिश्चित किया जाये, सड़कों की गुणवत्ता की जांच लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता द्वारा की जाए, यदि सड़कों की गुणवत्ता में कमी पाई जाती है तो संबंधित एजेंसी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस दौरान उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा कि पाइप पेयजल परियोजना हेतु विद्युत आपूर्ति निर्धारित वोल्टेज व रोस्टर के अनुरूप सुनिश्चित की जाए, जिससे इस कार्य में किसी प्रकार की समस्या न होने पाए, इस दौरान उन्होंने कहा कि जनपद के शासकीय भवन, प्राथमिक व उच्च प्राथमिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्रों, शासकीय भवनों को प्राथमिकता के आधार पर विद्युत कनेक्शन जल आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, अपर जिला अधिकारी (गंगे नमामि) आशुतोष दुबे, अधिशासी अभियंता विद्युत, अधिशासी अभियंता जल निगम, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, पेयजल परियोजना एजेंसी के प्रतिनिधिगण, जल निगम के जे0ई0 व ए0ई0 सहित अन्य संबंधितगण उपस्थित रहें।

# खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय का किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**

**शाहजहाँपुर।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने शुक्रवार को कार्यालय,खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड भावलखेड़ा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने सहायक खण्ड विकास अधिकारी कक्ष, एडीओ लेखाकार कक्ष, तकनीकी सहायक कक्ष, ब्लाक मिशन प्रबन्धन इकाई सहित कम्प्यूटर कक्ष अदि का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने उपस्थिति पंजिका, भ्रमण पंजिका, मनरेगा पेमेंट, कैशबुक सहित अन्य अभिलेखों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अवर अभियंता श्री शंकर लाल के



पटल पर शासन द्वारा संचालित योजनाओं की महत्वपूर्ण पुस्तिका का वितरण न कराये जाने तथा पुस्तिकाओं को उचित स्थान पर व्यवस्थित रूप से न रखने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते हुये अवर अभियंता का वेतन रोकते हुये जवाब तलब करने के निर्देश दिये। इस दौरान जेई फुरकान आरिफ अनुपस्थित पाये गये, जानकारी देते हुये बताया गया कि वह भ्रमण पर गये है, भ्रमण पंजिका में विवरण दर्ज न पाये जाने पर जिलाधिकारी ने वेतन रोकने तथा जवाब तलब करने हेतु निर्देशित किया।

# कांग्रेसियों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा

**अवधनामा संवाददाता**

**शाहजहाँपुर।** दिल्ली के पत्रकारों पर सरकार द्वारा की जा रही तानाशाही के विरोध में कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौपा आपको बतादें कि जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी के द्वारा भारत की महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। इस दौरान कांग्रेसियों ने पत्रकारों के घरों पर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल द्वारा छापेमारी पर विरोध जताया। प्रशासन को दिए गए ज्ञापन में कांग्रेसियों ने कहा कि छापेमारी के दौरान पत्रकारों के लैपटॉप ,मोबाइल और इलेक्ट्रिक उपकरण जब्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि केंद्र सरकार के इशारे पर पत्रकारों पर की जा रही तानाशाह करवाई को तुरंत बंद किया जाए। ताकि देश की मीडिया स्वतंत्र रूप से अपना कार्य कर सके और एक स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपराओं का पालन हो सके। मजिस्ट्रेट के सामने ज्ञापन को पढ़ते हुए जिला अध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ यानी मीडिया से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पत्रकार बंधुओं की लड़ाई में हर तरीके से उनके साथ है। इस मौके पर अनूप वर्मा , राकेश मिश्रा ,सईद अंसारी, गौरव त्रिपाठी ,रफी उल हसन, संजय सक्सेना ,सुनीता सिंह, पवन मिश्रा, बिंदेशुरी राज, प्रमोद पांडे ,परवेज व समस्त कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# जितिन प्रसाद ने रेणु नदी पर सेतु एवं पहुंच मार्ग का किया लोकार्पण

**रेणु नदी पर सेतु का निर्माण होने से मध्य प्रदेश की सीमा से जनपद सोनभद्र में आने में लोगों को होगी सहूलियत और होंगें रोजगार के साधन उपलब्ध- मंत्री लोक निर्माण विभाग**

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद ने आज ओबरा के पास चकेरी में रेणु नदी पर सेतु एवं पहुंच मार्ग पुल का उद्घाटन किया, इसके पश्चात कैबिनेट मंत्री ने ओबरा के गॉधी मैदान में आयोजित जन सभा में विधान सभा ओबरा क्षेत्र के 06 कार्यो का शिलान्यास व दो कार्य का लोकार्पण बटन दबाकर किया, इस दौरान मंत्री ने गॉधी मैदान में आयोजित जन सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार, देश के प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जन-जन का विकास कर रही है, उन्होंने कहा कि विधान सभा ओबरा में रेणु नदी के पुल का निर्माण कार्य हो जाने से मध्य प्रदेश की सीमा से आने-जाने वाले लोगों को काफी सुविधाएं उपलब्ध होगी और पुल के उस पार रहने वाले व्यक्तियों के लिए रोजगार के साधन उपलब्ध होगें और उनकी आमदनी में बृद्धि होगी, उन्होंने कहा कि जनपद सोनभद्र की मिट्टी की गुंज दूर-दूर तक जाती है और जनपद सोनभद्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है कि किसी भी योजनाओं को क्रियान्वित करने में धन की कोई कमी नहीं आयेगी और जनपद का चैमुखी विकास होता रहेगा। उन्होंने कहा कि सेतु निर्माण तो विकास की एक झांकी है, जनपद सोनभद्र में विकास की इस तरह की अनेको परियोजनाएं के स्थापना का



- मंत्री लोक निर्माण विभाग ने 8205.30 लाख की लागत की 6 परियोजनाओं का शिलान्यास एवं 02 परियोजनाओं का किया गया लोकार्पण
- मंत्री केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से जन-जन को किया जा रहा है लाभान्वित

कार्य किया जायेगा, उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए महिला आरक्षण बिल पास किया गया है, जी0-20 का शिखर सम्मेलन, चन्द्रयान-3 का सफल परीक्षण भी किया गया, उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत कनहरा के पास बिजुल नदी पर भी सेतु का निर्माण कराया जायेगा, इसके लिए उन्होंने अधिशासी अभियन्ता सेतु निगम व लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया।

इस दौरान राज्यमंत्री समाज कल्याण विभाग संजीव कुमार गौंड़ ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का दिन बहुत सुखद का दिन है, जो इस नदी के आवागमन के लिए पास जारी होते थे, और शाम होते ही आवागमन में कठिनाईयां शुरू हो जाती थी, इस पुल के उद्घाटन होने से अब लोगों को इस प्रकार की समस्या का सामना नही करना पड़ेगा और वह निरन्तर अपने गन्तव्य स्थान की ओर आ, जा सकेगें और यहां की जनता केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा के इस सराहनीय कार्य से काफी सुखद महसूस कर रही है। इस दौरान सांसद पकौड़ी लाल कोल, विधायक सदर भूपेश चैबे, जिलाध्यक्ष भाजपा नन्दलाल गुप्ता ने भी केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश का चैमुखी विकास हो रहा है और जन-जन को जनकल्याणकारी विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है, इस मौके पर पूर्व सांसद छोटेलाल खरवार, युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र भाई पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा अजीत चैबे, अशोक मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार,ब्लाक प्रमुख राबर्ट्सगंज अजीत रावत, भाजपा के धर्मवीर तिवारी, कृष्ण मुरारी गुप्ता, उप जिलाधिकारी ओबरा प्रभाकर सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# प्राकृतिक खेती के उत्पादन को बढ़ावा दे रही है योगी सरकारः कृषि मंत्री

## नर्सरी में ही क्षेत्रीय क्लाइमेट जोन के अनुसार स्वस्थ एवं गुणवत्तायुक्त पौध का उत्पादन कर किसानों को उपलब्ध कराया जाएगाः उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह

- आलू बीज मे आत्मनिर्भर बनने के लिए आगरा मे अंतरराष्ट्रीय रिसर्च सेंटर बन रहा है
- विगत पाँच वर्षों में फसल उत्पादन का क्षेत्रफल 1.80 लाख हेक्टेयर बढ़ाः सूर्य प्रताप शाही



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश में विगत पाँच वर्षो में फसल उत्पादन का क्षेत्रफल 1.80 लाख हेक्टेयर बढ़ा है जबकि कृषि उत्पादन में इस दौरान सवा लाख मैट्रिक टन की वृद्धि हुई है। सरकार हर कदम पर किसानों के साथ खड़ी है। प्रदेश में सिंचन क्षेत्र का विस्तार हुआ है। कृषि निवेशों खाद, बीज, कृषि रक्षा रसायन की कोई कमी नही है। कृषि क्षेत्र में यन्त्रीकरण बढ़ा है जिससे कृषि कार्य सुलभ हुआ है। कृषि मंत्री शुक्रवार को इंन्दिरा गाँधी प्रतिष्ठान में आयोजित रबी उत्पादकता गोष्ठी को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 50 हजार नये सोलर पम्प स्थापित किये जाने की घोषणा की। उन्होने कहा योगी सरकार किसानों को अनुदान पर कृषि यन्त्र उपलब्ध करा रही है। इस वर्ष सराकार कृषि यन्त्रों पर 3.5 करोड़ रुपये अनुदान देगी। उन्होने कहाँ की किसान भाई गन्ने के कूड से कूड के बीच खाली जगह में मिश्रित खेती के रूप में मक्का, आलू, चना, हल्दी अदरख धनिया आदि की फसल लगा कर अतिरिक्त उपज और आमदनी प्राप्त कर सकते हैं।

कृषि मंत्री शाही ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और जन स्वास्थ के मद्देनजर सरकार प्राकृतिक खेती और मोटे अनाजों के उत्पादन को बढ़ावा दे रही है। इसके चलते राज्य में मौजूदा खरीफ सत्र में अन्न का क्षेत्रफल बढ़ा है। अन्न को बढ़ावा देने के उद्देश्य से औजूदा खरीफ सत्र में किसानों को अन्न के बीज मुफ्त में उपलब्ध कराये गये। राज्य सरकार अगामी 29 अक्टूबर 2023 को लखनऊ में मिलेट्स महोत्सव तथा माह दिसम्बर में कृषि कुम्भ का आयोजन करेगी। कृषि कुम्भ में कृषि में अग्रणी देशों प्रतिनिधियों को आमन्त्रित किया जायेगा। सरकार ने आगामी रबी सत्र 2023-24 में क्षेत्र आच्छादन में 86000 हेक्टेयर की वृद्धि का लक्ष्य रखा है वहीं उत्पादन में 20 लाख 83 हजार मैट्रिक टन वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है।

मंत्री शाही ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में किसानों से उनकी उपज को खरीद कर उसकी सही कीमत देने का कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा खरीब एवं रबी फसलों में लगभग 18 फसलों की एमएसपी को डेढ़ गुना से ज्यादा किया गया है। फसलों में रबी की फसल महत्वपूर्ण फसल मानी जाती है। उन्होंने कहा कि लगभग 2.10 हेक्टेयर की बंजर भूमि को खेती योग्य बनाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दलहन एवं तिलहन के उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु लगभग 9 लाख से ज्यादा तिलहन और दलहन की किट उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि मक्के का उत्पादन बढ़ाने की जरूरत है। मक्के की एमएसपी बढ़ाई गयी है। उन्होंने कहा कि देश ही नही दुनिया का पेट भरने वाला बनना है। इसके लिए समय से खेती करके उत्पादन बढ़ाना बहुत जरूरी है। छोटे-छोटे कोशिश कृषि क्षेत्र मे उत्पादन की क्षमता को बढ़ाया जा सकता है।



उमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देहरादून में उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शिष्टाचार भेंट की।

# नीरज सिंह ने अनुसूचित बस्तियों में जनसंपर्क बतायी भाजपा सरकार की नीतियां



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** महानगर अनुसूचित बस्ती संपर्क अभियान के अंतर्गत आज भाजपा नेता नीरज सिंह ने उत्तर विधानसभा के अंतर्गत मलाही टोला वार्ड के राधा ग्राम में विधायक डॉक्टर नीरज बोरा के साथ और पूर्व विधानसभा में इंदिरा नगर क्षेत्र में इस्माइल गंज वार्ड के अंतर्गत पानी गांव बस्ती में जनसंपर्क किया और चौपाल लगाकर क्षेत्र वासियों को योगी व मोदी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों से अवगत कराया। नीरज सिंह ने अनुसूचित समाज मे उत्कृष्ट कार्य करने वालों लोगों को अंग वस्त्र पहनकर सम्मानित भी किया।

नीरज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकार बनने पर पहला मंत्र सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास का दिया। नरेंद्र मोदी ने हिंदुस्तान की जनता को जाति पाति धर्म मजहब के आधार पर नहीं देखा उन्होंने हमेशा हिंदुस्तान के 140 करोड़ भाइयों और बहनों के लिए कहा। उन्होंने कहा भारत को विश्व गुरु बना है तो 140 करोड़ भारतवासी को एक ही दिशा , एक लक्ष्य निर्धारित करके चलना होगा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय की भावना अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति की चिंता करनी है।

## सीबीआई ने अधीक्षक सहित सीजीएसटी के चार कर्मियों को किया गिरफ्तार

**लखनऊ।** सीबीआई ने 25,000 रु. की घूसखोरी में जीएसटी व केंद्रीय उत्पाद शुल्क प्रभाग, जीएसटी भवन, अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश) के दो अधीक्षक, एक निरीक्षक एवं एक कर सहायक को गिरफ्तार किया। सीबीआई ने एक शिकायत के आधार पर सीजीएसटी, अलीगढ़ के दो कर्मियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता (एलआईसी में एक एजेंट) ने आरोप लगाया है कि उसके नाम पर कोई भी फर्म कभी भी जीएसटी में पंजीकृत नहीं है, लेकिन उसे वर्ष 2021 से सीजीएसटी विभाग से लगातार नोटिस मिल रहे हैं, जिसमें 1,70,981 रु. की धनराशि की मांग की गई।

# सपा नेता समर्थको संग हुए कांग्रेस में शामिल

अवधनामा ब्यूरो

**नई दिल्ली/लखनऊ।** कांग्रेस मुख्यालय 24 अकबर रोड पर आज सैकड़ों सपा कार्यकर्ताओं ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ज्वाइन की। आज सुबह से ही कांग्रेस मुख्यालय में गोरखपुर के सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं का आना शुरू हो गया था और देखते ही देखते दोपहर तक भारी भीड़ का जमावड़ा लग गया था और पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सांसद इमरान प्रतापगढ़ी कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे और सभी नेताओ और कार्यकर्ताओ से मिलना शुरू किया। इसी क्रम आज मुख्य रूप से सबसे पहले हिफ्जुररहमान अजमल अंसारी ने सांसद इमरान प्रतापगढ़ी से मुलाकात की और गुलदस्ता देकर प्रतापगढ़ी का अभिवादन किया। आपको बताते चले हिफ्जुररहमान अजमल अंसारी गोरखपुर के मशहूर समाजसेवी होने के साथ साथ वरिष्ठ अधिवक्ता भी हैं और बहुत लंबे समय से समाजवादी पार्टी से जुड़े रहे हैं और वर्ष 2022 में सपा से दामन छुड़ाकर गोरखपुर देहात से विधानसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं और व्यक्तिगत तौर पर कांग्रेस नेता इमरान प्रतापगढ़ी को पहले से जानते हैं और आज कांग्रेस पार्टी और इमरान प्रतापगढ़ी की नीतियों विचाधारा से प्रभावित होकर अपने समर्थकों संग कांग्रेस ज्वाइन करने दिल्ली पहुंचे हैं। मीडिया से मुखातिब होते हुए कांग्रेस नेता इमरान प्रतापगढ़ी ने बताया कि देश की जनता भाजपा की दमनकारी अहंकारी सत्ता के दुरुप्रयोग बेरोजगारी महंगाई जैसे तमाम मुद्दों पर गहरी नाराज है और जिस तरह से लंबे वक्त से देश में विपक्ष के नेताओ की आवाज को दबाने के लिए सरकारी एजेंसियों का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है वो चिंता का विषय है आज देश में संविधान नाममात्र का भी नही बचा।



- देश की जनता भाजपा की दमनकारी, अहंकारी सत्ता के दुरुप्रयोग बेरोजगारी महंगाई जैसे तमाम मुद्दों पर नाराज हैः इमरान प्रतापगढ़ी

# प्रदेश में सरकार और सरकार के इकबाल जैसी कोई चीज नहींः अजय

- अपराधियों में कानून का डर पूरी तरह खत्म हो गया हैः अजय राय



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने देवरिया नरसंहार के बाद कानपुर देहात के गजनेर में जमीन पर पिकअप खड़ा करने और खाट हटाने जैसे मामूली विवाद में दो भाइयों की हत्या पर कहा कि प्रदेश में सरकार और सरकार के इकबाल जैसी कोई चीज नहीं है। अपराधियों में कानून का डर पूरी तरह खत्म हो गया है। अपराधी आए दिन बेखौफ हो हत्या, डकैती, लूट और बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ में जरा भी नैतिकता बची हो तो उन्हें तत्काल पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। श्री राय ने कहा कि छोटी-छोटी घटनाओं पर लोग बिना डरे बड़ी-बड़ी वारदात अंजाम दे रहे हैं। प्रदेश में जंगलराज कायम हो गया है। चंद अधिकारियों के हाथों में सत्ता सौंप मुख्यमंत्री ने अपनी जिम्मेदारियों से इतिश्री कर ली है। कानून-व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री कितना गंभीर हैं उसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि प्रदेश एक लम्बे समय तक कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक डीजीपी के सहारे चलता रहा है। श्री राय ने कहा कि प्रशासनिक अमले पर योगी आदित्यनाथ का नियंत्रण नहीं रहा है। जो मसले समय पर हल हो सकते हैं उन्हें लटकाये रखा जाता है, जो एक वक्त के बाद नासूर बन जाते हैं। देवरिया नरसंहार काण्ड इसका ताजा-तरीन उदाहरण है, जहां इतने बड़े नरसंहार के बाद सरकार जागी और फिर 15 लोगों को निलम्बित किया। आज भी यह निलम्बन एक धोखे के सिवा कुछ नहीं। सरकार सिर्फ नरसंहार के बाद उपजे गुस्से पर दिखावे की कार्रवाई कर रही है। श्री राय ने कहा कि प्रदेश में स्थितियां बद से बदतर हो गयी हैं।

## पत्रकारों और शिक्षकों को उर्दू के विकास में किये योगदान के लिए किया सम्मानित

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री एन.डी. तिवारी के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में उर्दू पत्रकारों और शिक्षकों को उर्दू के विकास में किये योगदान के लिए सम्मानित किया। 6 अक्टूबर 1989 को कांग्रेस की तत्कालीन नारायण दत्त तिवारी सरकार ने उर्दू को प्रदेश की दूसरी अधिकृत राजभाषा घोषित किया था। विभाग के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने कहा कि 2024 में कांग्रेस सरकार बनने के बाद मदरसा शिक्षकों का बकाया वेतन दिया जाएगा। श्री आलम ने कहा कि शुक्रवार को आयोजित सम्मान समारोह में प्रदेश के हर जिले में 20 लोग जिसमें पत्रकार, उर्दू शिक्षक और मदरसा शिक्षक शामिल हैं को अल्पसंख्यक कांग्रेस के नेताओं ने नारायण दत्त तिवारी की तस्वीर वाला प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। श्री आलम ने कहा कि जब तक कांग्रेस केन्द्र की सत्ता में रही तो मदरसों के शिक्षकों को वक्त पर वेतन मिलता रहा। वहीं जब तक प्रदेश में कांग्रेस की सरकार रही उर्दू रोजगार से जुड़ी भाषा बनी रही। लेकिन कांग्रेस के सत्ता से दूर होने के बाद आई सरकारों ने उर्दू को केवल सांस्कृतिक भाषा तक सीमित कर दिया। इस वजह से उर्दू रोजगार की भाषा नहीं रह गयी। श्री आलम ने उर्दू भाषी लोगों से 2024 में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए एकजुट होने की अपील की।

# 'जो तुम्हारे साथ बुराई करे उसके साथ भी अच्छाई करो'

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** रसूले अकरम ने फरमाया कि जो तुम्हारे साथ अच्छाई करे सिर्फ उसी के साथ अच्छाई न करें बल्कि जो तुम्हारे साथ बुराई करे उसके साथ भी अच्छाई करो। यह बात मौलाना मोहम्मद अली ने ठाकुरगंज के मुसाहबगंज स्थित इमामबाड़ा बहिश्त-ए-जहरा कुमेदान की बगिया में रसूले अकरम और छठे इमाम की विलादत की खुशी में आयोजित महफिल को खिताब करते हुए कही। मौलाना ने कहा कि रसूल ने खाली जुबान से यह बात कही ही नहीं बल्कि उसे कर के दिखाया भी। मौलाना ने रसूल पर कूड़ा डालने वाली बुढिया का किस्सा सुनाते हुए सीरते आले मोहम्मद बयान की। मौलाना ने हजरत अली के कातिल का जिक्र किया, जिसके सूखे होंठ देख हजरत अली ने उसे शरबत पिलवाया। इसी तरह चौथे इमाम से जुड़ा वाकिया भी बयान जब इमाम के खेमे में भाई का कातिल छिपने के लिए आया तो इमाम ने उसे खाना खिलाया और पानी पिलाया। इस पर हसीन इब् ने नुमैर ने इमाम से पूछा कि अपने पहचाना नहीं तो इमाम ने फरमाया कि तू हमारे भाई का कातिल है। हसीन ने कहा कि आपने पहचान कर भी मुझे खाना-पानी दिया तो इमाम ने फरमाया कि वह तुम्हारा किरदार था यह हमारा किरदार है। मौलाना ने छठे इमाम की सीरत बयान करते हुए कहा कि छठे इमाम के दौर में विज्ञान और तकनीक की शिक्षा दी गयी, जिससे आज वैज्ञानिक फायदा उठा रहे हैं। मौलाना ने कहा कि हमें रसूल और आले मोहम्मद की सीरत पर अमल करने के साथ ही इल्म हासिल करना चाहिए। इस मौके पर शायरों ने अपने कलामों का नजराना पेश किया। महफिल में मौलाना दुरुल हसन रिजवी, मौलाना अकबर अली, मौलाना अहमद अली, मौलाना बाकर, मौलाना गुलरेज सहित तमाम उलमा और लोग शामिल थे।

# राजा महमूदाबाद को ताज़ियती जलसा व ग़म का इज़हार कर खिराजे अक़ीदत पेश की गई



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** राजा महमूदाबाद के इंतेक़ाल पर ताज़ियती जलसा व ग़म का इज़हार कर ख़िराजे अक़ीदत सल्तनत मंजिल, हामिद रोड, निकट सिटी स्टेशन, लखनऊ में पेश की गई। इस अवसर पर उनके रिश्ते में बड़े भाई राजकुमार अमीर नकी खाँ ऑफ़ महमूदाबाद ने कहा हम सभी मरहूम के ग़म में बराबर के शरीक़ हैं। मरहूम मेरे छोटे भाई होने के साथ साथ बेहद ग़रीब परवर, हमदर्द और एक अज़ीम शख़्सियत के मलिक थें जिनके नेक कामों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। मरहूम का मार्सियख्वानी में कोई सानी ना था और इन्हें इसरो फिजिक्स में महारत हासिल थी। अल्लाह ताला मरहूम को जन्नतुल फ़िरदौस में जगह दे। आमीन!

नवाबज़ादा सैय्यद मासूम रज़ा, एडवोकेट ने कहा कि राजा ऑफ़ महमूदाबाद की मौत से जो खिला पैदा हो गया है उसकी भरपायी नामुमकिन है। मरहूम मेरी वाइफ (पत्नी) के रिश्ते में मामू थें। नवाबज़ादा सैय्यद मासूम रज़ा ने उनके परिवार वालों से दिली हमदर्दी का इज़हार करते हुए मरहूम के लिये दुआएँ मग़फ़िरत की। मरहूम के इंतेक़ाल से घर, पड़ोस, मोहल्ला, दोस्त व अज़ीज़ सब सौगवार हो गयें और वह इतनी दूर चले गयें जहां से लौट कर आना नामुमकिन है। हज़ारों की संख्या में लोगों ने नम आँखों से उनके घर आकर दर्शन किए और श्रद्धांजलि दी।

# रेल संरक्षा आयुक्त करेंगे निरीक्षण, ट्रेनों का संचालन होगा प्रभावित




## प्रायोगिक आधार पर दो मिनट का होगा ठहराव

**लखनऊ।** रेलवे ट्रेन नम्बर 11071 व 11072 लोकमान्य तिलक टर्मिनस गोरखपुर लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का पश्चिम मध्य रेलवे के बांदकपुर स्टेशन पर छह माह के लिए 2 अप्रैल 2024 तक प्रायोगिक आधार पर दो मिनट का ठहराव देगा। ट्रेन नम्बर 11071 लोकमान्य तिलक टर्मिनस गोरखपुर एक्सप्रेस बांदकपुर स्टेशन पर 8:53 बजे पहुंचकर 8:55 बजे छूटेगी। इसी प्रकार ट्रेन नम्बर 11072 गोरखपुर लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस से बांदकपुर स्टेशन पर 1:42 बजे पहुंचकर 1:44 बजे छूटेगी।

## वेंडरों के विरुद्ध चलाया औचक जांच अभियान

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे के वाणिज्य विभाग की कैटरिंग टीम ने अनाधिकृत वेंडरों के विरुद्ध औचक जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान टीम ने गाड़ी संख्या 15707 कटिहार अमृतसर एक्सप्रेस के बाराबंकी स्टेशन पहुंचने पर सघन जांच की। इस दौरान 6 वेंडरों को ट्रेन पर अनाधिकृत रूप से खाने पीने के पैकेट व अप्रमाणित पानी की बोतलें बेचते हुए पकड़ा गया। पूछताछ करने पर इन वेंडरों के पास से किसी भी प्रकार का कोई वैध प्राधिकार पत्र नहीं पाया गया। इन अनाधिकृत वेंडरों को अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए रेलवे सुरक्षा बल के सुपुर्द कर दिया गया। इसके अलावा 4 अन्य वेंडरों को ऐसे खाने पीने के पैकेटों के साथ पकड़ा गया। इन चारों वेंडरों पर प्रति वेंडर 1000 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

## महानिदेशक सुरक्षा ने आरडीएसओ का किया दौरा

**लखनऊ।** रेलवे बोर्ड के महानिदेशक सुरक्षा ब्रज मोहन अग्रवाल ने शुक्रवार को आरडीएसओ का दौरा किया। आरडीएसओ के महानिदेशक अजय कुमार राणा ने इस अवसर पर आरडीएसओ की उपलब्धियों और वर्तमान में चल रही परियोजनाओं पर विस्तृत प्रस्तुति दी और महत्वपूर्ण सुरक्षा मदों से संबंधित चर्चा भी की। इस दौरान ब्रज मोहन अग्रवाल ने आरडीएसओ की ओर से चल रही सुरक्षा परियोजनाओं की समीक्षा की और अपने बहुमूल्य सुझाव दिए। अपने संबोधन में उन्होंने एक टीम के रूप में आरडीएसओ की सराहना की और कहा कि आरडीएसओ के साथ की गई चर्चा सार्थक रही है। उन्होंने अधिक यात्री सुरक्षा हासिल करने के लिए रेल ट्रैक में होने वाली दरारों का पता लगाने और एसपीएडी मामलों को कम करने पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। अग्रवाल ने आरडीएसओ की एमएंडसी लैब, टीएम लैब, सिग्नल लैब, एयर ब्रेक लैब, और फिटिंग टेस्टिंग लैब का निरीक्षण भी किया।

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** बुढ़वल सीतापुर खंड पर स्थित बुढ़वल, सुढिया मऊ स्टेशन के मध्य दोहरीकरण कार्य के परिप्रेक्ष्य में 7 से 15 अक्टूबर तक प्री.नॉन इंटरलॉक एवं 16 से 19 अक्टूबर तक नॉन इंटरलॉक कार्य तथा 19 अक्टूबर को रेल संरक्षा आयुक्त के निरीक्षण के कारण ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। गोरखपुर से 14 से 19 अक्टूबर तक चलने वाली 12531 गोरखपुर लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। लखनऊ जंक्शन से 14 से 19 अक्टूबर तक चलने वाली 12532 लखनऊ जंक्शन गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। छपरा कचहरी से 15 से 19 अक्टूबर तक चलने वाली 15114 छपरा कचहरी गोमतीनगर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोमतीनगर से 16 से 20 अक्टूबर तक चलने वाली 15113 गोमतीनगर छपरा कचहरी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। नकहा जंगल से 13 से 19 अक्टूबर तक चलने वाली 15081 नकहा जंगल गोमतीनगर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोमतीनगर से 14 से 20 अक्टूबर तक चलने वाली 15082 गोमतीनगर नकहा जंगल एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। जयनगर से 16 से 25 अक्टूबर तक चलने वाली 14673 जयनगर अमृतसर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। अमृतसर से 15 से 19 अक्टूबर तक चलने वाली 14674 अमृतसर जयनगर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। जयनगर से 17 अक्टूबर को चलने वाली 14649 जयनगर अमृतसर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। लखनऊ जंक्शन से 16 से 18 अक्टूबर तक चलने वाली 12530 लखनऊ जंक्शन पाटलीपुत्र एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। पाटलीपुत्र से 16 से 18 अक्टूबर तक चलने वाली 12529 पाटलीपुत्र लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। ऐशबाग से 16 एवं 18 अक्टूबर को चलने वाली 15070 ऐशबाग गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 17 एवं 19 अक्टूबर को चलने वाली 15069 गोरखपुर ऐशबाग एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोमतीनगर से 16 अक्टूबर को चलने वाली 15078 गोमतीनगर कामाख्या एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। कामाख्या से 17 अक्टूबर को चलने वाली 15077 कामाख्या गोमतीनगर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। ग्वालियर से 11 से 19 अक्टूबर तक चलने वाली 11123 ग्वालियर बरौनी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। बरौनी से 12 से 20 अक्टूबर तक चलने वाली 11124 बरौनी ग्वालियर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। रक्सौल से 16 से 19 अक्टूबर तक चलने वाली 15273 रक्सौल आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। आनन्द विहार टर्मिनस से 17 से 20 अक्टूबर तक चलने वाली 15274 आनन्द विहार टर्मिनस रक्सौल एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। लखनऊ जंक्शन से चलने वाली 15204 लखनऊ जंक्शन बरौनी एक्सप्रेस गोण्डा से चलायी जायेगी। हैदराबाद से 13 अक्टूबर को चलने वाली 02575 हैदराबाद गोरखपुर विशेष गाड़ गोमतीनगर में यात्रा समाप्त करेगी। गोरखपुर से 15 अक्टूबर को चलने वाली 02576 गोरखपुर हैदराबाद विशेष गाड़ी गोमतीनगर से चलायी जायेगी।

# लखनऊ में धूम मचाने को तैयार है शिल्प समागम मेला



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' के मूल मंत्र पर आधारित शिल्प समागम मेले का आयोजन लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर में शनिवार से होगा। समाज के पिछड़े और लक्षित वर्ग के उत्थान के उद्देश्य से आयोजित इस मेले का उद्देश्य लगभग 20 राज्यों के 100 अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्ग और सफाई कर्मचारियों के लाभार्थी को अपने उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री के साथ बड़ा मंच प्रदान करना है। मेले के माधयम से समाज के लक्षित और पिछड़े वर्ग को सशक्त और आत्मनिर्भर करना है जिससे इन प्रदर्शनियों में भाग लेने वाले लाभार्थियों की अच्छी बिक्री होने से उन्हें शीर्ष निगमों को अपना ऋण चुकाने में बहुत मदद मिलेगी। सामाजिक न्याय और आधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार वर्ष 2001 से अपने शीर्ष निगमों के माध्यम से ऋण सहायता प्राप्त अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और सफाई कर्मचारियों के लाभार्थियों के लिए प्रदर्शनी का आयोजन करके विपणन मंच प्रदान कर रहा है। इस शिल्प समागम मेले का औपचारिक उद्घाटन शनिवार को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार, अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में करेंगे। भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के शीर्ष निगमों के माध्यम से आयोजित यह मेला 7 से 30 15 अक्टूबर तक चलेगा।

## चारबाग रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को दो रुपये में मिलेगा पानी



**लखनऊ।** चारबाग रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को दो रुपये में पानी मिलेगा। उत्तर रेलवे प्रशासन 15 वाटर वेंडिंग मशीनें चारबाग रेलवे स्टेशन के हर प्लेटफॉर्म पर लगायेगा। जिससे यात्रियों को दो से लेकर 20 रुपये में पांच लीटर सस्ता मिनरल वॉटर पानी ले मिलेगो। शुक्रवार को इसकी रेट लिस्ट भी जारी की है। उत्तर रेलवे की सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा ने बताया कि उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के चारबाग और वाराणसी जंक्शन पर 15 वाटर वेंडिंग मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं। पहले आईआरसीटीसी ने चारबाग, लखनऊ जंक्शन समेत मंडल के कई स्टेशनों पर वाटर वेंडिंग मशीनें लगाई थी जो यात्रियों को सस्ता पानी मुहैया करा रहे थे लेकिन रेलवे प्रशासन अब खुद यह मशीनें लगायेगा। यात्रियों को तीन सौ मिलीलीटर पानी बोतल समेत तीन रुपये और बिना बोतल के दो रुपये में मिलेगा। वहीं आधा लीटर बोतल समेत पांच रुपये और बिना बोतल के तीन रुपये में मिलेगा। इसके अलावा दो लीटर पानी बोतल समेत बारह रुपये और बिना बोतल के आठ रुपये में मिलेगा। पांच लीटर पानी बोतल समेत 25 रुपये में और बिना बोतल के बीस रुपये में मिलेगा।